www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

67 YEARS देशबन्धु

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, गुरुवार, 15 मई 2025 | वर्ष – 67 | अंक –29 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 06072/59



■ भाजपा के भस्मासुर पीछे लग गए हैं
■ वैश्विक हथियार उद्योग में अभूतपूर्व वृद्धि
पृष्ठ 6

■ एस जयशंकर की ऑस्ट्रियाई विदेश मंत्री से फोन पर बात
■ गाजा में यूरोपीय अस्पताल पर इजरायली हमले में छह फिलिस्तीनी मारे गए
पृष्ठ 7

पीटन स्टर्न्स ने इटैलियन ओपन में रचा इतिहास
पृष्ठ 8

## साय कैबिनेट में अहम प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# प्रदेश के युवाओं को नौकरी देने वाले उद्योगों को सहूलियतें

### सरकार ने खोला रियायतों का पिटारा

■ नई यूनिवर्सिटी के रास्ते खुले, कलाकारों की सालाना पेंशन 36 हजार बढ़ाई



**रायपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट की हुई बैठक में कई अहम फैसले लिए गए हैं। बड़े वर्ग, खासकर युवाओं के लिए ढेरों रियायतें हैं। एक बड़ा फैसला यह है कि जो भी उद्योग बाहर से आएंगे, अगर उनमें छत्तीसगढ़ के युवाओं को अधिकांशत: नौकरी दी जाएगी तो उनको सरकार की ओर से कई रियायतें दी जाएंगी। इसी तरह, रोजी-रोजी की दिक्कतों से जूझ रहे कलाकारों की सालाना पेंशन में सरकार ने सीधे 3 हजार रुपए महीने की वृद्धि कर दी है। कलाकारों को अभी सालाना 24 हजार रुपए दिए जा रहे थे, जो सीधे बढ़ाकर 60 हजार रुपए कर दिए गए हैं। सरकार ने खिलौना और कपड़ा उद्योग तथा नई हाईटेक खेती के लिए कई सहूलियतों की घोषणा की है।

साय कैबिनेट की दोपहर 12 बजे शुरू होकर दो घंटे से ज्यादा चली है। बैठक में सबसे पहला फैसला यह हुआ है कि अब प्रदेश के सरकारी स्कूलों में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान शुरू किया जाएगा।

साय कैबिनेट ने तय किया है कि सीएम शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत अब स्कूलों की सोशल आडिट होगी और इस आधार पर ग्रेडिंग की जाएगी। कमजोर शालाओं की नियमित मॉनीटरिंग होगी। मॉडल स्कूल चुने जाएंगे और वहां के टीचर्स को अपेक्षाकृत कमजोर स्कूलों में पढ़ाने के लिए भेजा जाएगा।

**औद्योगिक विकास को गति देने वाले संशोधन**

मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने एवं भूमि आबंटन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम, 2015 में संशोधन के प्रस्ताव मंजूर किया है। इस संशोधन से औद्योगिक क्षेत्रों, लैंड बैंक तथा अन्य भूमि खंडों के आबंटन की प्रक्रिया में और अधिक स्पष्टता व पारदर्शिता आएगी। इसके अलावा, कैबिनेट ने प्रदेश में इज आफ लिविंग को बढ़ावा देने हेतु, न्यूनतम 500 विद्यार्थी क्षमता के कक्षा पहली से 12वीं निजी सीबीएसई मान्यता प्राप्त स्कूल ➪ शेष पृष्ठ 7 पर ➪

# रेलवे प्रोजेक्ट से बढ़ी किसानों की मुसीबत

## रायपुर और दुर्ग के 58 गांवों में जमीन की खरीदी-बिक्री पर रोक



**रायपुर/दुर्ग**, 14 मई (देशबन्धु)। केंद्र सरकार की खरसिया-नवा रायपुर-परमलकसा रेल लाइन परियोजना अब किसानों के लिए विकास से ज्यादा मुसीबत का सबब बन गई है। इस परियोजना के चलते रायपुर और दुर्ग जिलों के कुल 58 गांवों में जमीन की खरीदी-बिक्री पर अचानक रोक लगा दी गई है। हैरानी की बात यह है कि रायपुर जिला प्रशासन को अभी तक यह स्पष्ट जानकारी ही नहीं है कि रेलवे लाइन किस-किस खसरे से होकर गुजरेगी, लेकिन इसके बावजूद पूरे गांवों को प्रतिबंधित कर दिया गया है। इससे किसानों में भारी आक्रोश है और वे रोज प्रशासनिक कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

**कलेक्टर ने लगाई रोक, अब पूछ रहे - रेल लाइन कहां से जाएगी ?**

रायपुर और दुर्ग के प्रशासन ने रेलवे की एक चिट्ठी के आधार पर खरीदी-बिक्री पर रोक तो लगा दी, लेकिन अब रेलवे को पत्र लिखकर पूछा जा रहा है कि रेल लाइन किन गांवों से होकर निकलेगी, कितने खसरे प्रभावित होंगे, और रूट की सटीक जानकारी क्या है।

रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने कहा, यह एक रूटीन प्रक्रिया है, रेलवे से मार्ग की सटीक जानकारी मांगी गई है ताकि बाद में सिर्फ प्रभावित खसरों पर ही रोक लागू रहे।

**रायपुर में प्रभावित गांव**

**मंदिरहसौद ब्लॉक**-आलेसुर, पचरी, छड़िया, नाहरडीह, पथराकुण्डी, खरोरा, मांठ, बेलदारसिवनी, बुड़ेनी, खौली, टिकारी, डिघारी, नारा, रीवा, परसदा उमरिया, गुजरा, धमनी, गनौद।
**गोबरा नवापारा ब्लॉक**-खरखराडीह, नवागांव, तर्रा, थनौद, जामगांव
**अभनपुर ब्लॉक**-गिरोला, बेलभाठा, उरला, अभनपुर, सारखी, कोलर, खोरपा, पलौद, ढोंढरा, खट्टी, परसदा आदि।

**दुर्ग में प्रभावित गांव**

**दुर्ग ब्लॉक**-घुधसीडीह, खोपली, बोरीगारका, पुरई, कोकड़ी, कोडिया, भानपुरी, चंदखुरी, कोनारी, चंगोरी, विरेझर, धनौव
**पाटन ब्लॉक**-ठकुराईनटोला, बठेना, देमार, अरसनारा, नवागांव, देवादा, सांतरा, मानिकचौरी, बोहारडीह, फेकारी, धौराभाठा

**रायपुर के 35 गांवों में भी अचानक रोक, रजिस्ट्री से लेकर नामांतरण तक सब रुका**

रायपुर जिले के मंदिरहसौद, गोबरा नवापारा और अभनपुर क्षेत्रों के 35 गांवों में भी खरीदी-बिक्री, नामांतरण, बटांकन और रजिस्ट्री पर अचानक रोक लगा दी गई है। रोजाना दर्जनों किसान एसडीएम और एडीएम कार्यालयों में अपनी परेशानियां लेकर पहुंच रहे हैं।

**दुर्ग में 23 गांवों पर प्रतिबंध, किसानों की फिर बढ़ी मुसीबत**

दुर्ग जिले में पहले से ही भारत माला प्रोजेक्ट की वजह से 2018 से 26 गांवों में जमीन की खरीदी-बिक्री पर प्रतिबंध है। इनमें से केवल 4 गांवों से ही प्रतिबंध हटाया गया है। अब खरसिया-नवा रायपुर-परमलकसा रेलवे लाइन की वजह से दुर्ग ब्लॉक के 12 और पाटन ब्लॉक के 11 गांव, यानी 23 गांवों पर फिर से रोक लगा ➪ शेष पृष्ठ 7 पर ➪

## सार संक्षेप

### भारत के 52वें सीजेआई बने जस्टिस बीआर गवई



**नई दिल्ली।** जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई ने बुधवार को भारत के 52वें चीफ जस्टिस के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जस्टिस गवई को सीजेआई पद की शपथ दिलाई। सीजेआई खन्ना के बाद वरिष्ठता सूची में जस्टिस गवई का नाम था। इसलिए जस्टिस खन्ना ने उनका नाम आगे बढ़ाया। हालांकि, उनका कार्यकाल सिर्फ 6 महीने का है। सीजेआई गवई देश के दूसरे दलित और पहले बौद्ध चीफ जस्टिस हैं।

### ट्रंप के बयान पर चुप्पी के बजाय जवाब दे मोदी: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पाकिस्तान के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई रोकने के निर्णय तथा कश्मीर को लेकर राग अलापने का हर मंच से जो काम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से किया जा रहा है वह देश की सुरक्षा और संप्रभुता के लिए गंभीर चिंता का विषय है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसको लेकर चुप्पी साधने की बजाय देश को जवाब देना चाहिए।

### सीडीएस चौहान सहित तीनों सेना प्रमुख राष्ट्रपति से मिले

**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह तथा नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी के साथ बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। इन शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपति को पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों, उनके अड्डों और उनकी मदद करने वालों के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों के अभियान- ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी।

### हॉलीवुड फिल्म निर्देशक रॉबर्ट बेंटन का निधन



**नई दिल्ली।** हॉलीवुड के प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक और ऑस्कर विजेता रॉबर्ट बेंटन का निधन 92 साल की उम्र में हो गया। उनका निधन न्यूयॉर्क के मैनहटन स्थित उनके घर पर हुआ। बेंटन को फिल्म 'क्रेमर वर्सेज क्रेमर' के निर्देशक और लेखक के तौर पर बड़ी पहचान मिली थी। इस फिल्म ने 1979 में 5 ऑस्कर पुरस्कारों को जीते थे।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार का प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) युवा पीढ़ी में मानवाधिकारों के संवर्धन और संरक्षण की व्यापक समझ बढ़ाने के उद्देश्य से देश के दूर-दराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए इस विषय में 'ऑनलाइन अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम' गुरुवार से शुरू करने जा रहा है।

## पाकिस्तान ने भारत से की अपील

# सिंधु जल समझौते पर फिर से करें विचार

■ फसलों के लिए पानी का संकट खड़ा होने की बात कही
■ पानी को लेकर मोदी ने दी थी पाकिस्तान को चेतावनी

**नई दिल्ली**, 14 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने सिंधु जल समझौते को बहाल करने के लिए फिर से भारत से गुहार लगाई है। पाकिस्तान की सरकार ने बुधवार को भारत के जल शक्ति मंत्रालय को चिट्ठी लिखकर सिंधु जल समझौते को स्थगित करने को लेकर दोबारा विचार करने की अपील की है।

पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सय्यद अली मुर्तज़ा ने भारत को लिखी चिट्ठी में कहा, सिंधु जल समझौता स्थगित होने की वजह से पाकिस्तान में खरीफ की फसल के लिए पानी का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। हालांकि अभी तक इस पर भारत का कोई रिएक्शन नहीं आया है। राष्ट्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने साफ-साफ कहा कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते ➪ शेष पृष्ठ 7 पर ➪

### पाकिस्तान ने बीएसएफ के अगवा जवान को छोड़ा

अमृतसर। पाकिस्तान ने सीमा सुरक्षा बल के जवान पूर्णम कुमार साहू को पंजाब में अटारी-वाघा सीमा पर भारत को सौंप दिया। उन्हें 23 अप्रैल को पाकिस्तान रेंजर्स ने पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से पकड़ लिया था।

### जेएनयू ने तुर्किये की यूनिवर्सिटी से करार तोड़ा

भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच जवाहर लाल यूनिवर्सिटी (जेएनयू) ने तुर्किये की इनोनू यूनिवर्सिटी के साथ करार खत्म कर दिया है। जेएनयू ने एक्स पर लिखा- हम देश के साथ खड़े हैं। इस बीच, ➪ शेष पृष्ठ 7 पर ➪

# माओवादी संगठन ने 5वीं बार की शांति वार्ता की अपील

■ प्रेस नोट जारी कर कहा-सरकार तैयार हैं या नहीं, अपनी स्थिति स्पष्ट करे

**जगदलपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। बीजापुर में चलाए गए एंटी नक्शन ऑपरेशन पर सीआरपीएफ के डीजी व डीजीपी छत्तीसगढ़ के पुलिस प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले माओवादियों ने प्रेस नोट जारी कर सरकार से फिर शांतिवार्ता की अपील की है। माओवादी संगठन के केंद्रीय कमेटी प्रवक्ता अभय ने कहा है कि शांति वार्ता के लिए केंद्र की मोदी सरकार तैयार हैं या नहीं, अपनी स्थिति स्पष्ट करे। बता दें कि माओवादी संगठन ने 5वीं बार शांतिवार्ता की अपील की है।

माओवदी संगठन के केंद्रीय प्रवक्ता अभय ने कहा है कि शांति वार्ता के मामले में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की प्रतिक्रिया आनी चाहिए। उनकी प्रतिक्रिया से ही स्पष्टता आएगी। उन्होंने कहा है कि करेंगुट्टा की पहाड़ी पर 26 माओवादी मारे गए हैं। माओवादी संगठन शांति वार्ता के लिए तैयार है। माओवादी संगठन हथियार छोड़कर मुख्यधारा में आने की बात करेंगे, लेकिन माओवादियों के इलाके को 7 लाख से अधिक जवानों के घेरे रहने के कारण संगठन की बैठक करने में असमर्थ रहे।

**केंद्र व छत्तीसगढ़ सरकार की प्रतिक्रिया पर जताई चिंता**

प्रवक्ता अभय ने प्रेस नोट में कहा है कि इससे पहले 25 अप्रैल को माओवादी संगठन ने केंद्र व राज्य सरकारों से यह अपील किया था कि ➪ शेष पृष्ठ 7 पर ➪

# पत्नी के साथ पुत्र-पुत्री को जहर खिलाकर पति ने लगाई फांसी



**बागबाहरा**, 14 मई (देशबन्धु)। नगर के टॉऊन हाल के पास स्थित हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में निवासरत चिरको पटेवा निवासी पति ने अपनी पत्नी एवं पुत्र-पुत्री को ज़हर खिलाकर स्वयं सीलिंग फैन में नायलोन रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का सनसनी खेज मामला सामने आया है। यह एक दिल दहला देने वाली घटना है। यह घटना शहर में आग की तरह फ़ैल गई। इस घटना को सुनकर लोगों की घटना स्थल पर हुजूम उमड़ पड़ा। तथा इस घटना को लेकर कई तरह की चर्चाएं लोगों के बीच हो रही है। बहरहाल बागबाहरा पुलिस ने घटना की बारीकी से जांच-पड़ताल कर थाने में मर्ग कायम कर चारों लाशों का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार हेतु उनके परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस एवं फोरेंसिक टीम इस मामले की बारीकी से जाँच-पड़ताल कर विवेचना में लिया है। नगर में घटित दिल दहला देने वाली इस घटना की मुआयना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, एसडीओपी मिलिन्द पाण्डेय, ➪ शेष पृष्ठ 7 पर ➪

## डीएमएफ घोटाला

# चार पूर्व सीईओ 19 मई तक रिमांड पर

### निलंबित आईएएस रानू साहू समेत पांच की भी बढ़ी न्यायिक रिमांड

**रायपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित जिला खनिज न्यास (ष्ठरूस्न) घोटाले की जांच में तेजी आ गई है। कोरबा जिले के चार पूर्व जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारियों (सीईओ) को मंगलवार को विशेष न्यायालय में पेश किया गया, जहां अदालत ने उन्हें 19 मई तक रिमांड पर भेजने की अनुमति दे दी।

रिमांड पर लिए गए अधिकारियों में तत्कालीन डीएमएफटी नोडल अधिकारी भरोसाराम ठाकुर, सीईओ भूनेश्वर सिंह राज, राधेश्याम मिर्झा और वीरेंद्र कुमार राठौर शामिल हैं। अदालत में पेशी के दौरान अभियोजन पक्ष ने दलील दी कि पूछताछ के दौरान कई नई जानकारियां सामने आई हैं, जिनके आधार पर दस्तावेज और सबूत जुटाने के लिए और समय की आवश्यकता है। अदालत ने इस पर सहमति जताते हुए रिमांड अवधि 19 मई तक बढ़ा दी है।

इस बीच घोटाले में पहले से जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू, सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी, माया वारियर और मनोज द्विवेदी की न्यायिक हिरासत भी 27 मई तक बढ़ा दी गई है। अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया कि रिमांड पर लिए गए अधिकारियों से चल रही पूछताछ को ध्यान में रखते हुए अन्य आरोपियों की हिरासत बढ़ाना ➪ शेष पृष्ठ 7 पर ➪

# हाईकोर्ट ने मप्र सरकार में मंत्री के बयान का लिया संज्ञान

■ विजय शाह पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश
■ कर्नल सोफिया पर दिया था विवादित बयान

**भोपाल**, 14 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए विवादित बयान पर अब मप्र हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। हालांकि मंत्री पहले ही मामले को लेकर माफी मांग चुके हैं।

दरअसल, मोहन सरकार के मंत्री विजय शाह ने मानपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान दिया था। इसका कांग्रेस ने विरोध किया है और मंत्री को पद से हटाने की मांग कर डाली। हाईकोर्ट जस्टिस अतुल श्रीधरन तथा जस्टिस अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने मंत्री के विवादित बयान को संज्ञान में लेते हुए याचिका के रूप में सुनवाई करते हुए उनके खिलाफ चार घंटे में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर मध्य प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

# छत्तीसगढ़ की पहचान बनेगा नया विधानसभा भवन



■ सितम्बर 2025 तक निर्माण हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश
■ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने की उच्च स्तरीय समीक्षा

**रायपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। नवा रायपुर के सेक्टर-19 में 51 एकड़ भूमि पर छत्तीसगढ़ की नवीन विधानसभा का निर्माण तीव्र गति से जारी है। अब तक 95 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री निवास में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में निर्माण की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और इसे सितम्बर 2025 तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह भवन छत्तीसगढ़ की लोकतांत्रिक चेतना और सांस्कृतिक गरिमा का प्रतीक बनेगा। इसकी भव्यता और कार्यक्षमता नई पीढ़ी को प्रेरित करेगी।

नवीन विधानसभा भवन के निर्माण कार्यों को तीन प्रमुख विंगों में विभाजित किया गया है—विधानसभा सचिवालय, विधानसभा सदन और

**51 एकड़ क्षेत्र में बन रहा है भव्य और आधुनिक सुविधाओं से युक्त विधानसभा परिसर**

सेंट्रल हॉल परिसर। इनमें दर्शक दीर्घा, मीडिया दीर्घा, सभागृह कक्ष, पुस्तकालय, विद्युतीकरण, वातानुकूलन, डामरीकरण, उद्यानिकी, जल एवं विद्युत आपूर्ति, आंतरिक साज-सज्जा और फिक्स्ड फर्नीचर का कार्य तीव्र गति से जारी है।

**हर विभाग की जिम्मेदारी तय-समन्वय से बनेगा आदर्श परिसर**-बैठक में लोक निर्माण विभाग, उद्यानिकी, संस्कृति विभाग और चिप्स द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। सभी विभागों को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण ➪ शेष पृष्ठ 7 पर ➪

## निर्माण — मोदी मंत्रिमंडल ने किया बड़ा फैसला

# जेवर में बनेगी भारत की छठी सेमीकंडक्टर इकाई

### 3,706 करोड़ के सेमीकंडक्टर प्लांट को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, 14 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के जेवर में एक 3,706 करोड़ के सेमीकंडक्टर प्लांट को मंजूरी दे दी है। यह प्लांट एचसीएल और फॉक्सकॉन की साझेदारी में लगाया जाएगा और इसमें मोबाइल, लैपटॉप और गाड़ियों के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स बनाए जाएंगे।**

*मामले में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह देश का छठा सेमीकंडक्टर प्लांट होगा और इसकी उत्पादन क्षमता 20,000 वेफर्स प्रति माह होगी, जिससे हर महीने 3.6 करोड़ चिप्स तैयार की जाएंगी। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश के जेवर में भारत की छठी सेमीकंडक्टर इकाई को मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत अब तक 5 सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी दी गई है और वहां तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है। एक इकाई में इसी साल उत्पादन शुरू हो जाएगा। यह इकाई एचसीएल और फॉक्सकॉन का संयुक्त उपक्रम है।*



*इसके साथ ही विज्ञप्ति नें कहा गया है, एचसीएल का हार्डवेयर विकसित करने और निर्माण करने का लंबा इतिहास रहा है। फॉक्सकॉन इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण में एक वैश्विक प्रमुख कंपनी है। वे मिलकर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में जेवर हवाई अड्डे के पास एक संयंत्र स्थापित करेंगे। यह संयंत्र मोबाइल फोन, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल, पीसी और डिस्प्ले वाले अन्य उपकरणों के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का निर्माण करेगा। संयंत्र को प्रति माह 20,000 वेफर्स के लिए डिजाइन किया गया है। इस इकाई की उत्पादन क्षमता प्रति माह 36 मिलियन यूनिट है।*

# देश

उवाच

संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग इसलिए जरूरी है कि ताकि पूरी दुनिया को एक स्वर में संदेश दिया जाए कि हमारे राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता पर कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष टिप्पणी करेगा, तो देश इसे स्वीकार नहीं करेगा।

-मनोज झा, आरजेडी नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 40.0 | 30.0 |
| मुंबई | 33.0 | 29.0 |
| कोलकाता | 34.0 | 29.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 30.0 |

# मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह पर देशद्रोह का प्रकरण हो दर्ज : कांग्रेस

## कर्नल सोफिया कुरैशी के संबंध में आपत्तिजनक बयान पर मोदी को लिखा पत्र

**भोपाल**, 14 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह की ओर से ऑपरेशन सिंदूर और सेना की महिला अधिकारी के लिए दिए गए आपत्तिजनक और अमर्यादित बयान के संबंध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखते हुए मंत्री शाह को बर्खास्त करने और उन पर देशद्रोह का प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।

पटवारी ने अपने पत्र में कहा कि मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में दिया गया बयान, न केवल एक गंभीर अपराध है, बल्कि भारतीय सेना की गरिमा, देश की एकता और सामाजिक सद्भाव पर भी खुला हमला है। यह बयान विजय शाह की संकीर्ण मानसिकता, सांप्रदायिक विद्वेष और गैर-जिम्मेदाराना रवैये का भी नमूना है, जो उन्हें एक जनप्रतिनिधि, विशेषकर मंत्री के पद के लिए पूरी तरह अयोग्य सिद्ध करता है। उन्होंने मांग की कि मंत्री विजय शाह को मंत्रिमंडल से तत्काल बर्खास्त किया जाए और उनके खिलाफ देशद्रोह सहित कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही वे कर्नल सोफिया कुरैशी से सार्वजनिक माफी



विजय शाह को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की कार्रवाई नहीं की गई तो मध्य प्रदेश कांग्रेस व्यापक आंदोलन शुरू करेगी : जीतू पटवारी

मांगें। उन्होंने कहा कि यदि मंत्री विजय शाह को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की कार्रवाई नहीं की गई, तो प्रदेश कांग्रेस पूरे प्रदेश में व्यापक आंदोलन शुरू करेगी। पटवारी ने श्यामला हिल्स थाना प्रभारी को संबोधित शिकायत में लिखा है कि चूंकि मंत्री विजय शाह उन्हीं के थाना क्षेत्र में निवास करते हैं, इसलिए वे शाह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करें। ऐसा होने पर विजय शाह के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई हो सकेगी। पटवारी के साथ प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी जे.पी. धनोपिया, विधायक आरिफ मसूद, पी सी शर्मा, मानक अग्रवाल, मुकेश नायक और अन्य नेता भी थाने पहुंचे। विजय शाह का एक वीडियो कल से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें वे बेहद आपत्तिजनक बयान देते हुए सुने जा रहे हैं। यह वीडियो इंदौर जिले के महू विधानसभा क्षेत्र में एक सार्वजनिक कार्यक्रम का बताया गया है। इस मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के केंद्रीय नेतृत्व ने भी संज्ञान लिया है और अब विजय शाह अलग थलग पड़ते हुए नजर आ रहे हैं। इस बीच उनके मंत्री पद से त्यागपत्र की अटकलें सामने आने लगी हैं। सोफिया कुरैशी मामले में मंत्री विजय शाह के खिलाफ मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश के बाद मंत्री विजय शाह की मुश्किलें बढ़ गई हैं। माना जा रहा है कि अब राज्य पुलिस अदालत के आदेश के अनुरूप वैधानिक कदम उठाएगी। इसके साथ ही उनका मंत्री पद भी जाना तय माना जा रहा है। वे अक्सर विवादास्पद बयान देते रहते हैं।

पटवारी ने आवेदन पत्र में लिखा है कि विजय शाह ने देश की महिला सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया के संदर्भ में जो बयान दिया है, वह देश की एकता, अखंडता को बिगाड़ने का कृत्य है। इस वजह से देशवासी दुखी और आक्रोशित हैं।

### मंत्री के खिलाफ पुलिस में कराई शिकायत दर्ज



**भोपाल।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मीडिया के समक्ष आने वालीं भारतीय सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के संदर्भ में अत्यंत आपत्तिजनक और शर्मनाक बयान देने वाले मध्य प्रदेश के जनजातीय कल्याण मंत्री विजय शाह के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की मांग को लेकर यहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल श्यामला हिल्स थाने पहुंचा। पटवारी ने पुलिस को विधिवत आवेदन देकर मंत्री विजय शाह के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की।

## नीतीश ने मंजू सिन्हा को दी श्रद्धांजलि



**पटना**, 14 मई (देशबन्धु)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को अपनी धर्मपत्नी मंजू कुमारी सिन्हा की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कुमार ने बुधवार को यहां कंकड़बाग स्थित मंजू सिन्हा स्मृति पार्क में स्व. मंजू कुमारी सिन्हा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद वह अपने पैतृक गांव कल्याण बिगहा (हरनौत) पहुंचे, जहां स्थित कविराज रामलखन सिंह स्मृति वाटिका में भी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने अपनी माता स्व. परमेश्वरी देवी और पिता स्व. कविराज रामलखन सिंह की प्रतिमाओं पर भी माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उनके पुत्र निशांत कुमार, बड़े भाई सतीश कुमार और अन्य परिजन भी मौजूद थे। कुमार ने इस दौरान गांव के देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की और राज्य की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। साथ ही, उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस मौके पर अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष उदयकांत मिश्रा, विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया एवं जितेन्द्र कुमार, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह मौजूद रहे।

## कश्मीर मुद्दे पर मोदी सरकार की कूटनीतिक नाकामी : भाकपा-माले

### भाजपा को इसके लिए मांगनी चाहिए देश से माफी : मनोज भक्त



**रांची**, 14 मई (एजेंसियां)। झारखंड में भाकपा माले के राज्य सचिव मनोज भक्त ने कहा कि मोदी सरकार ने कश्मीर मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को तीसरे पक्ष के बतौर हस्तक्षेप का मौका देकर शर्मनाक काम किया है। भक्त ने बुधवार को यहां कहा कि यह मोदी सरकार की कूटनीतिक नाकामी है। भाजपा को इसके लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

भाजपा को देश में माफी यात्रा निकालनी चाहिए क्योंकि शिमला समझौते का उल्लंघन भारत के लिए विश्वमंच पर रणनीतिक क्षति है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान और इसके बाद कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ भाजपा पोषित ट्रोल सेना और इसके मंत्री ने अनर्गल और अपमानजनक वक्तव्य जारी किए हैं। इनके खिलाफ अविलंब कार्रवाई की जानी चाहिए थी। यहां तक कि विदेश सचिव विक्रम मिस्री और उनके परिवार वालों के खिलाफ भाजपा आइटी सेल के लोगों ने गालियों और अभद्र टिप्पणियों द्वारा सोशल मीडिया में मोर्चा ही खोल दिया। यह आश्चर्यजनक नहीं है कि न मोदी, न उनकी सरकार और न ही उनकी पार्टी की ओर से किसी ने देश के लिए प्रतिबद्ध कर्नल सोफिया कुरैशी और विक्रम मिस्री से सार्वजनिक माफी मांगी है और ट्रोल-अपराधियों की निंदा की है। भक्त ने कहा कि मोदी सरकार के संरक्षण में गोदी मीडिया ने पूरे ऑपरेशन के दौरान झूठी खबरें और उन्माद परोसते रहे। गोदी मीडिया ने भारत की दुनिया भर में जगहंसाई की और सेना के बार-बार के स्पष्टीकरण के बावजूद युद्ध संबंधित झूठे दावे फैलाते रहे। भाजपा की केंद्र सरकार गोदी मीडिया के खिलाफ कार्रवाई के बजाय तथ्यपरक पत्रकारिता करनेवाले द वायर, 4 पीएम जैसे चैनलों और यूट्युबरों पर कार्रवाई करती रही है। विपक्ष के एकजूट सहयोग के बावजूद भाजपा ऐसे अवसरों में भी अपनी क्षुद्र राजनीतिक स्वार्थों में लिप्त रही। यह उचित होगा कि भाजपा और उसकी सरकार अपने आचरण के लिए देश से माफी मांगे।

## सार संक्षेप

### उधमपुर, कठुआ के कुछ हिस्सों में शैक्षणिक संस्थान फिर खुले

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में जनजीवन सामान्य होने के साथ ही उधमपुर और कठुआ जिले के कुछ हिस्सों सहित गैर-सीमावर्ती क्षेत्रों में बुधवार को सभी शैक्षणिक संस्थान फिर से खुल गए। नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के मद्देनजर स्कूल और कॉलेजों को बंद कर दिया गया था और करीब एक सप्ताह बाद शैक्षिणिक संस्थानों को बुधवार को फिर से खुल दिया गया।

### गुजरात पुलिस को और चौकस बनाने के लिए दो पोर्टल लांच

**गांधीनगर।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने पुलिस को और चौकस बनाने के उद्देश्य से दो पोर्टल लांच किए। पटेल ने गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी की उपस्थिति में इंटेलिजेंस, सर्विलांस और दृढ़ विश्वास के लिए समयानुकूल बदलाव लाते हुए स्ट्रीट स्पेस से लेकर साइबर स्पेस तक अपराध पर अंकुश लगाने के वास्ते गुजरात पुलिस को और चौकस बनाने के उद्देश्य से दो पोर्टल लांच किए हैं।

### पूर्वोत्तर के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे शिवराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार से तीन दिन की पूर्वोत्तर क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे और असम, मिजोरम एवं नागालैंड में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया कि दौरे के दौरान कृषि, बागवानी, पशुपालन एवं ग्रामीण विकास से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे और परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। वह किसानों तथा स्थानीय संगठनों के प्रतिनिधियों से सीधा संवाद भी करेंगे। चौहान 29 मई से शुरू होने वाले देशव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान में राज्यों की सहभागिता पर चर्चा करेंगे।

### बढ़ते कर्ज के कारण परिवार के चार सदस्यों ने आत्महत्या की

**चेन्नई।** तमिलनाडु में त्रिची जिले के मेलमल्लकंदर कोट्टई गांव में एक आभूषण दुकान के मालिक ने बढ़ते कर्ज के कारण पत्नी और दो बेटियों के साथ बुधवार को कथित आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मृतकों की पहचान एलेक्स, उनकी पत्नी विक्टोरिया और उनकी नौ और तीन साल की बेटियों के रूप में हुई है। एलेक्स को अपने व्यवसाय में बढ़ते घाटे का सामना करना पड़ा, जिससे उस पर भारी कर्ज हो गया। इससे परेशन एलेक्स ने बेटियों को जहर दे दिया और बाद में पत्नी के साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह जब उनके घर का दरवाजा काफी देर तक नहीं खुला, तो पड़ोसियों को संदेह हुआ कि कुछ गड़बड़ है। उन्होंने पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजे तोड़े और चारों को मृत पाया।

## राजस्थान में जयपुर की यात्रा पर रहेंगे धनखड़

**नई दिल्ली**, 14 मई (एजेंसियां)। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को राजस्थान में जयपुर की यात्रा पर रहेंगे और 'भैरों सिंह शेखावत स्मारक पुस्तकालय' का उद्घाटन करेंगे। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने बुधवार को यहां बताया कि धनखड़, धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ जयपुर के दिवसीय दौरे पर जाएंगे। इस दौरान धनखड़ जयपुर में पूर्व उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत की पुण्यतिथि के अवसर पर 'भैरों सिंह शेखावत स्मारक पुस्तकालय' का उद्घाटन करेंगे। शेखावत 19 अगस्त, 2002 से 21 जुलाई, 2007 तक देश के 11वें उपराष्ट्रपति एवं राज्य सभा के सभापति के रूप में कार्यरत रहे। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन का आरंभ वर्ष 1952 में राजस्थान विधानसभा के सदस्य के रूप में किया और कालांतर में वह तीन बार राजस्थान के मुख्यमंत्री बने। शेखावत की 15वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए धनखड़ विशेष विमान से दिल्ली से जयपुर के लिए रवाना होंगे। इस कार्यक्रम के अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, संसद सदस्य मदन राठौर और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।



भैरों सिंह शेखावत स्मारक पुस्तकालय का करेंगे उद्घाटन

## पाकिस्तान के खिलाफ संघर्ष के दौरान अब तक बिहार के चार जवान हुए शहीद

**पटना**, 14 मई (देशबन्धु)। पाकिस्तान के खिलाफ संघर्ष के दौरान अब तक बिहार के चार जवान शहीद हो चुके है। जम्मू-कश्मीर के आरएस पुरा सेक्टर में पाकिस्तान की गोलीबारी के दौरान बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज शहीद हो गए। वो छपरा के रहने वाले थे। वही सीवान के रहने वाले आर्मी जवान रामबाबू सिंह ने सीमा की सुरक्षा करते शहीद हो गए। जबकि छत्तीसगढ़ में पोस्टेड जहानाबाद के रहने वाले सौरभ भी शहीद हो गए हैं। बीमारी के कारण सौरभ की मौत की बात कही जा रही है। देश के लिए अपनी जान गंवाने वालों में बिहार के एक और लाल का नाम शामिल हो गया। जो नवादा के कोआकोल के रहने वाले आर्मी जवान मनीष कुमार हैं। इनकी ड्यूटी जम्मू-कश्मीर की सीमा पर लगी थी। शहीद के पिता को सेना के कर्नल ने बेटे की शहादत की जानकारी दी। जिसके बाद परिजनों के बीच कोहराम मचा हुआ है। शहीद मनीष कुमार के पार्थिव शरीर को गुरुवार को नवादा स्थित उनके पैतृक गांव में लाया जाएगा। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के आरएस पुरा सेक्टर में पाकिस्तान की गोलीबारी के दौरान बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज शहीद हो गए थे। मोहम्मद इम्तियाज बिहार के छपरा के रहने वाले थे। सीमा की सुरक्षा करते हुए अपनी जान गंवा दी। वही सीवान के रहने वाले आर्मी जवान रामबाबू सिंह भी सीमा की सुरक्षा करते और दुश्मनों से लोहा लेते हुए शहीद हो गए। वही शहीद सौरभ छत्तीसगढ़ में पोस्टेड थे,जो बिहार के जहानाबाद के रहने वाले थे। बीमारी के कारण उनका निधन हो गया था। जिसकी खबर सुनते ही तेजस्वी यादव बुधवार को शहीद के पैतृक गांव लोदीपुर पहुंचे।



■ पैतृक गांव लाया जाएगा शहीद मनीष कुमार का पार्थिव शरीर

### आर्मी नर्सिंग असिस्टेंट के पद पर थे कार्यरत मनीष

मिली जानकारी के अनुसार शहीद मनीष आर्मी नर्सिंग असिस्टेंट के पोस्ट पर कार्यरत थे। लेकिन भारत और पाकिस्तान के तनाव के बीच उसकी ड्यूटी जम्मू-कश्मीर की सीमा पर लगी थी। सेना के कर्नल ने शहीद के पिता को इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आई है। यह रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। नवादा के रहने वाले मनीष की शादी दो महीने पहले पांडेय गंगौट गांव में धूमधाम के साथ हुई थी। शादी के बाद वो ड्यूटी पर लद्दाख चले गए थे। मनीष की मौत की खबर मिलते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। पूरा गांव सदमे में डूब गया। मृतक की पत्नी और परिवारवालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## अरुणाचल में भारी वर्षा से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**ईटानगर**, 14 मई (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में बुधवार सुबह से जारी भारी वर्षा के कारण सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि ईटानगर क्षेत्र में आज सुबह से ही लगातार भारी बारिश हो रही है। यहां वर्षा अगले दो दिनों तक जारी रहने के अनुमान है। भारी वर्षा से संवेदनशील इलाकों में संभावित भूस्खलन और अचानक बाढ़ के भी आसार हैं। मौसम अधिकारियों ने निवासियों को सतर्क रहने और संभावित भूस्खलन क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी है। इस बीच, मंगलवार को यिंगकिओंग में उपर सीआंग जिले की मॉनसून तैयारी को लेकर उपायुक्त तालो जेरांग की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में आपदा संभावित क्षेत्रों की पहचान, विभागों के बीच समन्वय, संसाधन और जनशक्ति मूल्यांकन, व जनजागरूकता जैसे मुद्दों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान, जिलाधिकारी ने औपचारिक रूप से जिला आपदा प्रबंधन योजना 2025-26 का शुभारंभ किया।

## बिहार में अब सरकारी जमीन का ऑनलाइन रिकॉर्ड अनिवार्य

### सभी विभागों को भूमि दस्तावेज अपलोड करने के निर्देश



**पटना**, 14 मई (देशबन्धु)। बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने सभी सरकारी विभागों को प्राप्त भूमि का ऑनलाइन दाखिल-खारिज और जमाबंदी दर्ज कराने को अनिवार्य बताया और जमीन के दस्तावेज को पोर्टल पर अपलोड कराने का निर्देश दिया। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने मंगलवार को उनकी अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई महत्वपूर्ण बैठक में बताया कि विभाग ने 'गवर्नमेंट लैंड म्यूटेशन पोर्टल' शुरू किया है, जहां सभी सरकारी विभागों को अपनी प्राप्त भूमि का ऑनलाइन दाखिल-खारिज और जमाबंदी दर्ज कराना अनिवार्य है। उन्होंने सभी संस्थानों से कहा कि जिन जमीनों का हस्तांतरण या अधिग्रहण हुआ है, उनके सभी जरूरी दस्तावेज पोर्टल पर जल्द अपलोड किए जाएं।

### पूर्णिया और बिहटा में मिली भूमि का आंशिक दाखिल-खारिज

बैठक में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने बताया कि पूर्णिया और बिहटा में मिली भूमि का आंशिक दाखिल-खारिज हो चुका है, शेष प्रक्रिया जारी है। रेलवे, दूरसंचार, बियाडा, एम्स दरभंगा और पटना के प्रतिनिधियों ने भी अपनी समस्याएं रखीं। इसके समाधान के लिए तय हुआ कि संबंधित विभागों के जानकार अधिकारियों को सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ विभाग में बुलाया जाएगा और उसी दिन ऑनलाइन दाखिल-खारिज की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## आंध्र प्रदेश विधान परिषद की उपसभापति भाजपा में शामिल

**विजयवाड़ा**, 14 मई (एजेंसियां)। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) नेता और आंध्र प्रदेश विधान परिषद की उपसभापति जकिया खानम बुधवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गईं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दग्गुपति पुरंदेश्वरी ने यहां पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में सुश्री खानम को भाजपा का पटका ओढ़ाकर पार्टी में शामिल किया। भाजपा में शामिल होने से पहले खानम ने परिषद की उपसभापति के पद से इस्तीफा दे दिया।

भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद डी. पुरंदेश्वरी ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास की अवधारणा के साथ आगे बढ़ रही है। खानम का भाजपा में शामिल होना अल्पसंख्यकों के भाजपा में विश्वास और भरोसे को दर्शाता है। उन्होंने पहलगाम नरसंहार के प्रतिशोध में पाकिस्तान को करारा सबक सिखाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री वाई सत्य कुमार यादव, भाजपा के प्रदेश महासचिव एन रमेश नायडू और राज्य किसान मोर्चा के अध्यक्ष चिगुरुपति

## राहुल गांधी की नागरिकता रद्द करने संबंधी याचिका खारिज



विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगाने की भी मांग की गई थी

**लखनऊ**, 14 मई (देशबन्धु)। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की नागरिकता रद्द करने की मांग करने वाली जनहित याचिका को बुधवार को खारिज कर दिया। याचिका में गांधी की नागरिकता के मुद्दे के लंबित रहने के दौरान उनके विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगाने की भी मांग की गई थी। गौरतलब है कि गांधी की नागरिकता को चुनौती देने वाली सामाजिक कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर द्वारा दायर यह तीसरी याचिका है। उनकी पिछली याचिकाओं को भी कोर्ट ने खारिज कर दिया था। हालांकि, कोर्ट ने शिशिर को उनकी दूसरी याचिका पर पांच मई को पारित पहले के आदेश की समीक्षा दायर करने की स्वतंत्रता के साथ वर्तमान याचिका वापस लेने की अनुमति दी थी। न्यायमूर्ति ए आर मसूदी और न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने राहुल गांधी की नागरिकता के मुद्दे के संबंध में दायर नई जनहित याचिका पर बुधवार को आदेश पारित किया। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता ने केंद्र सरकार के समक्ष एक अभ्यावेदन प्रस्तुत किया है, और अदालत तब तक इस क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर सकती जब तक कि उसके समक्ष कुछ कानूनी रूप से उचित प्रस्तुत न किया जाए। अंतत:, अदालत ने शिशिर को पिछले आदेश की समीक्षा दायर करने की स्वतंत्रता के साथ वर्तमान याचिका वापस लेने की अनुमति दी। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि उसके पास एक वीडियो है जिसमें गांधी ब्रिटिश पासपोर्ट के साथ वियतनाम में प्रवेश करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यूके सरकार ने पासपोर्ट भारत सरकार को भेजा था।

चिंता | *ऑपरेशन सिंदूर के बाद डर के साए में जीने को मजबूर सीमावासी*

# पाक गोलाबारी ने जिन्दगी व मौत के बीच के फासले को किया कम

**जम्मू, 14 मई (देशबन्धु)। यहां जिन्दगी और मौत के बीच कोई अंतर नहीं है। अगर मौत पाक गोलीबारी देती है तो पलायन भी जिन्दगी नहीं देता। बस मौत का साम्राज्य है। ऐसा साम्राज्य जिसके प्रति अब यह कहा जाए कि वह अमर और अजय है तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। इस साम्राज्य पर।**

शासन करने वाले हैं तोप के गोले और उनकी रानियां हैं बंदूकों की नलियों से निकलने वाली गोलियां। कोई फासला भी नहीं है यहां जिन्दगी और मौत के बीच। अभी आप खड़े हैं और अभी आप कटे हुए वृक्ष की तरह ढह भी सकते हैं। आपको ढहाने के लिए सीमा के उस पार से मौत बरसाई जाती है। खेतों में जाना या फिर नित्यकर्म के लिए खेतों का इस्तेमाल तो भूल ही जाइए। घरों के भीतर भी बाथरूम का इस्तेमाल डर के कारण लोग नहीं करते। ऐसा इसलिए कि कहीं गोली दीवार को चीर कर आपके शरीर में घुस गई तो आपकी क्या स्थिति होगी। यह सच है प्रतिदिन लोग मौत का सामना कर रहे हैं। रात को जमीन पर सोने के बजाय बंकर में सोने पर मजबूर हैं सीमावासी। हालांकि अब वहां भी खतरा बढ़ा है।

मोर्टार के इस्तेमाल के उपरांत बंकर में ही कहीं दफन न हो जाएं इसी डर से रात कहीं तथा दिन कहीं ओर काटने का प्रयास कर रहे हैं उन गांवों के लोग यहां पाक गोलाबारी ने जिन्दगी और मौत के बीच के फासले को कम कर दिया है। एलओसी पर तो 1947 के पाकिस्तानी हमले के उपरांत ही जिन्दगी और मौत के बीच फासला कम होने लगा था और आज 78 सालों के उपरांत वहां के निवासी आदी हो गए हैं। लेकिन जम्मू फ्रंटियर की जनता के लिए भी यह नया नहीं है। वे भी अब इसके अभ्यस्त होने लगे हैं। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय सीमा होने के कारण वे अभी भी इसी धोखे में हैं कि पाकिस्तान यह सब करना छोड़ देगा। परंतु सैनिकों को विश्वास नहीं है। 'पाकिस्तान इसे वर्किंग बाउंडरी कहने लगा है 1995 के बाद, से तो वह कैसे ऐसा करेगा, एक सीमा चौकी पर हथियारों की सफाई में जुटे सूबेदार ने कहा था। उसकी पलाटून को सीमा सुरक्षा बल के जवानों की सहायता के लिए तैनात किया गया था। वैसे एक अन्य अधिकारी के शब्दों में अब तो एलओसी और आईबी में कोई खास अंतर नहीं रह गया है सिवाय नाम के। गोली वहां भी चलती है यहां भी। मोर्टार यहां भी चलते हैं वहां भी।' अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मौत का खेल वर्ष 1995 में आरंभ हुआ था। जब भारत सरकार ने आतंकियों की घुसपैठ तथा हथियारों की तस्करी को रोकने की खातिर इस 264 किमी लंबी सीमा पर तारबंदी करने की घोषणा की तो पाकिस्तान चिल्ला उठा। उसकी चिल्लाहट में सिर्फ स्वर ही नहीं था बल्कि बंदूक की गोलियों की आवाज भी थी।



■ वर्ष 1995 में आरंभ हुआ था अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मौत का खेल

## 'तुर्किये बॉयकॉट' पर कुछ भी कहने से तुषार कपूर ने किया इनकार

**मुंबई,** 14 मई (एजेंसियां)। अपनी अपकमिंग फिल्म 'कंपकंपी' की रिलीज को लेकर उत्साहित अभिनेता तुषार कपूर ने तुर्किये और अजरबैजान को लेकर चल रहे विवाद पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। मुंबई में बुधवार को 'कंपकंपी' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में शामिल हुए अभिनेता ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात की और कहा कि भारत और पाकिस्तान के हालिया तनाव के मद्देनजर तुर्किये और अजरबैजान पर टिप्पणी करने के लिए उनके पास पर्याप्त जानकारी नहीं है। भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद तुर्किये ने पाकिस्तान का समर्थन किया था, जिसे लेकर आम लोगों के साथ ही फिल्म इंडस्ट्री के सितारों में आक्रोश देखने को मिला।

# गर्मियों में करें इन 'सुपरफूड' का सेवन

## इम्यूनिटी बढ़ाने और तरोताजा रखने का करते हैं काम

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। गर्मी का मौसम अपने साथ तेज धूप, पसीना और थकान लाता है। ऐसे में गर्मी के इस सीजन में शरीर को हाइड्रेटेड और स्वस्थ रखना बेहद जरूरी हो जाता है। शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए गर्मियों के 'सुपरफूड' न केवल तरोताजा रखते हैं, बल्कि इम्यूनिटी को भी बढ़ाने का काम करते हैं। गर्मियों के उन सुपरफूड पर एक नजर डालते हैं जो ताजगी और एनर्जी का खजाना माने जाते हैं।

सबसे पहले हम बात करेंगे नारियल पानी की, जो प्राकृतिक इलेक्ट्रोलाइट्स जैसे पोटेशियम और मैग्नीशियम से भरपूर होता है। इसका सेवन करने से डिहाइड्रेशन से बचा जा सकता है। यह न केवल शरीर में जरूरी मिनरल्स की कमी को पूरा करता बल्कि शरीर को ठंडक रखता और एनर्जी भी बढ़ाता है। इसके अलावा, एवोकैडो एक हरे रंग का फल है, जो फाइबर और कई विटामिन्स से भरपूर होता है। इसे दिल के लिए भी अच्छा माना जाता है। यह पोटेशियम, मैग्नीशियम, फोलेट, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है और गर्मियों में इसके अनगिनत फायदे होते हैं। जैसे- हाइड्रेट करना, स्किन हेल्थ में सुधार करना और दिल के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना। साथ ही, पाचन में सुधार और वजन नियंत्रण के लिए भी कारगर माना जाता है। दही एक प्रोबायोटिक युक्त डेयरी उत्पाद है, जो दूध को बैक्टीरिया के साथ फर्मेंट करके बनाया जाता है। यह गर्मियों में ठंडक प्रदान करता है। गर्मियों में इसका सेवन पाचन स्वास्थ्य से राहत दिलाता है। इसके अलावा,



- **दही एक प्रोबायोटिक युक्त डेयरी उत्पाद है, जो दूध को बैक्टीरिया के साथ फर्मेंट करके बनाया जाता है। यह गर्मियों में ठंडक प्रदान करता है**
- **हरी सब्जियों में विटामिन, खनिज और फाइबर भरपूर मात्रा में होते हैं, जिसे गर्मी का सबसे बेहतर आहार माना जाता है**

इसका नियमित सेवन करने से इम्यूनिटी क्षमता मजबूत होती है। साथ ही, यह शरीर को ठंडक पहुंचाता है।

इतना ही नहीं, खीरे का सेवन भी गर्मियों के लिए लाभकारी माना जाता है। यह गर्मियों में हाइड्रेशन के लिए बेहतरीन है। इसमें विटामिन के और एंटीऑक्सिडेंट्स भी होते हैं, जो त्वचा को निखारते हैं, शरीर को डिटॉक्स करते हैं और सूजन कम करने का काम करते हैं। तरबूज गर्मियों के सबसे लोकप्रिय फलों में से एक है। तरबूज में लाइकोपीन जैसे एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो त्वचा और एनर्जी के लिए फायदेमंद हैं। इसका सेवन हाइड्रेशन बढ़ाता है, मांसपेशियों की ऐंठन को रोकता है और गर्मी से राहत दिलाता है। इसके अलावा, बेरी एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन से भरपूर होते हैं। ये गर्मियों में ताजगी और स्वाद प्रदान करते हैं। बेरी में मौजूद एंथोसायनिन फ्री रेडिकल्स से लड़ते हैं और सूजन को कम करने का काम करते हैं। साथ ही, इसका सेवन दिल और दिमाग के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी माना जाता है। साथ ही, हरी सब्जियों में विटामिन, खनिज और फाइबर भरपूर मात्रा में होते हैं, जिसे गर्मी का सबसे बेहतर आहार माना जाता है। इसके साथ ही, चिया सीड्स ओमेगा-3, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं। गर्मी के दौरान चिया सीड्स का सेवन शरीर को लंबे समय तक हाइड्रेट रखता है।

# चाशनी में लिपटी मीठी-मीठी जलेबी, ये वो 'उलझन', जो समस्याएं सुलझाती है

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। रसमलाई, खीर कदम हो या गुलाब जामुन...जब तक मिठाई की पिटारी में 'रस कुंडलिका', 'वल्लीका' न रखी जाए, ये अधूरी मानी जाती है। जी हां! हम बात कर रहे हैं जलेबी की। अतरंगी और चाशनी में लिपटी जलेबी न केवल दिखने में खूबसूरत और जिह्वा को सुकून देने वाली बल्कि स्वास्थ्य के लिहाज से भी उत्तम मानी जाती है। आयुर्वेद में इसे दवाई की तरह देखा जाता है, तो धर्म-कर्म में भी इसे महत्वपूर्ण दर्जा प्राप्त है। आयुर्वेद में जलेबी के महत्व को जानने से पहले आइए हिंदू धर्म में इसके महत्व के बारे में जानते हैं।



काशी के ज्योतिषाचार्य पं. रत्नेश त्रिपाठी बताते हैं, 'ग्रह शांति या ईश्वर के भोग में भी जलेबी का खासा महत्व है। नवरात्रि में कन्या पूजन में दही-जलेबी का भोग लगाया जाता है। भगवती को जलेबी अति प्रिय है। आदि गुरु शंकराचार्य ने देवी पूजा पद्धति में भगवती को पुआ, जलेबी भोग लगाने का उल्लेख किया है। माना जाता है कि भगवती को जलेबी भोग लगाने से वह प्रसन्न होती हैं और सुख-शांति का आशीर्वाद देती हैं। हमारे प्राचीन ग्रंथ में जलेबी बनाने की विधि संस्कृत भाषा में लिखी है। पुराणों में भी 'रस कुंडलिका' नाम से जलेबी का उल्लेख मिलता है। 'भोज कुतुहल' में इसे 'जल वल्लीका' नाम दिया गया है। यही नहीं 'गुण्यगुणबोधिनी' में भी जलेबी बनाने की विधि लिखी है। ये तो हो गई धर्म की बात, अब जलेबी के आयुर्वेदिक महत्व पर बात करते हैं। आयुर्वेद में जलेबी को सिर्फ मिठाई नहीं, दवाई भी माना जाता है। जलोदर (जलोदर ऐसी बीमारी है, जिसमें पेट में तरल पदार्थ जमा हो जाता है) नामक बीमारी का इलाज हो या मधुमेह को कंट्रोल करना हो, यहां तक कि कब्ज और सिर में उठने वाले तेज दर्द, माइग्रेन के इलाज के लिए भी जलेबी को रामबाण माना जाता है।

**'ग्रह शांति या ईश्वर के भोग में भी जलेबी का खासा महत्व है। नवरात्रि में कन्या पूजन में दही-जलेबी का भोग लगाया जाता है। भगवती को जलेबी अति प्रिय है।**

इस विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए आयुर्वेद के डॉक्टर प्रमोद तिवारी ने बताया, 'जलेबी ऐसी मिठाई है, जो स्वाद से भरपूर होती है और इसका सही तरीके से सेवन कई स्वास्थ्य लाभ देता है। पाचन संबंधित समस्याओं को खत्म करने के साथ ही यह वात और पित्त दोष को भी खत्म करता है। कब्ज की समस्या दूर होती है। इसके सेवन से कमजोरी भी दूर भागती है।

उन्होंने बताया, 'आयुर्वेद में उल्लेख है कि माइग्रेन और सिर दर्द के लिए सूर्योदय से पहले दूध के साथ जलेबी खाने से आराम मिलता है। सबसे बड़ी बात यह है कि जलेबी कुंडली के आकार की होती है, जिसका संबंध आंतों से है। कब्ज का ये रामबाण इलाज है। इसके अलावा, आयुर्वेदाचार्य शास्वत खत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर बताया, 'वात के साथ जुड़े दर्द को खत्म करने के लिए सूर्योदय से पहले बासी मुंह रबड़ी के साथ जलेबी खाना चाहिए। इससे सिर दर्द में राहत मिलती है। वहीं, वैज्ञानिक रूप से माना जाता है कि मीठा खाने से डोपामाइन हार्मोन सक्रिय होती है, जिससे मन प्रसन्न होता है।

# 'बीमार व्यक्ति के रोग का उपचार करना ही आयुर्वेद'

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। भारतीय प्राचीन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद का सिद्धांत है- 'स्वस्थस्य स्वास्थ्य रक्षणम, आतुरस्य विकार प्रशमन च।' मतलब स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना और बीमार व्यक्ति के रोग का उपचार करना ही आयुर्वेद है। कोई भी व्यक्ति सेहतमंद तभी रहेगा जब वह नियमों का पूरी निष्ठा से पालन करेगा।

आयुर्वेद मानता है कि किसी भी व्यक्ति के बीमार होने के तीन मुख्य कारण होते हैं। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ हेल्थ साइंसेज एंड रिसर्च (आईजेएचएसआर) में भी इसे लेकर लेख प्रकाशित हुआ। इस शोध पत्र में बाह्य और निज वजहों का उल्लेख है, जो मन और शरीर के बीच सामान्य संतुलन की गड़बड़ी से पैदा होता है। अध्ययन शरीर की निजता को समझने के लिए बाहरी दुनिया से संतुलन बनाने की सलाह देता है। इसका मतलब है कि शरीर का आंतरिक वातावरण बाहरी दुनिया के साथ निरंतर संपर्क में रहता है। विकार तब होता है जब दोनों में संतुलन नहीं होता है, इसलिए आंतरिक वातावरण को बदलने के लिए, इसे बाहरी दुनिया के साथ संतुलन में लाने के लिए, मन और शरीर की स्थिति के भीतर रोग होने की प्रक्रिया को समझना महत्वपूर्ण है।

आयुर्वेद के अनुसार, किसी भी बीमारी का मूल कारण हमेशा त्रिदोष या शरीर के द्रव्यों का असंतुलन होता है। बीमारियां अमूमन दो तरह की होती है। एक लाइफस्टाइल संबंधित (एलडी) और दूसरी नॉन कम्युनिकेबल डिजिज (एनसीडी)। इनके तीन कारण - असत्मेंद्रियार्थ संयोग, प्रज्ञाप्रद और परिणाम। अब जब मौसम पल-पल बदल रहा हो तो इनके बारे में जान लेना आवश्यक है। असत्मेंद्रियार्थ संयोग यानी इन्द्रियों का दुरुपयोग, मतलब सेंसरी ऑर्गन के बीच कुप्रबंधन और भ्रम की स्थिति होना। जब गर्मी चरम पर हो और प्यास लगे तो हमें ठंडा कोला या सॉफ्ट ड्रिंक की बजाय ऐसी चीजों का सेवन करना चाहिए जो गले को ही न तर करे बल्कि पेट के लिए भी सही हो। आयुर्वेद के अनुसार भोजन करने के आठ अलग-अलग



- **मन में उठते गलत विचार भी हैं बीमारी का कारण, मुकाबला करने के लिए बैलेंस बनाना जरूरी**

सिद्धांत हैं जो प्रकृति (भोजन की प्रकृति), करण (भोजन बनाने की प्रक्रिया), संयोग (विभिन्न भोजन का संयोजन), राशि (मात्रा), देश (स्थान), काल (समय), उपयोग संस्था (भोजन करते समय सावधानियां) और उपयोग (उपयोगकर्ता स्वयं) पर आधारित हैं।

भोजन करते समय इन सिद्धांतों (मात्रा को छोड़कर) की उपेक्षा करना रस इंद्रिय (जीभ) का अनुचित उपयोग है। अधिक गर्म या ठंडे पानी से स्नान करना, अत्यधिक मालिश (अभ्यंग) या शरीर को मलना (उत्साह) स्पर्श इंद्रिय (त्वचा) का अधिक उपयोग है। स्नान और इन प्रक्रियाओं से बचना स्पर्श इंद्रिय (त्वचा) का कम उपयोग है। इन प्रक्रियाओं का गलत क्रम या तरीके से उपयोग करना ही विकार को जन्म देता है और हम रोग के चंगुल में फंसते हैं। प्रज्ञाप्रद (बुद्धि का दुरुपयोग) का अर्थ है गलत विचारों के साथ गलत कार्य करना, इससे 'दोष' उत्पन्न होता है और शरीर में असंतुलन पैदा होता है। आचार्य चरक ने परिणाम का उल्लेख किया है, जिसका आयुर्वेदानुसार अर्थ मौसमी बदलाव से है। काल (समय)- शीत (ठंड), उष्ण (गर्मी) और वर्षा (बारिश) के बीच असंतुलन या अनुपातहीनता से जुड़ा है। इससे स्पष्ट है कि आज जिस तरह का वातावरण है, उसमें बीमारियों का मुकाबला करने के लिए उचित और विवेकपूर्ण संतुलन बनाए रखने की जरूरत है, तभी 'स्वस्थस्य स्वास्थ्य रक्षणम' सूक्त चरितार्थ हो पाएगा।

# आप्रेशन सिंदूर का असर वैष्णों देवी की यात्रा पर भी

- सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 14 मई (देशबन्धु)। भारत और पाकिस्तान के तनाव का असर माता वैष्णो देवी की यात्रा पर भी पड़ा है। आमतौर पर इन दिनों में यात्रियों से गुलजार रहने वाले कटड़ा मार्ग पर लोगों की संख्या में गिरावट आई है। अगर आंकड़ों पर गौर करें तो इस महीने की 6 तारीख को देशभर से 12917 यात्री आए थे, जबकि स्ट्राइक वाले दिन यानी 7 मई को 12760 यात्री माता के दर्शनों के लिए देश पर से कटरा पहुंचे।

वहीं, स्ट्राइक के बाद 8 मई को 8670, 9 तारीख को 3962, 10 मई को 1352, 11 मई को 1303, 12 मई को 1658 और 13 मई को 2808 श्रद्धालु ही माता के दर्शन करने पहुंचे। हालांकि अब सात दिनों के बाद हेलीकाप्टर सेवा फिर से शुरू कर दी गई है। यह सेवा कटड़ा से सीधे सांझी छत तक जाती है, जहां से श्रद्धालु माता वैष्णो देवी के दरबार तक पहुंचते हैं।



**स्ट्राइक के बाद 8 मई को 8670, 9 तारीख को 3962, 10 मई को 1352, 11 मई को 1303, 12 मई को 1658 और 13 मई को 2808 श्रद्धालु ही माता के दर्शन करने पहुंचे। हालांकि अब सात दिनों के बाद हेलीकाप्टर सेवा फिर से शुरू कर दी गई है।**

कुछ दिन पहले देश के हवाई क्षेत्र को आपरेशन सिंदूर के कारण बंद कर दिया गया था, जिसके चलते कई हवाई मार्गों के साथ-साथ कटड़ा से सांझी छत जाने वाली हेलीकाप्टर सेवा भी स्थगित कर दी गई थी। इससे तीर्थयात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा था, क्योंकि यह सेवा कई श्रद्धालुओं के लिए यात्रा को आसान और सुविधाजनक बनाती है। महाराष्ट्र से माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए कटड़ा पहुंचे श्रद्धालुओं का दावा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनातनी के बाद उन्होंने अपने टिकट रद्द करवा दिए थे। हालांकि, जैसे ही पाकिस्तान घुटने टेक कर सीजफायर पर आया तो उन्होंने दोबारा अपनी टिकट करवाई और बच्चों के साथ माता वैष्णो देवी के दर्शनों के लिए पहुंच गएं। इन श्रद्धालुओं का कहना है कि उन्हें भारतीय सेना और भारत सरकार पर पूरा भरोसा है। बेशक कटड़ा आने वाली ट्रेनें या कटरा शहर खाली हैं, लेकिन माता का दरबार खाली नहीं होना चाहिए। इन श्रद्धालुओं का दावा है कि उन्हें माता का बुलावा आया था, इसलिए वह मां वैष्णो के दर्शन के लिए आ गए। इन भक्तों ने पूरे देश में माता के श्रद्धालुओं से अपील की है कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर माता वैष्णो देवी के दर्शन करें। वैसे वैष्णों देवी जाने वाले भक्तों के लिए जरूरी खबर यह भी है कि रेलवे द्वारा विभिन्न रूटों की ट्रेनों को रि-शैड्यूल किया गया है और जम्मू की तरफ जाने वाली अधिकतर ट्रेनों को दिन के समय संचालित किया जा रहा है। इसके चलते वैष्णो देवी सहित जम्मू जाने वाली अधिकतर ट्रेनें देरी से चल रही है। ट्रेनों का समय रूटीन के मुताबिक करने पर रेलवे द्वारा जल्द फैसला लिया जा सकता है, लेकिन फिलहाल ट्रेनों का देरी के साथ परिचालन होगा। कर्नाटक से आए कुछ श्रद्धालुओं ने बताया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच हुई तनातनी से पहले ही अपने टिकट करवा लिए थे लेकिन जब भारत और पाकिस्तान के बीच हालत बिगड़ गए तो उन्होंने अपना टिकट कैंसिल नहीं करवाया। उनके मुताबिक उन्हें भारतीय सेना पर भरोसा है और वह माता के दर्शन किसी भी हाल में करने आएंगे।

# जरीन खान खुद को फिट रखने के लिए रोजाना करती हैं योग, जानें फायदे

**मुंबई,** 14 मई (एजेंसियां)। बॉलीवुड की अदाकारा जरीन खान बुधवार को अपना 38वां जन्मदिन मना रही हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत सलमान खान की फिल्म 'वीर' से की थी। फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने का उनका सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। उनका ट्रांसफॉर्मेशन सिर्फ उनके शरीर का नहीं, बल्कि उनके मन और सोच का भी बदलाव था। पहले उन्हें अपने वजन और लुक्स को लेकर आलोचनाओं का सामना करना पड़ता था, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और खुद पर काम करना शुरू किया। इस सफर में योग ने उनकी काफी मदद की।



उन्होंने योग करना शुरू किया, तो उन्हें अपने अंदर एक नई शांति और आत्मविश्वास महसूस होने लगा। योग के अलग-अलग आसनों ने उनके शरीर को ताकत दी, वहीं ध्यान और प्राणायाम ने उनके मन को शांत किया। जरीन अपने इंस्टाग्राम पर प्राणायाम और योग करते हुए वीडियो शेयर करती रहती हैं। आज हम उनके योग के वीडियो की बात करेंगे, साथ ही उस आसन से होने वाले फायदे भी बताएंगे। जरीन ने इंस्टाग्राम पर हाल ही में एक पोस्ट शेयर की, जिसमें वह कई तरह के योगासन करती नजर आईं।

पहली तस्वीर में वह चक्रासन करती दिखीं। इस आसन को व्हील पोज भी कहा जाता है। यह शरीर को लचीला बनाता है, रीढ़ को मजबूत करता है, पाचन में मदद करता है और तनाव कम करता है।

# वयस्कता में टाइप 1 डायबिटीज से हृदय रोग और मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है : अध्ययन



**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। हाल में आए एक नए शोध के मुताबिक, जो लोग वयस्कता में टाइप 1 मधुमेह (डायबिटीज) से पीड़ित होते हैं, उनमें हृदय रोग और मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है। शोध वयस्कों में शुरुआती मधुमेह (टाइप 1) के खतरों पर आधारित है। शोधकर्ता मधुमेह प्रभावित लोगों में हृदय रोग और मृत्यु के जोखिम की जांच करना चाहते थे। विशेष रूप से 40 वर्ष की आयु के बाद जिनका मधुमेह का इलाज हुआ है। स्वीडन में कैरोलिंस्का इंस्टीट्यूट के शोधकर्ताओं के मुताबिक, '40 साल के बाद जिनका इलाज किया गया, उनकी स्थिति 40 से पहले मधुमेह का इलाज किए गए लोगों से बेहतर नहीं हैं। इसमें धूम्रपान, खराब ग्लूकोज नियंत्रण और मोटापे को जोखिम का मुख्य कारक बताया गया है।'

**स्वीडन में कैरोलिंस्का इंस्टीट्यूट के शोधकर्ताओं के मुताबिक, '40 साल के बाद जिनका इलाज किया गया, उनकी स्थिति 40 से पहले मधुमेह का इलाज किए गए लोगों से बेहतर नहीं हैं।**

यूरोपियन हार्ट जर्नल में प्रकाशित अध्ययन ने 2001 और 2020 के बीच वयस्कता में टाइप 1 मधुमेह से पीड़ित 10,184 लोगों की पहचान की और उनकी तुलना नियंत्रण समूह के 509,172 मिलान वाले लोगों से की। अध्ययन से पता चलता है कि वयस्कता में ही टाइप 1 मधुमेह वाले इन लोगों में नियंत्रण समूह की तुलना में कैंसर और संक्रमण सहित सभी कारणों से हृदय रोग और मृत्यु का खतरा ज्यादा था। कारोलिंस्का इंस्टीट्यूट के पर्यावरण चिकित्सा संस्थान में पोस्टडॉक्टरल फेलो युक्सिया वेई ने कहा कि इलाज के बाद भी खराब सेहत के मुख्य कारण धूम्रपान, ज्यादा वज़न/मोटापा और ब्लड शुगर का सही नियंत्रण न होना है। वेई ने आगे कहा, 'हमने पाया कि ऐसे लोग इंसुलिन पंप जैसे सहायक उपकरणों का इस्तेमाल कम करते थे।'

शोधकर्ता अब भी इस बात की खोज करेंगे कि बड़े होने पर टाइप 1 डायबिटीज क्यों होती है। वे यह भी देखेंगे कि इस बीमारी के होने का खतरा किन कारणों से बढ़ता है और इसका शरीर के छोटे रक्त वाहिकाओं पर क्या असर पड़ता है। इसके अलावा, वे यह भी पता लगाएंगे कि वयस्कों में होने वाली टाइप 1 डायबिटीज का सबसे अच्छा इलाज क्या है। इसमें इंसुलिन पंप के उपयोग और अन्य उन्नत तकनीकों का प्रभाव शामिल है, का भी पता लगाने की आवश्यकता है। वयस्कों में टाइप 1 मधुमेह के जोखिम पर शोध को स्वीडिश रिसर्च काउंसिल और स्वीडिश डायबिटीज फाउंडेशन द्वारा पोषित किया गया था।

# भारतीय शोधकर्ताओं ने सस्टेनेबल ऑक्सीजन इलेक्ट्रोकैटेलिसिस के लिए कैटेलिस्ट किया डेवलप

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। बेंगलुरु बेस्ड सेंटर फॉर नैनो एंड सॉफ्ट मैटर साइंसेज (सीईएनएस) के शोधकर्ताओं ने एक नया कैटेलिस्ट बनाया है, जो ऑक्सीजन से जुड़े महत्वपूर्ण कैटेलिटिक रिएक्शन को तेज, अधिक किफायती और कुशल बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इस कैटेलिस्ट को लेकर बुधवार को घोषणा की गई। ऑक्सीजन से जुड़े इलेक्ट्रोकैटेलिसिस कई क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजीज का आधार हैं, जैसे हाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए पानी को स्प्लिट करना, क्लीन फ्यूल बनाना और हाइड्रोजन पेरोक्साइड जैसे कैमिकल्स का निर्माण करना।

हालांकि, इन टेक्नोलॉजीज को आम तौर पर स्लो रिएक्शन स्पीड, हाई एनर्जी डिमांड और सीमित उपलब्धता और शामिल कीमती धातुओं



शुभमन गिल की अगुआई वाली गुजरात टाइटंस और आरसीबी के 11 -11 मैचों से समान रूप से 16 -16 हैं लेकिन अपनी बेहतर नेट रन रेट के चलते गुजरात फिलहाल शीर्ष पर है। भारत और पाकिस्तान की बीच सरहद पर तनाव के चलते 10 मई को स्थगित 2025 आईपीएल अब 17 मई को आरसीबी और केकेआर के बीच बेंगलुरु में मैच से आगे शुरू होगी। आरसीबी के लिए चिंता का सबब है कि उसके लिए दस मैचों में सबसे ज्यादा 18 विकेट चटका कर फिलहाल मौजूदा सीजन में शीर्ष पर चल रहे उसके ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड का कंधे में चोट के चलते उसके लिए आगे के मैचों के लिए उपलब्ध होना तय नहीं है। हेजलवुड को हालांकि ऑस्ट्रेलिया के 11 जून से लॉर्ड्स (इंग्लैंड) में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जाने वाले आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए अपने देश की 15 सदस्यीय टीम में शामिल है। वहीं दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक के बृहस्पतिवार को अपनी केकेआर टीम के 17 मई को बेंगलुरु में मेजबान आरसीबी के खिलाफ खेले जाने वाले मैच के लिए जुड़ने की पूरी उम्मीद है। डी कॉक ने केकेआर को अब आईपीएल के 17 मई से 3 जून तक के बाकी चरण के लिए खुद को उपलब्ध बताया है। केकेआर को प्ले ऑफ में पहुंचने की हल्की उम्मीद बनाए रखने के लिए आरसीबी के खिलाफ यह मैच जीतना बेहद जरूरी है। साथ ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ने अपनी टीम केकेआर को बताया है कि वह टीम के लिए बाकी आईपीएल में खेलने के लिए उपलब्ध हैं। केकेआर इंग्लैंड के मोईन अली के भी वापस टीम से जुड़ने की उम्मीद कर रही है। वहीं आईपीएल के स्थगित होने के बाद दुबई में रुके वेस्ट इंडीज के सुनील नारायण व आंद्रे रसेल सबसे पहले बुधवार को अपनी टीम केकेआर के साथ बाकी आईपीएल के लिए वापस जुड़ गए।

## विराट और रोहित की जगह भरने के लिए भारत में प्रतिभाओं कमी नहीं : एंडरसन

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां। भारतीय क्रिकेट के मौजूदा समय के दो सबसे बड़े बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। इस बीच, इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का मानना है कि भारत में ऐसी प्रतिभाएं हैं जो रोहित और विराट के जाने से खाली हुई जगह को भर सकती हैं। जेम्स एंडरसन ने विराट कोहली को टेस्ट क्रिकेट इतिहास के महान बल्लेबाजों में एक करार दिया। एंडरसन ने कहा कि विराट एक महान बल्लेबाज रहे हैं। उनकी कमी टेस्ट फॉर्मेट में निश्चित रुप से भारतीय टीम को खलेगी लेकिन भारत में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का एक बड़ा समूह मौजूद है जो उन्हें रिप्लेस करेगा और उनकी कमी की भरपाई करेगा। विराट कोहली और जेम्स एंडरसन के बीच टेस्ट फॉर्मेट में हमेशा से एक कड़ी प्रतियोगिता देखने को मिली है। कभी एंडरसन तो कभी कोहली एक दूसरे पर भारी पड़ते रहे हैं। कोहली ने एंडरसन के खिलाफ 36 पारियों में 305 रन बनाए हैं। इस दौरान दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 7 बार विराट कोहली को आउट किया है। जेम्स एंडरसन ने टॉकस्पोर्ट पर रोहित शर्मा के संन्यास पर कहा कि रोहित के जाने के बाद भारतीय टीम को नया कप्तान मिलेगा। भारतीय टीम मैनेजमेंट आईपीएल से नए और आक्रामक युवाओं को टेस्ट फॉर्मेट में जगह दे रहा है।

# आईपीएल में विराट का बल्ला कभी शांत नहीं रहता : कैफ

- मौजूदा सीजन में, आरसीबी 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है
- प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने के लिए एक कदम जीत से दूर



**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने इस साल विराट कोहली के आईपीएल खिताब जीतने की संभावनाओं पर अपनी राय देते हुए कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इस साल शानदार फॉर्म में है और अपनी बेहतरीन ऑलराउंड टीम के साथ बेंगलुरु स्थित यह फ्रेंचाइजी निश्चित रूप से अपना पहला खिताब जीतेगी। मौजूदा सीजन में, आरसीबी 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है और प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने से एक जीत दूर है। इस बीच, विराट कोहली, जो ऑरेंज कैप जीतने वाले 2024 सीजन (741 रन) के दम पर टूर्नामेंट में शामिल हुए, वर्तमान में 505 रनों के साथ इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में चौथे स्थान पर हैं, जो शीर्ष पर मौजूद सूर्य कुमार यादव (510 रन) से सिर्फ छह रन पीछे हैं। कैफ ने आईएएनएस से कहा कि अगर हम एक टीम के तौर पर आरसीबी की बात करें, तो वे शानदार रहे हैं। मैं %टीम% शब्द पर जोर दे रहा हूं क्योंकि वे हमेशा से बल्लेबाजी से भारी रहे हैं, वे अपने विरोधियों को आउटसोर्स करने की मानसिकता रखते थे। लेकिन इस बार रजत पाटीदार ने अपने गेंदबाजों का इस्तेमाल करके शानदार काम किया है, 170-180 के स्कोर का बचाव करते हुए विरोधियों को रोका है।

## मुझे नहीं लगता कि विराट से ज्यादा टेस्ट फॉर्मेट के लिए कोई और कर सकता है : वॉन

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली द्वारा छोड़े गए महत्वपूर्ण खालीपन को उजागर किया, उन्हें पिछले तीन दशकों में इस फॉर्मेट में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति बताया। कोहली ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने शानदार टेस्ट करियर का अंत किया और 123 मैचों में 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाकर अपने करियर को अलविदा कह दिया, जिसमें 30 शतक और 31 अर्द्धशतक शामिल हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर नाबाद 254 रन रहा।वॉन ने लिखा, 30 साल से ज्यादा समय में, मुझे नहीं लगता कि विराट से ज्यादा टेस्ट फॉर्मेट के लिए कोई और कर सकता है। उनके बिना टेस्ट क्रिकेट बहुत नीरस जगह होती, और अगर वह इसमें उतनी दिलचस्पी नहीं दिखाते और निवेश नहीं करते, तो इसकी अपील खत्म हो जाती।

## कैथरीन ब्रायस ने आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। स्कॉटलैंड की कप्तान कैथरीन ब्रायस को अप्रैल 2025 के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया है, क्योंकि उनके शानदार ऑलराउंड प्रयासों के कारण वह पाकिस्तान में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनीं।

कैथरीन ने वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज और पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना को हराकर मासिक सम्मान जीता। कैथरीन ने बुधवार को आईसीसी द्वारा दिए गए एक बयान में कहा कि यह पुरस्कार जीतना वास्तव में सम्मान की बात है। यह जानना कि वैश्विक क्रिकेट समुदाय द्वारा इसके लिए मतदान किया जा रहा है, इसे और भी खास बनाता है; फातिमा सना और हेली मैथ्यूज जैसी दो खिलाड़ियों के साथ नामांकित होना, जिन्होंने खुद शानदार टूर्नामेंट खेले, अद्भुत था। कैथरीन ने अपने पांच मैचों में 73.25 की शानदार औसत से 293 रन बनाए। उनकी उल्लेखनीय पारियों में मेजबान पाकिस्तान के खिलाफ 91, थाईलैंड के खिलाफ 60 और आयरलैंड के खिलाफ नाबाद 131 रन शामिल हैं, जो टूर्नामेंट का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी है। अपनी बल्लेबाजी कौशल के अलावा, कैथरीन ने गेंद से भी योगदान दिया, प्रतियोगिता के दौरान छह विकेट लिए और अंतत: उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया, हालांकि स्कॉटलैंड 2025 महिला वनडे विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने से चूक गया, जो इस साल के अंत में भारत में होने वाला है। विश्व कप क्वालीफायर हमारी स्कॉटलैंड टीम के लिए एक शानदार प्रतियोगिता थी। जिस तरह से हमने अपना क्रिकेट खेला और जिस तरह से हमने एक साथ बहुत ज्यादा नहीं खेला है, उसमें विकास किया और आगे बढ़े, यह देखना शानदार था और कई अलग-अलग खिलाड़ियों का अलग-अलग मौकों पर खड़े होकर खेल की कमान संभालना शानदार था।

# करुण नायर भारत के अगले नंबर 4 हो सकते हैं : कुंबले

- भारत तेंदुलकर या कोहली के बिना टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगा



**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद कठिन बदलाव के दौर से गुजर रही है, ऐसे में पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने करुण नायर की सनसनीखेज वापसी के लिए अपना समर्थन दिया है।

अगले महीने इंग्लैंड में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज और नंबर 4 की स्थिति में एक बड़ा अंतर - जिस पर कोहली और उनसे पहले सचिन तेंदुलकर तीन दशक से अधिक समय से काबिज हैं - के साथ कुंबले का मानना है कि नायर इस स्थान के लिए सही व्यक्ति हो सकते हैं। भारत एक नए क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है। 1989 के बाद पहली बार, जब सचिन तेंदुलकर ने पदार्पण किया था, भारत तेंदुलकर या कोहली के बिना टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगा। रोहित शर्मा के संन्यास ने मध्यक्रम के संकट को और बढ़ा दिया है, जिससे टीम को एक नई बल्लेबाजी योजना तैयार करनी पड़ रही है, जिसमें प्रतिष्ठा से अधिक फॉर्म पर निर्भर रहना पड़ सकता है। कुंबले ने ईएसपीएन क्रिकइंफो पर कहा कि इस बारे में कोई उचित बातचीत नहीं हुई है कि नंबर 4 पर कौन बल्लेबाजी करने जा रहा है। जब रोहित ऑस्ट्रेलिया में नहीं खेले, तो कुछ फेरबदल हुए। केएल राहुल ने अवसर का लाभ उठाया। लेकिन उसके बाद, मध्यक्रम अनिश्चित लग रहा है। और नंबर 4 इंग्लैंड में सबसे महत्वपूर्ण बल्लेबाजी स्थान है। कुंबले का मानना है कि इसका उत्तर भारतीय टेस्ट क्रिकेट में लंबे समय से भुला दिए गए नाम - करुण नायर में छिपा हो सकता है। 33 वर्षीय, जिन्होंने आखिरी बार 2017 में टेस्ट खेला था, ने चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ तिहरा शतक बनाया था, लेकिन इसके तुरंत बाद ही उनकी लोकप्रियता कम हो गई। कुंबले ने कहा कि करुण ने जिस तरह का घरेलू प्रदर्शन किया है, उसके साथ वह भारतीय टीम में वापस आने के हकदार हैं।आपको अंग्रेजी परिस्थितियों में अनुभव रखने वाले किसी व्यक्ति की आवश्यकता है। उन्होंने काउंटी क्रिकेट खेला है, वह पहले भी वहां खेल चुके हैं। वह भले ही 30 के पार हों, लेकिन क्रिकेट के लिहाज से वह अभी भी युवा हैं। कर्नाटक में जन्मे बल्लेबाज, जो अब घरेलू क्रिकेट में विदर्भ का प्रतिनिधित्व करते हैं, ने एक शानदार सीजन खेला है। 2024-25 की विजय हजारे ट्रॉफी में, उन्होंने आठ पारियों में 779 रन बनाए, जिसमें पांच शतक शामिल थे - उनमें से चार लगातार थे - और उन्होंने लगभग अकेले ही विदर्भ को फाइनल में पहुंचाया। लेकिन नायर ने अपना काम जारी रखा। उन्होंने शानदार रणजी ट्रॉफी अभियान चलाया, जिसमें नौ मैचों में 863 रन बनाए, जिसमें केरल के खिलाफ फाइनल में एक महत्वपूर्ण शतक और एक अर्धशतक शामिल था, जिससे विदर्भ खिताब जीतने में सफल रहा।

## सार संक्षेप

### थाईलैंड ओपनः लक्ष्य हारे, आकर्षि और उन्नति दूसरे दौर में

**बैंकॉक।** बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट थाईलैंड ओपन में भारत के अभियान की बुधवार को मिली-जुली शुरुआत हुई, क्योंकि शीर्ष पुरुष एकल शटलर लक्ष्य सेन पहले दौर में ही बाहर हो गए, जबकि आकर्षि कश्यप और उन्नति हुड्डा ने महिला एकल में कड़े संघर्ष के बाद जीत दर्ज कर दूसरे दौर में जगह बनाई। दिन के सबसे बड़े उलटफेरों में से एक में, लक्ष्य सेन को आयरलैंड के नहत एनगुयेन ने 1 घंटे 20 मिनट तक चले तीन गेम के मुकाबले में बाहर कर दिया। भारत की शीर्ष बैडमिंटन प्रतिभाओं में शुमार सेन को 18-21, 21-9, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। शुरुआती गेम में मामूली अंतर से हारने के बाद, सेन ने दूसरे गेम में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने तीखे स्मैश और तेज गति की रैलियों का इस्तेमाल करते हुए मैच को बराबरी पर ला दिया। लेकिन एनगुयेन ने निर्णायक गेम में कड़ी टक्कर दी और 17-13 से आगे निकल गए तथा दबाव के क्षणों में अपना संयम बनाए रखते हुए उलटफेर कर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

### कॉक आरसीबी के खिलाफ केकेआर से जुड़ने को तैयार

**बेंगलुरु।** दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी क्विंटन डी कॉक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ करो या मरो मुकाबले से दो दिन पहले गुरुवार को बेंगलुरु में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम के साथ जुड़ सकते हैं।

## मेहदी हसन मिराज ने अप्रैल के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। बांग्लादेश के ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज ने जिम्बाब्वे के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए अप्रैल 2025 के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता है। उन्होंने जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजरबानी और न्यूजीलैंड के बेन सियर्स को हराकर मासिक पुरस्कार जीता। मेहदी यह पुरस्कार जीतने वाले बांग्लादेश के केवल तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं और दो साल से अधिक समय में ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी हैं - शाकिब अल हसन मार्च 2023 में यह पुरस्कार जीतने वाले बांग्लादेश के अंतिम खिलाड़ी थे, जबकि मुशफिकुर रहीम इस सम्मान के विजेता चुने जाने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। बुधवार को आईसीसी द्वारा दिए गए एक बयान में मेहदी ने कहा कि आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड जीतना एक अविश्वसनीय सम्मान है। आईसीसी अवार्ड किसी भी क्रिकेटर के लिए अंतिम मान्यता है।

# बिहार, जम्मू-कश्मीर ने भारोत्तोलन में पहला पदक जीता, 5 दिवसीय आयोजन में 13 राष्ट्रीय रिकॉर्ड बने

- बिहार के उज्ज्वल सिंह ने कुल 241 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक जीता
- पहले चार दिनों में कई रिकॉर्ड बने, लेकिन अंतिम दिन कोई रिकॉर्ड नहीं बना



**राजगीर (बिहार),** 14 मई (एजेंसियां)। मेजबान बिहार और जम्मू-कश्मीर ने बुधवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में अपना पहला भारोत्तोलन पदक जीता। राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में, जम्मू-कश्मीर के सात्विक लूथरा ने 263 किग्रा वजन उठाकर रजत पदक जीता, जबकि बिहार के उज्ज्वल सिंह ने कुल 241 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। स्वर्ण पदक हरियाणा के सनी भाटी के नाम रहा, जिन्होंने क्लीन एंड जर्क में 151 किग्रा वजन उठाकर जम्मू-कश्मीर के अपने प्रतिद्वंद्वी को आसानी से पीछे छोड़ दिया। पांच दिवसीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता बुधवार को संपन्न हुई।

पहले चार दिनों में कई रिकॉर्ड बने, लेकिन अंतिम दिन कोई रिकॉर्ड नहीं बना। कुल मिलाकर, इस बार 13 राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड बने।महाराष्ट्र ने इनमें से पांच, उत्तर प्रदेश ने तीन, ओडिशा ने दो और तमिलनाडु, असम और हरियाणा ने एक-एक रिकॉर्ड बनाए। तमिलनाडु में खेलो इंडिया यूथ गेम्स में आठ राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड बनाए गए थे। जम्मू-कश्मीर के लूथरा ने धैर्य बनाए रखा और लगभग स्वर्ण पदक जीत ही लिया। अगर क्लीन एंड जर्क में 151 किग्रा का उनका तीसरा और अंतिम प्रयास सफल हो जाता, तो भाटी पर दबाव बढ़ जाता। लूथरा ने इस जनवरी में भारतीय भारोत्तोलन महासंघ की राष्ट्रीय चैंपियनशिप से दो महीने पहले लगी कलाई की चोट पर काबू पा लिया और अपने दूसरे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हिस्सा लिया।

# पीटन स्टर्न्स ने इटैलियन ओपन में रचा इतिहास

**रोम,** 14 मई (एजेंसियां)। पीटन स्टर्न्स ने इटैलियन ओपन में इतिहास रच दिया है। स्टर्न्स ने क्वार्टर फाइनल में 16वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को रोमांचक मुकाबले में हराया। वह ओपन एरा में लगातार तीन डब्ल्यूटीए मुख्य ड्रॉ मैच तीसरे सेट के टाईब्रेक में जीतने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। गैर-वरीयता प्राप्त अमेरिकी स्टर्न्स ने 6-2, 4-2 से पिछड़ने के बाद तीसरे सेट में डबल-ब्रेक से वापसी करते हुए यूक्रेन की 16वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को दो घंटे और 38 मिनट में 6-2, 4-6, 7-6(4) से हराया। आखिरी दो राउंड में स्टर्न्स ने ग्रैंड स्लैम चैंपियन मैडिसन कीज और नाओमी ओसाका को तीसरे सेट के टाईब्रेक में हराया, जिससे उनका इतिहास रचने वाला सिलसिला शुरू हो गया। विश्व की 6वें नंबर की कीज को हराना उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ जीत थी, जो प्रतिद्वंद्वी रैंकिंग के हिसाब से थी। डब्ल्यूटीए की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2015 में डारिया सैविल के बाद रोम के मुख्य ड्रॉ में अपने पदार्पण पर सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी हैं।



## सुडोकू 6913 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 3 | 1 | 6 | 7 | 5 | 2 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 | 4 | 3 |
| 7 | 9 | 2 | 4 | 3 | 5 | 1 | 6 | 8 |
| 1 | 2 | 4 | 7 | 5 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 7 | 4 |
| 6 | 3 | 7 | 8 | 4 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 4 | 6 | 3 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 3 | 8 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 2 | 4 | 8 | 1 |

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/202504114900088/अ-6अ/2024-25
ग्राम पुरेना प.ह.नं. 67
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 28.04.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। इस न्यायालय के रा.प्र.क्रं.-202504114900088/अ-6/वर्ष 2024-2025 में आवेदक नितिन वारकरे पिता स्व. शिवशंकर वारकरें निवासी ई-2, प्रगति विहार महावीर नगर पुरेना छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत 106 भू-राजस्व संहिता 1956 के तहत प्रस्तुत कर लेख किया है। कि ग्राम पुरेना प.ह.नं. 67 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 263/1 का रकबा 1500 वर्गफुट भूमि को आवेदक के पिता क्रेता/शिवशंकर वारकरे पिता कोइबाजी बारकारे ने विक्रय-विलेख दिनांक 08.01.2001 को विक्रेता मधुदेवी पति जे. लाल निवासी-बी मधुकुंज जलविहार कालोनी रायपुर से दिनांक 06.01.2001 को क्रय किया है। एवं विक्रेता मधु देवी ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 29.04.2000 को विक्रेता सहयोग बिल्डर्स एवं प्रायवेट लिमिटेड द्वारा डायरेक्टर संतोष जैन पिता श्री.के. जैन से क्रय किया था। आवेदित भूमि से आवेदक के पिता की दिनांक 13.08.2002 को मृत्यु हो चूकी है। एवं उनकी पत्नि/आवेदक की माता सुधा वारकरे पति स्व. शिवशंकर वारकरे की दिनांक 18.01.2024 को मृत्यु हो चूकी है। तथा उनके पुत्र अमित वारकरे पिता शिवशंकर वारकरे का दिनांक 06.03.2023 को मृत्यु हो चुकी है। आवेदक एक मात्र जीवित वारिसान है जिसके द्वारा आवेदित भूमि को अपने नाम पर नामांतरण करने आवेदन पत्र, लिंक बैनामा की प्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न कर पेश किया है। जिसकी सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 19.05.2025 को नियत है। अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 19.05.2025 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**मुहर** **नायब तहसीलदार रायपुर**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10**
**आम सूचना**

जारी दिनांक 14.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अतुल अग्रवाल पिता/पति सत्यनारायण अग्रवाल निवासी गुढ़ियारी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम देवपुरी पटवारी हल्का नंबर 73 राजस्व निरीक्षक मंडल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 160/5 रकबा 0.2014 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 09.05.2025 के परिपालन में दिनांक 19.05.2025 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 73 के देवपुरी में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-10**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-21 रावांभाठा तहसील व जिला रायपुर सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 09.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक कुमार शर्मा पिता देवी प्रसाद शर्मा निवासी केलकर पारा रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम रावांभाठा प.ह.नं. 84 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-21 रावांभाठा स्थित भूमि खसरा नंबर 796/7, 797/5 रकबा 0.1020, 0.0512 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा जिला रायपुर के ज्ञा.क्र./वाचक/तह./वर्ष 2024-25 धरसींवा के आदेश दिनांक 08.05.2025 के परिपालन में दिनांक 19.05.25 को समय 12 बजे पश्चात किया जाना है। अत: उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक समय तक पटवारी हल्का नंबर 86 के रावांभाठा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अत: सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-21**

**शपथ पत्र**

मै शपथकर्ता भावेश पटेल पिता खिमजी पटेल, निवासी फाफाडीह, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं :-

1. यह कि, मेरी पुत्री हेतवी पटेल (HETVI PATEL) का जन्म दिनांक - 04/07/2019 को हुआ, जिसका जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण संख्या 2019-01-027032 एवं पंजीकरण दिनांक 04/10/2019 है।
2. यह कि, उक्त जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री का नाम / स्पेलिंग ह्रीतवी पटेल (HRITVI PATEL) दर्ज है, जो कि त्रुटिवश गलत दर्ज है।
3. यह कि, मेरी पुत्री का सही नाम / स्पेलिंग-हेतवी पटेल (HETVI PATEL) है, जो कि सत्य एवं सही है।
4. यह कि उक्त जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज मेरी पुत्री का नाम / स्पेलिंग ह्रीतवी पटेल (HRITVI PATEL) को सुधारकर मेरी पुत्री का सही नाम / स्पेलिंग हेतवी पटेल (HETVI PATEL) दर्ज किया जावें जिस हेतु यह शपथपत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**भावेश पटेल**
निवासी फाफाडीह, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, HASHMAT RAI S/O MURLIDHAR CHHABLANI resident of H NO 45/2, 46 ANUPAM NAGAR NEAR TV TOWER SHANKAR NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name HASHMAT RAI S/O MURLIDHAR CHHABLANI so in future I should be recognized by my new name that is HASHMAT RAI CHHABLANI S/O MURLIDHAR CHHABLANI in all Government and other documents.

**HASHMAT RAI CHHABLANI**
H NO 45/2, 46 ANUPAM NAGAR NEAR TV TOWER SHANKAR NAGAR RAIPUR (C.G)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SHASHI KUMAR RAI S/O RAM BACHAN RAI resident of H.NO. B-36 VIP CITY SADDU RAIPUR (C.G.) have changed my son old name SARTHAK RAI S/O SHASHI KUMAR RAI so in future I should be recognized by my son new name that is SHLOAK RAI S/O SHASHI KUMAR RAI in all Government and other documents.

**SHASHI KUMAR RAI**
H.NO. B-36 VIP CITY SADDU RAIPUR (C.G.)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मेसर्स ब्लू 9 एसोसिएट्स प्रा. लि. नया रायपुर, जिला रायपुर छ.ग. को नया रायपुर विकास प्राधिकारण द्वारा वाके मौजा सेक्टर 04, नया रायपुर, ग्राम नवागांव, प.ह.नं. 22 तहसील आरंग, जिला- रायपुर, छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 498 एवं 500 का भाग रकबा 10,000 वर्गफुट आबंटित की गई थी। जिसका मूल आबंटन पत्र दिनांक 01.05.2017 एवं कब्जा प्रमाण पत्र दिनांक 15.01.2018 मंदिर हसौद के आस-पास एक माह पूर्व भूलवश कहीं गुम हो गये है। जो कि काफी खोजने पर भी मुझे वापस प्राप्त नहीं हुये है।

अत: इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त गुम हो गये दस्तावेज यदि किसी व्यक्ति / संस्था / शासकीय निकाय / बैंक / पक्षकार को प्राप्त होते है तो वह कृपया उपरोक्त दस्तावेजो को इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अघोलिखित पते पर मुझ तक पहुंचाने की कृपा करे।

सो सूचना जाने

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 13.05.2025

**भवदीय**
**पंकज दीक्षित ( अधिवक्ता )**
**रूम नं. 110, जिला न्यायालय, रायपुर, छ.ग.**
**मो. नं. 9893579072**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, P RAKESH S/O PADAMTINTI SUSHIL KUMAR resident of H.NO. 21 PURANA BUS STAND BIJAPUR, BIJAPUR (C.G.) 494444 have changed my old name P RAKESH S/O PADAMTINTI SUSHIL KUMAR so in future I should be recognized by my new name that is PADAMTINTI RAKESH KUMAR S/O PADAMTINTI SUSHIL KUMAR in all Government and other documents.

**PADAMTINTI RAKESH KUMAR**
H.NO. 21 PURANA BUS STAND BIJAPUR, BIJAPUR (C.G.) 494444

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 3.88 प्रतिशत |
| इटरनल | 2.18 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.02 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.56 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 1.50 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 1.78 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.26 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.11 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.85 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 0.84 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| दिल्ली | |
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 93,776 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 95,949 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# भारत में थोक महंगाई दर अप्रैल में 13 महीनों के निचले स्तर पर रही

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। भारत में थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई या थोक महंगाई दर अप्रैल में कम होकर 13 महीनों के निचले स्तर 0.85 प्रतिशत पर आ गई है, जो कि मार्च में 2.05 प्रतिशत पर थी। यह जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा बुधवार को दी गई। थोक महंगाई दर में कमी की वजह खाद्य उत्पादों की कीमतों में कमी आना है। अप्रैल में खाद्य उत्पादों पर थोक महंगाई दर कम होकर 2.55 प्रतिशत रह गई है, जो कि मार्च में 4.66 प्रतिशत पर थी। सरकार ने बताया कि अप्रैल में थोक महंगाई दर सकारात्मक रहने की वजह खाद्य उत्पादों, केमिकल और केमिकल उत्पादों, ट्रांसपोर्ट उपकरणों और अन्य मशीनों की मैन्युफैक्चरिंग की कीमत में बढ़ोतरी होना है।

मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों में महंगाई दर बढ़कर 2.62 प्रतिशत हो गई है। फ्यूल एंड पावर और प्राथमिक उत्पादों में महंगाई दर गिरकर 2.18 प्रतिशत और 1.44 प्रतिशत रह गई है। थोक महंगाई दर में कमी ऐसे समय पर देखने को मिली है, जब खुदरा




- खाद्य उत्पादों की कीमतों में कमी आने से थोक महंगाई दर हुई कम
- मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों में महंगाई दर बढ़कर 2.62 प्रतिशत पर

महंगाई दर कई सालों के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है। सरकार द्वारा मंगलवार को जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में खुदरा महंगाई दर घटकर 3.16 प्रतिशत हो गई है, जो कि मार्च में 3.34 प्रतिशत थी। यह खुदरा महंगाई दर का जुलाई 2019 के बाद सबसे निचला स्तर है। यह लगातार तीसरा महीना था, जब खुदरा महंगाई दर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के महंगाई के टारगेट 4 प्रतिशत के नीचे रही है। महंगाई में कमी आने से आरबीआई के पास आने वाले समय में रेपो रेट में कमी करने के लिए पर्याप्त जगह होगी। केंद्रीय बैंक फरवरी और अप्रैल में रेपो रेट में 25-25 आधार अंक की कटौती कर चुका है, जिसके कारण रेपो रेट कम होकर 6 प्रतिशत पर आ गया है।

## एनडीए सरकार ने मुद्रास्फीति नियंत्रण पर किया बेहतर काम : मालवीय

**नई दिल्ली।** बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से पता चला है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने यूपीए सरकार की तुलना में खासकर खाद्य और ईंधन में खुदरा मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में बेहतर काम किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भाजपा आईटी सेल के अध्यक्ष अमित मालवीय की एक पोस्ट के अनुसार, अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 3.16 प्रतिशत पर आ गई, जो कि 2019 से 6 वर्षों में सबसे कम है।




जिसने मुद्रास्फीति के लगातार कम होते रहने का ट्रेंड बनाए रखा। वित्त वर्ष 2024-2025 में खुदरा मुद्रास्फीति 4.6 प्रतिशत रिकॉर्ड की गई थी, जो कि 2018-2019 के बाद से सबसे कम और तीन वर्षों से लगातार गिरने के ट्रेंड को दर्शाता है। आधिकारिक आंकड़ों के हवाले से उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के दौरान देखी गई दोहरे अंकों की मुद्रास्फीति (10 प्रतिशत से अधिक) अब चिंता का विषय नहीं है, यह पिछले दशक में प्रभावी शासन और मूल्य नियंत्रण को दर्शाता है।

## सरकार चीनी कंपनियों के एफडीआई प्रस्तावों की करेगी जांच

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। सरकार भारत में निवेश करने के लिए चीनी कंपनियों के कुछ प्रमुख निवेश प्रस्तावों की अधिक कठोर समीक्षा करने की योजना बना रही है, जिससे इन वेंचर्स को आगे बढ़ने में देरी हो सकती है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई।

एनडीटीवी प्रॉफिट की रिपोर्ट में बताया गया कि यह निर्णय ऐसे समय पर लिया गया है, जब पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों को सजा देने के लिए भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' लांच किया था।

चीन, तुर्की और बांग्लादेश के साथ समन्वय करके पाकिस्तान को कूटनीतिक समर्थन देने के अलावा, सैन्य हार्डवेयर भी उपलब्ध करा रहा है, जिसका इस्तेमाल भारत के खिलाफ किया गया। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि सरकार चीनी कंपनियों द्वारा समर्थित प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रस्तावों और ज्वाइंट वेंचर्स की




- चीन समर्थित प्रोजेक्ट में अब देरी होने की संभावना

जांच तेज करेगी।

रिपोर्ट के अनुसार, कुछ भारतीय कंपनियां सरकार की उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग में ज्वाइंट वेंचर के लिए चीनी फर्मों के साथ बातचीत कर रही हैं। ऐसे प्रोजेक्ट्स में अब देरी होने की संभावना है।

प्रमुख चीनी कंपनियों में से होम अप्लायंसेस की दिग्गज कंपनी हायर, भारतीय कारोबारी समूह जेएसडब्ल्यू ग्रुप के साथ 1,000 करोड़ रुपए के संभावित निवेश के लिए संयुक्त उद्यम (जेवी) की संभावना तलाश रही है। यह प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है।

## सोना हो गया सस्ता, चांदी की कीमत में भी आई गिरावट

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। सोने और चांदी की कीमत में बुधवार को गिरावट देखने को मिली है। इस कारण सोने की कीमत फिर से 94,000 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी का भाव 96,000 रुपए प्रति किलो से नीचे पहुंच गया है।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 568 रुपए कम होकर 93,776 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि पहले 94,344 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। इसके साथ 22 कैरेट सोने का दाम घटकर 85,899 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 86,419 रुपए पर था। वहीं, 18 कैरेट सोने की कीमत



कम होकर 70,332 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि पहले 70,758 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी गिरावट देखी गई है। एक किलो चांदी की कीमत 871 रुपए कम होकर 95,949 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 96,820 रुपए प्रति किलो थी। सोने की कीमतों में बड़ी तेजी के बाद हाल के दिनों में गिरावट देखने को मिली है।

## 5जी से 100 गुना ज्यादा पावरफुल होगा 6जी : डॉ. चंद्रशेखर

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने बुधवार को 6जी तकनीक की अभूतपूर्व क्षमता पर जोर देते हुए इसे 5जी की तुलना में '100 गुना अधिक शक्तिशाली' बताया।

'भारत 6जी 2025 इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस एंड एग्जीबिशन' के अवसर पर ग्रामीण विकास और संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने 6जी की अपार क्षमताओं को रेखांकित किया, जो तेज स्पीड और लोअर लेटेंसी के साथ कनेक्टिविटी का एक बड़ा ट्रांसफॉर्मेशन है।

डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने 5जी के समक्ष आने वाली चुनौतियों, जैसे उच्च डेटा उपयोग और सीमित उपलब्ध स्पेक्ट्रम को स्वीकार किया, लेकिन आश्वासन दिया कि ये बाधाएं




6जी एक गेम-चेंजर साबित होगा, जिसमें बिल्ट-इन एआई है, जो उद्योगों व रोजमर्रा की जिंदगी में क्रांति लाएगा : डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी

विकसित होती टेक्नोलॉजी की अंतर्निहित प्रकृति का हिस्सा हैं। उन्होंने बताया कि 5जी बेहद सफल रहा है और 6जी पूरी तरह से अलग नेटवर्क होगा, जो 100 गुना अधिक शक्तिशाली होगा और लेटेंसी कम होकर सब-मिलीसेकंड तक हो जाएगी।

संचार राज्य मंत्री पेम्मासानी ने जोर देकर कहा कि 6जी एक गेम-चेंजर साबित होगा, जिसमें बिल्ट-इन एआई है, जो उद्योगों और रोजमर्रा की जिंदगी में क्रांति लाएगा। उन्होंने आगे बताया कि 5जी एप्लीकेशन, जैसे कि हर गांव में वाई-फाई नेटवर्क का उपयोग करना, को शुरुआती दौर में अपनाया गया है, लेकिन 6जी एक बड़ी उपलब्धि होगी। डॉ. पेम्मासानी ने कहा कि 4जी से 5जी में ट्रांजिशन से अलग 6जी की छलांग पूरी तरह से परिवर्तनकारी होगी। उन्होंने स्वीकार किया कि 6जी पहले अर्ली अडॉप्टर्स को आकर्षित कर सकता है।

### सार संक्षेप

#### मैग्मा जनरल इंश्योरेंस व टोयोटा त्सुशो के बीच करार

**मुंबई।** बीमा क्षेत्र की निजी कंपनी मैग्मा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने यात्री वाहन बीमा बाजार में अपनी मौजूदगी को सशक्त करने के उद्देश्य से टोयोटा त्सुशो इंश्योरेंस ब्रोकर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (टीटीआईबीआई) के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। कंपनी ने बुधवार को बयान जारी कर बताया कि इस समझौते के तहत टीटीआईबीआई देशभर के 150 डीलर नेटवर्क के माध्यम से मैग्मा के मोटर बीमा उत्पादों का वितरण करेगा। यह निजी और वाणिज्यिक यात्री वाहनों को दुर्घटनाओं, चोरी, प्राकृतिक आपदाओं और तीसरे पक्ष की देनदारियों जैसे खतरों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। मैग्मा जनरल इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) राजीव कुमारस्वामी ने इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह गठजोड़ विशेष रूप से निजी यात्री कार श्रेणी में कंपनी की उपस्थिति को मजबूत करेगा और ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करने में मदद करेगा।

#### भारत का टैबलेट मार्केट मार्च तिमाही में 15 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत के टैबलेट मार्केट में मार्च तिमाही (जनवरी-मार्च अवधि में) सालाना आधार पर 15 प्रतिशत और तिमाही आधार पर 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसकी वजह एंटरप्राइज सेगमेंट और कंज्यूमर दोनों की मांग में बढ़ोतरी होना है। यह जानकारी एक नई रिपोर्ट में दी गई। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) की टैबलेट पीसी इंडिया मार्केट रिपोर्ट में कहा गया कि टैबलेट मार्केट में प्रीमियम सेगमेंट की हिस्सेदारी बढ़कर 41 प्रतिशत हो गई है। वहीं, पूरे टैबलेट मार्केट में 5जी का मार्केट शेयर 43 प्रतिशत पर पहुंच गया है। यह दिखाता है कि फ्यूचर-रेडी डिवाइस को लेकर ग्राहकों में जागरूकता बढ़ रही है। 2025 की पहली तिमाही में भारतीय टैबलेट मार्केट में 34 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ सैमसंग शीर्ष पर था। इसके बाद एप्पल था, जिसके पास 21 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी थी। वहीं, लेनोवो 19 प्रतिशत के मार्केट शेयर के साथ तीसरे स्थान पर था।

#### कैट ने की तुर्की व अजरबैजान का बायकॉट करने की अपील

**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष ट्रेडर्स बॉडी में से एक कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने बुधवार को सभी व्यापारियों और नागरिकों से तुर्की और अजरबैजान का बायकॉट करने की अपील की। ऑपरेशन सिंदूर के समय भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बीच इन दोनों देशों ने पड़ोसी मुल्क का खुलकर समर्थन किया था। 2024 में तुर्की में करीब 62.2 मिलियन विदेशी यात्री आए थे। इसमें से 3,00,00 के आसपास भारतीय थे। 2023 की तुलना में पिछले साल तुर्की में 20 प्रतिशत अधिक भारतीय यात्री आए थे। कैट द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्ष तुर्की की कुल पर्यटन आय 61.1 बिलियन डॉलर थी, जिसमें प्रत्येक भारतीय पर्यटक ने औसतन 972 डॉलर खर्च किए थे।

# लिवाली की बदौलत बाजार मजबूती के साथ बंद

**मुंबई,** 14 मई (एजेंसियां)। देश में इस वर्ष अप्रैल में खुदरा और थोक महंगाई घटने से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दरों में और कटौती करने की उम्मीद बढ़ने से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ।

- सेंसेक्स 182.34 अंक की छलांग लगाकर 81,330.56 पर रहा
- निफ्टी 88.55 अंक की बढ़ोतरी लेकर 24666.90 पर पहुंचा

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 182.34 अंक छलांग लगाकर 81,330.56 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 88.55 अंक की बढ़ोतरी लेकर 24666.90 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.19 प्रतिशत उछलकर 44,327.28 अंक और स्मॉलकैप 1.63 प्रतिशत की तेजी के साथ 49,978.95 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4125 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2855 में लिवाली जबकि 1121 में बिकवाली हुई वहीं 149 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए कुल 2960 कंपनियों के शेयर रखें गए। इनमें से 2183 तेजी जबकि 694 गिरावट रही वहीं 83 के भाव स्थिर रहे।

अनाज और शाक-सब्जियों की कीमतों में नरमी के




कारण भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई इस वर्ष अप्रैल में गिरकर 3.16 प्रतिशत पर आ गयी। इससे पिछले महीने मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति 3.34 प्रतिशत और पिछले साल अप्रैल में 4.83 प्रतिशत रही थी। इसी तरह खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट और ईंधन की दरों में नरमी से अप्रैल में देश की थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित थोक महंगाई मार्च के 2.05 प्रतिशत घटकर तेरह माह के निचले स्तर 0.85 पर आ गई। निवेशकों को महंगाई में गिरावट से आरबीआई की अगली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दरों में कटौती किए जाने की उम्मीद बढ़ गई है।

इससे बीएसई में बैंकिंग की 0.34 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 समूहों में लिवाली का ज़ोर रहा। इस दौरान धातु 2.46, कमोडिटीज 1.49, सीडी 0.77, ऊर्जा 1.23, एफएमसीजी 0.16, वित्तीय सेवाएं 0.10, हेल्थकेयर 0.63, इंडस्ट्रियल्स 1.73, आईटी 1.37, दूरसंचार 1.14, यूटिलिटीज 0.19, ऑटो 0.86, कैपिटल गुड्स 1.49, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.16, तेल एवं गैस 1.46, पावर 0.73, रियल्टी 1.71, टेक 1.20, सर्विसेज 0.37 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.38 प्रतिशत उछल गए।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों ने मुनाफा कमाया उनमें टाटा स्टील 3.88, इटरनल 2.18, टेक महिंद्रा 2.02, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.56, इंफ़ोसिस 1.50, मारुति 1.50, इंडसइंड बैंक 1.45, एचसीएल टेक 1.07, टीसीएस 0.94, भारती एयरटेल 0.74, टाइटन 0.65, रिलायंस 0.57, सन फार्मा 0.56, बजाज फाइनेंस 0.46, आईटीसी 0.29, अल्ट्रासिम्को 0.29, एलटी 0.18, एक्सिस बैंक 0.13, अदानी पोर्ट्स 0.11 और बजाज फिनसर्व 0.09 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, एशियन पेंट 1.78, टाटा मोटर्स 1.26, कोटक बैंक 1.11, एनटीपीसी 0.85, पावरग्रिड 0.84, एचडीएफसी बैंक 0.64, आईसीआईसीआई बैंक 0.43, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.40 और एसबीआई के शेयर 0.19 प्रतिशत नुकसान में रहे।

## भारत में स्टोरेज-बैक्ड आरई की इंस्टॉल्ड कैपेसिटी बढ़कर 25-30 गीगावाट हो जाएगी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। क्रिसिल रेटिंग्स की बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, भारत में स्टोरेज-बैक्ड रिन्यूएबल एनर्जी (आरई) की इंस्टॉल्ड कैपेसिटी वित्त वर्ष 2027-28 तक बढ़कर 25-30 गीगावाट (जीडब्ल्यू) हो जाने की संभावना है, जो 2024-25 के दौरान लगभग शून्य है।



रिपोर्ट में कहा गया है कि वृद्धिशील क्षमता तीन वर्षों में जोड़ी जाने वाली कुल रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता का 20 प्रतिशत से अधिक होगी। स्टोरेज-बैक्ड आरई प्रोजेक्ट रिन्यूएबल एनर्जी जनरेशन की रुक-रुककर होने वाली प्रकृति के लिए एक प्रभावी समाधान प्रदान करती हैं। ऐसे प्रोजेक्ट आवश्यकता पड़ने पर बिजली की आपूर्ति करते हैं, जिससे ग्रिड स्थिरता को सपोर्ट मिलता है। उदाहरण के लिए ये प्रोजेक्ट मासिक या प्रति घंटे के शेड्यूल पर या सुबह और शाम के पीक घंटों में ग्रीन पावर प्रदान कर सकते हैं। सरकार इन प्रोजेक्ट पर जोर दे रही है ताकि रिन्यूएबल एनर्जी को देश के बिजली मिश्रण का एक स्थायी हिस्सा बनाया जा सके। हाल ही में टेंडर नीलामी में इन प्रोजेक्ट की उच्च मात्रा में जोर देखा गया, जो कैलेंडर वर्ष 2024 में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा टेंडर के माध्यम से दी गई कुल क्षमता का लगभग 25 प्रतिशत है, जबकि कैलेंडर वर्ष 2023 में यह 11 प्रतिशत है। हाई-एनर्जी आवश्यकताओं को देखते हुए इन प्रोजेक्ट को कॉन्ट्रैक्टेड कैपेसिटी के 2.5 गुना तक औसत ओवरसाइज़िंग की आवश्यकता है।

# खाद्य तेलों में टिकाव, दालें महंगी व अन्य जिंसों के भाव रहे स्थिर

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि मांग निकालने से दालें महंगी हो गईं वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 105 रिंगिट उबलकर 3934 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.29 सेंट गिरकर 51.19 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चना 150 रुपए, दाल चना 150 रुपए, मसूर दाल 100 रुपए, मूंग दाल 200 रुपए, उड़द दाल 100 रुपए और अरहर दाल 150 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8450-8550 रुपए प्रति क्विंटल रहे। **अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। **चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

# सऊदी अरब को एआई व क्लाउड में ग्लोबल पावरहाउस बनाएगा एनवीडिया

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। ग्राफिक चिप दिग्गज कंपनी एनवीडिया ने सऊदी अरब को एआई, क्लाउड और एंटरप्राइज कंप्यूटिंग, डिजिटल ट्विन्स और रोबोटिक्स में ग्लोबल पावरहाउस में बदलने के लिए 'हुमेन' के साथ साझेदारी की घोषणा की है।

सऊदी अरब के पब्लिक इन्वेस्टमेंट फंड (पीआईएफ) की नई फुल एआई वैल्यू चेन सहायक कंपनी 'हुमेन' ने एआई कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में दुनिया की अग्रणी कंपनी एनवीडिया के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विकास को आगे बढ़ाया जाएगा। एक बयान में कहा गया है कि दोनों कंपनियां सऊदी अरब को एआई, जीपीयू क्लाउड कंप्यूटिंग और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन में ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित करने के लिए एनवीडिया




- सऊदी अरब में एआई फैक्ट्रियों के निर्माण के लिए निवेश कर रहा 'हुमेन'

प्लेटफॉर्म और विशेषज्ञता का लाभ उठाएंगी, ताकि दुनिया भर में इनोवेशन और विकास को बढ़ावा दिया जा सके।

एनवीडिया के संस्थापक और सीईओ जेन्सेन हुआंग ने कहा कि बिजली और इंटरनेट की तरह एआई भी हर देश के लिए आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर है। हुमेन के साथ मिलकर हम सऊदी अरब के लोगों और कंपनियों के लिए एआई इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहे हैं।

हुमेन सऊदी अरब में एआई फैक्ट्रियों के निर्माण के लिए एक बड़ा निवेश कर रहा है, जिसकी अनुमानित क्षमता 500 मेगावाट तक है, जो अगले पांच वर्षों में एनवीडिया सबसे एडवांस्ड लाखों जीपीयू से संचालित होगी। डेप्लॉयमेंट का पहला चरण एनवीडिया इनफिनिबैंड नेटवर्किंग के साथ 18,000 एनवीडिया जीबी300 ग्रेस ब्लैकवेल एआई सुपरकंप्यूटर होगा।

कंपनियों ने कहा कि ये हाइपरस्केल एआई डेटा सेंटर बड़े पैमाने पर सर्वश्रेष्ठ एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने और तैनात करने के लिए एक सुरक्षित फाउंडेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करेगा, जिससे सऊदी अरब और दुनिया भर में उद्योगों को इनोवेशन और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन में तेजी लाने में मदद मिलेगी।

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-6/वर्ष 2024-2025
ग्राम पंडरीतराई प.ह.नं. 109/47
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 09.05.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/हकप्राप्तकर्ता पक्ष क्रमांक-02 श्री विजय नाथानी पिता स्व.गोविंद राम नाथानी निवासी सिल्वर स्प्रिंग कालोनी, गायत्री नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक एवं रंजन नाथानी तथा श्रीमती कविता पारवानी के संयुक्त नाम पर ग्राम पंडरीतराई प.ह.नं. 109/47, तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित संधारण भूमि शीट नंबर-6, प्लाट नंबर 55/3 खसरा नंबर 162/61 रकबा 3748 वर्गफुट भूमि परिवर्तित संधारण अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि को हकत्यागकर्तागण पक्ष क्रमांक-01, (01) रंजन नाथानी पिता स्व. गोविंद राम नाथानी (02) श्रीमती कविता पारवानी पिता स्व.गोविंद राम नाथानी निवासी सिल्वर स्प्रिंग कालोनी, गायत्री नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा पंजीकृत हकत्याग विलेख दिनांक 08.05.2025 को निष्पादित कर आवेदक को प्रदान कर दिया है। अतः उक्त हकत्याग भूमि को पंजीकृत हकत्याग विलेख के आधार पर आवेदक अपने नाम पर दर्ज करने का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21.05.2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 21.05.2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर-03 जिला-रायपुर (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्रं. 202505114000005/ब-121/2024-25
ग्राम आमनेर प.ह.नं. 22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजू राम जांगडे पिता श्री राधेश्याम निवासी ग्राम आमनेर तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम आमनेर प.ह.नं. 22 रा.नि.मं. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित ख.नं. 252/5 रकबा 0.180 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक राजूराम जांगडे पिता राधेश्याम के नाम में दर्ज है। उक्त भूमि की ऋण पुस्तिका कहीं गुम हो गया है। अतः आवेदक द्वारा वाद भूमि की द्वितीय ऋण पुस्तिका जारी किये जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में रा.प्र.क्र. 202505114000005/ब-121/2024-25 इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 20.05.2025 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 02.05.2025 को जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार अभनपुर

### आम सूचना
### वास्ते नाम परिवर्तन के संबंध में

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती गायत्री साहू पति स्व. कलीराम साहू निवासी त्रिमूर्ति नगर, मठपुरैना रायपुर (छ.ग.) के पुत्र को सन्नी सन्नी साहू पिता स्व. कलीराम साहू के नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जाता था, जिसका उल्लेख मेरी पक्षकारा के पुत्र के आधार कार्ड में किया गया है। वर्तमान में मेरी पक्षकारा ने अपने पुत्र का नाम परिवर्तित कर टीकांशु साहू कर लिया है अतः अब से मेरी पक्षकारा के पुत्र को इसी परिवर्तित नाम टीकांशु साहू से जाना पहचाना वो पुकारा जावे एवं अब समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, शैक्षणिक अभिलेख एवं आधार कार्ड आदि अभिलेख में मेरी पक्षकारा के पुत्र का नाम टीकांशु साहू दर्ज हो और इसी नाम से लिखा, पढ़ा व पुकारा जावे।

सो सूचना जाने।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक 14.05.25

**भवदीय**
**आर.एल. नायक**
**अधिवक्ता**
**पता - रिंग रोड नंबर-1, नहर रोड, जगदम्बा कालोनी, मठपुरैना, रायपुर जिला -रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. -9826141318**

### आम सूचना

(ग्राम-चंगोराभाठा, प.ह.नं.-59, रा.नि.मं. रायपुर-13-भाठागांव प्लाट नं. 593 त्रिमूर्ति चौक सुन्दर नगर तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) में स्थित मकान के संबंध में)

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता श्री निरोद बिहारी मिस्त्री पिता देवेन्द्रनाथ मिरवी एवं श्रीमती खुक्रानी मिस्त्री पति निरोद बिहारी मिरवी, निवासी 52/11, प्लाट नं. 593 त्रिमूर्ति चौक सुन्दर नगर तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व व आधिपत्य की वाके मौजा ग्राम-चंगोराभाठा, प.ह.नं.-59, रा.नि.मं. रायपुर-13-भाठागांव प्लाट नं. 593 त्रिमूर्ति चौक सुन्दर नगर तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) में स्थित परिवर्तित खसरा नं. 69/10 रकबा 0.0190 हे., 2025 वर्गफुट भूमि पर निर्मित मकान भुतल पर रकबा 900 वर्गफुट पक्का मकान है को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया गया है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त सौदा एवं संव्यवहार पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सोसायटी, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय, महाजन अथवा किसी भी पारिवारिक सदस्य या अन्य को किसी प्रकार से कोई आपत्ति या उजर दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन तिथि से 07 दिनों के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेवे, समयावधि पश्चात् की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर दावा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा इसके समक्ष शून्य व अवैध समझी जावेगी तथा मेरे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 13.05.2025

**किशोर कुमार साहू**
**(अधिवक्ता)**
**पता-शॉप नं.-5 प्रथम तल, सेलटैक्स कालोनी, खम्हारडीह, शंकर नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**मो.-9826220114**

### न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, उप तहसील सारागांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्रं./ब-121/वर्ष 2024-25
सारागांव, दिनांक 07.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेखराम वर्मा पिता स्व. केजउसम वर्मा, निवासी ग्राम टोर उप तहसील सारागांव जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि मेरी बहन भोजकुमारी वर्मा की मृत्यु दिनांक 03.08.2003 ग्राम टोर, जिला रायपुर में हुआ था। जिसका रजिस्ट्रार (जन्म मृत्यु) को पंजीयन हेतु आदेश जारी करने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 20.05.2025 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00044 सड्डू ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440723900151

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00044 के अंतर्गत ग्राम सड्डू के वर्तमान भूमिस्वामी श्री गोपेश्वर प्रसाद सिन्हा पिता/पति ईश्वरी प्रसाद सिन्हा पता म.नं. 236 गांधी चौक सड्डू रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 417/1 0.0160 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता नीरा सिन्हा पिता/पति स्व. गोपेश्वर प्रसाद सिन्हा पता सोनाली सिन्हा पिता/पति स्व. गोपेश्वर प्रसाद सिन्हा पता, ना.बा. कमल कुमार सिन्हा पिता/पति स्व. गोपेश्वर प्रसाद सिन्हा वली माता श्रीमती नीरा सिन्हा पति स्व. गोपेश्वर प्रसाद सिन्हा पता, ना.बा. अंचल सिन्हा पिता/पति स्व. गोपेश्वर सिन्हा वली माता श्रीमती नीरा सिन्हा पति स्व. गोपेश्वर प्रसाद सिन्हा पता के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02 मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00053 डूमरतालाब ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440722000047

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00053 के अंतर्गत ग्राम डूमरतालाब के वर्तमान भूमिस्वामी श्रीमती अनामिका तिवारी पिता/पति श्री आर.के. तिवारी पता परमानंद नगर मोहबा बाजार टाटीबंध रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 439/7 0.0240 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रमेश कुमार तिवारी पिता/पति एल. तिवारी पता डूमरतालाब रायपुर छ.ग., विनय नवनीत पिता/पति रमेश कुमार तिवारी पता डूमरतालाब रायपुर छ.ग., परिधि तिवारी पिता/पति रमेश कुमार तिवारी पता डूमरतालाब रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार-02-ए मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00057 रायपुरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440722100213

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00057 के अंतर्गत ग्राम रायपुरा के वर्तमान भूमिस्वामी हर्ष मजेठिया पिता/पति चंदू लाल मजेठिया पता रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 123/2 0.1050, 123/3 0.1130, 123/5 0.0650 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता प्रेम मजीठिया पिता/पति हर्ष मजीठिया पता चौबे कॉलोनी रायपुर, स्वाति मजीठिया पिता/पति हर्ष मजीठिया पता चौबे कॉलोनी रायपुर, यश मजीठिया पिता/पति हर्ष मजीठिया पता चौबे कॉलोनी रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 02.06.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार-02-ए पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु

**आदेश-5, नियम-20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता**
**न्यायालयः- भूपेश कुमार बसंत, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर (छ.ग.)**

उत्तराधिकार क्र.-88/2024
प्रो.क्र. 362 पेशी दिनांक 26.06.2025
श्रीमती बिसमिल्ला बेगम वगै. ........ आवेदकगण
बनाम
कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि.वगै. ....... अनावेदकगण
प्रति.
आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो

अनावेदकगण

जो कि आवेदकगण के मृतक पति/पिता अब्दुल शमीम के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त हेतु इस न्यायालय में पेशी 26.06.2025 को दिन प्रातः 11 बजे उपरोक्त ... उत्तर देने के लिए उपस्थित होने के लिए समन किया जाता है।

मैं सुषमा पटेल उम्र 35 वर्ष पति श्री ललित पटेल जाति अघरिया निवासी ग्राम पिरदा तहसील पिथौरा जिला महासमुन्द (छ.ग.) की निवासी हूं एवं नीचे लिखे अनुसार शपथ पूर्वक सत्य कथन करती हूं कि -(1) यह कि मैं ग्राम पिरदा तहसील पिथौरा जिला महासमुन्द (छ.ग.) की स्थायी निवासी हूं। (2) यह कि शादी के पूर्व कुमारी लीला (सुष्मा) पिता गयाराम पटेल निवासी ग्राम कौहाकुडा तहसील पिथौरा जिला महासमुन्द (छ.ग.) के नाम से जानी पहचानी जाती थी अब शादी के पश्चात् श्रीममी सुषमा पटेल पति श्री ललित पटेल निवासी ग्राम पिरदा तहसील पिथौरा जिला महासमुन्द (छ.ग.) के नाम से जानी पहचानी जाती हूं। (3) यह कि मेरे द्वारा भारतीय जीवन बीमा शाखा सरायपाली में पॉलिसी किया गया है जिसका पॉलिसी क्रमांक 387662012 है जिसमें मेरा नाम LALA PATEL दर्ज है व मेरा आधार कार्ड नं. 8813 6168 2395 है जिसमें मेरा नाम सुषमा पटेल (SUSHMA PATEL) पति ललित पटेल (LALIT PATEL) दर्ज है व मेरा पेन कार्ड नं. HUQPP8362D नाम SUSHMA PATEL दर्ज है व मेरा परिचय पत्र क्रमांक WNI1286160 है जिसमें जैरा नाम लीला पटेल (LILA PATEL) पति ललीत पटेल (LALIT PATEL) दर्ज है व मेरा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर शाखा पिरदा का खाता नं. 124008597216 है जिसमें मेरा नाम SUSHMA PATEL दर्ज है जो कि चारों दस्तावेज में दर्ज नाम मेरा ही नाम है। (4) यह कि मेरे भारतीय जीवन बीमा शाखा सरायपाली के पॉलिसी में व परिचय पत्र में दर्ज नाम लीला पटेल (LALA PATEL) व आधार कार्ड व पेन कार्ड व बैंक पासबुक में दर्ज नाम सुषमा पटेल (SUSHMA PATEL ) एक ही महिला का नाम है दो अलग अलग महिलाओं का नाम नहीं होने के साक्ष्य में यह शपथ पत्र निष्पादित करने की आवश्यकता हुई है।

**शपथकर्ता**

## न्यायालय तहसीलदार, तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) उद्घोषणा

एतद द्वारा सर्वसाधारण व आम जनता निवासी ग्राम पौसरी पहनं 8 तहसील नांदघाट जिला-बेमेतरा (छ.ग.) को सूचना प्रकाषित किया जाता है, आवेदक श्री निरपाल रजकपिता बंजू रजक जाति धोबी साकिन पौसरी पहनं 8 ने आवेदन पत्र वास्ते मृत्यु पंजीयन करने बाबत् आवेदन पेश किया गया है. कि अपने पिता बंजू पिता सिरदारी का मृत्यु दिनांक 30/06/2009 में ग्राम पौसरी में हुआ है। जिसका मृत्युपंजीयन भूलवश: आज तक दर्ज नहीं करा पाये है जिसका मृत्यु पंजीयन का प्रमाणपत्र प्रदान करने बाबत् निवेदन किया गया है।

आवेदन पेश किया है। आवेदित की मृत्यु पंजीयन में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 23/05/2025 तक आपना आपत्ति एवं दावा कर सकते है। तत्पश्चात बाद में प्राप्त आपत्ति एवं दावों पर कोई सुनवाई नहीं किया जाय अत: दिनांक 08/05/2025 को मेरे स्वत के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया

सील — **कार्यपालिका दण्डाधिकारी तहसील नांदघाट**

## न्यायालय तहसीलदार गुरुर जिला-बालोद (छ.ग.) ईश्तहार

पृ.क्र./2346/प्र.तह./2025
गुरूर, दिनांक 05.05.2025

एतद्द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी ग्राम सनौद को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार आ. जगतराम जाति तेली साकिन सनौद तहसील गुरूर जिला बालोद द्वारा ग्राम सनौद प.ह.नं. 05 तहसील गुरूर जिला बालोद में भूमि ख.नं. 373/1, 376, 381 रकबा क्रमश: 0.76, 0.04, 0.03 हे. कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 0.83 हे. लगान 6.78 रू. की भूमि राजस्व अभिलेख में जगतराम आ. भोजराम के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। खातेदार जगतराम आ. भोजराम ने आवेदक के नाम पर वसीयतनामा दिनांक 11.06.2024 निष्पादित किया है। जगतराम की मृत्यु दिनांक 29.12.2024 को ग्राम सनौद में हो गई है। अत: उक्त भूमि पर से मृतक खातेदार जगतराम आ. भोजराम जाति तेली का नाम विलोपित कर वसीयतग्रहिता आवेदक संतोष कुमार आ. जगतराम जाति तेली का नाम दर्ज किये जाने हेतु वसीयतनामा की छायाप्रति सहित आवेदन पेश किया गया है।

अत: उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 22/05/2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति-दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार गुरूर, जिला बालोद ( छ.ग. )

## शपथ पत्र

मै परमानन्द साहू Parmanand Sahu उम्र 48 वर्ष आ. श्री महेत्तर साहू Mahettar Sahu जाति तेली निवासी पेण्ड्री तहसील भाटापारा जिला बलौदा बाजार भाटापारा छ.ग. का निवासी हैं। जो कि मैं नीचे लिखे अनुसार कथन शपथपूर्वक कहती हूँ कि-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी है तथा शपथकर्ता के नाम बैंक ऑफ बडौदा शाखा भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा में सेविंग खाता क्रं. 31350100019604 जारी किया गया है जिसमें शपथकर्ता का नाम Parmanand Sahuआ. Mahettar Sahu अंकित है।
2. यह कि शपथकर्ता के नाम पर भारत शासन द्वारा आधार कार्ड 5299 1843 5918 जारी किया गया है जिसमें शपथकर्ता का नाम परमानन्द साहू Parmanand Sahu आ. श्री महेत्तर साहू Mahettar Sahu दर्ज है।
3. यह कि शपथकर्ता के नाम पर भारतीय जीवन बीमा निगम भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदा बाजार भाटापारा छ.ग. से बीमा पालिसी जारी किया गया है जिसका पालिसी क्रमांक 358017340 जारी किया गया है जिस पर बीमा पालिसी में शपथकर्ता का नाम Parmand Sahuआ. Mahettar Ram Sahu दर्ज है ।
4. यह कि यह शपथ पत्र यह दर्शित करने हेतु कि शपथकर्ता का वास्तविक नाम परमानन्द साहू Parmanand Sahu आ. श्री महेत्तर साहू MahettarSahu तथा भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा जारी पालिसी में दर्ज नाम Parmand Sahu आ. Mahettar Ram Sahu नाम दोनों नाम शपथकर्ता का ही नाम है दर्शित करने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

दिनांक
14 मई 2025

शपथकर्ता
**परमानंद**

## न्यायालय तहसीलदार, तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण व आम जनता निवासी ग्राम पौसरी पहन 8 तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) को सूचना प्रकाषित किया जाता है, आवेदक श्री निरपाल रजक पिता बंजू रजक जाति धोबी साकिन पौसरी प.ह.नं. 8 ने आवेदन पत्र वास्ते मृत्यु पंजीयन करने बाबत् आवेदन पेश किया गया है. कि अपने बहन भगनी बाई पिता बंजू रजक का मृत्यु दिनांक 03/11/2010 में ग्राम पौसरी में हुआ है। जिसका मृत्यु पंजीयन भूलवश: आज तक दर्ज नहीं करा पाये है जिसका मृत्यु पंजीयन का प्रमाणपत्र प्रदान करने बाबत् निवेदन किया गया है।

आवेदन पेश किया है। आवेदित की मृत्यु पंजीयन में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 23/05/2025 तक आपना आपत्ति एवं दावा कर सकते है। तत्पश्चात बाद में प्राप्त आपत्ति एवं दावों पर कोई सुनवाई नहीं किया जाय अत दिनांक 08/05/2025 को मेरे स्वत: के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया

सील — **कार्यपालिका दण्डाधिकारी तहसील नांदघाट**

## कार्यालय रा.नि.मं. रायपुर-14 बोरियाखुर्द, तहसील-रायपुर, जिला-रायपुर ( छ.ग. ) आम सूचना

जारी दिनांक 01.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुलचंद जैन पिता स्व. फूलचंद जैन निवासी टैगार नगर रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम मठपुरैना प.ह.नं. 61 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-14 बोरियाखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 199/15 रकबा क्रमश: 0.0530 हे. कुल खसरा क्रमांक 01 रकबा 0.0530 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 04.04.2025 के परिपालन में दिनांक 16.05.2025 को समय अपरान्ह 2 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अत: उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत पेशी तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 61 के मठपुरैना स्थित पटवारी/राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर-14 ( बोरियाखुर्द )**

## न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा जिला-महासमुंद ( छ.ग. ) ईश्तहार

क्रमांक/2305/तह./वाचक/2025
बागबाहरा, दिनांक 08.05.2025
ग्राम डुमरडीह प.ह.नं. 21 तहसील बागबाहरा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम डुमरडीह प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. खम्हरिया तहसील बागबाहरा जिला महासमुंद छ.ग. को सूचित किया जाता है आवेदक/आवेदिका समेलाल पिता मोहन जाति गाड़ा निवासी ग्राम डुमरडीह तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे दादी माना बाई जाति गाड़ा की जन्म/मृत्यु दिनांक 30.10.1995 को हो गई है। जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है, जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावे। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उजर दावा या आपत्ति हो तो पेशी तिथि 21.05.2025 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वत: या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जायेगी।

आज दिनांक 08.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार बागबाहरा

## न्यायालय नजूल अधिकारी, महासमुंद, जिला-महासमुंद ( छ.ग. ) ईश्तहार

रा.मा.क्र./03/अ-20 (1) वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पंकज कुमार चोपडा पिता श्री प्रकाशचद्र चोपडा (जैन) वर्तमान निवासी बी-74, वालफोर्ट सिटी, रिंग रोड नंबर-1, भाठागांव रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा नगर महासमुंद प.ह.नं. 42 तहसील महासमुंद में स्थित शीट नंबर 15, खसरा नंबर 1189, का भाग क्षेत्रफल 720 वर्गफीट वार्षिक भू-भाटक रूपये 422.20 पैसे, आवासीय प्रयोजन के लिए शासन द्वारा प्रदत्त स्थायी नजूल पट्टे की अवधि अवसान होने से आवेदक द्वारा पट्टे का नवीनीकरण बाबत् नजूल पट्टे की छायाप्रति संलग्न कर इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र पट्टा नवीनीकरण के बाबत् राजस्व पुस्तक परिपत्र 4-1 निहित प्रावधानों के तहत मामला विचाराधीन है। इस सबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो नियत दिनांक 06.06.2025 तक न्यायालयीन समय में स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नजूल अधिकारी महासमुंद

## विवाह अधिकारी दुर्ग, अपर कलेक्टर दुर्ग ( छत्तीसगढ़ )

**प्रस्तुतकार/विवाह अधि/2324-25**
**दुर्ग, दिनांक 19/12/2024**
**फार्म-अ**
**सार्वजनिक सूचना**
**( विषय-6 देखिये )**

सर्व साधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक खगेन्द्र गवेल पिता सुरेन्द्र गवेल निवासी चिखलरौदा पोस्ट-झालरौड़ा, उप जिला-जयजयपुर जिला-जांजगीर चंपा (छ.ग.) पि.न. 495690, आवेदिका गरिमा चन्द्रकार, पिता पिता गिरेन्द्र चन्द्रकार, निवासी-शिवनगर वार्ड-42 नेवई थाना पुरई जिला-दुर्ग (छ.ग.) 491107

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 15/5/25 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा। आज दिनांक 9/12/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

**अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी दुर्ग ( छ.ग. )**

## न्यायालय - व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ श्रेणी, दल्लीराजहरा, जिला-बालोद ( छ.ग. )

**उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र वास्ते की गयी अपील बाबत् नोटिस**

सक्शेसन प्रकरण कमांक-01/2025
प्रोसेस कमांक - 88/2025

**ईश्वरी प्रसाद सोनी ....आवेदक**
**विरूद्ध**
**आम जनता वगैरह......अनावेदक**

बनाम-आम जनता जिनका संबंध इस प्रकरण से हो।

यह की उक्त आवेदक ने मृतक चमेली बाई स्वर्णकार पति स्व. धनीराम स्वर्णकार के नाम से क्षेत्रीय शाखा प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक शाखा डौण्डी तहसील - डौण्डी, जिला-बालोद में कुल जमा राशि रूपये 51,03,016/- (अक्षरी इनकावन लाख तीन हजार सोलह रूपये) के संबंध में आवेदक ने उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्राप्त करने बाबत् धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपील पेश की है।

अत: अपील की सुनवाई दिनांक 17.06.2025 को दिन के 11.00 बजे नियत की गई है। इस नोटिस के जरिये तुम्हे हुक्म होता है कि यदि तुम्हे उक्त अपील के संबंध में कोई भी हक दावा का अधिकार प्राप्त हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिसे कि तुम मुकदमें की बातें ठीक-ठाक तौर से समझा दी गई हो और जो मुकदमें में नियम तिथि पर उपस्थित होकर बचाव एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज सहित न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। यदि आप नियत पेशी दिनांक को उपस्थित नही होगे तो मामले की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में होगी। यदि नियत पेशी दिनांक 17.06.2025 को अवकाश घोषित हो जाये या किसी कारणवश न्यायालयीन कार्य स्थगित हो जावे तो मामले की सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर नियत की जावेगी।

आज दिनांक 09.05.2025 को न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुहर

**श्रीमती सोनी तिवारी**
**अति. न्यायाधीश, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी**
**दल्लीराजहरा, जि. बालोद ( छ.ग. )**

## नाम परिवर्तन

मैं पुरुषोत्तम पटेल पिता शत्रुहन पटेल आयु- 48 वर्ष, निवासी- ग्राम- गनियारी पो.- पहंड़ोर, थाना- भिलाई- 3, जिला- दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं, मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र नगर पालिका निगम भिलाई से बनवाया हूं, जिसमें शिशु का नाम कु. तानिया पटेल जन्मतिथि 03.05.2007 पिता का नाम पुरुषोत्तम पटेल माता का नाम बिन्देश्वरी पटेल पंजीयन क्रमांक 784 पंजीयन दिनांक 30.05.2007 है उक्त प्रमाण पत्र में शिशु के नाम में कु. तानिया पटेल के स्थान पर तान्या पटेल सुधार करवाना चाहता हूं , जन्म प्रमाण पत्र में संशोधन करने हेतु जो भी नियम वह शर्ते है मुझे मान्य है, मैं जन्म प्रमाण पत्र की संशोधित प्रति प्राप्त करने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत करता हूं।

**शपथकर्ता**
**पुरुषोत्तम पटेल**

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, BINDESHWARI D/O UJJAIN SINGH RANA resident of 183/K WARD NO 05 RANVIRPARA BADEDONGAR PHARASGAON FARASGAON KONDAGAON , (C.G.) - 494228 have changed my old name BINDESHWARI D/O UJJAIN SINGH RANA so in future I should be recognized by my new name that is BINDESHWARI RANA D/O UJJAIN SINGH RANA in all Government and other documents.

**BINDESHWARI RANA**
183 /K WARD NO 05 RANVIRPARA BADEDONGAR PHARASGAON FARASGAON KONDAGAON , (C.G.) - 494228

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, REENA D/O ISHWARI resident of 136 BARULA BARULA BELAR GARIYABAND , (C.G.) - 493992 have changed my old name REENA D/O ISHWARI so in future I should be recognized by my new name that is REENA SAHU D/O ISHWARI KUMAR SAHU in all Government and other documents.

**REENA SAHU**
136 BARULA BARULA BELAR GARIYABAND , (C.G.) - 493992

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, ASHOK RAO BHAGAWEN RAO JADHAV S/O BHAGAWEN RAO RUBA JADHAV resident of PLOT NO. -64/E, KAMDHENU NIWAS WARD-20, SUNDER NAGAR, SUPELA BHILAI, DISTT- DURG (C.G.) 490023 have changed my old name ASHOK RAO BHAGAWEN RAO JADHAV S/O BHAGAWEN RAO RUBA JADHAV so in future I should be recognized by my new name that is ASHOK KUMAR JADHAV S/O BHAGAWEN RAO RUBA JADHAV in all Government and other documents.

**ASHOK KUMAR JADHAV**
PLOT NO. -64/E, KAMDHENU NIWAS WARD-20, SUNDER NAGAR, SUPELA BHILAI, DISTT- DURG (C.G.) 490023

## कार्यालय जिला आयुष अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

धमधा नाका, एफ.सी.आई. गोदाम के बाजू में, पिन नं.-491001
Email-egayush.durg@gmail.com, फोन नं.-0788-2216267

क्रमांक/स्टोर/2025/251 — दुर्ग, दिनांक 13/05/2025

### निविदा

कार्यालय जिला आयुष अधिकारी, दुर्ग छ.ग. के अधीन संचालित आयुष संस्था हेतु आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी औषधियों का क्रय किया जाना प्रस्तावित है। टू-बीड सिस्टम के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म कार्यालयीन दिवस व समय पर कार्यालय जिला आयुष अधिकारी, धमधा नाका, एफ.सी.आई. गोदाम के बाजू में, दुर्ग (छ.ग.) से प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| निविदा फार्म विक्रय की अंतिम तिथि | - 22.05.2025 दोपहर 05.30 बजे तक |
| निविदा फार्म इस कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि | - 05.06.2024 सायं 03.00 बजे तक |
| निविदा खोले जाने की तिथि | - 06.06.2025 दोपहर 02.00 बजे। |

**टीप:** निविदा फार्म की कीमत 2000/- (दो हजार रूपये मात्र) है, जिसे '0210-चिकित्सा शिक्षा, 03-चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण व अनुसंधान, 101-आयुर्वेद, 0753-विविध प्राप्तियां' चालान हेड में जमा कर चालान की मूल प्रति कार्यालय में जमा कर 'निविदा प्रपत्र एवं शर्ते' प्राप्त की जा सकती है।

**( डॉ. दिनेश कुमार चंद्रवंशी )**
**जिला आयुष अधिकारी**
**दुर्ग ( छ.ग. )**

जी/252600842

GYAN GANGA EDUCATIONAL ACADEMY, RAIPUR
विद्यामृतं मश्नुते
Estd. 1992
GYAN GANGA EDUCATIONAL ACADEMY

Affl. to CBSE, New Delhi Affl. No. 3330020

# Gyan Ganga Educational Academy

GLORIOUS PAST OF 33 YEARS... 33 Years

*A symbol of hard work, crowned with success, nothing less!*

## TOP PERFORMERS - CLASS X (SESSION : 2024-25)

NISHCHAY SEN 98%
ATHARV BANSAL 98%
JISHNU CHANDRAKAR 97%
SHREEANSH PANDA 97%
MANAV WASWANI 96%
MAULI AGRAWAL 96%
PARTH NISHAD 96%
HASTI PATEL 96%
DIVYANSHI SINGH 95%
SIDDHARTH GHOSH 95%
SHIVANG SHARMA 95%
RIYA SONDHIYA 95%
VANSH SHIVHARE 94%
PIYUSH RUPRELA 93%
SHIWANSH TIWARI 93%
AMANPREET KAUR HANSPAL 93%
CHARVI JAIN 93%
ANIMESH PADHI 92%
SAJALA SARKAR 92%
TITIKSHA MODI 92%
ARYAN PANDEY 92%
ABHIGYAN KUMAR SAHU 92%
SHREYA GUPTA 92%
HARSHITH PATIL 92%
TUSHYADEEP DEWANGAN 90%
VIKAS PATEL 90%
DUVVI NEEHAR 90%
APARNAA PANDEY 90%
MANVI SAHU 90%
SHUBHAM VERMA 90%

## TOP PERFORMERS - CLASS XII (SESSION : 2024-25)

ARYAN GIRI GOSWAMI Commerce 95%
HARSH KANT THAKUR Science 95%
ANANYA CHAUDHARY Science 94%
ADITYA JAISWAL Science 94%
KRISHNA PURI Science 92%
VEDIKA GARG Commerce 92%
MAANAVYA JAIN Science 91%
LAKSHYA JAISWAL Commerce 91%
ARPIT JAIN Commerce 91%
TEJAS AGRAWAL Commerce 91%
JIGISHA CHAUDA Science 91%
GUNGUN AGRAWAL Commerce 90%
ADVAY MAHAWAR Science 90%
MEGHA VERMA Commerce 90%
PRAGATI PATEL Commerce 90%

The Principal, Teachers & Staff of the Academy convey their choicest Blessings for their achievement.

Sweet Success Spirit of Excellence

To vibrate aspiration for quality, dedication and commitment to students & parents, our outstanding performance in Class X & XII during session 2024-25 repeats another synonymous benchmark "In The Cause Of Excellence In Education"

sumit

We congratulate our students, Parents and Teachers for the outstanding performance.

12th Km, Vidhan Sabha Marg, Nardaha. Raipur
Tel.: 0771-2284716, 2284816
www.gyangangaraipur.org
gyangangaraipur@yahoo.co.in


प्रकाशक, मुद्रक– राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक– राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन– 6072/59
फोन– (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

CMYK

उल्टा पुल्टा

देश के युवाओं के लिए एक संदेश!
अगर तुम देश बदलना चाहते हो तो अभी बदल डालो
क्योंकि अगर शादी हो गई तो तुम देश क्या टीवी का
चैनल भी नहीं बदल पाओगे।

संपादकीय

## नागरिक सुरक्षा वालंटियर बनें

भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा पहलगाम (कश्मीर) में 26 पर्यटकों और एक स्थानीय गाइड को मार डालने के बाद दोनों देशों के बीच चला 5 दिवसीय संघर्ष चाहे हल्का पड़ गया हो, लेकिन इसने एक बार फिर से नागरिकों की सुरक्षा के लिये मजबूत व्यवस्था बनाये जाने की ज़रूरत को सामने लाया है। सीमाओं पर तनाव कम ही सही पर अभी भी बना हुआ है जो कभी भी गम्भीर रूप धारण कर सकता है। पंजाब, जम्मू एवं गुजरात के कुछ इलाकों में हुई गोलीबारी तथा अनेक भारतीयों के मारे जाने या घायल होने के बाद देश भर के सभी राज्यों में सिविल डिफेंस वॉलंटियरों की फौजें खड़ी करनी ज़रूरी हो गयी हैं। चूंकि पाकिस्तान के पास लम्बी दूरी की मिसाइलें एवं खतरनाक आयुध हैं अत: कोई भी क्षेत्र उनके निशाने पर आ सकता है। हालांकि भारतीय सेना पर्याप्त मजबूत तथा सतर्क है, फिर भी बचाव की तैयारियां कर रखनी अपरिहार्य है- खासकर शहरों में।

इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार के 9 जिलों को सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक बनाया जायेगा। इसके तहत हर जिले में 300 वॉलंटियर भर्ती किये जायेंगे। ये जिले हैं- रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जगदलपुर, अंबिकापुर, जांजगीर-चाम्पा, धमतरी और दंतेवाड़ा। इन कार्यकर्ताओं को 2-3 दिनों का इस बात के लिये प्रशिक्षण दिया जायेगा कि युद्ध की स्थिति में किस प्रकार से नागरिकों का बचाव करना है। यह नियमित प्रक्रिया होगी तथा हर वर्ष वॉलंटियरों की सूची को अद्यतन किया जायेगा। वैसे रायपुर, राजनांदगांव, सुकमा तथा कोरबा में आपदा मित्र बनाये गये थे लेकिन उनकी सूची अपडेट नहीं हुई थी जो अब की जायेगी। उनका कुछ वर्षों से प्रशिक्षण भी नहीं हुआ था। अब इसकी भी तैयारियां की जा रही हैं। यह कार्य शांति काल में भी होते रहना चाहिये। चूंकि वर्षों से देश किसी युद्ध में नहीं गया है, इसलिये सम्भवत: इसकी ओर प्रशासन व सरकार का ध्यान नहीं गया होगा लेकिन कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा उनके प्रशिक्षण की नियमित व्यवस्था होनी चाहिये।

अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ ने रविवार को पुलिस, होम गार्ड तथा एसडीआरएफ के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस काम को आगे बढ़ाने के निर्देश दिये। सिविल डिफेंस जिलों में वॉलंटियरों की भर्ती कलेक्टर कराएंगे। इसके लिये इच्छुक लोगों को रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसके लिये 18 से 45 वर्षों तक के व्यक्ति पात्र होंगे। कुछ जिलों में इसमें छूट दी गयी है। भर्ती होने के बाद वॉलंटियरों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), स्काउट्स एंड गाइड सहित अन्य संगठनों के तथा सामान्यजन इसमें शामिल हो सकते हैं जो नागरिकों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। युवा तथा देश के लिये कुछ करने का जज़्बा रखने वालों के लिये यह अनुपम अवसर है कि वे सिविल डिफेंस के वॉलंटियर बनें।

# बस्तर को मिली नई रेललाइन की सौगात पर सांसद महेश कश्यप का शहरवासियों ने किया स्वागत

## आप सभी से मिले प्यार,स्नेह और आशीर्वाद ने मेरे सेवा के संकल्प को और मजबूत बनाया है : महेश कश्यप




**जगदलपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। बस्तरवासियों को विगत दिनों केंद्र सरकार ने रावघाट - जगदलपुर नई रेल लाईन की स्वीकृति दे कर उन्हें बड़ी सौगात दी है,जिसको ले कर लगातार बस्तर संभाग के हर बस्तरवासियों में हर्ष का माहौल नजर आ रहा है। बस्तरवासियों के द्वारा डबल इंजन सरकार के जनप्रतिनिधियों को सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से इस बड़ी सौगात हेतु उनका धन्यवाद ज्ञापित किया जा रहा है। आज जगदलपुर शहर के संजय मार्केट में बस्तर रेल आंदोलन समिति के सदस्यों सहित संजय बाजार व्यापारी कल्याण संघ के समस्त सदस्यों एवम नागरिकों ने आज बस्तर सांसद का भव्य स्वागत कर उन्हें बस्तरवासियों को मिले नई रेल लाईन की स्वीकृति हेतु उनको धन्यवाद ज्ञापित किया। संजय मार्केट चौक में सदस्यों ने आतिशबाजी कर बस्तर सांसद का गाजे बाजे व फूल माला के साथ उनका भव्य किया। ततपश्चात मार्केट के भीतर बस्तर सांसद महेश कश्यप को लड्डुओं से तौलकर इस रेल लाईन के स्वीकृति हेतु सभी लोगों ने उनको धन्यवाद ज्ञापित किया है।

**लड्डुओं से बस्तर सांसद को तौलकर रेल आंदोलन समिति, संजय बाजार के व्यापारियों ने जताया आभार**

बता दें कि बस्तर सांसद द्वारा लगातार चुनाव में विजयी होने के पश्चात से ही बस्तर के रेल मामले सहित अन्य मामलों को ले कर वह आवाज उठाते नजर आ रहे हैं। बस्तर क्षेत्र के अनेकों रेल लाईन परियोजना हो या नई ट्रेनों के संचालन का मामला हो सभी मामलों को गम्भीरता से लेते हुए बस्तर सांसद के द्वारा इन विषयों से केन्द्र सरकार को अवगत कराया जा रहा हैं। इस स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने बस्तर सांसद को फूल माला पहनाकर इस सौगात हेतु बहुत सारा धन्यवाद दिया। बस्तर सांसद ने इस दौरान इस स्वागत हेतु सभी लोगो को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आज आप सभी से मिले प्यार,स्नेह और आशीर्वाद ने मेरे सेवा के संकल्प को और मजबूत बनाया है। इसके लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हुं। आप सभी के सहयोग व सुझाव के माध्यम से बस्तर को उच्च शिखर पर ले जाना हैं। श्री कश्यप ने कहा कि लोकसभा चुनाव में आप सभी के द्वारा मुझ पर विश्वास जताकर मुझे लोकसभा के मंदिर तक पहुँचाने का कार्य किया था,बस्तर का विकास ही मेरा लक्ष्य हैं। डबल इंजन सरकार के प्रयासों से सहकारिता से लेकर रेलवे एवं अन्य सभी क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ - बस्तर डबल स्पीड से विकास कर रहा है। हमारे राज्य में डबल इंजन वाली सरकार है। यहाँ सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना से काम हो रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा बस्तरवासियों को दिये गये रावघाट - जगदलपुर रेल लाईन की नई स्वीकृति के सहयोग से इस पूरे क्षेत्र के विकास की आकांक्षाओं को बल मिलेगा। जनता की इस बहुप्रतीक्षित माँग को पूरा कर सौगात देने हेतु मैं देश के प्रधानमंत्री व रेलमंत्री, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री सहित सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करता हूँ। इस दौरान पंकज सिंघल, हरेश नागवानी ,विष्णु ठाकुर , दशरथ कश्यप ,किशोर पारख, सम्पत झा, शिव चांडक ,टी के शर्मा , रोहित सिंह बैंस, सुनील खेडुलकर , चंद्रेश चांडक , सुनील गिरधरज़ राजेश सोनी ,कन्हैया पुरोहित ,सुरेश जैन, शिखर मालू ,अनिताराज ,उर्मिला आचार्य, लक्ष्मी कश्यप, ज्योति गर्ग, गाजिया अंजुम सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण शामिल रहे।

# पूर्व विधायक संतोष बाफना ने नितिन गडकरी से की मांग

**जगदलपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। जगदलपुर विधानसभा के पूर्व विधायक और वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष बाफना ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से पत्र लिखकर धमतरी से जगदलपुर मार्ग के लिए स्वीकृत फोर लेन सड़क परियोजना को संशोधित करने की मांग की है। बाफना ने इस मार्ग को धमतरी से धनपुंजी तक सिक्स लेन में परिवर्तित करने का आग्रह किया, ताकि बढ़ते यातायात दबाव और दुर्घटनाओं से निपटा जा सके।

बाफना ने अपने पत्र में बताया कि, पिछले 5 वर्षों में इस मार्ग पर यातायात की स्थिति पहले की तुलना में बदल चुकी है। अब, प्रतिदिन 20,000 से अधिक वाहन इस मार्ग का उपयोग करते हैं, जो फोर लेन के लिए निर्धारित यातायात से कहीं अधिक हैं। उन्होंने कहा कि यातायात दबाव के कारण यह मार्ग खून से लाल हो रहा है, और प्रतिदिन औसतन 3 से 4 दुर्घटनाएं होती हैं, जिसमें 5 से 6 लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। यह एक गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। इसके अलावा, बाफना ने इस मार्ग के महत्व को भी उजागर किया, जिसमें 7 से अधिक छत्तीसगढ़ राज्य के जिलों और सीमावर्ती राज्यों के नजदीकी जिलों का आवागमन निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि यह मार्ग बस्तर क्षेत्र के लोगों के लिए जीवन रेखा के रूप में कार्य करता है, और इस मार्ग के अलावा बस्तर को रायपुर से जोड़ने का कोई अन्य विकल्प नहीं है।

**धमतरी से धनपुंजी तक सिक्स लेन सड़क का हो निर्माण**

**बस्तर में निवेश को बढ़ावा मिलेगा:** बाफना ने यह भी कहा कि, सिक्स लेन सड़क से बस्तर में निवेश आकर्षित करने में मदद मिलेगी। बस्तर क्षेत्र में एनएमडीसी, एस्सार जैसी खनन कंपनियां पहले से स्थापित हैं, और अन्य बड़ी कंपनियों ने भी बस्तर में निवेश में रुचि दिखाई है। बाफना के अनुसार, बेहतर कनेक्टिविटी होने से बस्तर में निवेश आकर्षित होगा, जो क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेगा।

**परिवहन लागत में कमी:** बाफना ने आगे कहा कि, एनएमडीसी के इस्पात संयंत्र और अन्य खनिज उद्योगों के परिवहन के लिए सिक्स लेन सड़क अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे माल और श्रम की आवाजाही सुगम होगी, और परिवहन समय कम होने से उद्योगों को लाभ होगा।

**सड़क सुरक्षा में सुधार:** बाफना ने अंत में यह कहा कि, धमतरी से >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# व्यापम द्वारा आज ली जाएगी पीएटी एवं पीवीपीटी 25 की प्रवेश परीक्षा

**जगदलपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा (पीएटी एवं पीवीपीटी 25) प्रवेश परीक्षा 15 मई को प्रात: 9 बजे से अपरान्ह 12.15 बजे तक परीक्षा केंद्रों में आयोजित किया जाएगा। परीक्षा केंद्र 1701 शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा नंबर 02, 1702 शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय धरमपुरा 03 जगदलपुर, 1703 बाल बिहार हायर सेकण्डरी स्कूल बालाजी वार्ड, 1704 शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक-01 और 1705 शासकीय बहुउद्देशीय हायर सेकण्डी स्कूल जगदलपुर में आयोजित किया गया है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए नोडल अधिकारी मायानंद चन्द्रा, डिप्टी कलेक्टर जिला बस्तर मोबाईल नंबर 99267-59295 एवं समन्वयक डॉ. अनिल श्रीवास्तव, प्राचार्य, शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धरमपुरा-02 जगदलपुर डॉ. अजय सिंह ठाकुर मोबाइल नंबर 70009-74126 को सहायक समन्वयक नियुक्त किया गया है।

# बस्तर कमिश्नर ने बड़े कनेरा समाधान शिविर का लिया जायजा



**जगदलपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में विकासखंड कोंडागांव अंतर्गत ग्राम बड़ेकनेरा में आयोजित समाधान शिविर का बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह ने जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सभी विभागों के स्टॉल में जाकर संबंधित अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों की संख्या और निराकरण की जानकारी ली और अधिकारियों को आवेदनों पर गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान कमिश्नर ने वनाधिकार पत्रों के नामांतरण-बंटवारा प्रकरणों के समुचित निराकरण करने पर जोर देते हुए कहा कि राजस्व एवं वन विभाग के मैदानी अमले की कार्यशाला में कार्ययोजना तैयार कर कार्यान्वयन करें। इस दिशा में व्यापक प्रचार-प्रसार करने सहित सम्बन्धित वन परिक्षेत्र कार्यालय में आवेदकों से आवेदन पत्र प्राप्त कर प्रकरणों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों से खाद बीज उपलब्धता और भंडारण की जानकारी ली। साथ ही उद्यानिकी और मछली पालन विभाग से भी अब तक लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी लेते हुए कहा कि मत्स्यपालन के जरिए आय संवृद्धि करने हेतु ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण तालाबों को मछलीपालन के लिए मछुआ समितियों और स्व सहायता समूहों को पट्टे पर देने कहा। साथ ही अन्य विभागीय योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिलाने हेतु निर्देशित किया।

- **विभागवार आवेदनों की ली जानकारी, निराकरण के दिए निर्देश**
- **मत्स्यपालन के जरिए आय संवृद्धि हेतु अधिकाधिक ग्रामीण तालाबों को पट्टे पर देने कहा**

**शीतल दास को मिला कोटवार नियुक्ति पत्र:** समाधान शिविर में बस्तर कमिश्नर और उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण किया गया। इसमें उद्यानिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत 20 किसानों को सब्जी बीज मिनीकिट, कृषि विभाग द्वारा 10 किसानों को धान बीज, खाद्य विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 05 जन्म प्रमाण पत्र और 06 आयुष्मान कार्ड, राजस्व विभाग द्वारा 07 किसानों को किसान किताब वितरित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 02 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और 02 बच्चों का अन्नप्राशन भी संपन्न कराया गया। इस दौरान कमिश्नर ने शिविर में ग्राम बड़े कनेरा में कोटवार पद हेतु शीतलदास को नियुक्ति पत्र प्रदान किया तो कोटवार शीतल दास ने भाव-विभोर होकर बताया कि मेरे दादा और पिता भी कोटवारी का कार्य कर ग्रामीणों की सेवा किए हैं, जिसे अब मैं पुस्तैनी रूप से निर्वहन कर रहा हूं। उसने तीन एकड़ कोटवारी भूमि होने सहित शासन से नियमित तौर पर वर्दी देने की बात कही। समाधान शिविर में उद्यानिकी विभाग द्वारा ग्रामीणों को कृषि कार्य से संबंधित सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया, जिसमें सही उत्तर देने वाले ग्रामीणों को कैलेंडर दी गई। पुलिस विभाग द्वारा ग्रामीणों को साइबर अपराध के संबंध में जागरूक किया गया, साथ ही सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए यातायात नियमों के पालन की अपील की गई।

**ग्रामीणों ने ली जल संरक्षण की शपथ:** समाधान शिविर में जनपद पंचायत कोंडागांव के समस्त ग्रामवासियों ने जल संरक्षण की शपथ लेते हुए प्रत्येक घर में वाटर हार्वेस्टिंग लगवाने, पानी के मूल्य को समझते हुए जल के अपव्यय को रोकने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रामदई नाग, जनपद पंचायत अध्यक्ष अनीता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर और अन्य जनप्रतिनिधियों सहित जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम अजय उरांव सहित अन्य विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# गरावंडखुर्द और बड़े किलेपाल में आयोजित किया गया समाधान शिविर



**जगदलपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। बुधवार को बस्तर जिले के विकासखंड जगदलपुर और बास्तानार के ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जगदलपुर विकासखंड के गरावंडखुर्द में आयोजित समाधान शिविर में 17 पंचायत को सम्मिलित किया गया जिसमें तुरेनार, कलचा, कुम्हरावन्ड, माड़पाल, खम्हारगांव, खुटपदर, कोपागुड़ा, धुरगुड़ा, गरावंडखुर्द, मोरठपाल, नेगीगुड़ा, बाबूसेमरा, बुरुंदवाडा सेमरा, अटपहरी सेमरा और तेलीसेमरा है। इस शिविर में 5933 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 5835 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 98 लंबित हैं। सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था। बास्तानार विकासखंड के बड़े किलेपाल में आयोजित समाधान शिविर में बड़े किलेपाल, गुड़िया, जूनाटप्पा, पालानार, कुम्हारसाडरा, छोटे किलेपाल, अदवाल, कावानार, भोसरीरास, तुरांगुर, पीरमेटा ग्राम पंचायत को शामिल किया गया था। इस शिविर हेतु 2386 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 2323 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 63 लंबित हैं। इस शिविर में भी सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था। बड़े किलेपाल में आयोजित समाधान शिविर में विधायक श्री विनायक गोयल ने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण पहल सुशासन तिहार के तहत 8-11 अप्रैल को मिले आवेदन का निराकरण की जानकारी समाधान शिविर के माध्यम से दी जा रही है। सरकार सभी वर्गों के लिए योजनाएं संचालित कर रही है, जिससे आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, सड़क सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं,इसका लाभ सभी को लेना चाहिए। जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, जनपद पंचायत बास्तानार महाबती मंडावी, उपाध्यक्ष अन्य जनपद व जिला पंचायत सदस्य, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शंकर लाल सिन्हा, सीईओ जनपद मंडावी, तहसीलदार एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्राप्त आवेदनों के निराकरण की और विभाग के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और सामग्रियों का वितरण किया गया।

# न्यायमूर्ति राकेश मोहन पांडेय का अधिवक्ता संघ ने किया स्वागत



**जगदलपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। न्यायमूर्ति राकेश मोहन पांडेय, न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर ने बस्तर प्रवास के दौरान बुधवार दोपहर को जिला एवं सत्र न्यायालय पहुंचे। उन्होंने जिला एवं सत्र न्यायालय का निरीक्षण किया। जिला एवं सत्र न्यायालय के प्रमुख न्यायाधीश गोविंद नारायण जांगड़े एवं अन्य न्यायाधीश गणों से मुलाकात के बाद वे जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों से मुलाकात किये। इस दौरान उन्होंने जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में पौधारोपण भी किया। जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में स्थित महिला अधिवक्ता कक्ष में आयोजित विशेष कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अधिवक्ता रहते हुए उन्होंने अधिवक्ताओं के परेशानियों को अच्छी तरह से अनुभव किया है। उन्होंने नव प्रवेशी व जूनियर अधिवक्ताओं से कहा कि उन्हें मामले की अच्छी तरह से जानकारी प्राप्त करने के बाद सारे तथ्यों को ध्यान में रखते हुए चाहे वह जमानत के लिए हो या अपील के लिए हो। पूर्व के फसलों एवं नियमों की जानकारी रखते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना चाहिए ताकि उन्हें सफलता मिल सके। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं को अवसर मिलने पर चुनाव लड़ने का सुझाव देते हुए कहा कि इससे अधिवक्ताओं में व्यवहार कुशलता ,सहनशीलता बढ़ती है। श्री पांडेय ने अधिवक्ताओं से कहा कि यदि कोई समस्या है तो बताएं। उन्होंने बताया कि इसके पूर्व भी जब वे अधिवक्ता थे तब एक बार बस्तर आए थे यह उनका दूसरा बस्तर प्रवास है। अधिवक्ताओं से चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि 6 सितंबर को फिर से निरीक्षण कार्य से जिला एवं सत्र न्यायालय पहुंचेंगे। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र >> शेष पृष्ठ 9 पर >

**श्री पांडेय ने जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में किया पौधा रोपण**

# अरिता पोड़ियाम हो या ललिता वंजाम, तेंदूपत्ता संग्रहण से हुआ पैसों का इंतजाम




**सुकमा**, 14 मई (देशबन्धु)। दोपहर को भले ही गलियों में सन्नाटा पसरा है, फिर भी गाँव के उन अनगिनत लोगों में उत्साह है जो इन दिनों तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य करते हैं। उनका उत्साह सुबह से लेकर देर शाम तक चलता है। आसपास के जंगलों में तेंदूपत्ता तोड़ाई करते ग्रामीण, गठरी या बोरे में बांधकर घर लौटते ग्रामीण या फिर घर की डेहरी, परछियो में एकजुट होकर तेंदू के पत्ते को बंडल बनाकर जमाते हुए ग्रामीण, गाँव के किसी खुली जगह में फड़ प्रभारी की उपस्थिति में इन तेंदूपत्ता के गड्डी को एकबारगी क्रम से सजाते हुए अनायास नजर आ रहे हैं। गाँव के बच्चे, महिलाएं, युवा, बुजुर्ग सभी इस काम में लगे हुए हैं। उन्हें खुशी है कि इस हरे सोने के दाम बढ़ने से उनकी आमदनी भी बढ़ेगी और जितना ज्यादा संग्रहण होगा उतना ही अधिक राशि उन्हें मिलेगी। संग्रहणकर्ताओं में खुशी है कि अब तेंदूपत्ता प्रति मानक बोरा का दाम 4 हजार से 5500 रुपये प्रति मानक बोरा कर दिया गया है।

जिले के सुकमा वनमंडल में सर्वाधिक भू भाग पर जंगल है। इन जंगलो में और गाँव के आसपास खुली जगहों में तेंदुपत्ता भी है। सरकार द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहकों को दिए जाने वाले प्रोत्साहन राशि से वनांचल क्षेत्र में रहने वाले ज्यादातर परिवार तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य करते हैं। यह उनके आमदनी का प्रमुख स्रोत भी है। खासकर गर्मी के दिनों में जब कुछ काम नहीं होता तब तेंदूपत्ते के संग्रहण से उन्हें एक अतिरिक्त आय का जरिया मिल जाता है। ऐसे ही सुकमा परिक्षेत्र के केरलापाल समिति अंतर्गत दूरस्थ ग्राम पातरसुकमा में रहने वाले आदिवासी परिवार की पोड़ियाम अरिता बताती हैं कि आजकल सुबह से हम लोग जंगल की ओर निकल जाते हैं। सिर्फ वे ही नहीं जाते, गाँव में रहने वाले ज्यादातर तेन्दूपत्ता तोड़ने वाले संग्राहक जाते हैं। अरिता बताती है कि सुबह से दोपहर तक पत्ते तोड़ने का काम चलता है। इसके बाद इसे गठरी में बांधकर घर लाते हैं। दोपहर बाद खाना खाने के बाद फिर से काम शुरू होता है। तोड़े हुए तेंदूपत्ते को 50-50 पत्ते का बंडल बनाकर रखते हैं। पत्ते को साफ कर बंडल बनाया जाता है। घर के परछी पर बंडल बनाते हुए लखमे वेको का कहना है कि वे लोग बहुत ज्यादा दूर नहीं जाते। आसपास जंगल से पत्ता तोड़कर लाते हैं। पेड़ के छाल से रस्सी बनाकर 50-50 पत्तो की गड्डी बनाते हैं। पातरसुकमा निवासी ललिता वंजाम बताती हैं कि इस बार की तुलना में पिछले साल ज्यादा पत्ते नहीं तोड़ पाए थे। इस बार शुरू से लगे हैं। इस वर्ष तेंदूपत्ता संग्रहण की राशि 5500 रुपये प्रति मानक बोरा है। इससे उनकी आमदनी बढ़ेगी। पहले मेहनत भी ज्यादा करना पड़ता था और कीमत भी कम मिलती थी। अब दाम बढ़ने से मैं ही नहीं अन्य संग्राहक भी खुश है और बड़े उत्साह के साथ पत्ते तोड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि तेन्दूपत्ता से जो राशि मिलेगी उसका उपयोग घर बनाने के लिए करने का मन बनाया है। अपने घर के आसपास तेन्दूपत्ता तोड़ने में व्यस्त पोडियाम देवा ने बताया कि वे जितना ज्यादा पत्ता तोड़ेंगे उन्हें उतनी ही राशि मिलेगी। पहले 2500, फिर 4000 और अब 5500 रुपये प्रति मानक बोरा मिलता है। यह दूर-दराज में रहने वाले ग्रामीणों के आर्थिक आमदनी का महत्वपूर्ण जरिया है। यह खुशी की बात है अब पहले से ज्यादा पैसा मिलेगा। पोड़ियम देवा ने बताया कि तेन्दूपत्ता संग्राहकों का कार्ड भी बना हुआ है। इसके माध्यम से बीमा सहित पढाई करने वाले बच्चों को छात्रवृत्ति की सुविधा भी मिलती है। सभी तेंदूपत्ता संग्राहकों ने प्रति मानक बोरा में वृद्धि के लिए खुशियां जताते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद भी दिया। डीएफओ सुकमा अक्षय भोंसले ने बताया कि सुकमा जिले में इस वर्ष तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए 108000 मानक बोरा तेंदूपत्ता खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 25 प्राथमिक लघु वनोपज समितियों के अंतर्गत 725 संग्रहण केंद्र या फड़ के माध्यम से तेंदूपत्ता खरीदी का >> शेष पृष्ठ 9 पर >

- **तेंदूपत्ता के बढ़े दाम ने संग्राहकों में जगाई खुशियाँ**
- **गर्मी के दिनों में हरा सोना बन जाता है आमदनी का बड़ा जरिया**
- **गाँवों में चल रहा तेंदूपत्ता संग्रहण का चल रहा सिलसिला**

# 4 महीने में 174 हार्डकोर नक्सलियों का शव बरामद किया गया

**बीजापुर,** 14 मई (देशबन्धु)। जैसा की विदित है छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों द्वारा, माननीय केंद्रीय गृह मंत्री के निर्देशन में, ज्वाईंट एक्शन प्लान के अंतर्गत माओवाद विरोधी अभियान का संचालन किया जा रहा है। माओवाद विरोधी अभियान के मुख्य आयाम हैं- सुरक्षाबलों द्वारा नवीन सुरक्षा कैम्पों की स्थापना कर सुरक्षा विहिन क्षेत्रों को भरना, माओवाद प्रभावित जिलों में राज्य की विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करना ताकि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो एवं नागरिकों को इसका लाभ मिल सके तथा सुरक्षा बलों द्वारा माओवादियों के आर्मड कार्डस एवं उनके सम्पूर्ण ईको सिस्टम के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करना है। इस एक्शन प्लान के क्रियान्वयन के फलस्वरूप सुरक्षा बलों ने माओवादियों के आर्मड कार्डस एवं इको सिस्टम को भारी क्षति पहुंचाई है, जिससे माओवादियों के प्रभाव क्षेत्र में काफी कमी आयी है।

माओवादियों के सबसे मजबूत सशस्त्र संगठन पीएलजीए बटालियन, सीआरसी कंपनी एवं तेलंगाना स्टेट कमेटी सहित अनेक शीर्ष कार्डस की शरणस्थली जिला सुकमा एवं बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्रों में थी। उक्त क्षेत्र में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सुरक्षा बलों द्वारा अनेक नवीन सुरक्षा कैम्पों की स्थापना की जाकर आसूचना आधारित अभियानों का संचालन किया जा रहा है। सुरक्षा बलों का वर्चस्व बढ़ने के फलस्वरूप माओवादियों द्वारा यूनिफाईड कमाण्ड का गठन किया गया एवं उक्त स्थान से पलायन कर जिला बीजापुर, छत्तीसगढ़ एवं जिला मुलुगु, तेलंगाना की सीमा पर माओवादियों द्वारा अभेद्य समझे जाने वाले करेगुट्टालु पहाड़ पर शरण ली गई।

करेगुट्टालु पहाड़ी लगभग 60 किमी लम्बा एवं 5 किमी से लेकर 20 किमी चौड़ा अत्यन्त दुष्कर पहाड़ी क्षेत्र है। उक्त पहाड़ी की भौगोलिक परिस्थिति काफी कठिन एवं चुनौतीपूर्ण है। माओवादियों द्वारा विगत ढ़ाई वर्ष में शनैः-शनैः उक्त पहाड़ी में अपना बेस तैयार किया, जिसमें उनके लगभग 300-350 आर्म्ड कार्डस सहित पीएलजीए बटालियन की टेक्निकल डिपार्टमेन्ट (टीडी) यूनिट एवं अन्य महत्वपूर्ण संगठनों की शरणस्थली थी।

प्राप्त आसूचनाओं के आधार पर पूर्ण एवं पुख्ता ऑपरेषनल योजना तैयार की जाकर छत्तीसगढ़ पुलिस एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा दिनांक 21.04.2025 से एक वृहद् ज्वाईंट ऑपरेशन संचालित किया गया। यह अभियान अब तक का सबसे बड़ा एवं व्यापक माओवाद विरोधी अभियान है तथा राज्य एवं केन्द्र की विभिन्न एजेंसियों का मिलकर काम करने का एक उत्कृष्ट नमूना है। इस अभियान का उद्देश्य माओवादियों की सशस्त्र क्षमता को क्षीर्ण करना, हथियारबंद दस्तों को न्यूट्रलाइज



करना, इस दुर्गम इलाकों से माओवादियों को हटाना और माओवादियों के दुर्दान्त संगठन पीएलजीए बटालियन को क्षिन्न-भिन्न करना था। उक्त माओवाद विरोधी अभियानों में 21.04.2025 से 11.05.2025 के दौरान कुल 21 मुठभेड़ों में 16 वर्दीधारी महिला माओवादी समेत कुल 31 वर्दीधारी माओवादियों के शव और 35 हथियार बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि मुठभेड़ स्थल से बरामद शव प्रतिबंधित और अवैध सीपीआई माओवादी संगठन अंतर्गत पीएलजीए बटालियन नंबर 01, तेलंगाना राज्य समिति, दंडकारण्य विशेष जोनल समिति के माओवादी कार्डस हैं। शवों की विस्तृत पहचान प्रक्रिया जारी है। लगातार 21 दिनों तक चलने वाले इस ऐतिहासिक माओवाद विरोधी अभियान के दौरान प्राप्त सभी तथ्यों और जानकारियों पर विचार करने के पश्चात् अनुमान है कि अभियान के दौरान कई वरिष्ठ स्तर के माओवादी कार्डस या तो मारे गए हैं अथवा गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हालांकि, कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण सुरक्षा बल सभी घायल अथवा मारे गए माओवादियों के शव बरामद नहीं कर पाए।

अब तक इस अभियान के दौरान कुल 31 माओवादियों के शव बरामद किए जा सके हैं, जिनमें से 03 शव दिनांक 24 अप्रैल, 01 शव दिनांक 05 मई को, 22 शव दिनांक 07 मई को, तथा 05 शव दिनांक 08 मई को बरामद किए गए हैं। इस अभियान में अब तक कुल 216 माओवादी ठिकाने और बंकर नष्ट किए गए।

उपरोक्त माओवादी ठिकाने और बंकर से तलाशी अभियानों के दौरान कुल 450 नग आईईडी, 818 नग बीजीएल शेल, 899 बंडल कार्डेक्स, डेटोनेटर एवं भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्रियाँ बरामद किए गए हैं। सुरक्षा बलों ने माओवादियों की 04 तकनीकी इकाइयों को नष्ट किया है, जिनका उपयोग बीजीएल शेल, देषी हथियार, आईईडी और अन्य घातक हथियारों के निर्माण के लिए किया जा रहा था। इन तकनीकी इकाइयों के ठिकानों से 04 लेथ मशीनें भी बरामद कर नष्ट की गई। अभियान के दौरान विभिन्न माओवादी ठिकानों और बंकरों से बड़ी मात्रा में राशन सामग्री, दवाएं एवं दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी बरामद किए गए। विगत 21 दिनों के इस महत्वपूर्ण अभियान के दौरान विभिन्न आईईडी विस्फोटों में कोबरा, एसटीएफ और डीआरजी के कुल 18 जवान घायल हुए। हालांकि सभी घायल जवान अब खतरे से बाहर हैं और उन्हें विभिन्न अस्पतालों में सर्वोत्तम उपचार प्रदान किया जा रहा है। करेगुट्टालु पहाड़ी के ऊपर की परिस्थितियाँ काफी विपरीत है, दिन के समय तापमान 45 डिग्री सेंटीग्रेट से अधिक होने से अनेक जवान डिहाईड्रेशन के शिकार हुए परन्तु उसके उपरान्त भी उनके द्वारा ऊँचे मनोबल के साथ माओवादियों के विरूद्ध उक्त अभियान जारी रखा गया।

## केंद्रीय विद्यालय सुकमा सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम रहा शत प्रतिशत

**सुकमा,** 14 मई (देशबन्धु)। सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में केंद्रीय विद्यालय सुकमा के कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। दोनों कक्षाओं में विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में 55 एवं 12 वीं में 50 विद्यार्थी सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। सभी विद्यार्थी अच्छे अंकों के साथ परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12 वीं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थी कुशल बाफना ने 89.4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय के मयंक बघेल एवं वाणिज्य संकाय की रितिका साहा क्रमशः 84.6 एवं 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय एवं तृतीय पायदान पर काबिज हुए। कक्षा दसवीं में देविका राठी ने 95.2 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। गुंजन कौशले ने 93.4 अंकों के साथ द्वितीय एवं खुशी भलावी ने 92.4 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। केंद्रीय विद्यालय सुकमा के प्राचार्य दिनेश कुमार ने इस परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करने पर विद्यालय की तरफ से शुभकामनाएं प्रेषित की।



**देविका राठी ने किया 10 वीं में टॉप, तो वहीं कुशल और मयंक रहे 12 वीं में अव्वल**

## प्रतिबंधित दवाईयों के विक्रय पर होगी सख्त कार्रवाई

**दंतेवाड़ा,** 14 मई (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिले में औषधि सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम पहल के तहत खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर कुणाल दुदावत की निगरानी में औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस संबंध में सहायक औषधि नियंत्रक एवं औषधि निरीक्षक की संयुक्त टीम द्वारा नकुलनार, बचेली, दंतेवाड़ा और गीदम क्षेत्रों के कुल 15 औषधि प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया।




निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि चार मेडिकल स्टोर्स, जिनमें कर्मा मेडिकल स्टोर (दंतेवाड़ा), हिन्द मेडिकल स्टोर (गीदम), मंडल मेडिकल स्टोर (गीदम) एवं बालाजी मेडिकल स्टोर (दंतेवाड़ा) के नाम शामिल हैं, वहां सीसीटीवी कैमरे स्थापित नहीं थे, जो औषधि सुरक्षा के निर्धारित मानकों का उल्लंघन है। इसके तहत इन प्रतिष्ठानों को तीन दिवस के भीतर सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान औषधि कारोबार को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और नियमबद्ध बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है। इससे जिले वासियों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण औषधियां उपलब्ध कराई जा सकेगी। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा यह भी प्रस्तावित किया गया है कि जिले के सभी औषधि विक्रेताओं को अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से स्थापित करने होंगे। इसका उद्देश्य ड्रग कानून प्रवर्तन के लिए राष्ट्रीय समन्वय तंत्र के तहत नशीली एवं मनः प्रभावी औषधियों के क्रय-विक्रय और भंडारण पर प्रभावी निगरानी स्थापित करना है। साथ ही, विभाग ने यह भी निर्देशित किया है कि बिना वैध चिकित्सकीय परामर्श के किसी भी प्रकार की नियंत्रित औषधियों का विक्रय न किया जाए। इसके उल्लंघन की स्थिति में कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

- मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण
- तीन दिनों के भीतर सीसीटी लगाने के निर्देश
- दंतेवाड़ा, बचेली, नकुलनार और गीदम की 15 दुकानों का जायजा

## 21 दिन में हुए 21 मुठभेड़, 31 नक्सली ढेर

**बीजापुर,** 14 मई (देशबन्धु)। कर्रेगुट्टा की पहाड़ी पर 21 दिनों तक चलाए गए सबसे बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। सीआरपीएफ के डीजी जीपी सिंह और छत्तीसगढ़ डीजी अरुण देव गौतम ने बुधवार को संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ऑपरेशन की पूरी जानकारी दी। इस दौरान बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने 21 अप्रैल से 11 मई तक चलाए गए नक्सल विरोध अभियान की सफलता बताई। उन्होंने कहा, ऑपरेशन के दौरान कुल 21 मुठभेड़ों में कुल 31 माओवादी मारे गए। इनमें से 28 नक्सली की शिनाख्त हो चुकी है, जिन पर एक करोड़ 72 लाख का इनाम घोषित था। एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि सभी मारे गए 31 माओवादियों के शव के साथ 31 हथियार बरामद किए गए हैं। इसमें एसएलआर, इसांस समेत आटोमेटिकल हथियार शामिल हैं. अब तक 28 नक्सलियों की शिनाख्ती हो चुकी है, शेष शवों की पहचान प्रक्रिया जारी है। अनुमान लगाया जा रहा कि 21 दिनों तक चलाए गए इस ऐतिहासिक एंटी नक्सल ऑपरेशन में कई बड़े नक्सली लीडर या तो मारे गए हैं या घायल हुए हैं। भौगोलिक परिस्थितियों के कारण हमारे जवान बाकी नक्सलियों के शव बरामद नहीं कर पाए हैं।




- मारे गए नक्सलियों पर 1.72 करोड़ का था इनाम
- एसपी जितेंद्र यादव ने बताई कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर चलाए गए एंटी नक्सल ऑपरेशन की सफलता

**214 माओवादी ठिकानों और बंकरों को जवानों ने नष्ट किया**

एसपी ने बताया,कि कर्रेगुट्टा की पहाड़ी पर नक्सल विरोध अभियान के दौरान कुल 214 माओवादी ठिकानों और बंकरों को नष्ट किया गया है। इस दौरान 450 आईईडी रिकवर किए गए हैं। सिर्फ 15 आईईडी ही ब्लास्ट हुए हैं। बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री के साथ 12 हजार किलोग्राम खाने का सामान भी बरामद हुआ है। इस इलाके में अब सुरक्षा बलों की मजबूत पकड़ हुई है।

**आईईडी विस्फोट में 18 जवान हुए घायल**

एसपी यादव ने बताया,कि ऑपरेशन के दौरान आईईडी विस्फोट में कोबरा, डीआरजी के 18 जवान घायल हुए हैं. हालांकि सभी खतरे से बाहर हैं। सभी का अस्पतालों में इलाज जारी है। उन्होंने बताया, कर्रेगुट्टा की पहाड़ी की परिस्थितियां काफी विपरीत है, यहां का तापमान 45 डिग्री होने के कारण हमारे कई जवान डीहाइड्रेशन के शिकार हुए हैं। फिर भी उनके मनोबल कम नहीं हुए।

**नक्सलियों के खिलाफ कुल 17 केस दर्ज**

एसपी ने बताया, कि नक्सलियों के खिलाफ कुल 17 केस दर्ज किए गए हैं। जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई है। साथ ही एनआईए ङ्कएसआईए की भी मदद ली जा रही है। उन्होंने कहा, नक्सलवाद को समूल खत्म करने भविष्य में भी अभियान जारी रहेगा, ताकि बस्तर का विकास हो सके।

## प्राकृतिक आपदा पीड़ित के वारिस को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि

**कोण्डागांव,** 14 मई (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ित के वारिस को 04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा बड़ेराजपुर तहसील के ग्राम बांसकोट निवासी सुरेश की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर माता सोनादई को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिस के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदार को दिए गए हैं।

## मंत्री ओपी व केदार आज दंतेवाड़ा प्रवास पर

**दंतेवाड़ा,** 14 मई (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा में भूमि पंजीयन प्रणाली में नवाचार और सुधारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरूवार 15 मई को रजिस्ट्री में 10 नई क्रांतियां विषय पर एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला गीदम स्थित एजुकेशन सिटी जावंगा के ऑडिटोरियम में होगी। इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ शासन के वित्त एवं वाणिज्यिक कर विभाग, आवास एवं पर्यावरण विभाग तथा योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग के मंत्री ओ.पी. चौधरी एवं छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन, वन एवं जलवायु परिवर्तन, सहकारिता विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप भी शामिल होंगे। कार्यशाला में बस्तर सांसद महेश कश्यप, दंतेवाड़ा क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि की भी विशेष रूप से उपस्थिति रहेगी। इस दौरान कार्य शाला में भूमि पंजीयन से जुड़े नवीन प्रावधानों, पारदर्शिता लाने के प्रयासों तथा डिजिटल क्रांति के माध्यम से आमजन को सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष चर्चा की जाएगी। कार्यशाला का उद्देश्य रजिस्ट्री प्रक्रिया को अधिक सहज, पारदर्शी और जनहितकारी बनाना रहेगा।

## विराजे सुरभि कालोनी में भगवान भोलनाथ

**दंतेवाड़ा,** 14 मई (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा की सुरभि कालोनी में श्रीराम लिंगेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा संपूर्ण विधि विधान के साथ आज की गई। पिछले तीन दिनों से यह धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हुआ था। सोमवार को कलश यात्रा के साथ इसकी शुरूआत हुई थी। आज पीठ पूजा के बाद प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। पूरे दिन भर यह पूजा चलती रही।



हवन और आरती के बाद महाभण्डारा भी हुआ। मंगलवार को शिव बारात निकाली गई थी, जिसमें सभी कालोनीवासी शामिल हुए थे। इसमें शहर के लोगों की भी सहभागिता रही। पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता स्वयं शिव बारात की अगवानी में रही। तीन दिनों तक कालोनी में यह धार्मिक अनुष्ठान जारी रहा, जिससे पूरा माहौल भक्तिपूर्ण हो गया था। शिव मंदिर के निर्माण के लिए कालोनीवासियों के साथ ही शहर और बस्तर के अलग-अलग हिस्सों से भक्तों ने अपना सहयोग दिया था। सुरभि कालोनी में भव्य शिव मंदिर का निर्माण लोगों का सपना था जो अब जाकर साकार हुआ। मंदिर निर्माण की आधार शिला 22 जनवरी 2024 को रखी गई थी। इसी दिन अयोध्या में भगवान श्रीराम लला भव्य मंदिर में विराजे थे। सुरभि कालोनी में शिव मंदिर का अस्थायी निर्माण 22 जनवरी को प्रारंभ हुआ था और लगभग 1 साल बाद भव्य मंदिर तैयार हुआ और आज श्रीराम लिंगेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा हुई।

शिव पुराण के जरिये भी मंदिर निर्माण के लिए भक्तों ने सहयोग किया था। कई लोगों ने निर्माण सामग्री भी दान स्वरूप दी थी। प्राण प्रतिष्ठा में आशीष द्विवेदी सपत्निक मुख्य यजमान के रूप में पूजा में शामिल हुए। प्राण प्रतिष्ठा का पूरा अनुष्ठान उत्तर प्रदेश से पहुंचे पांच पंडितों की टोली ने पूर्ण कराया। आयोजन के दौरान पूरे तीनों दिन भक्तों के लिए महाभंडारा भी रखा गया था। सुरभि कालोनी में सभी तीज त्यौहार और धार्मिक आयोजन सामुहिक रूप से मनाने की परम्परा रही है। भव्य शिव मंदिर के निर्माण से भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद कालोनी पर बना रहेगा और कालोनी वासियों को सुख-समृद्धि और धन-एश्वर्य की प्राप्ति होगी, ऐसी मंगल कामना भी की जा रही है।

- भव्य शिव मंदिर में तीन दिवसीय अनुष्ठान के साथ प्राण-प्रतिष्ठा
- शिव बारात में शामिल हुए कालोनीवासी

## जिपं अध्यक्ष नंदलाल ने पीड़ितों से की मुलाकात

**दंतेवाड़ा,** 14 मई (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिला के कुआकोंडा जनपद क्षेत्र में बीते दिन तेज आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई। क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों में मकानों को नुकसान पहुंचा है, वहीं दर्जनों पेड़ गिर गए और बिजली के पोल टूटने से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई है।



प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का जायजा लेने जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात कर हालात की जानकारी ली और सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तत्काल मुआवजा प्रकरण तैयार कर पीड़ित परिवारों को शीघ्र राहत दी जाए। इसके साथ ही उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा कर विद्युत आपूर्ति बहाल करने की दिशा में त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। श्री मुड़ामी ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि आमजन को जल्द से जल्द राहत पहुंचाई जाए और सभी क्षतिग्रस्त सुविधाओं को बहाल किया जाए। इस मौके पर जनपद पंचायत कुआकोंडा अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी, ग्राम पंचायत श्यामगिरी के सरपंच धन्नू कोर्राम, कुमा, मंगू, बुधरु सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

- तेज आंधी-तूफान का कहर, कई मकान क्षतिग्रस्त
- प्रशासन को दिए शीघ्र राहत देने के निर्देश

## प्रादेशिकी का शेष...

### पूर्व विधायक संतोष ...

धनपुंजी तक सिक्स लेन सड़क मार्ग का निर्माण सड़क सुरक्षा में सुधार करेगा और दुर्घटनाओं पर लगाम लगाएगा। यह मार्ग पर यातायात की समस्याओं और सुरक्षा खतरों को कम करने के लिए एकमात्र उपाय हो सकता है।

### न्यायमूर्ति राकेश ...

न्यायाधीश गोविंद नारायण जांगड़े, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार दास एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ काफी संख्या में वरिष्ठ अधिवक्ता गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव खिलेश्वर जोशी ने की

### अरिता पोड़ियाम हो ...

कार्य किया जा रहा है। तेंदूपत्ता के अवैध भंडारण और परिवहन को रोकने के लिए वन विभाग के द्वारा उड़नदस्ता की टीम बनाई गई है। किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी।

## पिकअप में सवारी पर पुलिस की सख्ती

### यातायात नियमों का उल्लंघन, 15 हजार जुर्माना



**दंतेवाड़ा,** 14 मई (देशबन्धु)। बढ़ते सड़क हादसों को लेकर दंतेवाड़ा पुलिस भी लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। इसके साथ ही चालानी कार्रवाई के द्वारा सख्ती बरत रही है। यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे वाहन चालकों पर 15 हजार का जुर्माना वसूला गया। यह पूरा अभियान एसपी गौरव राय के निर्देशन में चलाया गया। डीएसपी यातायात नसरउल्लाह सिद्दीकी के मार्गदर्शन में यातायात अमला दिन भर जुटा रहा। जिले में इन दिनों माल वाहकों खासकर पिकअप पर यात्री ढोने को लेकर काफी कार्रवाई हो रही है। शादियों के सीजन के चलते ग्रामीण इलाकों में अक्सर पिकअप में ही बारात निकल रही है। इसके दुर्घटनाग्रस्त होने से काफी नुकसान होता है। आज 18 वाहनों पर कार्रवाई की गई और 15 हजार का जुर्माना वसूला गया। कुछ वाहनों में अवैध एलईडी लाईट लगी थी, जिसे निकलवाया गया। सवारी ढो रहे माल वाहकों पर कार्रवाई हुई। बिना सीट बेल्ट लगाए चार पहिया वाहन चालकों, बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों और परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वालों एवं नो एंट्री में प्रवेश करने वाले वाहन चालकों पर यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान यातायात प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद साहू, प्रधान आरक्षक विरेन्द्र एक्का, श्याम लाल राणा, विरेन्द्र वर्मा, आरक्षक कन्हैया सिन्हा, ललित बारला एवं यातायात पुलिस का अमला मौजूद रहा।

## भोंगापाल बुद्ध चैत्यगृह हमारी सांस्कृतिक धरोहर : नीलकंठ टेकाम

**नारायणपुर,** 14 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में पुरातात्विक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण दूसरे सबसे बड़े बौद्ध तीर्थ छठी शताब्दी में निर्मित बौद्ध चैत्य गृह भोंगापाल जिला कोंडागांव में बुद्ध पूर्णिमा हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर तथागत गौतम बुद्ध की भव्य प्रतिमा के चरणों में पुष्प अर्पित करते हुए मुख्य अतिथि केशकाल विधायक श्री नीलकंठ टेकाम , विशिष्ट अतिथि रायपुर कमिश्नर श्री महादेव कावरे ,डां. कृष्ण मूर्ति कांबले एवं छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज के प्रदेश अध्यक्ष अनिल खोबरागड़े के साथ उपस्थित समस्त बौद्ध उपासक उपासिकाओ ने मोमबत्ती, अगरबत्ती जलाकर सामूहिक रूप से त्रिशरण पंचशील ग्रहण किया तत्पश्चात सभी को खीर वितरित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री नीलकंठ टेकाम विधायक केशकाल ने संबोधित करते हुए कहा कि आदिकाल से ही इस क्षेत्र का समृद्धशाली इतिहास रहा है। विश्व को प्रज्ञा,शील, करूणा एवं शांति का संदेश देने वाले भगवान गौतम बुद्ध आज भी प्रासंगिक है , बुद्ध ज्यादा ज्ञानी थे वैज्ञानिक थे ।हम सभी मिलकर बुद्ध के इस प्रतिज्ञा स्थल चैत्य गृह भोंगापाल को पुर्नजीवित करेंगे ।सिरपुर,भोंगापाल जैसे अन्य क्षेत्रों की कलाकृति एवं निर्माण की अवधि एक समान है। हर काल एवं समय में अलग अलग तकनीक होती है। यह क्षेत्र हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। छठी शताब्दी में भी हमारे पूर्वज समृद्ध शाली थे।

विशिष्ट अतिथि श्री महादेव कावरे कमिश्नर रायपुर ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने विश्व प्रसिद्ध बौद्ध ग्रंथ बुद्धा एंड हिज धम्मा में तथागत गौतम बुद्ध एवं उनके विचारों को विस्तार से बताया है। गौतम बुद्ध कहते हैं कि आज के बारे में सोचो , तृष्णा को पार करने से मोक्ष बन जाता है। श्री कावरे ने पंचशील के सिद्धांत को सरल भाषा में बताते हुए



**भगवान बुद्ध आज और ज्यादा प्रासंगिक**

कहा कि 15 सौ साल पहले यह क्षेत्र बुद्धिजम का क्षेत्र रहा होगा। बस्तर वासियों का विचार बुद्ध के विचार से मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा नहीं होती तो हम लोग इस मुकाम तक नहीं पहुंच पाते इसलिए इस क्षेत्र को शिक्षा का बड़ा केंद्र बनायें। बुद्ध जयंती समारोह में डॉ.कृष्णमूर्ति कांबले रायपुर, श्री झाड़ीराम सलाम अध्यक्ष कोंडागांव जिला सरपंच संघ, श्री गिरधारी लाल भगत पूर्व इनकम टैक्स कमिश्नर, श्री घनश्याम रामटेके अध्यक्ष बौद्ध समाज अंतागढ़, श्री अनिरुद्ध कोचे उप संचालक छत्तीसगढ़ शासन,श्रीमती ममता खापर्डे अध्यक्ष बौद्ध समाज लंजोड़ा,विशेष अतिथि डॉ.किरण कांबले रायपुर , श्री धंसराज टंडन अध्यक्ष सर्व समाज कोंडागांव,शंभूनाथ चांदेकर विश्रामपुरी, हिमांशु दुर्गम बीजापुर, मंगलूराम नुरेटी नारायणपुर , श्री धर्मेन्द्र मेश्राम कांकेर, श्री कमलेश रामटेके सचिव बौद्ध समाज जगदलपुर,,जयंत वासनीकर पूर्व अध्यक्ष लंजोड़ा, श्री शिवशंकर कावड़े सरपंच बण्डापाल , श्री रामसाय नाग सरपंच भोंगापाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के संयोजक अनिल खोबरागड़े ने संचालन एवं बौद्ध समिति भोंगापाल के सचिव दिनेश सोरी ने आभार व्यक्त किया ।इस अवसर पर प्रमुख रूप से कुलदीप खापर्डे, भोजेन्द रामटेके,गौतम रंगारी, धनेश रामटेके, जीवन लाल मेश्राम, जयप्रकाश वासनीकर, ज्वाला प्रसाद तुरकर , कृष्णादत्त उपाध्याय, बुद्धदेव संरक्षण समिति भोंगापाल के अध्यक्ष फूल सिंह कोर्राम, जनपद सदस्य बुदयारिन दुग्गा,बिरसिंह मरापी, पूर्व जनपद सदस्य लक्ष्मण उसेंडी,सरपंच गण सुखदेव सोरी,जगत नाग,जुनूराम सलाम,रस्सूराम मंडावी, को उप सरपंच विनोद मरापी, सुरेश बघेल, ग्राम पटेल जग्गूराम नाग ,सुकमन सलाम,सोपसिंह कोर्राम,लक्ष्मण दीवान, रामलाल सोरी, जयसिंह मंडावी, रूप सिंग नाग सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के पश्चात ग्राम वासियो की ओर से सभी के लिए मैत्री भोज की व्यवस्था की गई थी।

# कलेक्टर ने सुशासन तिहार के आवेदनों के निराकरण की समीक्षा

**कोण्डागांव,** 14 मई (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक का आयोजन कर जिले में शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पेयजल एवं विद्युत जैसी बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



## सड़क सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं में सुधार हेतु दिए निर्देश

बैठक में सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की विभागवार गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने लंबित आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक निराकरण के निर्देश देते हुए कहा कि जन समस्याओं का गंभीरता के साथ कार्यवाही करें। कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा के मद्देनजर हेलमेट की अनिवार्यता और यातायात नियमों के कड़ाई से पालन करने, बायपास मार्ग के निर्माण की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के साथ ही जिले में जर्जर सड़कों, पुल-पुलियों की मरम्मत हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। वहीं प्रधान मंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण में तेजी लाने हेतु सभी जनपद सीईओ को फील्ड विजिट कर निगरानी रखने को कहा। वहीं धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना के क्रियान्वयन के लिए अधोसंरचना विकास संबंधी प्रस्ताव सभी विभागों से शीघ्र प्रस्तुत करने, शिक्षा विभाग को युक्त युक्तिकरण कार्य सावधानीपूर्वक तथा समय सीमा में पूरा करने और जाति प्रमाण पत्र व अपार आईडी बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा आगामी 14 मई से आरंभ हो रहे समर कैंप की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने प्रतिभागियों के पंजीयन और समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के खेल विभाग को निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को अस्पतालों में सभी आवश्यक उपकरणों को दुरुस्त रखने तथा हाईवे पर स्थित अस्पतालों में आपातकालीन कक्ष की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही सभी तहसीलदारों व जनपद सीईओ को अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं और स्टाफ की उपस्थिति की जानकारी लेने, ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर लंबित आवेदनों की समीक्षा के दौरान कई आवेदनों की वापसी पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में धान उठाव की स्थिति की समीक्षा के साथ जिले में पर्यटन विकास के लिए कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर डीएफओ चूडामणि सिंह, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं



**कोण्डागांव,** 14 मई (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने 13 मई 2025 को जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक के बाद जनदर्शन में विभिन्न समस्याओं और मांग को लेकर पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं से अवगत हुए और संबंधित अधिकारियों को उनके निराकरण हेतु निर्देशित किया। जनदर्शन में ग्राम आलबेड़ा की महिलाओं ने महतारी वंदन योजना एवं वृद्धा पेंशन नहीं मिलने की बात कही, जिस पर कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया। वहीं ग्राम शामपुर के भरत दास मानिकपुरी बिजली की समस्या, ग्राम बड़े भिरावड निवासी राम नेताम ने पेयजल समस्या, ग्राम बड़ेराजपुर निवासी बुधसिंह सेठिया के कृत्रिम पैर दिलाने की मांग की पूर्ति करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार आवास, मोबाइल नेटवर्क की समस्या, विभिन्न राजस्व प्रकरणों, आंगन बाड़ी एवं सड़क की मांग सहित विभिन्न मांगों को लेकर 25 आवेदन प्राप्त हुए।

# जिले के मेधावी विद्यार्थियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित



**कोण्डागांव,** 14 मई (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्ट्रेट भवन के प्रथम तल स्थित सभा कक्ष में मंगलवार को जिले के विभिन्न विद्यालयों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना ने छात्रों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंटकर उन्हें आगे भी इसी तरह मेहनत करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

सम्मानित विद्यार्थियों में कक्षा 5 वीं से पी.एम. श्री विश्रामपुरी की यामिनी मरकाम, सेजेस जामकोटपारा से नित्याभ दिवान, गिरीदीप हाई स्कूल केशकाल से हिमांश सिन्हा, कुशाग्र मंगलम निराला, तंसुश्री पटेल एवं कृतिका यादव, प्राथमिक शाला देवगांव से सुर्या ठाकुर, और पी.एम.श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय माकड़ी से आलोक शर्मा शामिल हैं।

कक्षा 8 वीं से पी.एम.श्री सेजेस केशकाल की निकिता कुंभकार, कन्या शिक्षा परिसर पीपरा की अंजली मरकाम, और पी.एम.श्री महात्मा गांधी वार्ड कोंडागांव से चिरंजीव देवांगन को सम्मानित किया गया।

वहीं कक्षा 10 वीं से पी.एम.श्री केशकाल के आदिदेव सोनवानी, सेजेस जामकोट कोंडागांव की मुस्कान देवांगन, पी.एम.श्री फरसगांव की याशिका चौधरी एवं यशस्वी सोंसर्वे को सम्मान प्राप्त हुआ।

कक्षा 12 वीं में सेजेस जामकोटपारा की शिवानी पटेल, पी.एम.श्री केशकाल की जैनाब पारेख और शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडागांव की निशा पांडेय को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी ने जिले का गौरव बढ़ाया है। भविष्य में भी इसी तरह मेहनत करते रहिए और अपने परिवार, समाज एवं राज्य का नाम रोशन कीजिए।

# विखं केशकाल के बटराली में समाधान शिविर का आयोजन



**कोण्डागांव.** 14 मई (देशबन्धु)। कोण्डागांव जिले के विकास खंड केशकाल के ग्राम पंचायत बटराली में सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत तीसरे समाधान शिविर का आयोजन किया गया, समाधान शिविर बटराली क्लस्टर के 10 ग्राम पंचायत शामिल थे, इस समाधान शिविर में जनपद अध्यक्ष श्रीमती नंदनी पोटाई, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मरकाम तथा जनपद सदस्यगण तथा सभी 10 ग्राम पंचायत के सरपंच गण उपस्थित रहे। शिविर में जनपद अध्यक्ष के द्वारा सभी को जल संरक्षण के संबंध में शपथ दिलाया गया। समाधान शिविर में उद्यानिकी विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को सब्जी बीज, राजस्व विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों को किसान किताब, 26 जाति प्रमाण पत्र एवं 10 निवास प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, कृषि विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों को धान बीज, जनपद पंचायत द्वारा 10 हितग्राहियों का पेंशन स्वीकृति एवं 24 को मनरेगा जाब कार्ड, खाद्य विभाग द्वारा 25 को राशन कार्ड, हितग्राहियों को विभागों द्वारा अपनी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। समाधान शिविर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अंकित चौहान, जनपद सीईओ केशकाल, तहसीलदार केशकाल तथा सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बडेडोंगर सुशासन तिहार शिविर में मुख्यमंत्री के विजन की झलक

**कोण्डागांव,** 14 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जिले के फरसगांव विकास खंड के ग्राम पंचायत बडेडोंगर में मंगलवार को क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मुख्य मंत्री विष्णु देव साय के विजन और संकल्प को धरातल पर उतारकर आम जन की समस्याओं को गांवस्तर पर हल करने की पहल है।



शिविर का शुभारंभ जनपद पंचायत फरसगांव के अध्यक्ष मानकु राम नेताम, जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग, जनपद सदस्य मंगूराम व श्रीमती पूर्णिमा पोयाम, सरपंच झारी राम सलाम सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा किया गया।

## 361 प्राप्त आवेदनों में 61 का मौके पर ही निराकरण

शिविर में 12 पंचायतों को प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। तथा इस शिविर में कुल 361 आवेदन शिविर में प्राप्त हुए, जिनमें से 41 का मौके पर निराकरण कर दिया गया, शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए आवेदकों को समयबद्ध सूचना देने का आश्वासन दिया गया।

**शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया**

खाद्य विभाग द्वारा 58 हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित, स्वास्थ विभाग द्वारा 13 आयुष्मान कार्ड और 15 मच्छरदानी वितरण किया गया, कृषि विभाग द्वारा 36 केसीसी किसान कार्ड, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 10 लोगों को मनरेगा जॉब कार्ड, उद्यानिकी विभाग से 10 हितग्राहियों को सब्जी बीज वितरण किया गया, वहीं जाति प्रमाण पत्र के 6 और 37 जन्म प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में 122 लोगों की स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

इस अवसर पर शिविर प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अश्वन कुमार पुसाम, तहसीलदार डॉ.जय कुमार नाग, एस.डी.ओ.पी अभिनव उपाध्याय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी रूपेन्द्र नेताम सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ, सरपंच, पंच और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और समस्या के समाधान से संतुष्ट किसानों ने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सड़क सुरक्षा के संबंध में हुई जागरूकता बैठक



**कोण्डागांव,** 14 मई (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु 14 मई को फ़रसगांव विकास खंड के लंजोड़ा क्लस्टर अंतर्गत फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा के संबंध में पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों की बैठक ली गई। उक्त बैठक में जैतपुरी, कोसागांव, काबोंगा सिरसीकलार, कुम्हार बडगांव, सोड़मा, सिरपुर और गुमड़ी के ग्रामीण शामिल हुए। बैठक में ग्रामीणों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई और सड़क सुरक्षा नियमों, यातायात संकेतों, सावधानीपूर्वक एवं निर्धारित गति में वाहन चलाने, दोपहिया वाहनों को हेलमेट के उपयोग करने सहित सड़क पर दुर्घटना पीड़ित व्यक्ति की हमेशा मदद करने हेतु सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इसके अलावा उस क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट में सुधार हेतु आवश्यक कार्यवाही की गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा जारी एम्बुलेंस नंबर 7582902264 के बारे में जानकारी दी गई और इसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने को कहा गया।इस दौरान तहसीलदार फ़रसगांव जय कुमार नाग, जनपद पंचायत सीईओ रूपेंद्र कुमार नेताम, निरीक्षक यातायात कोण्डागांव मुकेश कुमार जोशी, सभी ग्राम सचिव और कोटवार भी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर से एसटी, एससी, ओबीसी समन्वय समिति के प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट

**कोण्डागांव,** 14 मई (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना से जिला कार्यालय के सभा कक्ष में एसटी, एससी, ओबीसी मूल निवास समाज समन्वय समिति के प्रतिनिधिमण्डल ने सौजन्य भेंट कर जिले के विभिन्न मुद्दों से जुड़ी विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने बैठक में जिले के विभिन्न समस्याओं के निराकरण और शिक्षा, रोजगार के साथ शासन की योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन के साथ आपसी समन्वय पर जोर दिया। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिला प्रशासन सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर है और दुघटनाओं के रोकथाम के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने समाज प्रमुखों से भी कहा कि वे यातायात नियमों को लेकर समाज में जागरूकता लाने में सहयोग करें। जिला प्रशासन समाज को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ सकारात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव मदद की जाएगी। उन्होंने समाज प्रमुखों से अपील करते हुए कहा कि समाज के सभी वर्ग एकजुट होकर कार्य करें और जिले के विकास में अपना योगदान दें।



## समाज के विकास और कल्याण के लिए विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

बैठक में समिति के सदस्यों ने मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक, नाबालिगों को वाहन न देने, दुर्घटनाजन्य स्थलों की मरम्मत तथा यातायात नियमों के सख्त पालन जैसे सुझाव प्रस्तुत किए। साथ ही जिले में वन भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण को रोकने प्रभावी कदम उठाए जाने पर जोर दिया गया।

**मृत परिजन की स्मृति में वृक्षारोपण की पहल, कलेक्टर ने की सराहना**

बैठक में वन सुरक्षा समिति बनियागांव के उपाध्यक्ष कृष्णा पटेल ने एक नवाचार की जानकारी दी कि ग्राम में किसी परिजन की मृत्यु पर उनकी स्मृति में वृक्षारोपण किया जा रहा है। कलेक्टर ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण और स्मृति को सहेजने की सकारात्मक दिशा बताया। बैठक में एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न समाजों के प्रमुख उपस्थित रहे।

# सामूहिक योगाभ्यास से ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**कोण्डागांव,** 14 मई (देशबन्धु)। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आज सुबह खेलो इंडिया सेंटर में शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी उपस्थित रहे। शिविर की शुरुआत सामूहिक योगाभ्यास से हुई, जिसमें कलेक्टर, न.पा.उपाध्यक्ष श्री उसेंडी, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं शिविर में भाग ले रहे प्रतिभागी शामिल हुए। कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने अपने संबोधन में कहा कि हर व्यक्ति किसी न किसी खेल में रुचि रखता है और यदि उसे सही दिशा एवं प्रशिक्षण मिले, तो वह उस खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकता है। उन्होंने कहा कि कोंडागांव जिले में खेलों की अपार संभावनाएं हैं और यहां के युवा विभिन्न खेलों में लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह जज्बा आगे भी बना रहेगा और खिलाड़ी जिले, राज्य एवं देश का नाम रोशन करेंगे।



नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान नि:शुल्क खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएं और अपने पसंदीदा खेल में मन लगाकर मेहनत करें। किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए तन और मन दोनों का स्वस्थ होना आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में तीरंदाजी की सुशीला नेताम जिसने राष्ट्रीय खेल उत्तराखण्ड में कांस्य पदक अर्जित किया है और शतरंज के मयंक श्रीवास्तव जिनका चयन राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में हुआ है, का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। साथ ही प्रतिभागियों को आवश्यक खेल सामग्री का वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ीगण उपस्थित रहे।

# रेडी टू ईट निर्माण स्थल का कलेक्टर ने लिया जायजा



**दंतेवाड़ा,** 14 मई (देशबन्धु)। जिले के महिला बाल विकास विभाग के 8 परियोजना अंतर्गत रेडी टू ईट निर्माण यूनिट स्थापित किए जाएगें। इनमें से पांच स्थान कुआकोंडा, बड़े गुडरा, गीदम, बारसूर, दंतेवाड़ा में रेडी टू ईट निर्माण यूनिट स्थापित करने के लिए स्वचालित मशीनें क्रय की जा रही है। इस निर्माण यूनिट के संचालन का जिम्मा स्व सहायता समूहों की महिलाओं को दिया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा कुआकोंडा में रेडी टू ईट निर्माण स्थल का निरीक्षण करते हुए इसी माह प्रारंभ करने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया।

# भारतीय सेना के सम्मान में कांग्रेस ने मंत्री विजय शाह का पुतला दहन किया



**कोण्डागांव,** 14 मई (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह के द्वारा कर्नल सोमिया के लिए किये गए अपमानजनक टिप्पणी का कड़ा विरोध दर्ज करने के क्रम में पुतला दहन का आयोजन करने के छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश का पालन करते हुए कोण्डागांव जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 14 मई को मंत्री विजय शाह का पुतला दहन किया गया। कोण्डागांव जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा किए गए पुतला दहन के दौरान पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, नरेंद्र देवांगन, तरुण गोलछा, सकुर खान, रितेष पटेल सहित अन्य कांग्रेसी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजुद रहे।

# दफ्तरों के चक्कर काटने से बचें, शिविर का लाभ उठाएं

**दंतेवाड़ा,** 14 मई (देशबन्धु)। कुआकोंडा विकासखंड के ग्राम समेली में हुए समाधान शिविर के आयोजन में क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से पंचायत स्तर पर शिविर के आयोजन हो रहे हैं।



श्री अटामी ने कहा कि इन शिविरों में ग्रामीणों के विभिन्न समस्याओं और मांगों के अलावा जैसे जाति, आय प्रमाण-पत्र बनाए जाना, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाने जैसे कार्य युद्ध स्तर पर किये जा रहे हैं। अत: ग्रामीणों की जिम्मेदारी है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण करायें। इसके लिए उन्हें किसी भी कार्यालय का चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं है। प्रशासन स्वयं उनके घर द्वार पर आकर उनकी समस्याओं का निराकरण कर रहा है। इसके साथ ही उन्होंने राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्य शासन कि मंशा है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे और प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सभी की सहभागिता हो।

- समेली समाधान शिविर में विधायक का आह्वान
- कलेक्टर ने दी विभिन्न योजनाओं की जानकारी
- मौके पर ही 514 आवेदनों का किया गया निराकरण

समाधान शिविर में उपस्थित कलेक्टर कुणाल दुदावत ने भी ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे अपने सभी मांगों और आवेदनों जैसे तार फेंसिंग, मुर्गी और बकरी पालन शेड निर्माण जैसे रोजगार मूलक आवेदनों को संबंधित विभाग के समक्ष प्रस्तुत करें, जिसे विभागों द्वारा आगामी लक्ष्य निर्धारण कर राज्य शासन को प्रेषित किया जा सके। साथ ही आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्रों या अन्य दस्तावेजों में किसी भी प्रकार की त्रुटि या कमी पायी जाती है तो अधिकारी और कर्मचारी स्वत- हितग्राही से संपर्क कर उनकी दस्तावेजों में सुधार कर हितग्राहियों की समस्याओं का समाधान करें। इस दौरान अतिथियों द्वारा विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया गया। वहीं उनके द्वारा 10 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 3 शिशुओं का अन्नप्रासन्न करवाया गया। इस मौके पर चार हितग्राहियों को नवीन राशनकार्ड एवं 1 दिव्यांगजन को बैसाखी प्रदान की गई। इस समाधान शिविर में प्राप्त कुल 514 आवेदन पत्रों में सभी आवेदनों का निराकरण किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, एसडीएम बचेली कमल किशोर के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# कलेक्टर के निर्देश पर किसानों की समस्याओं का हुआ समाधान

## खेतों में शुरू हुई बिजली आपूर्ति



**कोण्डागांव,** 14 मई (देशबन्धु)। साप्ताहिक जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक जांच के पश्चात् निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यवाही की जा रही है, जिससे समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है और आवेदकों को राहत मिल रही है। गत जनदर्शन में बड़ेराजपुर विकास खण्ड के ग्राम रामपुर के किसानों ने कलेक्टर के समक्ष शिकायत की थी कि खेतों में विद्युत पोल, तार और ट्रांसफार्मर लगाए जाने के बावजूद विद्युत आपूर्ति प्रारंभ नहीं की गई है। किसानों ने बिजली लाइन चालू करने का निवेदन किया था। कलेक्टर के निर्देश पर विद्युत विभाग द्वारा गुरुवार को सभी छह किसानों के खेतों में मीटर स्थापित कर विद्युत आपूर्ति शुरू कर दी गई है। अब किसान अपने खेतों में सिंचाई कर पा रहे हैं। जिला प्रशासन की त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई और समस्या के समाधान से संतुष्ट किसानों ने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

उल्टा पुल्टा

टीचर- बीरबल कौन था?
पप्पू- पता नहीं सर.
टीचर- पढ़ाई पर ध्यान दो तो पता चले.

## संपादकीय

### नागरिक सुरक्षा वालंटियर बनें

*भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा पहलगाम (कश्मीर) में 26 पर्यटकों और एक स्थानीय गाइड को मार डालने के बाद दोनों देशों के बीच चला 5 दिवसीय संघर्ष चाहे हल्का पड़ गया हो, लेकिन इसने एक बार फिर से नागरिकों की सुरक्षा के लिये मजबूत व्यवस्था बनाये जाने की ज़रूरत को सामने लाया है। सीमाओं पर तनाव कम ही सही पर अभी भी बना हुआ है जो कभी भी गम्भीर रूप धारण कर सकता है। पंजाब, जम्मू एवं गुजरात के कुछ इलाकों में हुई गोलीबारी तथा अनेक भारतीयों के मारे जाने या घायल होने के बाद देश भर के सभी राज्यों में सिविल डिफेंस वॉलंटियरों की फौजें खड़ी करनी ज़रूरी हो गयी हैं। चूंकि पाकिस्तान के पास लम्बी दूरी की मिसाइलें एवं खतरनाक आयुध हैं अतः कोई भी क्षेत्र उनके निशाने पर आ सकता है। हालांकि भारतीय सेना पर्याप्त मजबूत तथा सतर्क है, फिर भी बचाव की तैयारियां कर रखनी अपरिहार्य है- खासकर शहरों में।*

*इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार के 9 जिलों को सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक बनाया जायेगा। इसके तहत हर जिले में 300 वॉलंटियर भर्ती किये जायेंगे। ये जिले हैं- रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जगदलपुर, अंबिकापुर, जांजगीर-चाम्पा, धमतरी और दंतेवाड़ा। इन कार्यकर्ताओं को 2-3 दिनों का इस बात के लिये प्रशिक्षण दिया जायेगा कि युद्ध की स्थिति में किस प्रकार से नागरिकों का बचाव करना है। यह नियमित प्रक्रिया होगी तथा हर वर्ष वॉलंटियरों की सूची को अद्यतन किया जायेगा। वैसे रायपुर, राजनांदगांव, सुकमा तथा कोरबा में आपदा मित्र बनाये गये थे लेकिन उनकी सूची अपडेट नहीं हुई थी जो अब की जायेगी। उनका कुछ वर्षों से प्रशिक्षण भी नहीं हुआ था। अब इसकी भी तैयारियां की जा रही हैं। यह कार्य शांति काल में भी होते रहना चाहिये। चूंकि वर्षों से देश किसी युद्ध में नहीं गया है, इसलिये सम्भवतः इसकी ओर प्रशासन व सरकार का ध्यान नहीं गया होगा लेकिन कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा उनके प्रशिक्षण की नियमित व्यवस्था होनी चाहिये।*

*अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ ने रविवार को पुलिस, होम गार्ड तथा एसडीआरएफ के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस काम को आगे बढ़ाने के निर्देश दिये। सिविल डिफेंस जिलों में वॉलंटियरों की भर्ती कलेक्टर कराएंगे। इसके लिये इच्छुक लोगों को रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसके लिये 18 से 45 वर्षों तक के व्यक्ति पात्र होंगे। कुछ जिलों में इसमें छूट दी गयी है। भर्ती होने के बाद वॉलंटियरों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), स्काउट्स एंड गाइड सहित अन्य संगठनों के तथा सामान्यजन इसमें शामिल हो सकते हैं जो नागरिकों*

# ऑपरेशन सिंदूर : बीजेपी ने निकाली तिरंगा यात्रा

## आतंकियों ने माताओं-बहनों का सिंदूर उजाड़ा, सैनिकों ने टेररिस्ट सेंटर ही उजाड़ दिया : साय






**रायपुर**, 14 मई(देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाकर बदला लिया। इसलिए बीजेपी ने बुधवार शाम को रायपुर में तेलीबांधा ;मरीन ड्राइव से जयस्तंभ चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली। जिसमें नेताओं के अलावा सर्व समाज साधु.संत और सैनिक परिवार भी शामिल हुआ। सीएम विष्णुदेव साय ने कहा किए देश के सैनिकों ने पाकिस्तान के 9 ठिकानों को तबाह किया। जिसमें आतंकी पलते बढ़ते थे। आतंकियों ने हमारी माताओं.बहनों का सिंदूर उजाड़ने का काम किया था उनके केंद्र को ही उजाड़ने का काम हमारे सैनिकों ने किया है। हम उनके अदम्य साहस को नमन करते हैं।

सीएम ने कहा कि कोई भी गलतफहमी में किसी को नहीं रहना है। अभी ऑपरेशन सिंदूर स्थगित हुआ हैए खत्म नहीं। इस तरह की अफवाह न फैलाएं सोशल मीडिया पर तरह.तरह की बातें चल रही है। जिन लोगों ने माता.बहनों का सिंदूर उजाड़ा है। उन्हें चुन.चुन कर सेना मारेगी। भारत का सिर हमेशा ऊंचा रहेगा।

**अब पाकिस्तान ने नजर उठाकर देखा तो कड़ा प्रहार होगा : किरण सिंहदेव**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा किए अब पाकिस्तान ने नजर उठाकर देखा तो कड़ा प्रहार होगा। रायपुर शहर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा किए पाकिस्तान सुधर जाए वरना उसे उजाड़ देंगे।

रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने कहा किए पाकिस्तान को घुसकर मारेंगे। बता दें किए इसका आयोजन प्रदेश स्तर जिला स्तर और मंडल स्तर पर किया जा रहा है। भूतपूर्व सैनिक भी तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

पूर्व सैनिक कल्याण फाउंडेशन रायपुर के भूतपूर्व सैनिक भी तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। जिसमें दिनेश मिश्रा संदीप पुरानकर रविप्रताप तिवारी गंगा प्रसाद शर्मा आर के श्रीवास्तव प्रबल मिश्राए राम कुमार मिश्राए अजय सिंह आर के सोनी के के गोयलए भारत शर्माए अशोक जायसवाल रविशंकर वर्मा विजय कुमार साहूए कमल किशोर साहू सोहन लाल और गौरव पवार शामिल हैं। राष्ट्रगान के साथ तिरंगा यात्रा और सभा खत्म हुई।

**ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ भारत का सिर हमेशा ऊंचा रहेगा : सीएम साय**

सीएम साय ने कहा किए देश के सैनिकों ने पाकिस्तान के 9 ठिकानों को तबाह किया। जिसमें आतंकी पलते बढ़ते थे। हमारी माताओं.बहनों का सिंदूर उजाड़ने का काम किया थाए उनके केंद्र को ही उजाड़ने का काम हमारे सैनिकों ने किया है। हम उनके अदम्य साहस को नमन करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ है। इस तरह की अफवाह न फैलाएं सोशल मीडिया पर तरह.तरह की बातें चल रही है। जिन लोगों ने माता.बहनों का सिंदूर उजाड़ा है। उन्हें चुन.चुन कर सेना मारेगी। भारत का सिर हमेशा ऊंचा रहेगा।

## जब ट्रैफिक जाम में फंसे वित्त मंत्री





राजधानी रायपुर में आज भाजपा की ओर से आयोजित तिरंगा यात्रा के दौरान एक दिलचस्प नजारा देखने को मिला तेलीबांधा ;मरीन ड्राइवद्ध से जयस्तंभ चौक तक निकाली गई इस भव्य यात्रा में शामिल सभी मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों के काफिले ट्रैफिक जाम में फंस गए इसी दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी का काफिला भी नगर घड़ी चौक के पास रुक गया जिसके बाद वे भाजयुमो उपाध्यक्ष अश्वनी विश्वकर्मा की एक्टिवा पर बैठकर घड़ी चौक से शंकर नगर बंगले तक पहुंचे।

इस संबंध में भारतीय जनता युवा मोर्चा रायपुर के उपाध्यक्ष अश्वनी विश्वकर्मा ने फेसबुक पर एक पोस्ट में बताया कि तिरंगा यात्रा के समापन पर सभी मंत्रियों की गाड़ी जाम में फंस गई थी जिसमें हमारे यूथ आइकॉन एवं छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी का काफिला भी शामिल था इस दौरान अश्वनी विश्वकर्मा ने मंत्री ओपी चौधरी से कहा कि मैं आपको बंगले तक छोड़ देता हूं जिसके बाद वित्त मंत्री चौधरी एक सामान्य इंसान की तरह एक्टिवा मोपेड पर बैठे और नगर घड़ी चौक से शंकर नगर बंगले पहुंचे।

भाजयुमो नेता अश्वनी ने बताया कि इस बीच मंत्री ओपी चौधरी का मार्गदर्शन मिला उन्होंने करियर से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातें साझा की छत्तीसगढ़ की माटी से जुड़े हुए सरल सहज और मिलनसार मंत्री ओपी चौधरी का यह रूप वास्तव में प्रेरणादायक है यह तिरंगा यात्रा हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा चलाए गए सफल ऑपरेशन सिंदूर_ के सम्मान में निकाली गई थी।

## छत्तीसगढ़ की ट्रेनों में अब रिश्वत लेकर सेटिंग नहीं कर पाएंगे टीटीई

**रायपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली ट्रेनों में अब टीटीई रिश्वत लेकर सीट अलॉट नहीं कर पाएंगे. ऐसा इसलिए क्योंकि उनके पास कैमरा होगा, यदि वो ऐसा करते है तो उनकी करतूत खूद उनके कैमरे में कैद हो जाएगी. दरअसल यात्रियों की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है. मंडल के 50 टिकट चेकिंग कर्मचारियों को बॉडी वार्न कैमरे प्रदान किए गए हैं, जिससे यात्रा के दौरान पारदर्शिता बनी रहे और किसी भी अप्रिय स्थिति की निगरानी की जा सके.

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका विजय शाह का पुतला

## राजीव गांधी चौक और कांग्रेस भवन में प्रदर्शन

**रायपुर,** 14 मई(देशबन्धु)। मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में असंगठित क्षेत्र व समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक एवं प्रदेश कांग्रेस महामंत्री कन्हैया अग्रवाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी चौक पर विजय शाह का पुतला दहन किया।इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा मंत्री के बयान को भारतीय सैनिकों का अपमान बताया।उन्हें मंत्री पद से हटाकर विधानसभा से निष्कासित करने मांग की है।



प्रमोद दुबे ने कहा कि मंत्री विजय शाह द्वारा दिया गया बयान क्षमा योग्य नही है उनका यह बयान कर्नल सोफिया नही बलकि पूरी भारतीय सेना का अपमान है, ऐसे मंत्री को तत्काल बरर्खास्त कर उनके खिलाफ एफआईआर होना चाहिए। इस पुतला दहन कार्यक्रम मे कन्हैया अग्रवाल पंकज शर्मा उधोराम वर्मा मदन तालेड़ा सुरेश ठाकुर नवीन चंद्राकर प्रशांत ठेंगडी दिनेश ठाकुर आकाश तिवारी बंशी कन्नौजे अविनय दुबे दिनेश तिवारी योगेश तिवारी नंदकुमार पटेल गावेश साहू प्रवीण चंद्राकर शीतल कुलदीप बोगा पंकज सिंह ठाकुर भूपेंद्र जलक्षत्री सुयश शर्मा संगीता दुबे आदि उपस्थित थे।

मोहम्मद सिद्दीक ने कहा हमारे सेना के जवानों ने अदम्य साहस साहस का परिचय दिया है। हर भारतीय को हमारी सेना पर गर्व है। संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा अशोभनीय बयान हमारे सैनिकों का अपमान और मनोबल गिराने वाला है। विजय शाह को तुरंत मंत्री पद से हटाकर उनकी विधानसभा से सदस्यता निरस्त करनी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान ब्लाक अध्यक्ष नवीन चंद्राकर शब्बीर खान, राजेश त्रिवेदी, मुकुंद कागड़ेलवार, शरद गुप्ता, देवेंद्र पवार, शैलेन्द्र शर्मा, सुषमा ध्रुव, आरती माहुरी, श्रेयांश शुक्ला, विकास मित्तल जैन, करण राज, शुभम निर्मलकर, अजय दास बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बिजली कटौती से नाराज व्यापरियों का प्रदर्शन

**रायपुर,** 14 मई(देशबन्धु)। रायपुर के अवंति विहार इलाके में लगातार हो रही घंटों बिजली कटौती की शिकायत को लेकर अवंति विहार व्यापारी संघ ने खम्हारडीह चौक स्थित बिजली कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान व्यापारियों ने बिजली विभाग के दफ्तर के सामने जमकर नारेबाजी की। व्यापारियों ने कहा कि गर्मी से पहले मेन्टेनेंस के नाम पर बिजली विभाग ने कई बार बिजली काट कर काम करवाया है। लेकिन अभी कुछ दिनों से बारिश और थोड़ी से आंधी में ही बिजली बंद कर दी जा रही है। 4 से 5 घंटे तक बिजली बंद रहती है जिसके कारण व्यापार प्रभावित होता है।

**खम्हारडीह बिजली ऑफिस के बाहर नारेबाजी**

अवंति विहार व्यापारी संघ ने अध्यक्ष और भाजपा नेता राजकुमार राठी ने कहा क्षेत्र मे 6.6 घंटा लाइट बंद की जा रही है। थोड़ी सी हवा चलती है बिजली विभाग बिजली बंद कर देता है। पूरे क्षेत्र में हम भाजपा के लिए वोट मांगने जाते है। लोगों के घरों में बिजली गुल होती है तो लोगों की शिकायत हमें आती है। लेकिन जब हम बिजली ऑफिस में शिकायत के लिए फोन करते है कोई जवाब नहीं देता। इस दौरान राजकुमार ने बिजली विभाग के अधिकारी से कहा कि हम जो बिजली का बिल जमा करते है उससे आपकी सैलरी बनती है। आप जनसेवक है और हम जन प्रतिनिधि है। बिजली की समस्या का जल्द ठीक करें।



■ **भाजपा नेता ने अधिकारी से बोला- हम जो बिल देते है उससे आपकी सैलरी बनती है जल्द समस्या ठीक करें**

**उग्र प्रदर्शन की चेतावनी**

अवंति विहार व्यापारी संघ ने बिजली विभाग के अधिकारियों को 72 घंटे में का अल्टीमेटम दिया है। वही बिजली कटौती की समस्या को 3 दिनों में ठीक नही की करने उग्र प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। कहा है कि इसी तरह बिजली कटौती और आंधी के दौरान बिजली बाधित हुई तो विद्युत केंद्र के बाहर बड़ा प्रदर्शन करेंगे।

# डिफेंस सिस्टम के लिए खोले रास्ते, एयरोस्पेस को खास पैकेज

**रायपुर,** 14 मई(देशबन्धु)। कैबिनेट ने आज कुछ ऐसे फैसले किए हैं, जिससे छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय सुरक्षा और एयरोस्पेस यूनिट्स की स्थापना का रास्ता साफ होगा। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में लखनऊ में ब्रम्होस मिसाइल बनाने की यूनिट का उद्घाटन हुआ है। छत्तीसगढ़ सरकार भी इसी दिशा में आगे बढ़ रही है। साय कैबिनेट ने आज विस्तृत विचार-विमर्श के बाद ऐसी नीति को मंजूरी दी है, जिससे डिफेंस और एयरोस्पेस टेकनालाजी वाली यूनिट्स प्रदेश में आईं तो उन्हें खास पैकेज दिए जाएंगे। अभी छत्तीसगढ़ में ऐसी कोई भी यूनिट नहीं है, जिससे देश की रक्षा प्रणाली को मदद मिल रही हो। साय कैबिनेट में ऐसी यूनिट्स के लिए खास पैकेज घोषित करने के बाद अब ऐसी यूनिट्स को यहां लाने की कोशिश राष्ट्रीय स्तर पर शुरू करेंगे।जिससे देश के डिफेंस सिस्टम में भी छत्तीसगढ़ की सहभागिता हो।

■ **बस्तर-सरगुजा में होटल के लिए इन्वेस्टमेंट लिमिट घटाइ**

कैबिनेट ने उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कई अहम बिंदुओं पर संशोधन लाए हैं, जिनमें ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर के साथ-साथ डिफेंस और एयरोस्पेस सेक्टर को विशेष पैकेज की घोषणा शामिल है। इसके अलावा सरकार प्रदेश में निजी औद्योगिक पार्क के लिए अधोसंरचना अनुदान में बढ़ोत्तरी तथा प्लग एंड प्ले फैक्ट्री निर्माण को भी प्रोत्साहन देने जा रही है।

कैबिनेट ने छत्तीसगढ़ राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने और निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य की औद्योगिक विकास नीति 2024-30 में कई महत्वपूर्ण संशोधनों को मंजूरी दी है। इससे राज्य की औद्योगिक नीति और अधिक रोजगारपरक, व्यापक और उद्यमों के लिए लाभकारी हो जाएगी। ये संशोधन और उनसे होने वाले लाभ इस प्रकार हैं।

युवाओं को रोजगार - नई नीति के तहत जिन कंपनियों में छत्तीसगढ़ के लोगों को नौकरी मिलेगी, उन्हें सरकार अनुदान देगी।

हाइटेक खेती को बढ़ावा - हाइड्रोपोनिक और ऐरोपोनिक के साथ-साथ किसानों को खेती की नई तकनीक का लाभ मिलेगा।

ट्रेनिंग और खेल सुविधाएं- खेल अकादमी और निजी प्रशिक्षण केंद्रों को प्रोत्साहन, इससे बेहतर ट्रेनिंग और करियर के अवसर।

एक नई शुरुआत यह भी -ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग व सर्विस सेंटर को प्रदेश के सभी विकासखण्ड समूहों में मान्य किया जाएगा।

पर्यटन और होटल को बढ़ावा -बस्तर और सरगुजा संभाग में होटल और रिसॉर्ट बनाने के लिए निवेश की न्यूनतम सीमा घटाई।

कपड़ा उद्योग को प्रोत्साहन - टेक्सटाइल सेक्टर में निवेश करने अब 200 प्रतिशत तक प्रोत्साहन सरकार की ओर से मिलेगा।

लॉजिस्टिक हब की तैयारी- राज्य के हर हिस्से में माल ढुलाई को आसान बनाने के लिए नई लॉजिस्टिक नीति लाई जाएगी।

दिव्यांगजनों को विशेष लाभ-दिव्यांगजनों की परिभाषा को नया रूप दिया है, ताकि उन्हें ज्यादा योजनाओं का लाभ मिल सके।

# प्रदेश के कई जिलों में ऑरेंज और येलो अलर्ट

**तेज आंधी और बिजली गिरने की चेतावनी**



**रायपुर,** 14 मई(देशबन्धु)। मौसम ने एक बार फिर करवट ली है मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है जो रात 11. 33 बजे तक प्रभावी रहेगा इस दौरान तेज आंधी बिजली गिरने और गरज-चमक की आशंका जताई गई है।

मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए बताया है कि सुकमा बीजापुर दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा बस्तर और कोंडागांव जिलों में 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती है साथ ही मेघगर्जन और आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना है। इसके अलावा येलो अलर्ट में शामिल जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है इसमें सुकमा बीजापुर दंतेवाड़ा बस्तर नारायणपुर कोंडागांव उत्तर बस्तर कांकेर धमतरी गरियाबंद रायगढ कोरबा जशपुर सुरगुजा सूरजपुर और बलरामपुर शामिल हैं।

# तुर्की और अज़रबेजान की यात्राओं का बहिष्कार करने का आवाहन

## तुर्की और अजरबेजान के साथ व्यापार भी होगा बंद

**रायपुर,** 14 मई(देशबन्धु)। कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने चीन, तुर्की तथा अज़रबेजान द्वारा पाकिस्तान का खुला समर्थन करने पर देश भर के व्यापारियों एवं लोगों से आवाहन किया है कि वो तुर्की तथा अज़रबेजान की यात्राओं का पूर्ण बहिष्कार करें और इन दोनों देशों द्वारा भारत के ख़िलाफ़ पाकिस्तान का समर्थन करने पर करारा जवाब दें। चीन को लेकर विगत कई वर्षों से चीनी उत्पादों का बहिष्कार करने का अभियान चलाए हुए है, जिसका व्यापक असर पड़ा है। तुर्की एवं अज़रबेजान की यात्राओं के बहिष्कार के संबंध में कैट ट्रैवल एंड टूर ऑपरेटर्स संगठनों सहित विभिन्न अन्य संबंधित वर्गों से सम्पर्क कर इस अभियान को तेज करेगा। उधर दूसरी ओर तुर्की और अजरबेजान के साथ व्यापार बंद करने के मुद्दे पर अंतिम निर्णय आगामी 16 मई को द्वारा नई दिल्ली में आयोजित देश के प्रमुख व्यापारी नेताओं के एक राष्ट्रीय सम्मेलन में लिया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन ने आज यह आवाहन करते हुए कहा कि यदि भारतीय नागरिक तुर्की और अज़रबैजान की पाकिस्तान के प्रति समर्थन के विरोध में इन देशों की यात्रा का बहिष्कार करते हैं, तो इसका इन देशों की अर्थव्यवस्था, विशेषकर पर्यटन क्षेत्र पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार तुर्की में कुल विदेशी आगमन 62.2 मिलियन पर्यटक का था जिसमें अकेले भारत से ही लगभग 3 लाख पर्यटक थे। वर्ष 2023 की तुलना में भारतीय पर्यटकों की 20.7 प्रतिशत की वृद्धि थी। तुर्की का कुल पर्यटन राजस्व: 61.1 बिलियन था। एक भारतीय पर्यटक का औसत खर्च: 972 होता है और इस दृष्टि से भारतीय पर्यटकों का कुल अनुमानित खर्च 291.6 मिलियन के लगभग होता है।

यदि भारतीय पर्यटक तुर्की की यात्रा का बहिष्कार करते हैं, तो तुर्की को लगभग 291.6 मिलियन का प्रत्यक्ष नुकसान होगा। इसके अतिरिक्त, भारतीय पर्यटकों द्वारा आयोजित विवाह, कॉर्पोरेट कार्यक्रम और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों के रद्द होने से अप्रत्यक्ष रूप से और भी आर्थिक नुकसान हो सकता है। अज़रबैजान में भारतीय पर्यटकों का जिक्र करते हुए श्री जैन ने कहा कि यहाँ वर्ष 2024 में कुल विदेशी आगमन लगभग 2.6 मिलियन पर्यटक था जिसमें भारतीय पर्यटकों की संख्या लगभग 2.5 लाख थी और प्रति भारतीय पर्यटक औसत खर्च: 2,170 र्छ था जो लगभग 1,276 होता है। इस लिहाज से भारतीय पर्यटकों का खर्च 308.6 मिलियन के लगभग अज़रबेजान में होता है। भारतीय पर्यटकों के बहिष्कार से अज़रबैजान को लगभग 308.6 मिलियन का प्रत्यक्ष नुकसान होगा। चूंकि भारतीय पर्यटक मुख्यत: अवकाश, मनोरंजन, विवाह, और साहसिक गतिविधियों के लिए अज़रबेजान जाते हैं, इन क्षेत्रों में भी आर्थिक मंदी बड़े पैमाने पर हो सकती है।

इस आर्थिक नुकसान से तुर्की और अज़रबेजान पर भारत के प्रति अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करने का दबाव बढ़ सकता है वही पर्यटन से होने वाले सांस्कृतिक आदान-प्रदान में कमी भी होगी तथा दोनों देशों के थानीय व्यवसायों पर विपरीत प्रभाव भी पड़ेगा।इन देशों के होटल, रेस्तरां, टूर ऑपरेटर, और अन्य संबंधित व्यवसायों को भी नुकसान होगा।

**ऑपरेशन सिंदूर पर सियासत**

# भाजपा ने पूर्व सीएम का कार्टून पोस्टर किया जारी

**रायपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। ऑपरेशन सिंदूर पर केंद्र सरकार को घेरने के बाद पूर्व सीएम भूपेश बघेल का भाजपा ने कार्टून पोस्टर जारी किया है। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्टर शेयर कर भूपेश बघेल पर निशाना साधा है। भाजपा ने पोस्टर जारी करते हुए कहा कि लगता है कि राहुल गांधी का सेना पर सवाल उठाने का कार्यभार भूपेश बघेल को मिला है।

■ **सेना पर सवाल उठाने का काम भूपेश बघेल को मिला**

बता दें कि भूपेश बघेल ने 12 मई को नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ऑपरेशन सिन्दूर को लेकर केंद्र सरकार से कई सवाल किए थे। इस दौरान उन्होंने तर्क दिया था कि पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकी अब तक पकड़े नहीं गए हैं, तो फिर ऑपरेशन सिंदूर सफल कैसे हुआ। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की भी मांग की। इसके अलावा सरकार से सीजफायर पर सफाई पेश करने के लिए कहा है। कांग्रेस ने सवाल किया था कि अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अचानक सीजफायर की घोषणा की, क्या यह भारत सरकार की कूटनीतिक नाकामी नहीं है? कांग्रेस ने इससे जुड़ी और भी मांगे सरकार के सामने उठाई।

## आज पीएम श्री आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल में लॉटरी से होगा छात्रों का चयन

**लवन**, 14 मई। पीएमसी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल लवन के प्राचार्य हरिशंकर जोशी ने बताया कि 15 मईको शाला परिसर में 10:30 बजे कक्षा पहली से दसवीं तक के प्राप्त आवेदनों पर प्रवेश हेतु लाटरी पद्धति से चयन किया जाएगा इसके लिए लवननगर एवं आवेदन कर्ताओं के पलकों अभिभावक गढ़ नागरिकों एवं शिक्षक गढ़ को सूचित किया गया है ।

# मुख्यमंत्री साय ने सुरक्षाबलों के साहस और समर्पण को किया नमन



**रायपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। नक्सल उन्मूलन अभियान को निर्णायक मोड़ पर ले जाते हुए छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर नक्सल विरोधी ऑपरेशन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस ऐतिहासिक सफलता पर सुरक्षा बलों को बधाई दी है और इस निर्णायक उपलब्धि को नक्सलमुक्त भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त करने के लिए हम दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने सुरक्षा बलों विशेषकर सीआरपीएफ, एसटीएफ और डीआरजी के जवानों की सराहना करते हुए कहा कि लाल आतंक के विरुद्ध चल रही इस निर्णायक लड़ाई में हमारे वीर जवानों ने विषम परिस्थितियों में पूरी बहादुरी से नक्सलियों का सामना किया है। उनके अदम्य साहस, धैर्य और पराक्रम को मैं नमन करता हूं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने विश्वास व्यक्त किया कि अब वह दिन दूर नहीं जब छत्तीसगढ़ पूरी तरह नक्सलमुक्त होगा, और बस्तर के गांव-गांव में शांति, समृद्धि और विकास की नई रोशनी फैलेगी।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट करके बताया है कि छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा के दुर्गम क्षेत्र पर हाल ही में हुए अब तक के सबसे बड़े नक्सल विरोधी ऑपरेशन में सुरक्षाबलों ने 31 कुख्यात नक्सलियों को मार गिराकर नक्सल उन्मूलन अभियान में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। उन्होंने इलाके

### लाल आतंक के विरुद्ध निर्णायक विजय

किया है कि यह क्षेत्र रणनीतिक योजना, नक्सल प्रशिक्षण और हथियार निर्माण का गढ़ रहा है। आज उसी पहाड़ पर शान से तिरंगा लहरा रहा है। यह भारत की आंतरिक सुरक्षा और संप्रभुता की विजय का प्रतीक है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने आधिकारिक वक्तव्य में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम नक्सलवाद को जड़ से मिटाने के लिए संकल्पित हैं। मैं देशवासियों को पुन: विश्वास दिलाता हूँ कि 31 मार्च 2026 तक भारत का नक्सलमुक्त होना तय है। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन महज 21 दिनों में पूरा हुआ, और इसमें सुरक्षा बलों का एक भी जवान शहीद नहीं हुआ, जो हमारी रणनीति, समन्वय और शौर्य का प्रमाण है। उन्होंने सीआरपीएफ, एसटीएफ और डीआरजी के जवानों को खराब मौसम और कठिन भूगोल के बावजूद दिखाए गए अदम्य साहस और अनुशासन के लिए बधाई दी।

श्री शाह ने यह भी कहा कि यह सफलता केवल एक सैन्य विजय नहीं, बल्कि एक मनोवैज्ञानिक और वैचारिक विजय भी है, जिसने नक्सल नेटवर्क की रीढ़ को हिला दिया है। देश और विशेषकर छत्तीसगढ़ की जनता को यह विश्वास दिलाता है कि नक्सलवाद अब अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर कभी लाल आतंक की सत्ता थी, वहाँ आज राष्ट्रध्वज की छाया में शांति, विकास और संविधान का शासन स्थापित हो चुका है। यह अभियान आने वाले समय में सुरक्षा बलों के लिए मॉडल ऑपरेशन के रूप में उदाहरण प्रस्तुत करेगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने राज्य और केंद्र के बीच समन्वय की सराहना करते हुए कहा कि यह साझा प्रयासों का ही परिणाम है कि इतने बड़े अभियान में ज़ीरो कैजुअल्टी के साथ इतनी बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। भारत सरकार और सुरक्षा एजेंसियां 2026 तक देश को पूरी तरह नक्सलमुक्त बनाने के लक्ष्य के प्रति पूरी निष्ठा और सामर्थ्य के साथ कार्य कर रही हैं। अमित शाह ने कहा कि यह लक्ष्य अब केवल रणनीति नहीं, राष्ट्रीय संकल्प है।

# लोकमाता अहिल्यादेवी के शासनकाल में कभी अकाल नहीं पड़ा : सुषमा सिंह

**रायपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश महिला आयोग की पूर्व उपाध्यक्ष सुषमा सिंह ने कहा कि आज 300 वर्ष के बाद हमें पुण्यश्लोका महारानी अहिल्याबाई होल्कर के बारे में जानने का अवसर मिला है, यह पार्टी कार्यकर्ताओं के नाते हमारे लिए और सभी परिवारों के लिए सौभाग्य का विषय है। श्रीमती सिंह ने देवी अहिल्याबाई को महिला सशक्तीकरण का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनका पूरा जीवन सामाजिक सुधारों, सुशासन की अवधारणा को धरातल पर साकार करने और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के लिए समर्पित रहा। श्रीमती सिंग बुधवार को यहां एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में महारानी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती के आयोजन के निमित्त आहूत कार्यशाला को मुख्य वक्ता के तौर पर संबोधित कर रही थीं।

श्रीमती सिंग ने महारानी अहिल्याबाई के शासनकाल की चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में हो रहे जन कल्याण और महिला सशक्तीकरण के काम महारानी अहिल्याबाई के शासनकाल से पूरी तरह जुड़ाव रखते हैं। सांस्कृतिक उत्थान, धर्म स्थलों के निर्माण व संरक्षण की दिशा में किए गए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए श्रीमती सिंग ने कहा कि 26 वर्षों तक शासन करते हुए अहिल्याबाई ने राज-व्यवस्था, न्याय और सुशासन को एक मील की पत्थर की तरह स्थापित किया। कृषि, पर्यावरण, प्रजा कल्याण और जीव जन्तुओं की चिंता करने वाली लोकमाता अहिल्यादेवी के शासनकाल में कभी अकाल नहीं पड़ा। महिलाओं को उन्होंने सैन्य टुकड़ी में शामिल किया, ठीक उसी तरह आज भी महिलाएं भारतीय सेना में नेतृत्व कर रही है। हालिया ऑपरेशन सिंदूर में व्योमिका सिंह व सोफिया कुरैशी के रणनीतिक नेतृत्व कौशल का उल्लेख करते हुए श्रीमती सिंह ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई की तरह आज मोदी शासनकाल में भी महिलाओं के सर्वतोमुखी विकास व कल्याण के साथ-साथ उनके आर्थिक समाजिक व राजनीतिक सशक्तीकरण की दिशा में काम हो रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी लोकमाता अहिल्याबाई की जीती जागती परछाई है। संसद-विधानसभा में महिला आरक्षण, उज्ज्वला कनेक्शन, मातृ वंदन, जन-धन, आयुष्मान, आवास योजना आदि का जिक्र भी उन्होंने किया। और कहा कि आज महारानी अहिल्याबाई से प्रेरणा लेकर उनके व्यक्तित्व और कर्तव्य को आत्मसात करने की जरूरत है।

**महारानी अहिल्याबाई के सुशासन और कर्तव्यपरायणता, सांस्कृतिक धरोहर और विरासत को कांग्रेस ने देश से छिपाने का काम किया : किरण सिंह देव**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस शासनकाल के दौरान यह शिगूफा छोड़ा गया कि देश की आजादी कांग्रेस ने दिलाई। कांग्रेस इस झूठे नैरेटिव सेट कर शासन किया। यही झूठा नैरेटिव कांग्रेस अब ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सेट कर रही है। महारानी अहिल्याबाई के सुशासन और कर्तव्यपरायणता, सांस्कृतिक धरोहर और विरासत को कांग्रेस ने देश से छिपाने का काम किया। इन तथ्यों से देश को अवगत कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह शक्ति की आराधना है। रानी अहिल्याबाई के सुशासन को आत्मसात करने का यह अवसर है। रानी अहिल्याबाई के शासनकाल में सामाजिक सरोकारों से जुड़े अनेक कार्य किए। मंदिरों का निर्माण कर मालवा राज को सुरक्षित और विकसित करने के काम किया। शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कार्य किये। आज यह सभी कार्य हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं। श्री देव ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन सहित पार्टी के अनेक कार्यक्रम साथ-साथ चल रहे हैं। जिसमें अपनी सक्रियता के साथ-साथ पार्टी कार्यकर्ता रानी अहिल्याबाई के व्यक्तित्व और कर्तव्य से देश को अवगत कराने में पूरी प्रामाणिकता के साथ जूटें।

## आईसीएआई रायपुर शाखा ने राष्ट्रीय हित में बाकू यात्रा को किया रद्द

**रायपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की रायपुर शाखा द्वारा अपने सम्मानित सदस्यों एवं उनके परिवारजनों के लिए नियोजित बाकू (अज़रबैजान) की विदेश यात्रा को राष्ट्रहित में रद्द कर दिया गया है।

यह निर्णय आईसीएआई रायपुर शाखा के अध्यक्ष सीए विकास गोलछा के नेतृत्व में लिया गया, जिन्होंने राष्ट्रीय भावना को सर्वोपरि मानते हुए इस पर दृढ़ रुख अपनाया। उनके साथ प्रबंध समिति के सदस्यों ङ्क सीए रश्मि वर्मा, सीए रवि जैन, सीए संस्कार अग्रवाल, सीए ऋषिकेश यादव, सीए शीतल कला एवं सीए आयुषी गर्ग ने भी इस निर्णय का पूर्ण समर्थन किया।

शाखा का स्पष्ट मत है कि आतंकवाद और पर्यटन साथ नहीं चल सकते और राष्ट्रीय भावना को आघात पहुँचाने वाले किसी भी देश से दूरी बनाना आवश्यक है।

आईसीएआई रायपुर शाखा का यह निर्णय एक मजबूत संदेश देता है कि हमारे लिए देश सर्वोपरि है। पर्यटन बाद में भी हो सकता है, लेकिन देश के स्वाभिमान और संप्रभुता पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। शाखा ने सभी सदस्यों से भी अपील की है कि वे व्यक्तिगत स्तर पर भी बाकू एवं तुर्की जैसे देशों की यात्रा से परहेज करें, ताकि एकजुटता और राष्ट्रीय भावना को और सशक्त किया जा सके।

## बस्तर के विकास के रोडमैप में आएगी तोड़ की ताकत

**रायपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। बस्तर के नारायणपुर-सोनपुर-मरोड़ा मार्ग पर एलडब्ल्यूई योजना के तहत निर्माणाधीन सड़क में लापरवाही और गुणवत्ताहीन कार्य की शिकायत मिलते ही डिप्टी सीएम अरुण साव ने त्वरित एक्शन लिया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सुबह ही कड़े निर्देश जारी किए और शाम होते-होते जांच कमेटी का गठन कर कार्रवाई सुनिश्चित कर दी गई।



### सरकार का बुलडोजर चलेगा सांय-सांय!

डिप्टी सीएम ने स्पष्ट कहा कि बस्तर के विकास के रोडमैप में कोई भी बाधा आए, उस पर शासकीय बुलडोजर सांय-सांय चलता नजर आएगा। उन्होंने माओवाद और भ्रष्टाचारवाद दोनों को राज्य के विकास के सबसे बड़े दुश्मन बताया और कहा कि विष्णु सरकार के सुशासन में इनका समूल नाश निश्चित है।

श्री साव ने देश के गृह मंत्री अमित शाह के बस्तर विकास के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि खुशहाली, तरक्की और शांति के लक्ष्य को पूरा करने में विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर की भूमिका अहम है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**विकास भी होगा सांय-सांय कार्रवाई भी होगी सांय-सांय!**

डिप्टी सीएम का यह बयान अब बस्तर में प्रशासनिक सक्रियता का प्रतीक बनता दिख रहा है।

## श्रम मंत्री देवांगन 15 व 16 मई को फरसगांव एवं सलौनी में

### सुशासन तिहार की समाधान शिविर में होंगे शामिल

**रायपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। प्रदेश के वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन 15 मई गुरूवार कोण्डागांव जिले के फरसगांव एवं गुरुवार 16 मई को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के ग्राम सलौनी में आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर में शामिल होंगे। मंत्री देवांगन 15 मई को रायपुर के शंकर नगर स्थित अपने निवास से सुबह 10 बजे फरसगांव जिला कोण्डागांव के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 1.40 बजे कोण्डागांव जिले विकासखंड माकड़ी के ग्राम रांधना में आयोजित सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत समाधान शिविर में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम पश्चात दोपहर 3.30 बजे फरसगांव से प्रस्थान कर सायं 6.30 रायपुर लौट आएंगे।

मंत्री देवांगन 16 मई को रायपुर के शंकर नगर स्थित अपने निवास से सुबह 10 बजे ग्राम सलौनी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 12 बजे खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के रानी रश्मि देवी खेल मैदान ग्राम सलौनी में आयोजित सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत समाधान शिविर में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम पश्चात दोपहर 3 बजे खैरागढ़ से प्रस्थान कर सायं 7 बजे चारपारा कोहड़िया जिला कोरबा आएंगे और रात्रि विश्राम करेंगे।

## लक्ष्मी नारायण कन्या उमावि रायपुर का परीक्षाफल शत-प्रतिशत



**रायपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। प्रतिवर्षअनुसार इस वर्ष भी लक्ष्मी नारायण कन्या उ मा वि रायपुर,की छात्राओं ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम का कीर्तिमान स्थापित किया। हर्शिका यादव ने वाणिज्य संकाय में 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किये, विज्ञान संकाय में 85 प्रतिशत अंक दिव्या प्रधान, कला संकाय में 82.8 प्रतिशतअंक प्राप्त किये। विद्यालय का परीक्षा परिणाम लगभग 87.5 प्रतिशतरहा । कक्षा दसवीं में तनुश्री साहू ने 94. 5 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इसी क्रम में सारिका 92.5 प्रतिशत, माधवी 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढाया। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने का भी अनेक छात्राओं ने रिकॉर्ड बनाया। सभी छात्राओ को विद्यालय परिवार की ओर से अनेक शुभकामनाएँ प्रदान की गयी।

## दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग को गर्भपात की अनुमति

**रायपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (जीपीएम) जिले में दुष्कर्म की शिकार एक नाबालिग छात्रा के गर्भवती होने के बाद उसकी जान पर बन आई है। चिकित्सकीय रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि गर्भावधि अधिक होने के कारण अब पीड़िता के शारीरिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ने लगा है। डॉक्टरों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि गर्भपात (अबार्शन) जल्द नहीं कराया गया, तो पीड़िता की जान को गम्भीर खतरा हो सकता है।



चिकित्सकों की सिफारिश और सीएमएचओ (छ्रू।ह्) की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट के तहत गर्भपात की अनुमति प्रदान कर दी है। कोर्ट ने यह निर्देश भी दिया है कि गर्भपात विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में कराया जाए और पीड़िता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाए।

**पीड़िता 10 हफ्ते चार दिन की गर्भवती, भ्रूण जीवित अवस्था में पाया गया**

मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार, पीड़िता 10 सप्ताह 4 दिन की गर्भवती है और भ्रूण जीवित अवस्था में पाया गया है। प्रारंभ में डॉक्टरों ने, हाई कोर्ट में मामला लंबित होने और मेडिकल मानकों के अनुसार अनुमति न होने के चलते, अबार्शन करने से इनकार कर दिया था। लेकिन बाद में छात्रा को स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएं उत्पन्न होने लगीं, जिससे मामला गंभीर हो गया।

नाबालिग छात्रा को बहला-फुसलाकर ले जाने के बाद आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता ने परिजनों के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ क्व्हस की धारा 64 (1), 64(2), 64 (2)(स्न), 64 (2)(रू), 365 (2) तथा क्व्ह्स्ह एक्ट की धारा 6 के तहत गंभीर आपराधिक मामला दर्ज किया है।

**कोर्ट के निर्देश पर छ्रू।ह् ने दी रिपोर्ट, मानसिक जांच भी अनिवार्य**

हाई कोर्ट ने गर्भपात की अनुमति देने से पहले पीड़िता के भविष्य के स्वास्थ्य पर असर की जानकारी मांगी थी। छ्रू।ह् की ओर से सौंपे गए मेडिकल परीक्षण रिपोर्ट में कहा गया कि अबार्शन करना सुरक्षित रहेगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि प्रक्रिया के दौरान पीड़िता का मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य परीक्षण दोबारा किया जाए। रिपोर्ट संतोषजनक रही तो विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में गर्भपात की कार्रवाई की जाएगी।

कोर्ट ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन को निर्देशित किया है कि पीड़िता को अभिभावक के साथ जिला अस्पताल भेजा जाए, जहां विशेषज्ञों की टीम आगे की प्रक्रिया सुनिश्चित करेगी। हाई कोर्ट ने स्पष्ट आदेश दिए हैं कि भ्रूण का डीएनए नमूना सुरक्षित रखा जाए, ताकि आगे की जांच और न्यायिक प्रक्रिया में उसे साक्ष्य के रूप में उपयोग किया जा सके।

## छग तबादला नीति: 2022 के बाद से अब तक कर्मचारियों का ट्रांसफर नहीं

**रायपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को बड़ी राहत दिलाने के उद्देश्य से कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने राज्य में वर्षों से लगे स्थानांतरण प्रतिबंध को हटाने की मांग की है। इस संबंध में फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और मुख्य सचिव को पत्र लिखकर जल्द से जल्द नवीन स्थानांतरण नीति लागू करने की मांग की है।

### स्थानांतरण प्रतिबंध हटाने को लेकर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को भेजा पत्र

प्रदेश संयोजक कमल वर्मा ने कहा कि वर्ष 2022 में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा स्थानांतरण नीति तो जारी की गई थी, लेकिन इसके तीन वर्ष बीतने के बाद भी राज्य सरकार द्वारा स्थानांतरण पर लगे प्रतिबंध को नहीं हटाया गया है। इससे प्रदेश के हजारों शासकीय कर्मचारी मानसिक, पारिवारिक और सामाजिक रूप से परेशान हो रहे हैं। फेडरेशन ने अपने पत्र में निम्न तीन प्रमुख मांगें रखीं हैं: पति-पत्नी प्रकरण में पारस्परिक स्थानांतरण की सुविधा-वर्तमान नीति में पति-पत्नी दोनों यदि शासकीय सेवक हैं, तो उनके एक ही स्थान पर पदस्थापना की कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं है। इससे दंपती दूर-दूर स्थानों पर कार्यरत होने के कारण पारिवारिक जीवन में असंतुलन उत्पन्न हो रहा है। संगठनों के पदाधिकारियों को स्थानांतरण में छूट-पूर्व में मान्यता प्राप्त संगठन पदाधिकारियों को स्थानांतरण में छूट दी जाती थी, लेकिन वर्तमान स्थानांतरण नीति में इसका उल्लेख नहीं है। मध्यप्रदेश की नीति में यह व्यवस्था आज भी लागू है, जिसे छत्तीसगढ़ में भी शामिल किया जाना चाहिए। गंभीर बीमारी से पीड़ित कर्मचारियों को प्राथमिकता-दिव्यांग, कैंसर, हार्ट सर्जरी, किडनी ट्रांसप्लांट जैसे गंभीर रोगों से पीड़ित कर्मचारियों को स्थानांतरण में प्राथमिकता दी जाए, ताकि वे बेहतर इलाज व पारिवारिक सहयोग प्राप्त कर सकें।

### निधन

**बिहारी लाल साहेब**



**रोहांसी/बलौदाबाजार**, 14 मई। नगर पंचायत रोहांसी निवासी महंत बिहारी लाल साहेब का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे विधि-विधान से किया गया। जहां बड़ी संख्या में नागरिको ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। वे आनंद राम साहू के पिता थे।

**श्रीमती लक्ष्मी दवे**



**महासमुंद**, 14 मई। स्थानीय बीटीआई रोड के न्द्रीय विद्यालय के पास निवासी श्रीमती लक्ष्मी दवे पति स्व. कृष्ण दवे का 90 वर्ष की उम्र में 14 मई को निधन हो गया। अंतिम संस्कार भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में 15 मई को सुबह 10 किया जाएगा। वे अनूप कुमार दवे, संजय कुमार दवे, संदीप कुमार दवे, कल्पना भट्ट एवं अनिता दवे की माता थी।

**श्रीमती माया गोइल**

**रायपुर**, 14 मई। न्यू शांति नगर, शंकरनगर निवासी श्रीमती माया गोइल का शाम 6.30 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 मई को सुबह 10 बजे मारवाड़ी श्मशान गृह में होगा। वह स्व. रवि गाइल की धर्मपत्नी तथा राजीव, संजीव, अमित गोइल की माताजी थी।

## विजय शाह पर जुर्म दर्ज कराने थाना पहुंचे कांग्रेसी

**रायपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में राजधानी के कांग्रेसी आज रायपुर सिविल लाईन थाना में मंत्री विजय शाह पर एफआईआर दर्ज कराने पहुँचे। विकास उपाध्याय ने बताया कि मंत्री विजय शाह ने देश की बेटी, बहन कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। इस मंत्री का विवादास्पद बयान पहली बार का नहीं है। ऐसे कई बयान हैं जिनमें मंत्री विजय शाह विवादों से घिरे रहते हैं। उन्होंने बताया कि मंत्री विजय शाह बॉलीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन के ऊपर भी कुछ इसी तरह की टिप्पणी करके बच निकले थे, लेकिन कांग्रेस पार्टी लगातार भारतीय जनता पार्टी की सरकार के रवैये को दृष्टिगत रखते हुए प्रधानमंत्री मोदी से कहना चाहती है कि यदि वे अपने भाजपा मंत्रीमण्डल का सम्मान बरकरार रखना चाहते हैं तो तत्काल मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करें। विकास उपाध्याय के नेतृत्व सिविल लाईन थाने में सैंकड़ों से भी अधिक संख्या में कांग्रेसियों ने थाना प्रभारी को मंत्री विजय शाह के ऊपर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। उपाध्याय के साथ युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, कमलाकांत शुक्ला, दिनेश ठाकुर, सुरेश उपाध्याय, हनी बग्गा, बाकर अब्बास, पूजा देवांगन, अशोक ठाकुर, नवीन चन्द्राकर, शिव श्याम शुक्ला, दिनेश तिवारी, किशनपुरी गोस्वामी, हर्षित जायसवाल, अजीज़ भिन्सरा, कमलेश नाथवानी, दिलीप चौहान, अमित शर्मा लल्लू, राहुल धनगर, संकल्प मिश्रा, भूपेन्द्र साहू, विक्की शर्मा सहित काफी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## फर्जी डॉक्टरों पर शिकंजा कसने अब हर 5 साल में पंजीयन का नवीनीकरण

**रायपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। नेशनल मेडिकल कमीशन ;एनएमसीद्ध का आदेश पहले ही आ चुका है। अब इसे जल्दी से लागू किया जाएगा। इस संबंध में जल्द ही नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। इसके बाद ऐसे फर्जी डॉक्टरों पर लगाम लगने की संभावना है।

**प्रैक्टिस करना या अस्पताल खोलना चौंकाने वाला**

प्रदेश में दूसरे डॉक्टरों के लाइसेंस या पंजीयन पर प्रैक्टिस करना या अस्पताल खोलना चौंकाने वाला है। बिलासपुर वाले मामले में तो डॉक्टर का पंजीयन भी नहीं है। यह गंभीर मामला है। मामले की जांच करने पर पता चलेगा कि उक्त डॉक्टर की लापरवाही से कितने मरीजों की जान गई होगी। उसके गायब होने से मामला संदिग्ध भी हो गया है। अगर युवक जनरल सर्जरी एसोसिएशन में रजिस्ट्रेशन कराने नहीं पहुंचता तो मामले का खुलासा ही नहीं होता। सीएमएचओ के पास भी उक्त युवक के बारे में कोई जानकारी नहीं है। मामला सीजीएमसी में है। काउंसिल की पड़ताल में पता चला कि युवक का कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है। ऐसे ही छुरा वाले मामले में एक डॉक्टर एमबीबीएस तो हैए लेकिन एनेस्थेटिस्ट की डिग्री दूसरे डॉक्टर की है। यानी दूसरे डॉक्टर के रजिस्ट्रेशन पर डॉक्टर ने फेक पंजीयन सीजीएमसी में कराया है। इसलिए मामला गंभीर है।

साढ़े 16 हजार से ज्यादा रजिस्ट्रेशन कितने मर गए जानकारी नहीं सीजीएमसी में वर्तमान में साढ़े 16 हजार से ज्यादा डॉक्टरों का रजिस्ट्रेशन है। इनमें से कई डॉक्टरों की मौत हो चुकी है। दरअसल जब से राज्य का गठन हुआ हैए तब से काउंसिल में इन डॉक्टरों का पंजीयन है। अब 5 साल में पंजीयन में रिन्यूअल होने से मृत डॉक्टरों की जानकारी मिल जाएगी। इससे फेक प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों पर शिकंजा कसेगा। दूसरे के पंजीयन व बिना पंजीयन प्रैक्टिस करने वालों पर भी सख्ती होगी। एनएमसी के पत्र के बाद काउंसिल रिन्यूअल के नियम को सख्ती से लागू करेगा। पंजीयन कराने वालों में विदेश से एमबीबीएस पास डॉक्टर भी शामिल हैं। वे भी भारत में पढ़े एमबीबीएस छात्रों के समकक्ष हैं।

**बच्ची की मौत पर पता चला कि डॉक्टर का पंजीयन ही नहीं**

अंबिकापुर के एक फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट छात्र ने सीजीएमसी में पंजीयन नहीं कराया था। यह भी स्पष्ट नहीं हो सका है कि ये छात्र फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जाम ;एफएमजीईद्ध पास है भी नहीं। दरअसल वहां एक निजी अस्पताल में ब्लड ट्रांसफ्यूजन के दौरान एक बच्ची की मौत हो गई। जांच के बाद पता चला कि विदेश से पढ़ा डॉक्टर बच्ची का इलाज कर रहा था। यह मामला भी काउंसिल पहुंचा था। बच्ची के पिता ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया था।

## एंटी नक्सल ऑपरेशन पर सियासत

**रायपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना सीमा पर स्थित करेंगुट्टा पहाड़ी पर चले बड़े एंटी नक्सली ऑपरेशन को लेकर प्रदेश की सियासत गरमाई हुई है. पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य सरकार पर 8 सवाल दागे. इसके बाद उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने पूर्व सीएम पर निशाना साधा है, उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भय और भ्रम पैदा करने का ठेका ले रखा है।

### पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर उपमुख्यमंत्री साव ने साधा निशाना, कहा- भ्रम और भय पैदा करने का ले रखा है ठेका

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस ने भय और भ्रम पैदा करने का ठेका ले रखा है. यह लगातार यही काम करते हैं. डबल इंजन की सरकार नक्सलवाद को समाप्त करने के खिलाफ पूरी ताकत से लड़ाई लड़ रही है. लेकिन ये (कांग्रेसी) भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं।

पीएम को ध्यानवाद देने निकाली जा रही तिरंगा यात्रा : उपमुख्यमंत्री साव

भाजपा द्वारा निकाली जा रही तिरंगा यात्रा को लेकर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देने के लिए निकाली जा रही है. उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को भारत की ताकत का एहसास कराया है, और इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताने के लिए तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है।



# दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान

**रायपुर,** 14 मई (देशबन्धु)। पुलिस द्वारा जिले के मालवाहन वाहनों को मालवाहक वाहन में सवारी परिवहन नही करने के संबंध में चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा जनजागरूकता अभियान के तहत आज जिले के थाना खमतराई एवं खरोरा में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विगत दिन जिले के खरोरा थाना क्षेत्र के ग्राम बंगोली में मालवाहक वाहन में यात्री परिवहन के दौरान गंभीर सड़क दुर्घटना में 13 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई एवं 14 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये जिसे देखते हुए रायपुर पुलिस द्वारा मालवाहक वाहन चालक मालिकों को सवारी परिवहन नही करने के संबंध में जागरूक करने हेतु जनजागरूकता अभियान की शुरुआतकी गई। रायपुर पुलिस द्वारा आज थाना खमतराई रायपुर में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके तहत थाना क्षेत्र के लगभग 1000 मालवाहक वाहन चालकों को रायपुर पुलिस के अधिकारियों



## मालवाहक वाहन में सवारी परिवहन करने वाले 100 वाहन चालकों के विरूद्ध की गई कार्रवाई

द्वारा मालवाहक वाहन में सवारी परिवहन करने से होने वाले गंभीर दुर्घटनाओं के बारे में अवगत कराते हुए मालवाहक वाहन में सवारी परिवहन नही करने समझाइस दी गई। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ लाल उमेद सिंह द्वारा उपस्थित मालवाहक वाहन मालक चालकों को मालवाहक वाहन में सवारी परिवहन करने से संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में बताते हुए वाहन के समस्त दस्तावेज लायसेंस बीमा आर सी बुक प्रदूषण प्रमाण पत्र परमिट फिटनेस इत्यादि वाहन में ही रखने चालक के पास वैध लायसेंस होने पर ही वाहन चलाने दे नशे की हालत में वाहन न चलाएँ ओव्हर स्पीड वाहन न चलाने ओव्हर लोड वाहन नही चलान वाहन में बाड़ी के बाहर निर्धारित मापदण्ड से अधिक न निकालने वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने निर्देशित किया गया। अधीक्षक यातायात गुरजीत सिंह द्वारा मालवाहक वाहन चालक मालिकों को मालवाहक वाहन में सवारी करने वालों को चेतावनी देते हुए बताया गया कि मालवाहन वाहन केवल सामान ढोने के अनुरूप बनाया गया है सवारी ढोने के लिए नही। मालवाहक वाहन में सवारी की सुरक्षा का कोई इंतजाम नही होता है मालवाहक वाहन के चालक शराब पीकर वाहन चलाते है ऐसे में दुर्घटना की संभावना अधिक होती है। मालवाहक वाहन में धुलए धुआं धुप व बरसात आदि से बचाव का कोई प्रबंध नही होता है। अत: सभी मालवाहक वाहन चालकों को निर्देशित किया जाता है कि मालवाहक वाहन में सवारी परिवहन न करें यातायात नियमों का पालन कर वाहन चलाएँ। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक यातायात सतीश कुमार ठाकुर द्वारा उपस्थित मालवाहन वाहन चालकध्मालिकों को यातायात नियमों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए नियमों का पालन कर वाहन चलाने निर्देशित किया गया

# टीम प्रहरी ने सड़कों से हटाए अवैध कब्जे

**रायपुर,** 14 मई (देशबन्धु)। रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप और जिला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के



निर्देशानुसार एवं नगर निगम अपर आयुक्त श्री पंकज के शर्मा, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, नगर निवेशक श्री आभाष मिश्रा, सभी जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं के मार्गनिर्देशन में टीम प्रहरी द्वारा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सभी जोनों के नगर निवेश विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में जनहित में जनसुविधा हेतु मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रो में अभियान चलाकर यातायात पुलिस बल की उपस्थिति में अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे हटाकर सडक यातायात सुगम और सुव्यवस्थित बनाने कार्यवाही नियमित प्रतिदिन व्यापक रूप से निरंतरता के साथ जारी है।

आज टीम प्रहरी के अभियान के अंतर्गत नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता की टीम द्वारा जोनो के साथ मिलकर मार्गो को अतिक्रमण मुक्त बनाने जनहित में जनसुविधा हेतु यातायात पुलिस बल की उपस्थिति में कार्यवाही अभियान पूर्वक लगातार जारी रखी गयी। जोन 7 अंतर्गत रामनगर मार्ग में अतिक्रमण हटाने अभियान चलाकर कार्यवाही की गयी। जोन 8 क्षेत्र में पण्डित जवाहर लाल नेहरू वार्ड नम्बर 2 में लोहा बाजार हीरापुर कॉलोनी में अवैध प्लाटिंग पर

कार्यवाही कर तत्काल रोक लगायी गयी। जोन 6 द्वारा भाठागांव में अवैध बाउंड्रीवाल का कार्य तत्काल रुकवाया गया. पचपेडी नाका मुख्य मार्ग सहित अन्य विभिन्न मार्गों में अवैध बैनर पोस्टर हटाने की कार्यवाही की गई। जोन 2 क्षेत्र में मंडी मार्ग श्रीराम जानकी मंदिर के समीप सडक पर कब्जा जमाकर व्यवसायरत ठेलो को जप्त करने की कार्यवाही की गई। जोन 6 क्षेत्र में सिद्धार्थ चौक टिकरापारा से पचपेडी नाका चौक तक निगम जोन 6 नगर निवेश विभाग एवं निगम मुख्यालय नगर निवेश उडनदस्ता ने संयुक्त अभियान चलाकर जनहित में जनसुविधा हेतु सुगम यातायात देने कार्यवाही की एवं मार्ग को अतिक्रमण मुक्त किया। जोन 5 क्षेत्र में आमापारा चौक में सडक को अतिक्रमण से मुक्त करने की कार्यवाही कर नागरिको को त्वरित राहत दिलवायी गयी। जोन 5 द्वारा आमापारा में दीपक गुप्ता एवं विजय नामक व्यवसायियों से सडक पर कब्जा करने एक-एक हजार रू. जुर्माना उन्हें भविष्य के लिए चेतावनी देते हुए किया गया। जोन 6 द्वारा जोन क्षेत्र के विभिन्न मुख्य मार्गों में सडक से अतिक्रमण हटाने कार्यवाही की गई। नगर निगम मुख्यालय में नगर निवेश उड़न दस्ता की टीम द्वारा काशीराम नगर ब्रिज के नीचे अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया गया. मुख्यालय नगर निवेश उडनदस्ता की टीम ने नागरिको को सुगम यातायात उपलब्ध करवाकर त्वरित राहत दिलवायी।

# बारिश पूर्व बड़े नालों की जाए सफाई ताकि जलभराव की समस्या ना हो : सभापति राठौर



**रायपुर,** 14 मई (देशबन्धु)। नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने मौदहापारा में महाबीर गौशाला के सामने नालाए मौदहापारा मस्जिद के समीप नाला के के रोड में मौदहापारा पुलिस थाना के समीप नालाए जयस्तम्भ चैक के समीप का नाला चेम्बरए शहीद स्मारक भवन के पास नाला रजबंधा मैदान क्षेत्र में नाला सहित जोन क्षेत्र के विभिन्न नालों की सफाई व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण जोन 2 जोन कमिश्नर डॉक्टर आरण् केण् डोंगरे कार्यपालन अभियंता पी डी धृतलहरे जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री रवि लवनियाए उप अभियंता तिग्गा की उपस्थिति में किया। सभापति ने बारिश पूर्व नालों में जेसीबी लगवाकर और मेन्युअल सफाई करवाई। जयस्तम्भ चैक के पास नाला चेम्बर की सफाई करवाई। सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने अधिकारियों को बारिश पूर्व सभी बड़े नालों की तले तक पूर्ण सघन सफाई करवाकर गन्दे पानी की निकासी सुगम बनाने निर्देशित किया हैए ताकि कहीं भी बारिश में जल के भराव की समस्या ना आये।

# मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान: शैक्षणिक क्रांति की ओर छत्तीसगढ़ का निर्णायक कदम

**रायपुर,** 14 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में शासकीय विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार हेतु एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में ''मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियानज्ज शुरू करने को मंजूरी दी गई, जो छत्तीसगढ़ में शिक्षा की संरचना और परिणामों को एक नई दिशा देगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा जीवन निर्माण की प्रक्रिया है। हमारी सरकार का संकल्प है कि राज्य के हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण और समग्र शिक्षा मिले, चाहे वह किसी भी कोने में क्यों न रहता हो। उन्होंने इसे भविष्य निर्माण की नींव बताया और कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना राज्य का सर्वोच्च प्राथमिकता वाला कार्य है। इस अभियान के अंतर्गत राज्य भर के शासकीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए बहुआयामी रणनीतियाँ लागू की जाएंगी। स्कूल शिक्षा विभाग शीघ्र ही विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करेगा, जिनमें विद्यालय स्तर पर क्रियान्वयन की स्पष्ट रूपरेखा दी जाएगी।

विद्यालयों का सामाजिक अंकेक्षण मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान की प्रमुख विशेषता है। इसके अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षण प्रक्रिया, विद्यार्थियों की उपलब्धियाँ, आधारभूत सुविधाएँ और शिक्षक उपस्थिति जैसे संकेतकों के आधार पर ग्रेडिंग की जाएगी। यह पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की नई मिसाल होगी। जो विद्यालय अपेक्षित गुणवत्ता तक नहीं पहुँच पा रहे हैं, उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी। यह कार्य न केवल शिक्षा विभाग द्वारा, बल्कि अन्य विभागों के अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से किया जाएगा, जिससे सामुदायिक निगरानी को बल मिलेगा।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि एक ओर जहाँ कमजोर विद्यालयों को चिन्हित किया जाएगा, वहीं दूसरी ओर मॉडल विद्यालयों का चयन कर भी किया जाएगा। कमजोर विद्यालयों के शिक्षकों को इन मॉडल स्कूलों का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाएगा, ताकि वे श्रेष्ठ शैक्षणिक व्यवहार और व्यवस्थाओं से प्रेरणा ले सकें।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पालक-शिक्षक सहभागिता मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान का एक महत्वपूर्ण पहलू है। पालक-शिक्षक बैठकों (क्क्ञरू) को एक औपचारिकता नहीं, बल्कि संवाद और सहभागिता का माध्यम बनाया जाएगा। इससे शिक्षकों और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा और बच्चों की प्रगति पर संयुक्त रूप से कार्य हो सकेगा।

इस अभियान के तहत कक्षा शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार पर विशेष फोकस रहेगा। शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा कि वे आधुनिक शिक्षण विधियों, टेक्नोलॉजी के उपयोग और छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाएँ, जिससे सीखने की प्रक्रिया आनंददायक और प्रभावी हो।

मुख्यमंत्री साय ने यह भी कहा कि यह अभियान केवल शिक्षा विभाग का नहीं बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। छत्तीसगढ़ सरकार का यह कदम शिक्षा को केवल पहुंच का विषय नहीं, बल्कि गुणवत्ता का विषय भी बनाता है। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान न केवल प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल बनाएगा, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करेगा।

सट्टा रैकेट का भंडाफोड़

# सट्टा किंग पार्षद और उसका पिता गिरफ्तार




**रायपुर,** 14 मई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में सट्टेबाजी के खिलाफजारी अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है लंबे समय से फरार चल रहे ऑनलाइन सट्टा रैकेट से जुड़े निर्दलीय पार्षद बब्बन लालवानी और उसके पिता नंदलाल लालवानी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है यह कार्रवाई क्राइम ब्रांच और तिल्दा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने की है दोनों आरोपियों को देर रात गैरजमानती धाराओं में गिरफ्तार किया गया

## पाकिस्तान और दुबई से निकला कनेक्शन

**पाकिस्तान और दुबई के सटोरियों से है कनेक्शन:** बताया जा रहा है कि तिल्दा के वार्ड नंबर 03 से निर्दलीय पार्षद चुने गए बब्बन लालवानी का सीधा कनेक्शन पाकिस्तान और दुबई के सटोरियों से है पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि पाकिस्तान से सट्टे का नेटवर्क रायपुर में फैलाया गया है जिसमें लालवानी परिवार की भी अहम भूमिका रही पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टे के लेनदेन से जुड़ा महत्वपूर्ण रिकॉर्ड और मोटी रकम की जानकारी भी बरामद की है गौरतलब है कि आरोपी नंदलाल लालवानी की निशानदेही पर पुलिस ने एक अन्य सटोरी गैंग का भी भंडाफोड़ किया है जो पैनल सट्टा चला रहा था फिलहाल क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी नंदलाल लालवानी और पार्षद गोविंद लालवानी उर्फ़बबन को गिरफ्तार कर लिया ह सितंबर 2023 में सट्टे की रकम को लेकर एक मारपीट का मामला सामने आया था जिसमें नंदलाल का नाम उछला था और तब भी उसके खिलाफकेस दर्ज किया गया था

तिल्दा थाना प्रभारी सत्येन्द्र श्याम ने बताया कि ऑनलाइन सट्टा षगजानंद एपष् से जुड़े आरोपियों पर पूर्व में कार्रवाई की जा चुकी हैण् पुराने प्रकरण पर नंदलाल ललवानी निर्दलीय पार्षद और बब्बन लालवानी लंबे समय से फरार चल रहे थेण् जिन्हें कल देर रात गिरफ्तार कर गैरजमानती धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है

# राजधानी में 8 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म

**रायपुर,** 14 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में रिश्ते को तार.तार करने वाला एक मामला सामने आया है जहां एक 8 साल की मासूम के साथ उसके 40 वर्षीय रिश्तेदार ने दुष्कर्म की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया् मामले की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है यह मामला कबीर नगर थाना क्षेत्र का है मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता अपने माता.पिता के साथ एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने गई थी इसी दौरान वहां मौजूद आरोपी रिश्तेदार ने मासूम को अपनी हवस का शिकार बनाया घटना के बाद बच्ची ने रोते हुए अपने परिजनों को आपबीती सुनाईए जिसके बाद परिजनों ने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कबीर नगर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफपॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर लिया इस घटना ने पूरे क्षेत्र में आक्रोश और चिंता का माहौल बना दिया है



## रिश्तेदार आरोपी गिरफ्तार

# नाली में बहता मिला 4 माह का भ्रूण



**रायपुर,** 14 मई (देशबन्धु)। आरंग राजधानी रायपुर से लगे आरंग में आज सुबह.सुबह एक 4 महीने का भूण नाली में पड़ा मिला यह पूरा मामला आरंग के वार्ड नंबर 07 स्थित आजाद चौक का है भूण्र दिखते ही लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी जिसके बाद आरंग पुलिस मौके पर पहुंच कर भूण को कब्जे में लिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई है

**खेलते बच्चों ने देखा नाली में बहता भ्रूण:** आजाद चौक पर खेल रहे बच्चों की नजर अचानक नाली में बह रहे एक अजीब चीज पर पड़ी नजदीक जाकर देखने पर देखा तो वह बच्चे का भूण था इसके बाद बच्चों ने शोर मचाया और देखते ही देखते स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गइ

**चार महीने का भ्रूण अंग थे विकसित:** स्थानीय लोगों और पुलिस के अनुसारए भ्रूण करीब चार माह का प्रतीत होता है और उसके सभी अंग विकसित अवस्था में हैं इससे आशंका जताई जा रही है कि यह मामला गर्भपात के बाद भ्रूण को ठिकाने लगाने का हो सकता है

**सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची आरंग पुलिस:** घटना की जानकारी मिलते ही आरंग पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और भूण को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है पुलिस ने कहा कि इस मामले की गहन जांच की जाएगी और सीसीटीवी फुटेज तथा आसपास के क्लिनिकों की भी जांच की जाएगी पुलिस अब भूण का पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया में जुट गई है ।

नगर के सबसे व्यस्त और संवेदनशील इलाकों में से एक आजाद चौक में इस तरह का मामला सामने आना प्रशासन और स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रहा है।

# चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 3 पकड़ाए

**रायपुर,** 14 मई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर से लगे मुजगहन थाना क्षेत्रांतर्गत चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 2 आरोपी एवं विधि के साथ संघर्षरत 1 बालक सहित कुल 3 गिरफ्तार किये गये हैं। मुजगहन थाना क्षेत्रांतर्गत डोमा स्थित प्रार्थिया के घर में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोरों ने दोपहिया वाहन मोबाईल फोन एवं नगदी चोरी की किये थे। मामले में शामिल विधि के साथ संघर्षरत 1 बालक के कब्जे से चोरी गये 1 नग दोपहिया वाहन एवं मोबाईल फोन जप्त कर लिया गया है। जप्त मशरूका की कुल कीमत लगभग 80,000 रुपए आंकी गई है। आरोपियों अपचारी के विरूद्ध थाना मुजगहन में धारा 331;4 305 3;5 बी.एन एस का अपराध किया पंजीबद्ध गया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम खुमेश मेश्राम अमलेश्वर डीह बजरंगपारा अमलेश्वर निवासी व किर्तन साहू अमलेश्वरडीह बजरंगपारा थाना अमलेश्वर निवासी है।

# दोपहिया की चोरी, आरोपी पकड़ाया

**रायपुर,** 14 मई (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी के प्रकरण को सुलझा लिया है इस दौरान पुलिस ने एक युवक पकड़कर चोरी की दुपहिया को जब्त कर लिया है बताया गया कि प्रार्थी त्रिनाथ प्रधान ने थाना माना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 24 अप्रैल की रात करीबन 11.00 बजे ग्राम टेमरी में स्थित अपने रिश्तेदार के घर के बाहर अपनी दोपहिया वाहन सीजी 06 जी एस 9419 को खड़ी किया था। 26 अप्रैल की सुबह 06.00 बजे घर के बाहर आकर देखा तो पाया कि उसकी दोपहिया वाहन खड़े किये हुए स्थान पर नही थी। कोई अज्ञात व्यक्ति प्रार्थी की दोपहिया वाहन को चोरी कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना माना में धारा 303;2 बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना माना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए घटना के संबंध में प्रार्थी तथा आसपास के लोगो से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात अरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस.पास लगे सी सी टी ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ.साथ अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा माना कैम्प निवासी संजीत सिंह चौधरी की पतासाजी कर पकड़कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा दोपहिया वाहन चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। जिसपर आरोपी संजीत सिंह चौधरी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 01 नग दोपहिया वाहन सी जी 06 जी एस 9419 जुमला कीमती जगभग 50 000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया है। आरोपी संजीत सिंह चौधरी पूर्व में आबकारी एक्ट एवं चोरी के प्रकरणों में जेल निरूद्ध रह चुका है।



उल्टा पुल्टा

टीचर- बीरबल कौन था?
पप्पू- पता नहीं सर.
टीचर- पढ़ाई पर ध्यान दो तो पता चले.

संपादकीय

# नागरिक सुरक्षा वालंटियर बनें

*भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा पहलगाम (कश्मीर) में 26 पर्यटकों और एक स्थानीय गाइड को मार डालने के बाद दोनों देशों के बीच चला 5 दिवसीय संघर्ष चाहे हल्का पड़ गया हो, लेकिन इसने एक बार फिर से नागरिकों की सुरक्षा के लिये मजबूत व्यवस्था बनाये जाने की ज़रूरत को सामने लाया है। सीमाओं पर तनाव कम ही सही पर अभी भी बना हुआ है जो कभी भी गम्भीर रूप धारण कर सकता है। पंजाब, जम्मू एवं गुजरात के कुछ इलाकों में हुई गोलीबारी तथा अनेक भारतीयों के मारे जाने या घायल होने के बाद देश भर के सभी राज्यों में सिविल डिफेंस वॉलंटियरों की फौजें खड़ी करनी ज़रूरी हो गयी हैं। चूंकि पाकिस्तान के पास लम्बी दूरी की मिसाइलें एवं खतरनाक आयुध हैं अत: कोई भी क्षेत्र उनके निशाने पर आ सकता है। हालांकि भारतीय सेना पर्याप्त मजबूत तथा सतर्क है, फिर भी बचाव की तैयारियां कर रखनी अपरिहार्य है- खासकर शहरों में।*

*इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार के 9 जिलों को सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक बनाया जायेगा। इसके तहत हर जिले में 300 वॉलंटियर भर्ती किये जायेंगे। ये जिले हैं- रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जगदलपुर, अंबिकापुर, जांजगीर-चाम्पा, धमतरी और दंतेवाड़ा। इन कार्यकर्ताओं को 2-3 दिनों का इस बात के लिये प्रशिक्षण दिया जायेगा कि युद्ध की स्थिति में किस प्रकार से नागरिकों का बचाव करना है। यह नियमित प्रक्रिया होगी तथा हर वर्ष वॉलंटियरों की सूची को अद्यतन किया जायेगा। वैसे रायपुर, राजनांदगांव, सुकमा तथा कोरबा में आपदा मित्र बनाये गये थे लेकिन उनकी सूची अपडेट नहीं हुई थी जो अब की जायेगी। उनका कुछ वर्षों से प्रशिक्षण भी नहीं हुआ था। अब इसकी भी तैयारियां की जा रही हैं। यह कार्य शांति काल में भी होते रहना चाहिये। चूंकि वर्षों से देश किसी युद्ध में नहीं गया है, इसलिये सम्भवत: इसकी ओर प्रशासन व सरकार का ध्यान नहीं गया होगा लेकिन कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा उनके प्रशिक्षण की नियमित व्यवस्था होनी चाहिये।*

*अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ ने रविवार को पुलिस, होम गार्ड तथा एसडीआरएफ के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस काम को आगे बढ़ाने के निर्देश दिये। सिविल डिफेंस जिलों में वॉलंटियरों की भर्ती कलेक्टर कराएंगे। इसके लिये इच्छुक लोगों को रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसके लिये 18 से 45 वर्षों तक के व्यक्ति पात्र होंगे। कुछ जिलों में इसमें छूट दी गयी है। भर्ती होने के बाद वॉलंटियरों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), स्काउट्स एंड गाइड सहित अन्य संगठनों के तथा सामान्यजन इसमें शामिल हो सकते हैं जो नागरिकों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। युवा तथा देश के लिये कुछ करने का जज़्बा रखने वालों के लिये यह अनुपम अवसर है कि वे सिविल डिफेंस के वॉलंटियर बनें।*

# कर्नल सोफिया पर अनर्गल टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस ने किया मप्र के मंत्री का फूंका पुतला



**दुर्ग**, 14 मई (देशबन्धु)। भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर अपमान जनक टिप्पणी किये जाने का विरोध करते हुए आज दुर्ग शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में मध्यप्रदेश के सरकार के मंत्री व भाजपा नेता विजय शाह का पटेल चौक में पुतला दहन किया गया। आज शाम को पूरे प्रदेश में मंत्री विजय शाह का पुतला दहन किया गया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अरूण वोरा, जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि कर्नल सोफिया ने आतंकवादियों द्वारा निर्दोष भारतीय नागरिकों की हत्या करने का आतंकियों से बदला लिया तो मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री, महिला सैनिक के विरूद्ध अभद्र टिप्पणी कर सेना का मनोबल गिराने में लगे है।

कांग्रेसियों ने मध्यप्रदेश भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह पर राजद्रोह का मुकदमा चलाकर जेल भेजने की मांग की है।

पुतला दहन कार्यक्रम में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर, भिलाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, आर.एन.वर्मा, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र साहू, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, राजेश यादव, नासिर खोखर, आनंद कपूर ताम्रकार, संजू धनकर, कृष्णा देवांगन, देव सिन्हा, सुमित घोष सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# इंदिरा मार्केट में चला महासफाई अभियान

**दुर्ग**, 14 मई (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा चलाये जा रहे महासफाई अभियान के अंतर्गत आज सभापति श्याम शर्मा के निर्वाचन वार्ड क्रमांक 30 में चलाये गये अभियान के तहत स्वयं महापौर अलका बाघमार ने स्वयं उपस्थित होकर नालियों की सफाई कराई। उन्होंने सभापति श्याम शर्मा एवं एमआईसी के पूरे प्रभारियों के साथ पूरे वार्ड का भ्रमण किया व सफाई सुपरवाइजर व कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिये।

**महीनों से नालियों की सफाई नहीं, स्लैब तोड़कर सफाई के निर्देश**



आज के महासफाई अभियान के अंतर्गत जलाराम मिष्ठान भंडार व आसपास के क्षेत्रों, मोतीपारा, मान होटल से शारदा टाकीज प्रेस काम्पलेक्स क्षेत्र का भ्रमण किया। उन्होंने साथ चल रहे अधिकारियों को सभी जगह की नालियों के स्लेब तोड़कर तल्ले से सफाई कराने के निर्देश दिये। उन्होंने इंदिरा मार्केट में ही प्रेस काम्पलेक्स के पास बैठे मटकावालों को व्यवस्थित तरीके से पीछे रिक्त स्थान पर हटाकर लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समझाइश के बाद भी दूकानें नहीं हटाई तो कार्रवाई की जायेगी।

आज के अभियान में महापौर के साथ वार्ड पार्षद श्याम शर्मा, एमआईसी प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, नीलेश अग्रवाल, नरेन्द्र बंजारे, शेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, हर्षिका संभव जैन, पार्षद संजय अग्रवाल, गोविंद देवांगन, मनोज सोनी, स्वास्थ्य प्रभारी धमेन्द्र मिश्रा, उपअभियंता विनोद मांझी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पंकज चतुर्वेदी, सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ कुडो टीम नेशनल चैंपियनशिप के लिए आज पुणे रवाना होगी



**दुर्ग**, 14 मई (देशबन्धु)। नेताजी शुभाष चंद्र बोस मिलिट्री स्कूल हवेली पुण महाराष्ट्र में 16 मई से 22 मई तक आयोजित होने वाले तृतीय कुडो राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ की टीम आज रवाना होंगी।

इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश से कुल 60 खिलाड़ी हिस्सा ले रहें ह जिसमें दुर्ग जिले से 29 खिलाड़ी और 2 ऑफिशल है।

सब जूनियर बालिका वर्ग में शानवी चतुर्वेदी, नव्या हियानिया, आरना शर्मा, सुनीति बाघ, जूनियर बालिका वर्ग में विदुषी चंद्राकर, खिलेश्वरी साहू, गीतांजलि साहू, सब जूनियर बालक वर्ग में अव्यय शर्मा, ईशान सेन, योगेश बघेल, कोस्तुभ धनकर, विहान साहू, हार्दिक राजपूत, अक्षत चंद्राकर, हर्षित सिन्हा, देवराज बघेल, जतिन कुमार साहू, दिव्यांश पटेल, जूनियर बालक वर्ग में मनीष कुमार साहू, रितेश साहू, प्रयान्स साओ, यशवीर भारद्वाज, हिमांशू टंडन, लक्ष्मण राव, जीतेन्द्र सिंह राजपूत, हर्ष यादव, मयंक तारम, प्रेमेश्वर कौशिक। टीम कोच राजा कौशल है।

जिला कुडो संघ के संरक्षक सतीश चंद्र सुराना, टीम मैनेजर मनीष कुमार साहू, जिला कुडो संघ दुर्ग की अध्यक्ष अनुराधा सिंह, सचिव लीलिमा सोनी ने खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनायें दी।

# बेमेतरा में छत्तीसगढ़ स्टेट मिनी सबजूनियर शतरंज चैम्पियनशिप आज से

**दुर्ग**, 14 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज द्वारा एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के सहयोग से 15 मई से 19 मई 2025 तक बेमेतरा के एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में छत्तीसगढ़ राज्य सब जूनियर फिड़े रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन हो रहा है।



उक्त अंडर 7, 9 एवं अंडर 11 शतरंज चैंपियनशिप का शुभारम्भ कल दोपहर 1 बजे कलेक्टर रणवीर शर्मा द्वारा किया जाएगा। चैंपियनशिप में अंडर 7, 9, एवं अंडर 11 के दो बालक एवं दो बालिकाओं का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए किया जाएगा। यह सभी चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

उक्त चैंपियनशिप में उच्च स्तरीय सुविधाये खिलाड़ियों को प्रदान की जा रही है। 15 एवं 16 मई को अंडर 7, 9, 11 आयु वर्ग में आयोजित स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के कुल 150 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है जिसमें रायपुर दुर्ग, राजनांदगांव, बीजापुर, जगदलपुर, कोंडागांव, बेमेतरा, बिलासपुर, कोरबा, सरगुजा, कोरिया, मुंगेली, जांजगीरचांपा, कांकेर, महासमुंद,

बलौदा बाजार जिले के शतरंज खिलाड़ी शामिल है। खिलाड़ियों के बीच अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार स्विस लीग पद्धति से सात चक्रों में मैच खेला जाएगा। स्पर्धा के मुख्य निर्णायक फिडे आर्बिटर रॉकी देवांगन है। उक्त जानकारी प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव ईश्वर सिंह राजपूत ने दी है।

# विश्व पर्यावरण दिवस 2 जून को नगर में होंगे अनेक कार्यक्रम, तैयारियां शुरू



**दुर्ग**, 14 मई (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग की पर्यावरण परामर्शदात्री समिति की बैठक में 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाये जाने की तैयारियों को लेकर निर्णय लिये गये। बैठक की अध्यक्षता कांशीराम कोसरे ने की। पर्यावरण दिवस से पूर्व 2 जून को राजेन्द्र पार्क में पर्यावरण पर आधारित चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 5 जून को पर्यावरण दिवस पर महाराजा चौक से बोरसी तक साईकिल रैली निकाली जायेगी। बोरसी उद्यान में वृक्षारोपण किया जायेगा। बैठक में नगर निगम के अधिकारियों, उपअभियंताओं एवं कर्मचारियों को आयोजन संबंधी तैयारियों को लेकर जरूरी निर्देश दिये गये। इसके अलावा शहर के उद्यानों की देखरेख व रखरखाव के लिये 20 कर्मचारी रखे जाने की अनुशंसा की गई। बैठक में पार्षद एवं समिति के सदस्यगण नीलम परिहार, सुरूचि उमरे, सावित्री दमाहे, साजन जोसेफ, हिरौंदी चंदानिया, अश्वनी निषाद, ललित ढीमर, बबीता यादव तथा कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, उपअभियंता पंकज साहू, उद्यान प्रभारी अनिल सिंह एवं सचिव पुरूषोत्तम साहू उपस्थित रहे।

# काबुली वाले बाबा का उर्स पाक प्रारंभ, आज से कव्वाली



**दुर्ग**, 14 मई (देशबन्धु)। पुराना बस स्टैंड स्थित काबुली वाले बाबा की दरगाह का सालाना उर्स पाक कार्यक्रम आज से प्रारंभ हो गया है। पहले दिन अनवर अली शाह खादिम ए आस्ताना काबुली सरकार की मौजूदगी में परचन कुशाई का कार्यक्रम किया गया। कल 15 मई से कव्वाली का शानदार आयोजन किया जायेगा।

सालाना उर्स पाक कमेटी द्वारा हजरत बाबा सैयद अब्दुरहमान शाह काबुली रहतुल्लाह के उर्स मुबारक, एकता उत्सव के प्रथम दिन कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश देशलहरा ने दुर्ग में काबुली बाबा के उर्स पाक एकता उत्सव की गौरवशाली सालाना परचम पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस बड़े आयोजन में देश के अनेक राज्यों से श्रद्धालुगण यहां आकर अपनी मुरादें पूरी करते है। उन्होंने एकता उत्सव को सफल बनाने में सहयोग करने वाले समाज को सभी वर्ग के लोगों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन कमेटी के जनरल सेक्रेटरी रऊफ कुरैशी ने किया।

# आम्बेडकर पार्क में मनाई गई बुद्ध जयंती



दुर्ग, 14 मई (देशबन्धु)। सुभाष नगर प्रबुद्ध कल्याण समिति एवं प्रबुद्ध महिला मंडल पद्मनाभपुर के संयुक्त तत्वावधान में आम्बेडकर पार्क पद्मनाभपुर में बुद्ध जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक विचारक राजनांदगांव दिलीप बनपेला विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता आशुतोष ठाकुर एवं महेन्द्र वर्मा राजनांदगांव तथा भदंत महाथेरा डॉ. जीवक माने सर्वोदय बुद्ध विहार कोसानगर भिलाई थे।

प्रारंभ में अतिथियों बौद्ध उपासक उपासिकाओं द्वारा पंचशील का ध्वजारोहण किया गया। महाथेरो द्वारा सभी को त्रिशरण एवं पंचशील ग्रहण कराया गया। पश्चात अतिथि वक्ताओं ने अपने उद्बोधन अपना दीपक स्वयं बनो के सिद्धांत पर विचार व्यक्त किया गया। मुख्य अतिथि श्री बनपेला ने पिछड़ा वर्ग के लोगों में जागृति लाने तथा बौद्ध धर्म के उपदेशों को आत्मसात करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पी.आर.खापर्डे ने की। समाज के कार्यो में तन मन धन से समर्पित होकर कार्य करने वाले होली बाबू श्यामकुंवर एवं वेनुकला पटले को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह के सभी अतिथियों को मोमेंटो भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन आलोक नारंग तथा आभार प्रदर्शन संजू श्याम कुंवर ने किया।

इस अवसर पर टी.एल.मेश्राम, एम.आर.तुरकाने, डी.सी.गोन्डाने धरमपाल मेश्राम, राजेश हिरकने, दिलीप रामटेके, आशा जुल्मे, प्रतिभा मिलिंद, किरणलता नारंग, प्रभा तुरकाने, ओमप्रकाश गजभिये, महेन्द्र खोब्रागढ़े, योगेश वासनिक, प्रवीण खोब्रागढ़े, सहित अनेक उपासक एवं उपासिकाएं उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार : कनेरी में समाधान शिविर का समापन



**गुरुर**, 14 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप राज्य में च्सुशासन तिहार-2025 का आयोजन किया जा रहा है। राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है, शासन-प्रशासन द्वारा हर स्तर पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता आए तथा, योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हो और इनका लाभ उन जरूरतमंद वर्गों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचे जिनके लिए ये योजना बनाई गई हैं।

इस तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान शासकीय योजनाओं की समीक्षा और निगरानी विकास कार्यों में तेजी लाना और जनता जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनो के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है।

**तीन चरणों मे हुआ शिविर**

सुशासन तिहार-2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। पहला चरण 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ। जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं और मांग से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए हैं। ये आवेदन समाधान पेटी शिविर और ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से लिए गए हैं। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था जिला और विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर की गई थी। हाट बाजारों में भी आवेदनो का संग्रह किया गया है।

**योजनाओं का मिला लाभ**

**माँग व शिकायत का 100फीसदी निराकरण**

ग्राम कनेरी में भी शिविर के दौरान कुल 6620 आवेदन प्राप्त हुए हैं, इनके निराकरण की स्थिति, शिकायतों की व मांगों की 6620 है। जो फुल निराकरण का प्रतिशत 100प्रतिशत, है। शिकायत कुल 67 निराकृत 67 लंबित 0, निराकरण का प्रतिशत - 100 प्रतिशत, है। मांग कुल 6553, निराकृत 6553, लंबित 0, निराकरण का प्रतिशत - 100प्रतिशत, है।

कनेरी के समाधान शिविर में कुल 6620 आवेदन (6553 मांग एवं 67 शिकायते) प्राप्त हुई थी, जिनमे से 6620 आवेदनों का निराकरण किया गया है। शिविर के दौरान शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को भी लाभान्वित किया गया। मौके पर क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा, जनपद पंचायत गुरुर अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, जिला पंचायत सदस्य तेज रम साहू, जनपद सदस्य संध्या अजेंद्र साहू, ग्राम कनेरी सरपंच दिनेश्वरी पन्ना सिन्हा, एसडीम सोनकर तहसीलदार हनुमंत श्याम, कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे सहित अन्य अलग-अलग विभाग से अधिकारी कर्मचारी गण, जन प्रतिनिधि एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# बेमेतरा नपा में शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित, अंतिम तिथि 20 तक

**बेमेतरा**, 14 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद बेमेतरा अंतर्गत संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। वार्ड क्रमांक 10 (आई.डी. 431007005), वार्ड क्रमांक 05 (आई.डी. 431007007) एवं वार्ड क्रमांक 07 (आई.डी. 501007013) की उचित मूल्य दुकानों के संचालन हेतु पात्र संस्थाओं से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। यह प्रक्रिया सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के तहत की जा रही है। इसमें स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व-सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समिति, अन्य सहकारी समितियाँ तथा राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम या वन सुरक्षा समितियाँ, जो कम से कम तीन माह पूर्व पंजीकृत हों, आवेदन करने के पात्र होंगे।

इच्छुक संस्थाओं को समिति का पंजीयन प्रमाणपत्र, समूह/संस्था के सदस्यों का विवरण, बैंक पासबुक की छायाप्रति, अध्यक्ष/सचिव का आधार एवं पैन नंबर की छायाप्रति, दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत करना होगा 7 आवेदन की अंतिम तिथि 20 मई 2025 निर्धारित की गई है।

विषय वस्तु के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रारूप का अवलोकन हेतु जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 54 में कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

# जसमीत ने नगर का बढ़ाया गौरव



**बेमेतरा**, 14 मई (देशबन्धु)। ऐकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा की छात्रा जसमीत कौर दत्ता ने सीबीएसई बोर्ड बारहवीं की परीक्षा में 93.20प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल और नगर का गौरव बढ़ाया है, और माता पिता का नाम रौशन किया है।

मेधावी छात्रा जसमीत नगर के व्यवसाई तेजा सिंह दत्ता की सुपुत्री है।

# कलेक्टर की पहल : बुजुर्ग महिला राजबती को मिला भूमि का कब्जा

**बेमेतरा**, 14 मई (देशबन्धु)। बुजुर्ग महिला राजबती, ग्राम बहेरा को अतिक्रमित भूमि का कब्जा दिलाया गया। बुजुर्ग महिला राजबती, ने कलेक्टर रणबीर शर्मा को कलेक्ट्रेट में आवेदन दिया था। कलेक्टर श्री शर्मा ने तत्काल तहसीलदार बेरला को स्थल परीक्षण कर कार्यवाही के निर्देश दिए थे।



तहसीलदार आशुतोष गुप्ता ने आज स्थल पर राजस्व टीम के साथ जाकर निरीक्षण किया। आवेदिका की भूमि चिन्हांकन कर उपस्थित टीम और गांव के लोगों के समक्ष कब्जा दिलाया। तहसीलदार श्री गुप्ता ने बताया कि पहले भी इनकी शिकायत पर भूमि चिह्नांकन कर कब्जा दिलाया था। किंतु यह कब्जा नहीं कर पायी। आज अनावेदक साधेलाल की मौजूदगी में राजवती को पुन: कब्जा दिलाया। साधेलाल और राजवती की भूमि साथ लगी हुई है। कुछ मीटर भूमि को लेकर शिकायत थी। बांस बल्ली लगा दी गई। अब राजवती पूरी तरह संतुष्ट है।

# निगम ने संस्थाओं को जारी किया नोटिस

## निर्यात किए गए माल पर सीमा कर चुकाने के लिए



**भिलाईनगर,** 14 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 132(2) के अधीन बनाए गये छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम सीमा से निर्यात किए गए माल पर सीमा कर निर्धारण एवं संग्रहण नियम 1996 के अधीन सीमा कर की राशि निगम कोष में जमा करना होता है। जो भी उद्योग या संस्था यहां पर निर्मित सामग्री का विक्रय सड़क के माध्यम से अन्य जगहो के लिए करता है। तो उसे नियमानुसार निर्यात कर संबंधित निकाय क्षेत्र में जमा करना होता है। इन सामग्री के विक्रय पर अनाज, कृषि, कपड़े, लोहा पर 0.10 प्रतिशत, बिल्डिंग मटेरियल, हार्डवेयर पर 0.20 प्रतिशत, फल, साबुन, सोडा, फर्नीचर पर 0.25 प्रतिशत, मसाल, इलेक्ट्रानिक, मोटर वाहन सामग्री, इमारती लकड़ी पर 0.50 प्रतिशत एवं शराब, बियर, अफीम पर 1.00 प्रतिशत निर्यात कर के रूप में निगम कोष में जमा किया जाना होता है। वर्तमान में कुछ संस्थाओं द्वारा निर्यात कर की राशि जमा की जा रही है। जो इस प्रकार से है भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई स्टील अथार्टी ऑफ इंडिया लिमिटेड, स्टील अथार्टी ऑफ इंडिया सेल रिफेक्ट्री यूनिट भिलाई, जे.पी. सीमेंट लिमिटेड भिलाई, अतूल ऑक्सीजन कंपनी 28, एण्ड्रस्टियल एरिया भिलाई, अतूल ऑक्सीजन कंपनी 28 बी एण्ड्रस्टियल एरिया भिलाई, अतूल क्रायोगेसिस गैस भिलाई, भिलाई सीमेंट पाईप मेन्चुरी, एन वायरर्स प्राईवेट लिमिटेड 20 लाईट एण्ड एरिया, बी. के. कास्टिंग लिमिटेड वोस्लो प्लांट, बी.के. इंजीनियरिंग, सिम्पलेक्स इंजीनियरिंग फाउण्ड्री वर्कस, सिम्पलेक्स कास्टिंग लिमिटेड, विश्वा इंजीनियरिंग प्राईवेट लिमिटेड आदि द्वारा जमा किया जा रहा है। निगम भिलाई द्वारा ऐसे सभी संस्थाओं को जिनके द्वारा सामग्री निर्यात की जा रही है। उनको नोटिस दिया गया था, जिसका जवाब उनके द्वारा वास्तविक रूप से नहीं दिया गया है। जबकि आयकर विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्थाओं द्वारा अपने संस्था से निर्मित उत्पाद को भिलाई सीमा क्षेत्र से बाहर भेजा जा रहा है। उन सब पर निर्यात कर जमा करने का नियम प्रभावशील है। सभी संस्थाओं को नगर निगम अधिनियम 1996 के अधीन सीमा कर की राशि 15 दिवस के भीतर निगम कोष में जमा करने का अंतिम नोटिस दिया गया है। अन्यथा जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र, जी.एस.टी. विभाग, पर्यावरण संरक्षण विभाग एवं कार्यालयीन जानकारी अनुसार नगर निगम भिलाई को देय सीमा कर की राशि तथा 5 प्रतिशत अधिभार की नियमानुसार गणना की जावेगी। उसके पश्चात संस्था की चल, अचल संपत्तियों की कुर्की एवं नीलामी की कार्यवाही करते हुए सीमा कर वसूली की कार्यवाही की जावेगी। इसके नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता आर.एस. राजपूत को बनाया गया है। उनके अधिनस्त जोन के प्रभारी राजस्व अधिकारी अपने दल के साथ संस्थाओं में जाकर नोटिस तामिल करवा रहे है।

## नागरिकों ने कहा सड़क बनी तो हम करेंगे तराई



**भिलाईनगर,** 14 मई (देशबन्धु)। नगर निगम भिलाई के जोन-3 मदर टेरेसा नगर वार्ड-31 में शिकायत मिली थी कि सड़क सीमेंटीकरण का कार्य चल रहा था। ठेकेदार द्वारा बीच में निर्माण को रोक दिया गया है। नगर निगम भिलाई द्वारा पूर्व में आदेश जारी किया गया था कि भीषण गर्मी को देखते हुए 15 जून मानसून आने तक अभी सड़कों का सीमेंटीकरण नहीं होगा। क्योंकि सड़क सीमेंटीकरण के लिए पर्याप्त पानी के तराई की आवश्यकता होती है, तराई नहीं हो पाने से सड़क की मजबूती कम हो जाती है और बीच-बीच से क्रेक भी हो जाती है। प्राप्त शिकायत का अवलोकन करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन आयुक्त सतीश यादव के साथ मदर टैरेसा नगर वार्ड क्रमांक 31 में गए, वहां पूर्व निर्मित सीमेंटीकरण सड़क का अवलोकन किए। वहां उपस्थित लोगों की समस्याओं को सुने। सबका यही मांग था कि बची हुई सड़क का भी सीमेंटीकरण कर दिया जाए। जब उन्हे बताया गया कि पानी के तराई की समस्या के कारण ही सड़क के काम को अभी रोका गया है। तब स्थानीय नागरिकों ने एक स्वर में कहा बची हुई सड़क का निर्माण करा दीजिये। हम लोग जिम्मेदारी लेते हैं, अपने घर के सामने बनी सड़क पर पानी डालेगें। जब सड़क हमारे लिए बन रहा है तो पानी डालने का दायित्व भी हमारा है। यह आश्वासन मिलते ही आयुक्त ने जोन आयुक्त को तत्काल बचे हुए सड़क को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उपअभियंता शंकर सुमन मरकाम को निर्देशित किए कि निर्माणाधीन सड़क के गुणवत्ता में किसी प्रकार का कमी नहीं होना चाहिए। यदि कोई कमी है तो संबंधित ठेकेदार को नोटिस दिया जाए। यदि उसके द्वारा काम में लापरवाही किया जा रहा है तो कार्य को निगम मद से करावाकर संबंधित ठेकेदार से राशि की कटौती कर दिया जाए।

## खदान पारा नेवई पहुंची महापौर पेयजल संकट पर दिया निर्देश



**भिलाईनगर,** 14 मई (देशबन्धु)। लोगों की समस्याओं से रूबरू होने महापौर शशि सिन्हा विभिन्न वार्डों में पहुंची। खदान पारा नेवई में पेयजल संकट होने पर टैंकर के माध्यम से पानी आपूर्ति करने निर्देश मौके पर ही दी। इस दौरान महापौर ने सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। महापौर शशि सिन्हा श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र वार्ड 34 का भ्रमण की। इस दौरान नागरिकों ने लो प्रेसर की वजह से अंतिम छोर तक पानी के नहीं पहुंचने की शिकायत की। साथ ही नागरिकों का कहना था पेयजल टैंकर के माध्यम से उपलब्ध कराया जाए। महापौर शशि ने पूर्व निर्धारित टैंकर प्वाइंट की न केवल जानकारी लीए बल्कि समय पर टैंकर उपलब्ध कराने निर्देश दिए। इस दौरान महापौर ने सफाई संबंधी जानकारी नागरिकों से ली। भ्रमण कार्यक्रम में एमआईसी अनिल देशमुख, जहीर अब्बास, पार्षद राहुल राय, जल विभाग प्रभारी गोपाल सिन्हा, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी बृजेन्द्र परिहार उपस्थित थे। महापौर शशि सिन्हा ने नागरिकों से अपील की है कि पानी को व्यर्थ न बहाए साथ ही खुले नल पर टोटी अवश्य लगाए।

## शिकायतों के निराकरण में पारदर्शिता हो : ललित



**भिलाईनगर,** 14 मई (देशबन्धु)। प्रदेश की विष्णु सरकार जनता के लिए समर्पित है। सरकार की मंशा है कि हर कार्य पारदर्शिता से हो। जनता की मांग और शिकायत का निराकरण सही समय पर हो इसलिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नगर पालिक निगम रिसाली द्वारा आयोजित सुशासन शिविर में उक्त बाते दुर्ग ग्रामीण विधायक व केन्द्रीय मंत्री दर्जा प्राप्त ललित चंद्राकर ने कही। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने शिविर में कहा कि वे जनता के सेवक है। उन्हे आम नागरिकों ने चुनकर भेजा है। ऐसे में उनका दायित्व है कि वे जनता के लिए समर्पित रहे। उन्होंने अधिकारी कर्मचारियों से भी कहा कि वे जनता के लिए अपना व्यवहार नरम रखे। किसी भी तरह की समस्या होने पर वे कार्यालय पहुंचते है। ऐसे में अधिकारी कर्मचारी का व्यवहार अच्छा होना चाहिए। शिकायतकर्ता को मार्गदर्शन सही मिलना चाहिए। इस अवसर पर रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने भी शिविर में आए नागरिकों को संबोधित किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, पार्षद विधि यादव, सरिता देवांगन, ईश्वरी साहू, सोनिया देवांगन, चन्द्रभान ठाकुर, धर्मेन्द्र भगत आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में आयुक्त मोनिका वर्मा ने शिविर के उद्देश्यों और नागरिकों की समस्याओं व मांगों पर प्रकाश डाला। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने शिविर में कहा कि प्राप्त शिकायतों का निराकरण अधिकारी ईमानदारी पूर्वक करे। उनकी सरकार चुनाव पूर्व घोषणा की है कि वे जनता की समस्याओं को सुनने और निराकरण करने घर तक आऐंगे। यह शिविर हम नागरिकों की समस्याओं को दूर करने के लिए लगा रहे है। इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाह कर्मचारी अधिकारी कार्यवाही तय समझे। दुर्ग ग्रामीण विधायक व महापौर ने शिविर में लाभान्वित हितग्राही से मुलाकात की। गोदभराई रस्म में शामिल हुए। हितग्राही गंगा शर्मा, सोहद्रा यादव, यशोदा पटेल व सुपोषित किट के हितग्राही ज्योति यादव, विनय साहू, उमेश्वरी के परिजनों से मुलाकात की। विधायक ने शिविर स्थल में नंदेश्वर को लर्निंग लाईसेंस प्रदान किया। वार्ड पार्षद विधि यादव ने शिविर में वार्ड 13 में बेतरतीब तरीके से लगे प्राइवेट गुमटी को हटाने की मांग की थी। आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर तोड़ फोड़ प्रभारी दुर्गेश गुप्ता ने तत्काल गुमटी को हटवाया। इसी तरह मौके पर 43 शिकायतों का निराकरण भी किया गया।

## डॉयल 112 व पुलिस पट्रोलिंग स्टाफ को दिया गया प्रशिक्षण



**भिलाईनगर,** 14 मई (देशबन्धु)। मार्ग में दुर्घटना या स्वास्थ्य खराब होने की स्थिति में घायलों, पीड़ितों को आपातकालीन स्थिति में तत्काल प्राथमिक उपचार दिए जाने के उद्देश्य से आज पुलिस कण्ट्रोल रूम सेक्टर-6 भिलाई में डॉयल 112 एवं जिले की पुलिस पेट्रोलिंग स्टॉफ की कार्यशाला एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला एवं प्रशिक्षण में पुलिस अस्पताल दुर्ग के डॉ. सुधीर गांगेय, डॉ. ए.पी. सावंत एवं उनकी टीम व्दारा उपस्थित कर्मचारियों को दुर्घटना एवं आपातकालीन स्थिति में घायलों एवं पीड़ितों को दिए जाने वाले प्राथमिक उपचार के संबंध में सैधान्तिक रूप से बताया जाकर, डेमो करके दिखाया गया। इसी प्रकार हार्ट अटैक के दौरान मरीज को किस प्रकार सीपीआर दिया जाना चाहिए डेमो करके दिखाया गया और उपस्थित कर्मचारियों से भी इसका प्रशिक्षण कराया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यशाला में सुखनंदन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर, दुर्ग चन्द्र प्रकाश तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक लाईन नीलकंठ वर्मा, रक्षित निरीक्षक दुर्ग एवं जिले के डॉयल 112 एवं पुलिस पेट्रोलिंग स्टाफ उपस्थित रहे।

## ज्ञान-विज्ञान को व्यक्त कर सकते हैं नाटक : आचार्य शर्मा



**भिलाईनगर,** 14 मई (देशबन्धु)। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के भोपाल परिसर में सम्पन्न तृतीय अखिल भारतीय रूपक महोत्सव में भिलाई के साहित्य संस्कृति मर्मज्ञ आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा को विशेषज्ञ समीक्षक के तौर पर आमंत्रित किया गया। भोपाल के रविंद्र भवन में इन नाटकों के हजारों दर्शकों उपस्थित थे। कुलपति प्रो. श्रीनिवास बरखेड़ी, मुख्य अतिथि साहित्य अकादमी नई दिल्ली के सचिव डॉ.के. श्रीनिवास राव, संस्था के निदेशक प्रो.रमाकान्त पाण्डेय एवं कुलसचिव प्रो.आर.जी. मुरली कृष्णन आदि भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ. शर्मा ने कहा कि कोई ऐसी कला, विद्या, शिल्प, कर्म, काव्य या विधा नहीं जिसे रूपक या नाट्य मंचनों द्वारा व्यक्त किया न जा सके। समस्त ज्ञान-विज्ञान को नाटक व्यक्त कर सकते हैं। इस आशय का नाट्यशास्त्र एक पद्य आज कल भारत भवन को पोस्टरों में मुद्रित और लोकप्रिय है। यूनेस्को द्वारा उक्त दोनों ग्रन्थों को विश्व धरोहर घोषित करने से पूरे भारत को गर्व है। आचार्य डॉ. शर्मा ने बताया कि मन्त्र दान, महिमामय भारत विषय परिणय, धर्मचक्र प्रवर्तन, शम्बूक अभिषेक और कौण्डिन्य प्रहसन आदि के मंचन की सबने सराहना की। 14 संस्कृत विश्वविद्यालयों के 800 विद्यार्थियों ने 20 से अधिक नाटकों का मंचन किया। श्रीकृष्ण और पंचतन्त्र के अलावा शेक्सपियर पर संस्कृत नाटक खेले गये। डॉ शर्मा का शॉल.श्रीफल, भोजराज पंचांग एवं शास्त्रीय ग्रन्थ भेंट कर अभिनन्दन किया गया। उल्लेखनीय है कि इस विश्वविद्यालय के पूर्व रूप राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान नई दिल्ली द्वारा 2012 में दिल्ली में सम्पन्न पन्द्रहवें विश्व संस्कृत सम्मेलन में भी डॉ. शर्मा को विशेष रूप से आमन्त्रित किया गया था।

## कार में हुक्का पीते 5 को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाईनगर,** 14 मई (देशबन्धु)। सुपेला थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए यातायात कार्यालय के सामने कार में हुक्का पीते 5 युवक को गिरफ्तार किया है। दबिश के दौरान हुक्का पाट, फ्लेवर के पैकेट भी मिला। आरोपियों के विरुद्ध कोटप्पा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक विजय यादव के मुताबिक आज 14 मई को सूचना प्राप्त हुई कि यातयात कार्यालय के सामने मेन रोड सुपेला में एक इनोवा कार के अंदर कुछ व्यक्ति हुक्का पी रहे हैं। उक्त सूचना पर थाना सुपेला पुलिस द्वारा मौके पर दबिश दिया गया। इनोवा कार में अनिकेत, ऋषभ कुमार, दीपक, दुर्गेश कुमार, आयुष मिले। जिनके कब्जे से इन्नोवा कार, एक पुराना हुक्का पाईप जिसके दोनों किनारे लकड़ी का हुक्का लगाए एक पुराना स्टील का हुक्का पार्ट, एक पुराना कांच का मटकी, एक हुक्का पार्ट सीलबंद, एक हुक्का हर्बल फ्लेवर का पैकेट, एक पैकेट कोक एक पैकेट कोक खुला, एक पैकेट खुला पेपर को सभी आरोपीयान एक दूसरे का हुक्का आदान प्रदान कर पी रहे थे। आरोपियों के विरुद्ध धारा 21(2) कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई कर इनके कब्जे से विधिवत जप्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।



## वैशाली नगर सुशासन तिहार शिविर में पहुंचे विधायक



**भिलाईनगर**, 14 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतिम चरण का शिविर आज वैशाली नगर विधानसभा के लोकांगन परिसर में सम्पन्न हुआ जिसमें लगभग डेढ़ सौ से अधिक विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में विभिन्न समस्याओं के लगभग 5 सौ आवेदन जमा हुए हैं। शिविर में पहुंचे वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने बताया कि विभिन्न शासकीय विभागों में लोगों को अपनी समस्याएं लेकर न भटकना पड़े इसलिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी विभागों को शिविर में एकत्र कर क्षेत्रवासियों की समस्याएं जानने और उनके शीघ्र निराकरण के लिए सुशासन तिहार प्रारंभ किया है। जो भी समस्या हम सभी आम नागरिकों के दैनिक जीवन में आती है, चाहे वो मूलभूत सुविधा की हो या प्रशासनिक,जमीन से संबंधित कोई मामला हो या फिर बीमारियों के उपचार से संबंधित कोई मामला होए यहां आवेदन देकर तत्काल समाधान का प्रयास शिविर में मौजूद अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। मुझे ऐसा लगता है कि सुशासन तिहार से निश्चित रूप से लोगों के चेहरे पर खुशी आई है। श्री सेन ने कहा कि जो नई बहू लोगों के घर आई हैं उनके लिए भी मुख्यमंत्री ने महतारी वंदन का पिटारा खोल दिया है। ऐसी महिलाएं शिविर में पहुंच कर महतारी वंदन योजना का फार्म महिला एवं बाल विकास काउंटर पर भर रही हैं। शिविर में मुस्लिम समाज से एक अनूठा आवेदन भी आया है। सुपेला में रहने वाला एक दल कश्मीर गया हुआ था। वहां पर जमात में शामिल एक युवक को लकवा का अटैक आ गया है। पीड़ित के छोटे भाई ने आवेदन देकर श्रीनगर से दिल्ली लाने एयर टिकट की व्यवस्था के लिए अर्जी लगाई है। श्रीनगर से एंबुलेंस से दिल्ली लाने पर लगभग 25 हजार का खर्च आ रहा है जो कि इस परिवार के लिए संभव नहीं। मैंने तत्काल कलेक्टर और सीएम विष्णुदेव सायजी से बातचीत की है ताकि पीड़ित को श्रीनगर से दिल्ली आने का एयर फेयर मिल सके।

## सीए शाखा द्वारा दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेस 17 से



**भिलाईनगर,** 13 मई (देशबन्धु)। भिलाई सीए शाखा द्वारा दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेस उन्नयन का आयोजन 17 व 18 मई को भिलाई सिविक सेंटर स्थित सीए भवन में आयोजित होगा। भिलाई, रायपुर, बिलासपुर और रायगढ़ शाखाओं के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस नेशनल कांफ्रेंस में देशभर के सीए सदस्य जुटेंगे और विशेषज्ञ वक्ताओं से जीएसटीए इनकम टैक्स एवं आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस से जुड़े विषयों पर जानकारी प्राप्त करेंगे। यह कांफ्रेंस सीए सदस्यों और छात्रों को महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्राप्त करनेए नए तकनीकों को अपनाने और विशेषज्ञों के अनुभव प्राप्त करने अवसर प्रदान करेगा। भिलाई ब्रांच के चेयरमेन राजेश बाफना और वाइस चेयरमेन एसडी राठी ने बताया कि कांफ्रेस के पहले दिन, 17 मई को जीएसटी और वित्तीय रिपोर्टिंग से जुड़े विषयों पर महत्वपूर्ण सत्र होंगे। जिसमें अमृतसर से आंचल कपूर जीएसटी से जुड़े नोटिस और अपील की प्रक्रिया को विस्तार से समझाएंगीष जिससे सीए पेशेवरों को इस क्षेत्र में बेहतर जानकारी प्राप्त होगी। भोपाल के सीए अभय छाजेड़ कॉर्पोरेट कंपनियों के वित्तीय विवरण प्रस्तुत करने की विधि पर चर्चा करेंग, जिससे कंपनियों की रिपोर्टिंग प्रक्रिया को प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

## शिक्षाधानी के बच्चों ने बोर्ड परीक्षा में मारी बाजी



**भिलाईनगर,** 14 मई (देशबन्धु)। सीबीएसई परीक्षा प्रमाणपत्र पर संयंत्र द्वारा संचालित विद्यालयों ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को प्रमाणित करते हुए शानदार प्रदर्शन दर्ज किया। इन विद्यालयों के बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों में अनन्या अग्निहोत्री 90. 4 फीसदी नौशबा नाज़ 91.2 फीसदी, तनवीर अफ़सान, ओजस्वी साहू, सौम्या यादव, याशिका शर्मा, कुणाल देवांगन, कनिका देवांगन, के.शुभम रेड्डी, आराध्या साहू, पाखी सिंह, आर्यन प्रसाद, आचल ठाकुर, अनन्या घोष प्रमुख रूप से शामिल हैं। बीएसपी विद्यालयों की यह शैक्षणिक सफलता वहां की प्रतिबद्ध शिक्षकीय टीम, सुदृढ़ आधारभूत संरचना तथा सभी वर्गों के छात्रों के लिए उपलब्ध प्रेरणादायी एवं पोषक वातावरण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। बीएसपी प्रबंधन द्वारा संचालित विद्यालय न केवल परिणामों में निरंतर श्रेष्ठता प्रदर्शित कर रहे हैंए बल्कि वे छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु एक सुदृढ़ शैक्षणिक मंच भी प्रदान कर रहे हैंए जिससे क्षेत्र की शैक्षणिक प्रतिष्ठा में निरंतर वृद्धि हो रही है।

### गुरुनानक स्कूल सेक्टर-6



**भिलाईनगर।** गुरु नानक इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया दसवीं बोर्ड परीक्षा में परिणाम शत.प्रतिशत रहा। ख्याति स्वर्णकार ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, तन्नू वर्मा ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान और हर्षिता स्वामी ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में स्कूल का परिणाम 95 प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय में ट्विंकल बो ने 75.2 प्रतिशत अंक से प्रथम स्थान प्राप्त किया। अरीबा अंसारी ने 74.6 फीसदी अंक दूसरा स्थान, नीलेश वर्मा, ऋषिका सिंह ने 70.4 प्रतिशत अंक से तीसरा स्थान प्राप्त तथा वाणिज्य संकाय में दिव्यांशी ओझा ने 75.2 प्रतिशत अंक से प्रथम स्थान, अनिकेत राणा ने 71.6 प्रतिशत से दूसरा स्थान तथा विपुल बागड़े ने 70.2 प्रतिशत अंक से तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर अध्यक्ष मनजीत सिंह, लखबीर सिंह देवेंद्र पाल सिंह, मनप्रीत सिंह, अमरजीत सिंह तारा सिंह, भगवान सिंह, जगदीप सिंह अमृत पाल सिंह, मुखविंदर सिंह,, बलजीत सिंह, जसबीर सिंह, प्रिंसिपल श्रीमती मोना सिंह ने बधाई दी

## कश्मीर भारत देश का अभिन्न अंग : कुरैशी



**भिलाईनगर,** 14 मई (देशबन्धु)। राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने देश के निर्णायक कदम एवं भारतीय सैनिक की वापसी के लिए सम्सस्त सैनिकों का अभिनन्दन करते है। भारतीय सेनाओं के द्वारा 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया। जिसमे भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के 9 ठिकानो को ध्वस्त किया और 100 से भी अधिक आतंकवादी मर गिराया। भारत की इस सफल कार्रवाई से पाकिस्तान के हौसले पस्त हो गए। और पाकिस्तान ने भारत के समक्ष 10 मई को संघर्ष विराम का प्रस्ताव रखा था, जिसे भारत ने अपनी शर्तों पर स्वीकार कर लिया। भारत देश ने किसी भी देश की मध्यस्ता से साफ शब्दों में मना कर दिया। भारत देश पहली प्राथमिकता राष्ट्रीय सुरक्षा हैं बाद में व्यापर। जम्मू.कश्मीर से जुड़ा कोई भी मुद्दा केवल भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय तरीके से सुलझाया जाएगा। किसी तीसरे पक्ष की इसमें कोई भी भूमिका नहीं होगी। भारत यह भी कहा की यदि भारत पर आतंकी हमला हुआ तो भारत देश उसे मुँहतोड़ जवाब देंगा, अपने तरीको और शर्तो के आधार पर उस जगह जाकर ठोस कारवाही करेंगा एवं कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल को नहीं सहन करेंगा और पाकिस्तान को जल्द ही पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भी खाली करना होगा, क्योकि सम्पूर्ण कश्मीर भारत देश का अभिन्न अंग था और रहेगा।

## आज पीएम श्री आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल में लॉटरी से होगा छात्रों का चयन

**लवन,** 14 मई। पीएमसी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल लवन के प्राचार्य हरिशंकर जोशी ने बताया कि 15 मईको शाला परिसर में 10:30 बजे कक्षा पहली से दसवीं तक के प्राप्त आवेदनों पर प्रवेश हेतु लाटरी पद्धति से चयन किया जाएगा इसके लिए लवननगर एवं आवेदन कर्ताओं के पलकों अभिभावक गढ़ नागरिकों एवं शिक्षक गढ़ को सूचित किया गया है ।



# पार्किंग व यातायात की व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की जरूरत : कलेक्टर

**राजनांदगांव,** 14 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कानून व्यवस्था, सड़क सुरक्षा, मादक पदार्थों की रोकथाम, आबकारी एवं नए कानून के क्रियान्वयन के संबंध में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट देने में विलंब नहीं होना चाहिए। समय-सीमा का पालन करते हुए प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए सात दिवस में यथाशीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को आसान बनाने के लिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्य किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में हुई मृत्यु तथा अन्य कारणों में हुई मृत्यु के संबंध में पोस्टमार्टम का कार्य निर्धारित समय-सीमा में करें।



कलेक्टर ने कहा कि बच्चों को मादक पदार्थों से दूर रखने के लिए विशेष तौर पर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नशीले दवाईयों के विरूद्ध जागरूक करने के लिए बच्चों को संदेश देते हुए कार्य करना है। इसके लिए उन्होंने विभिन्न स्थानों पर फ्लैक्स के माध्यम से संदेश देने के लिए कहा। उन्होंने शराब की अवैध रूप से ओव्हररेट पर शिकंजा कसने के लिए कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों में अवैध शराब की बिक्री पर कार्रवाई करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पार्किंग एवं यातायात की व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की जरूरत है। ऐसे स्थानों का चिन्हांकन करें, जहां पार्किंग किया जा सकता है। इसके साथ ही पार्किंग के लिए वर्तमान एवं भविष्य के दृष्टिगत स्थायी समाधान की दिशा में आगे बढ़ते हुए कार्य करना है। उन्होंने इसके लिए डायर्वसन, नो सिंगनल, नो एण्ट्री, रोड चौड़ीकरण के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चिन्हांकित दुर्घटनाजन्य स्थानों पर स्पीड ब्रेकर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों की पहचान करते हुए अपराधिक एवं संदेहास्पद व्यक्तियों का चिन्हांकन करें तथा इसके लिए लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिवनाथ नदी में हो रहे हादसों को ध्यान में रखते हुए वहां दुर्घटनाजन्य क्षेत्र का बोर्ड लगवाने के लिए कहा। उन्होंने खनिज विभाग को रेत एवं मुरूम के अवैध उत्खनन की शिकायत पर विशेष अभियान चलाते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए तथा नये कानून के संबंध में चर्चा की।

पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आसान बनाते हुए कार्य करने की आवश्यकता है, ताकि निर्धारित समय सीमा में कार्य संभव हो सके। उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ एवं सोमनी क्षेत्र में मादक पदार्थ एवं नशीले दवाईयों पर संयुक्त रूप से कार्रवाई करने की आवश्यकता है। उन्होंने ओव्हररेट मदिरा, स्मगलिंग, कोचियों के माध्यम से शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाने के लिए कहा। उन्होंने अवैध रेत एवं मुरूम के अवैध उत्खनन पर टास्क फोर्स गठित करने के लिए कहा। उन्होंने पशु क्रुरता अधिनियम, सड़क सुरक्षा, कानून व्यवस्था, सामाजिक सौहार्द्र सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा सहित अन्य अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मृतकों को विधायक ने दिया कंधा

**खरोरा,** 14 मई (देशबन्धु)। खरोरा समीप ग्राम बंगोली में रविवार देर रात मिनी ट्रक और ट्रेलर की टक्कर में 13 लोगों की मौत हो गई। 14 लोग घायल हुए हैं। ट्रक में सवार ये सभी लोग छठी के कार्यक्रम से लौट रहे थे। ट्रक खरोरा के बाना गांव से आ रहा था। बंगोली में इसे रायपुर से आ रहे ट्रेलर ने टक्कर मार दी। मृतकों में 10 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। इनमें एक ही परिवार की 3 महिलाओं का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया, जबकि एक बच्चे को दफनाया गया है। इनमें गीता साहू, प्रभा साहू और नंदनी साहू का अंतिम संस्कार किया गया। एकलव्य साहू (6) को दफनाया गया है।





**सड़क पर एंबुलेंस की लगी रही लाइन**

इस घटना के बाद खरोरा से रायपुर की ओर एक के बाद एक एंबुलेंस दिखने लगी। ट्रेलर का ड्राइवर अमित कुमार बर्मन है एक्सीडेंट के बाद वह मौके से फरार हो गया था लेकिन पुलिस ने पीछा करके उसे पकड़ लिया।

विधायक अनुज शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने मृतकों को कंधा दिया। मंत्री टंकराम वर्मा, अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर नवीन अग्रवाल, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, पूर्व विधायक अनिता शर्मा मौजूद रहे। वहीं पूर्व जनपद अध्यक्ष देवव्रत नायक ने मांग की है कि परिजनों को बीस लाख की सहायता दी जानी चाहिए।

**डीजल टैंक फटने से बचा आग लगने का था खतरा**

ट्रेलर से टकराने के बाद मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर एक अन्य ट्रक के डीजल टैंक के हिस्से में टकराई। जिससे ट्रक में भरा हुआ डीजल सड़क पर पूरी तरह बिखर गया। इस भीषण टक्कर के दौरान अगर कोई चिंगारी निकलती. तो वह सड़क पर बिखरे हुए डीजल में फौरन आग पकड़ लेती।

**हादसे के बड़े कारण**

ट्रेलर के दोनों तरफ 3 फीट बाहर की तरफ लोहे का एंगल टकराने वाली माजदा में लोग भरे हुए थे, जो गैरकानूनी है, असुरक्षित भी विधानसभा से खरोरा की तरफ रास्ते में अंधेरा, लाइट्स नहीं नेशनल हाइवे की तुलना में इस रोड पर आरटीओ की चेकिंग कम ड्राइवर के साथ कोई कंडक्टर नहीं, दो दिन से अकेले चला रहा था।

# डोंगरगढ़ विखं के ग्राम चारभांठा में समाधान शिविर

**राजनांदगांव,** 14 मई (देशबन्धु)। राज्य शासन की मंशा के अनुरूप ग्राम के अंतिम व्यक्तियों के शिकायतों एवं मांगों के निराकरण के लिए सुशासन तिहार अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत आज डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम चारभांठा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। चारभांठा समाधान शिविर में कलस्टर के ग्राम पंचायत चारभांठा, मोहनपुर, नारायणगढ़, रामपुर, कनेरी, भगवानटोला, बागनदी, टाटेकसा, कोठिटोला, सीतागोटा, मुंगलानी, झिंझारी के ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई और शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। समाधान शिविर चारभांठा में प्रशासन पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं और मांगों से रूबरू होकर समाधान किया गया। समाधान शिविर में सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी अधिकारियों द्वारा वाचन कर दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा नन्हें बच्चों का अन्नप्राशन और गर्भवती माताओं की गोदभराई की गई। समाधान शिविर चारभांठा कलस्टर में 1 हजार 657 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसका शत प्रतिशत निराकरण किया गया।



समाधान शिविर में कृषि, महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, खाद्य, आबकारी, वन, राजस्व, परिवहन, समाज कल्याण, क्रेडा, सहकारिता विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी दी गई और अपने-अपने विभाग से संबंधित विभागीय योजनाओं से हितग्राहियों को अवगत भी कराया गया। शिविर में नक्सल प्रभावित हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही शिविर में श्रमिक कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, राशन कार्ड, लर्निंग लाईसेंस प्रदान कर विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी देने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए स्टॉल लगाया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर, मधुमेह का परीक्षण कराया। स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यकता अनुसार दवाईयों का वितरण किया गया। वही आयुष विभाग के स्टॉल में जनसामान्य को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाईयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती लता सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य श्री प्रशांत कोडापे, श्री गिरवर साहू, श्री मनोज कांडे, सरपंच, पंच, सचिव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने कस्टम मिलिंग व धान की नीलामी के संबंध में राईस मिलर्स की बैठक ली

**राजनांदगांव,** 14 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कस्टम मिलिंग एवं धान की नीलामी के संबंध में राईस मिलर्स की बैठक ली। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में धान खरीदी में धान की मात्रा बढ़ी है। विगत वर्ष की तुलना में अधिक धान की खरीदी हुई है। उन्होंने कहा कि जिले में धान की नीलामी हेतु नीलामी दर के अनुरूप 526 स्टेक धान शेष है, इसके लिए जिले के सभी पंजीकृत मिलर्स को प्राइस मैचिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी मिलर्स को कुछ नया करते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। सभी मिलर्स इस कार्य को गंभीरतापूर्वक करें। प्राइस मैचिंग कर अधिक से अधिक धान के निराकरण का प्रयास करें। बड़े मिलर्स इस कार्य के लिए अधिक धान ले तथा छोटे मिलर्स भी इसमें सहयोग करें। उन्होंने कहा कि 424 स्टेक के लिए प्राइस मैचिंग का कार्य हो गया है, लेकिन धान के उठाव की गति बहुत धीमी है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा राशि लेकर धान का उठाव शीघ्र कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संग्रहण के लिए पर्याप्त स्थान है। समय पर धान का उठाव कराएं तथा धान के लिए एफसीआई (भारतीय खाद्य निगम) को सहयोग करें।



**जिले के सभी पंजीकृत मिलर्स को शेष 526 स्टैक धान के लिए प्राइस मैचिंग करने के दिए निर्देश**

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने संग्रहण केन्द्रों में नीलाम हो चुके स्टैक की पर्याप्त सुरक्षा के निर्देश जिला विपणन अधिकारी को दिए। मार्कफेड के संग्रहण केन्द्र में लापरवाही होने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। संग्रहण केन्द्र के प्रभारी को बताते हुए समस्या का समाधान करने के लिए कहा। धान का उठाव कराते समय मिलर्स अधिकारियों से समन्वय करते हुए कार्य करें। व्यवस्था बनाते हुए कार्य करने की जरूरत है तथा श्रमिकों को समय पर भुगतान करें। उन्होंने कहा कि ऐसे धान की नीलामी जो पहले हो चुकी है, उसका शीघ्र उठाव कराएं। एफसीआई के बसंतपुर एवं तिलई गोदाम से रेक मूवमेंट हेतु एफसीआई को निर्देश दिए तथा इस संबंध में महाप्रबंधक एफसीआई को पत्र प्रेषित करने के लिए खाद्य अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन मिलर्स का एक स्टेक से कम चावल जमा शेष है, ऐसे मिलर्स को एक साथ एक स्टेक प्रदाय करने के निर्देश एफसीआई के अधिकारियों को दिया गया। इस अवसर पर जिला खाद्य अधिकारी श्री रविन्द्र सोनी एवं बड़ी संख्या में मिलर्स उपस्थित रहे।

## भाविका को मिला सहारा, हर माह मिलेंगे 4 हजार रुपए

**गरियाबंद,** 14 मई (देशबन्धु)। राजिम के पिपरछेड़ी गांव की 9 साल की भाविका साहू को महिला एवं बाल विकास विभाग की स्पांसरशिप योजना का लाभ मिला है। अब उसे हर माह 4 हजार रुपए मिलेंगे। यह सहायता 18 वर्ष की उम्र तक दी जाएगी। विधायक रोहित साहू की सूचना पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लिया। इसके बाद मिशन वात्सल्य योजना के तहत भाविका को योजना में शामिल किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि भाविका की मां का निधन 2018 में हो गया था। पिता गजानंद साहू 82 प्रतिशत दिव्यांग हैं। वे कोई काम नहीं कर सकते। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम ने गांव जाकर जांच की। सामाजिक जांच और दस्तावेजों की पुष्टि के बाद योजना में शामिल किया गया। गरियाबंद जिले में अब तक इस योजना से 264 बच्चे लाभान्वित हो चुके हैं। भाविका और उसके पिता ने राज्य शासन और विभाग का आभार जताया है।



## सहायक प्राध्यापक गजानंद को मिली पीएचडी

**सरायपाली,** 14 मई (देशबन्धु)। डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में सहायक प्राध्यापक के रूप में पदस्थ ग्राम माधोपाली के निवासी गजानंद नायक ने डॉ प्रतिभा मुखर्जी साहूकार प्राचार्य दुर्गा महाविद्यालय रायपुर के निर्देशन में अंग्रेजी विषय पर नगंबिका ञ्फीमेल पोर्ट्रेचर इन द सेलेक्ट नोवेल्स ऑफ फ्लोरा नवापा पर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से पी एच डी अवार्ड प्राप्त किया है। मौखिक प्रश्नोत्तरी के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय से प्रोफेसर आर पी सिंह ने नायक के प्रस्तुतीकरण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए थीसिस की सराहना की।



# सुशासन तिहार के तहत छुरिया के ग्राम हैदलकोड़ो में समाधान शिविर

**राजनांदगांव,** 14 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तहत जनपद पंचायत छुरिया के ग्राम पंचायत हैदलकोड़ो में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत बागद्वार, बैरागीभेड़ी, बेलरगोंदी, बिटाल, गहिराभेड़ी, हैदलकोड़ो, पाण्डेटोला, गैंदाटोला, गर्रापार, जोशीलमती, केशाल, कोलिहालमती के ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में सुशासन तिहार के प्रथम चरण में प्राप्त विभागीय मांगों एवं शिकायतों का त्वरित, प्रभावी एवं पारदर्शी निराकरण किया गया। समाधान शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, खाद्य, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक न्याय, विद्युत, वन, श्रम, पशुपालन सहित अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाकर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया तथा हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में 2894 मांगों एवं 32 शिकायतों से संबंधित कुल 2941 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रत्येक समस्या का समाधान शिविर स्थल पर उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष किया गया एवं सभी निराकरणों की सार्वजनिक वाचन के माध्यम से जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने समाधान की प्रक्रिया में भाग लेकर अपनी संतुष्टि जाहिर की।



कार्यक्रम के दौरान शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास पूर्णता पर अभिनंदन प्रमाण पत्र, नवीन राशन कार्ड, नवीन जाबकार्ड, लोकसेवा यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों को एफटीके किट, मछली पालन विभाग द्वारा मछली जाल, श्रमकार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति पत्र तथा दिव्यांग हितग्राहियों को ई-ट्राईसाइकल का वितरण किया गया। समाधान शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री संजय सिन्हा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री प्रशांत ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बीरम मंडावी, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती गीता साहू, श्रीमती उत्तरा निषाद, श्री ओमप्रकाश चंद्रवंशी, श्री बालमुकुंद कुंजाम, श्रीमती भेषबाई साहू, श्री चंद्रप्रकाश मोटघरे, श्रीमती चंद्रिका लेखचंद वर्मा एवं श्रीमती हेमीन बाई साहू, तहसीलदार छुरिया श्री विजय कोठारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया श्री होरीलाल साहू, श्रीमती आकांक्षा साहू, तहसीलदार कुमर्दा सहित जनपद पंचायत छुरिया के सदस्य, ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच, एवं अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# उर्मिला को मिली पक्के आवास की चाबी तो चेहरे पर आई खुशी

**राजनांदगांव,** 14 मई (देशबन्धु)। शासन तिहार अंतर्गत जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत सुकुलदैहान में आयोजित समाधान शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना की हितग्राही श्रीमती उर्मिला वैष्णव ने आवास की चाबी मिलने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि पहले वे अपने पैतृक कच्चे मकान में निवास करते थे और उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी, इसलिए अपना पक्का आवास नहीं बना पा रहे थे। उनके पास कृषि भूमि भी नहीं है। श्रीमती उर्मिला वैष्णव ने बताया कि बारिश के दिनों में कच्चे आवास में निवास करना कठिन हो रहा था। उन्होंने बताया कि पक्के आवास का मिलना उनके लिए सपने के सच होने के समान है। श्रीमती उर्मिला ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि उन्हें शासन की महतारी वंदन योजना का भी लाभ मिल रहा है। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए ग्राम बम्हनी के श्री नरेन्द्र सोनी एवं श्रीमती उर्मिला देवांगन को नवीन आवास के लिए स्वीकृति मिली। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनका अब स्वयं का पक्का आवास बन सकेगा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब एवं जरूरतमंद के लिए एक उम्मीद की तरह है, जिससे उनके पक्के आवास का सपना पूरा हो रहा है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना से जनसामान्य के जीवन स्तर में महत्वपूर्ण परिवर्तन आ रहे हैं। सुशासन तिहार के समाधान शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रति बड़ी संख्या में जनमानस का रूझान दिखाई दिया।



**उर्मिला ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया**

# चार वर्षों से फरार आरोपी को सरिया पुलिस ने ओडिसा से किया गिरफ्तार

**बिलाईगढ़,** 14 मई (देशबंशु)। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के द्वारा जिले के सभी थाना/ चौकी प्रभारियों को जुआ, सट्टा, शराब, अवैध मादक पदार्थ गांजा में संलिप्त व्यक्तियों के उपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा श्रीमान् अति0 पुलिस अधीक्षक सारंगढ़-विलाईगढ़ निमिषा पाण्डेय एवं उप पुलिस अधीक्षक सारंगढ़ अविनाश मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 14.05.2025 को मुखबीर की सुचना पर 10 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा के तस्करी में 04 वर्षों से फरार आरोपी को ओडिसा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है। प्रकरण में दिनांक 11.08.2021 को जरिये मुखबिर की सूचना पर घटनास्थल ग्राम कंचनपुर बेरियर मेन रोड पर एक सफेद रंग के अपाचे मोटर सायकिल क्रमांक ह्ब्ष 15च 5642 में आरोपी गणेसर बगरती पिता पुर्णचन्द्र बगरती उम्र 23 वर्ष साकिन ठेंगानाल थाना डोंगरीपाली जिला सोनपुर (ओडिसा) का उपरोक्त वाहन में सवार होकर 10 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बिकी हेतु तस्करी करते मिला था। मौके पर आरोपी के विरूद्ध धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के विधिवत् कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जाकर चालानी कार्यवाही किया गया था। पूर्व में गिरफ्तार आरोपी के मेमोरेंडम के आधार पर उसे गांजा सप्लाई बिक्री करने वाले आरोपी की जानकारी एकत्र कर चैन जोड़ते हुए इण्ड टु इण्ड विवेचना कर मुखबिर की सूचना पर गांजा विक्रेताआरोपी अनिल त्रिपाठी पिता मिनकेतन त्रिपाठी उम्र 49 वर्ष साकिन ठेंगानाल थाना डुंगुरीपाली जिला सोनपुर (ओडिसा) हाल मुकाम गोबिन्दपाली बरगढ़, थाना टाऊन बरगढ़, जिला बरगढ़ (ओडिसा) को उसके सकुनत से पकड़ा गया है। प्रकरण में उपरोक्त आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा सदर का अपराध सबुत पाये जाने से उसे आज दिनांक 14.05.2025 को विधिवत् गिरफ्तार किया गया है ।

# समाधान शिविर चारभांठा में चनबती को मिला तत्काल श्रमिक कार्ड

**राजनांदगांव,** 14 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के वनांचल ग्राम चारभांठा समाधान शिविर ग्राम कोठीटोला निवासी श्रीमती चनबती घावडे के लिए लाभकारी साबित हुआ। समाधान शिविर में श्रम विभाग के स्टाल में श्रीमती चनबती घावडे का तत्काल श्रमेव जयते मोबाईल एप्प से पंजीयन कर श्रमिक कार्ड बनाकर प्रदान किया गया। श्रीमती चनबती ने कहा कि उन्होंने सोचा नहीं था कि शिविर में तत्काल श्रमिक कार्ड बन जाएगा। श्रमिक कार्ड मिलने पर हितग्राही श्रीमती चनबती ने खुशी जाहिर की। श्रीमती चनबती का श्रमिक कार्ड छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के तहत बनाया गया है। श्रीमती चनबती ने बताया कि उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभ मिल रहा है। अब श्रमिक कार्ड बनने से एक और शासकीय योजनाओं से जुड़ जाएंगे। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजना महतारी वंदन योजना, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड जैसी योजनाओं से लाभान्वित हो रही है। श्रीमती चनबती ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को जनहितकारी योजनाएं संचालित करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके साथ ही समाधान शिविर में बागनदी निवासी श्रीमती रविना कोचे, श्रीमती सुनीता बाई, श्रीमती ममता तथा कोटनापानी निवासी श्रीमती द्रोपति वर्मा, ग्राम झिंझारी निवासी श्रीमती करूणा, ग्राम कोठीटोला निवासी श्रीमती भारती बाई सोनबोईर और श्रीमती हिरोंदी पडोटी, ग्राम दीवानटोला निवासी श्रीमती ललिता बाई कंवर, ग्राम सीतागोटा निवासी श्रीमती अमरूरा बाई साहू का भी तत्काल श्रमिक कार्ड बनाया गया।



उल्लेखनीय है कि श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों को लाभान्वित करने के लिए श्रमेव जयते मोबाईल एप्प के माध्यम से समाधान शिविरों में तत्काल श्रमिक का पंजीयन कर श्रमिक कार्ड बनाया जा रहा है। इसके साथ ही श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी भी दी जा रही है। श्रम विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल द्वारा संचालित योजनाएं और छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

# 780 तीर्थयात्री शिर्डी, शनि शिंगनापुर, त्रयंब्केश्वर की यात्रा के लिए हुए रवाना

**राजनांदगांव,** 14 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 14 से 17 मई 2025 तक शिर्डी, शनि शिंगनापुर, त्रयंब्केश्वर की तीर्थयात्रा के लिए राजनांदगांव जिले के 313 तीर्थयात्री सहित कबीरधाम जिले के 244, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के 113 एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के 110 कुल 780 तीर्थयात्री एवं उनके साथ 20 अनुरक्षक को बोर्डिंग स्टेशन राजनांदगांव से विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान तीर्थयात्रियों को तीर्थयात्रा के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर समाज सेवी श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री मूलचंद लोधी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देवकुमारी साहू व श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा, श्री राजा माखीजा, श्री प्रकाश वाधवानी, श्री अशोक निर्मलकर, श्री राकेश सिन्हा, श्री पप्पू चन्द्राकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

उप संचालक समाज कल्याण श्री बीएल ठाकुर ने बताया कि तीर्थयात्रियों के लिए विशेष ट्रेन नागपुर, अकोला, भुसावल, मनमाड़ होते हुए शिर्डी साई नगर जायेगी। तीर्थयात्री 15 मई को शिर्डी से बस द्वारा शनि शिंगनापुर मंदिर का दर्शन कर वापस शिर्डी लौटकर सांई बाबा मंदिर के दर्शन कर रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद तीर्थयात्री 16 मई को ट्रेन द्वारा नासिक जायेंगे। नासिक में त्रयंब्केश्वर ज्योर्तिलिंग मंदिर एवं पंचवटी यात्री दर्शन के बाद के बाद नाशिक स्टेशन से राजनांदगांव के लिए वापसी होगी। तीर्थयात्रियों की 17 मई को सुबह 11 बजे राजनांदगांव वापसी होगी। ट्रेन वातानुकूलित है। तीर्थयात्रियों को चाय, नास्ता, भोजन सहित अन्य सभी आवश्यक सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। तीर्थयात्रियों के साथ राजनांदगांव एवं कबीरधाम जिले के एक-एक चिकित्सक एवं 20 अनुरक्षक भेजा गया है।

## निधन

### बिहारी लाल साहेब

**रोहांसी/बलौदाबाजार,** 14 मई। नगर पंचायत रोहांसी निवासी महंत बिहारी लाल साहेब का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे विधि-विधान से किया गया। जहां बड़ी संख्या में नागरिको ने श्रदांजलि अर्पित की है। वे आनंद राम साहू के पिता थे।



### श्रीमती लक्ष्मी दवे

**महासमुंद,** 14 मई। स्थानीय बीटीआई रोड के न्दीय विद्यालय के पास निवासी श्रीमती लक्ष्मी दवे पति स्व. कृष्ण दवे का 90 वर्ष की उम्र में 14 मई को निधन हो गया। अंतिम संस्कार भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में 15 मई को सुबह 10 किया जाएगा। वे अनूप कुमार दवे, संजय कुमार दवे, संदीप कुमार दवे, कल्पना भट्ट एवं अनिता दवे की माता थी।



## एलॉन्स पब्लिक स्कूल ने बोर्ड परीक्षा में दिखाया दम

# कक्षा 10वीं और 12वीं में शानदार परिणाम

**बेमेतरा,** 14 मई (देशबन्धु)। एलॅन्स पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को सिद्ध करते हुए कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 100प्रतिशत परिणाम हासिल किए हैं, जो विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



कक्षा 10वीं में मृगांक ने 95.8प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया। उनके बाद मानसी (94.4प्रतिशत), मनीष (92.4प्रतिशत), नवप्रीत (91.6प्रतिशत) और रीतिका साहू (91प्रतिशत) ने भी शानदार प्रदर्शन किया। इन विद्यार्थियों की उपलब्धियों ने विद्यालय का नाम रोशन किया है और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उच्च मानक स्थापित किया है।

कक्षा 12वीं के परिणाम भी अत्यंत सराहनीय रहे। विज्ञान संकाय में आदित्य तिवारी ने 97.4प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया, जबकि ऐश्वर्या नारायण नेताम ने 95.2प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वाणिज्य संकाय में मेहुल गोस्वामी ने 94.4प्रतिशत और अमित कुमार भास्कर ने 93.4प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कृष्णा अग्रवाल (90.8प्रतिशत) और विवेक कुमार पैंकरा (90.2प्रतिशत) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विज्ञान संकाय से सोनू राम धुर्वे ने भी 89.2प्रतिशत अंक प्राप्त कर सराहनीय प्रदर्शन किया।

विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती नीतू सिंह ने इस 100प्रतिशत सफलता दर पर गर्व व्यक्त करते हुए इसका श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों की निष्ठा को दिया। विद्यालय के चेयरमैन श्री कमलजीत अरोरा एवं श्री सुनील शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए प्राचार्या एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। एलॅन्स पब्लिक स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में लगातार उच्च मानदंड स्थापित कर रहा है और अपने उत्कृष्टता की परंपरा को बनाए रखते हुए भावी नेतृत्वकर्ताओं को निखारने के प्रति समर्पित है।

# सांसद विजय बघेल व विधायक ईश्वर साहू ने किया खाद गोदाम का लोकार्पण

**थान खमरिया,** 14 मई (देशबन्धु)। समीप ग्राम लोधी कापा पंजीयन क्रमांक 356 सेवा सहकारी समिति गोदाम का लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल जी, विधायक ईश्वर साहू, पूर्व विधायक संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, तेली बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि गोविंद पटेल जी, परमेश्वर वर्मा जी, साजा पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र साहू जी, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश ठाकुर के द्वारा लोकार्पण किया गया।



कार्यकर्ताओं के द्वारा नरेंद्र मोदी, विष्णु देव साय, विजय बघेल जिंदाबाद के नारों से गूंजायमय हो गया। पश्चात मंची कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के द्वारा पुष्प गुच्छ, माला, दुपट्टा से अतिथियों का स्वागत किया गया। सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष तोशुराम वर्मा द्वारा अतिथियों को शाल व प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया। क्रमांक 356 सेवा सहकारी समिति के समस्याओं के अतिथियों का अवगत कराया गया। विधायक ईश्वर साहू ने अपने संबोधन में कहा। हमने बनाया, हम ही संवारेंगे आगे किसानों को प्रोत्साहित करते हुए , कहा कि खाद गोदाम बनने से ग्रामीण किसानों को सुविधा मिलेगी। खाद लेने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। गांव में ही खाद मिलेगा। आगे आपके द्वारा केंद्र राज्य सरकार की योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। आपके द्वारा आयोजन को सराहनीय बताया गया। आगे आपके द्वारा साजा विधानसभा क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी समस्याओं को हमने पूरा किया। विधानसभा चुनाव में तोशु/अनीता वर्मा के द्वारा टमाटर वीडियो का वायरल किया गया था। वह प्रचार का माध्यम बना और चुनाव की सफलता में संजीवनी का काम किया। सफल आयोजन के लिए समिति अध्यक्ष प्रबंधक की प्रशंसा की पश्चात सांसद विजय बघेल ने भारत माता के जयकारे के साथ अपने संबोधन की शुरुआत की। आपके द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा। पार्टी के रीति-नीति के हिसाब से चले। कोई छोटा बड़ा नहीं होता। आपके द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय को याद करते हुए। कहा उनके द्वारा विषम परिस्थिति में पार्टी को खड़ा किया। जिसके वट वृक्ष के नीचे आज हम लोग खड़े हैं। और खुली हवा में सांस ले रहे हैं। मन को बड़ा करके चले तभी राजनीति आगे बढ़ सकती है। और सभी के दुख सुख में हमेशा मैं साथ खड़ा हूं। कार्यक्रम का संचालन चंद्रशेखर राजपूत में ने किया इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मकान मालिक को थाने में देना होगा किराएदार का पूर्ण विवरण, बालोद पुलिस ने की अपील

**बालोद,** 14 मई (देशबन्धु)। बालोद पुलिस आम नागरिकों से अपील की गई है कि उनके यहां जो भी किराएदार निवास कर रहे हैं किराएदार फार्म नजदीकी थानाध्चौकी से प्राप्त कर किराएदार का पूर्ण विवरण मय दस्तावेजों ;आधार कार्डध्वोटर आईडी ध् पहचान पत्रध्राशनकार्डद्ध के साथ संबंधित थानाध्चौकी में अनिवार्य रूप से जमा करें। जानकारी नहीं दिए जाने की स्थिति में एवं किराएदार की किसी भी मामलें में संलिप्तता पाए जाने पर किराएदार के साथ.साथ मकान मालिक के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ पुलिस के पोर्टल सिटिजन सर्विस पोर्टल में जाकर ऑनलाइन भी फॉर्म भरा जा सकता है। एसपी योगेश पटेल ने कहा है कि कृपया जागरूक बने एवं भविष्य में होने वाली परेशानी से बचने के लिए जानकारी थाने में अनिवार्य रूप से दें। किराएदारों की विस्तृत जानकारी मकान मालिकों द्वारा थाने में देना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लिए जारी प्रारूप में मकान मालिक को अपने स्वयं का ब्यौरा तो देना ही है। साथ ही किराएदार के संबंध में विस्तृत जानकारी भी भरना होगा। जिसमें विशेष तौर पर किराएदार किस उद्देश्य से उनके यहां किराया में रह रहे हैं यह भी बताना होगा। तो वही किराएदार को अपना पिछला पता यानी पहले कहां पर रह रहे थे और स्थाई पता यानी मूलत: कहां के निवासी है यह जानकारी भी देना अनिवार्य होगा। पहचान पत्र जो शासन द्वारा मान्य है वह जानकारी भी उसमें भरना होगा। साथ ही किराए के मकान में परिवार के कितने सदस्य निवास कर हैं उनकी भी नाम और जानकारी और किराए के संबंध में जानकारी भरनी होगी। अगर आपका कोई आपराधिक देश के किसी भी भाग में रिकॉर्ड है या आपके परिवार के खिलाफ कोई आपराधिक कार्रवाई है तो उसका भी विवरण देना होगा। पता सत्यापन के लिए दस्तावेज उपलब्ध कराना होगा।




# आलोक वर्मा 7 वर्ष की आयु में बना बाल आरक्षक

## एसएसपी बेमेतरा ने सौंपा अनुकंपा नियुक्ति पत्र

**बेमेतरा,** 14 मई (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आज एक मार्मिक क्षण देखने को मिला, जब मात्र 07 वर्षीय मासूम आलोक वर्मा को अनुकंपा आधार पर बाल आरक्षक के पद पर नियुक्त किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) द्वारा आलोक को नियुक्ति आदेश सौंपते हुए उसके सिर पर स्नेह से हाथ फेरते हुए कहा गया, च्अब आप भी पुलिस के सदस्य हो गए हैं।



आलोक अपनी मां श्रीमती प्रीतिलता वर्मा एवं चाचा संजय वर्मा के साथ एसएसपी कार्यालय पहुँचा था। इस दौरान अधिकारियों ने आत्मीय व्यवहार के साथ नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्ण कराया। परिजनों ने इस सहयोग व संवेदनशीलता के लिए वरिष्ठ अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

आलोक वर्मा के पिता संदीप वर्मा, जो इस इकाई में आरक्षक के पद पर पदस्थ थे, का 03 मार्च 2025 को आकस्मिक निधन हो गया था। इस दुखद घटना के बाद, दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक महोदय श्री रामगोपाल गर्ग (भा.पु.से.) के द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। सभी प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत आलोक को पुलिस विभाग में बाल आरक्षक के पद पर नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर मुख्यलिपिक उप निरीक्षक (अ) हरिओंम विश्वकर्मा, स्थापना/एसआरसी लिपिक दीपक गर्जेवाल, उप निरीक्षक आर. के. कश्यप, एसपी रीडर सउनि विष्णु सप्रे, बाल आरक्षक की मां श्रीमती प्रीतिलता वर्मा, चाचा संजय वर्मा एवं अन्य स्टाफ मौजुद रहें।

# भारत निर्वाचन आयोग ने 20 साल पुरानी ईपीआईसी नंबरों की समस्या का समाधान किया

**बेमेतरा,** 13 मई 2025// भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबरों की समानता से जुड़ी दो दशकों पुरानी समस्या का सफल समाधान कर लिया है। यह समस्या वर्ष 2005 से चली आ रही थी, जब विभिन्न निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) द्वारा अल्फान्यूमेरिक श्रृंखला में समानता के कारण वास्तविक मतदाताओं को गलती से एक जैसे ईपीआईसी नंबर जारी कर दिए गए थे।

इस जटिल समस्या को हल करने के लिए ईसीआई ने देशभर के 99 करोड़ से अधिक मतदाताओं के पूरे डेटाबेस की गहन जांच की। इस प्रक्रिया में 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों, 4,123 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों और 10.5 लाख मतदान केंद्रों की जानकारी को शामिल किया गया।

जांच के दौरान यह पाया गया कि यह समस्या व्यापक नहीं थी और औसतन चार मतदान केंद्रों में केवल एक ईपीआईसी नंबर की समानता देखी गई। क्षेत्रीय स्तर पर सत्यापन से यह स्पष्ट हुआ कि समान ईपीआईसी नंबर वाले सभी मतदाता वास्तविक हैं, और वे भिन्न-भिन्न निर्वाचन क्षेत्रों तथा मतदान केंद्रों में पंजीकृत हैं। आयोग ने सभी प्रभावित मतदाताओं को नए नंबरों के साथ ईपीआईसी कार्ड पुन: जारी कर दिए हैं।

इस समस्या की शुरुआत वर्ष 2005 में हुई, जब राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा विकेंद्रीकृत ढंग से निर्वाचन क्षेत्र-विशिष्ट अल्फान्यूमेरिक श्रृंखलाओं का उपयोग किया गया। 2008 में निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद इन श्रृंखलाओं में आवश्यक परिवर्तन किए गए, किंतु कुछ क्षेत्रों में पुरानी श्रृंखलाओं का उपयोग जारी रहा या टाइपिंग में हुई त्रुटियों के कारण गलत श्रृंखलाएं प्रयोग में लाई गईं।

ईसीआई ने यह स्पष्ट किया है कि समान ईपीआईसी नंबर के कारण किसी भी मतदाता को गलत मतदान केंद्र पर मतदान करने की अनुमति नहीं मिली। प्रत्येक मतदाता का नाम केवल उसके निवास क्षेत्र के संबंधित मतदान केंद्र की मतदाता सूची में ही दर्ज होता है। अत: इस तकनीकी त्रुटि का किसी भी चुनाव के परिणाम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।निर्वाचन आयोग द्वारा की गई इस व्यापक कार्रवाई से मतदाता सूची की विश्वसनीयता और पारदर्शिता में और अधिक मजबूती आई है।

# उद्याचल नेत्रालय ने उत्कृष्ट कार्य हेतु किया बालोद जैन श्रीसंघ का सम्मान

**बालोद,** 14 मई (देशबन्धु)। राजनांदगांव की सेवाभावी संस्था उदयाचल के 57 वे वार्षिक सम्मेलन में सेवाभावना हेतू उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बालोद जैन श्रीसंघ का सम्मानपत्र देकर अभिनंदन किया गया। उक्ताशय की जानकारी देते हुए अध्यक्ष ताराचंद सांखला ने बताया कि उदयाचल नेत्रालय राजनांदगांव के वरिष्ठों ने अब बालोद में भी नेत्रालय खोलने अपनी सहमति दी है। जहां पर सभी वर्ग समुदाय के लोगो का नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं गरीब वर्ग के लोगो को नि:शुल्क चश्मा एवं दवा का वितरण भी किया जाएगा। इसकी अनुमति उन्होंने दी है। हम जल्द ही स्थान उपलब्ध कराकर इस सेवा से बालोद अंचल के लोगो की सेवा में एक नया सोपान तय करेंगे। वहीं जिन लोगो के आंखों का ऑपरेशन होना होगा उन्हें भी नि:शुल्क ऑपरेशन हेतू राजनांदगांव में भेजा जाएगा। जहां उनका इलाज भी नि:शुल्क होगा। उक्त अवसर पर जैन श्रीसंघ के सचिव मांगीलाल ढ़ेलडिया, हरीश सांखला, रूपचंद गोलछा, चेतन ढ़ेलडिया, मुकेश भंसाली, प्रदीप चोरडिया, प्रकाश भंसाली, संजय ढ़ेलडिया, लक्की लोढा, शुभम श्रीश्रीमाल, शुभम नाहटा आदि उपस्थित रहे।



# यूनिटी क्रिकेट लीग के आयोजन में शामिल हुए प्रेस क्लब बालोद



**बालोद,** 14 मई (देशबन्धु)। शहर में पहली बार यूनिटी क्रिकेट लीग द्वारा क्रिकेट का आयोजन रात्रि में संस्कार शाला मैदान बालोद में आयोजित हो रहे हैं। दूसरे दिन मंगलवार को प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रदीप चोपड़ा, संरक्षक बृजेश पांडे दैनिक भास्कर, संरक्षक दीपक मित्तल नवभारत टाइम्स, पत्रिका ब्यूरो चीफअखिल प्रकाश साहू, वरिष्ठ पत्रकार रूपचंद जैन, पत्रकार किशोर साहू आदि उपस्थित रहे। संस्था द्वारा आयोजित क्रिकेट लीग की सराहना करते हुए आयोजकों को बहुत.बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

# चंडी धाम मंदिर जिर्णोद्धार हेतु ग्रामवासियों की महत्वपूर्ण बैठक

**थान खमरिया,** 14 मई (देशबन्धु)। ग्राम करमू में स्थित ऐतिहासिक चंडी धाम मंदिर के जिर्णोद्धार को लेकर ग्रामीणों की एक महत्त्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी उत्साहपूर्वक शामिल हुए।



काफी लंबे समय से मंदिर के जीर्णोद्धार की मांग की जा रही थी, किंतु इच्छाशक्ति की कमी के कारण यह कार्य ठहराव में था। अब ग्राम सरपंच लोकनाथ पटेल के नेतृत्व में इस पहल को नई दिशा मिली है। बैठक में मंदिर निर्माण हेतु श्रमदान, खर्च एवं सहयोग राशि जुटाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गंभीर चर्चा की गई।

ग्रामीणों ने एकमत होकर मंदिर निर्माण में हर संभव सहयोग देने का संकल्प लिया। आगामी निर्णय चंडी समिति के गठन एवं उसकी अगली बैठक के पश्चात लिया जाएगा, जिसमें कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। चंडी धाम सिर्फ आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि ग्राम की सांस्कृतिक धरोहर है। इसके जीर्णोद्धार से ग्रामीण एकता और सांस्कृतिक चेतना को भी नया संबल मिलेगा। इस अवसर पर क्षेत्र के श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।



**बालोद,** 14 मई (देशबन्धु)। दल्ली राजहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिपरा के पास एक सड़क दुर्घटना हो गई। जिसमें एक हाईवा गिट्टी खाली करके ग्राम चिपरा से निकलकर मुख्य मार्ग की ओर आ रही थी। इस दौरान तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर हाईवा एक पेड़ से जा भिड़ी। समय रहते ड्राइवर ने कूद कर अपनी जान बचाई। वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

## श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन

**थान खमरिया,** 14 मई (देशबन्धु)। समीप ग्राम पैलपार में श्री कृष्ण जी के असीम कृपा से स्व.नरोत्तम सिन्हा के वार्षिक श्राद्ध के संगीत मय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान में आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम 18/5/25 से 26/5/25 तक आयोजित है। यह कार्यक्रम नौ दिवसीय रखा गया है। कथा वाचक भागवत आचार्य पंडित श्री ऋषि प्रसाद तिवारी, परायण करता पं. श्री मनोज शर्मा कथा के समय दोपहर 2ः00 बजे से हरि इक्छा तक। कथा स्थान महामाया मंदिर पैलपार आयोजक परिवार द्वारा कथा को सफल बनाने के लिए धर्मानुरागियों से पहुंचने की अपील की है।



# समाधान शिविर में नए हितग्राहियों को बांटे गए राशनकार्ड

**कुम्हारी,** 14 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका सुशासन तिहार 2025 के तहत तृतीय चरण समाधान शिविर का आयोजन कुम्हारी के सांस्कृतिक भवन वार्ड क्रमांक 06 में किया गया। जिसके तहत प्रथम चरण में वार्ड क्रमांक 01 से 08 तक कुल 380 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें से 380 आवेदनों की जानकारी विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा मंच के माध्यम से दिया गया। सुशासन तिहार 2025 में हितग्राही मूलक संबंधी आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसके तहत वार्ड क्रमांक 01 से 08 तक राशन कार्ड हेतु आवेदन किये गये पात्र हितग्राही 09 का राशन कार्ड शिविर में वितरण किया गया, साथ ही 16 आधार कार्ड, 04 आयुष्मान कार्ड, 91 नागरिकों के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। शिविर में मुख्य रूप से अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भिलाई-3, महेश सिंह राजपूत, तहसीलदार पवन ठाकुर, पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर, उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपुत, पार्षदगण अश्वनी कुमार देशलहरे, उमाकांत साहू, आर. प्रवीण राव, डीकेश पटेल, श्रीमती उमेश्वरी साहू, ओंकार प्रसाद मारकण्डे, लोकेश कुमार साहू, पूर्व पार्षद मिथिलेश यादव, नोडल अधिकारी अतुल कुमार सिंह, उप अभियंता, श्रीमती साधना अहिरवार, छाया साहू एवं विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुख एवं बडी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।



## विचक्षण जैन विद्यापीठ के सीबीएसई का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

**कुम्हारी,** 14 मई (देशबन्धु)। विचक्षण जैन विद्यापीठ के छात्रों ने सीबीएसई कक्षा 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए हैं।




छात्रों की मेहनत, अनुशासन और लगन ने एक बार फिर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा (शैक्षणिक सत्र 2024ङ्25) में विद्यालय का परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। इस वर्ष कुल 36 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से कॉमर्स संकाय के छात्र अर्हम जैन ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। वहीं 10 वीं बोर्ड परीक्षा में भी विद्यालय का परिणाम 100 प्रतिशत रहा । इसमें कुल 42 छात्रों ने इस वर्ष परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से पार्श्व पिंचा ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय ने समस्त सफल विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी यह उपलब्धि शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग का ही प्रतिफल है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जिले में 2514 हितग्राहियों ने मनाया गृह प्रवेश उत्सव

**बेमेतरा,** 14 मई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), जो कि भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी और जनकल्याणकारी योजना है, का उद्देश्य गरीब एवं बेघर परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में दिनांक 13 मई 2025 को सरगुजा (अंबिकापुर) में माननीय केंद्रीय मंत्री, ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार, श्री शिवराज सिंह चौहान जी की गरिमामयी उपस्थिति में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मार्च 2025 से अब तक छत्तीसगढ़ राज्य के लगभग 51,000 लाभार्थियों के पूर्ण आवासों में सामूहिक गृह प्रवेश उत्सव संपन्न हुआ। बेमेतरा जिले में भी इस अवसर पर विशेष उत्साह देखा गया, जहां कुल 2514 हितग्राहियों ने अपने नवनिर्मित पक्के घरों में विधिवत प्रवेश किया।



जिले के विभिन्न जनपद पंचायतों में हुए गृह प्रवेशों का विवरण इस प्रकार है — जनपद पंचायत बेमेतरा में 496, बेरला में 540, नवागढ़ में 650 और साजा में 828 हितग्राहियों ने गृह प्रवेश किया। इस दौरान प्रत्येक ग्राम में दीप प्रज्वलन रंगोली सज्जा, स्वागत तोरण, हवन-पूजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उत्सव का रूप दिया गया।

यह आयोजन न केवल हितग्राहियों के जीवन में नए अध्याय की शुरुआत है, बल्कि प्रधानमंत्री आवास योजना की सफलता और शासन की जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है।

# महिला ईकाई ने परशुराम जयंती मनाई

**बेमेतरा,** 14 मई (देशबन्धु)। मंगलवार को बेमेतरा के रसोई रेस्टोरेंट में महिला इकाई बेमेतरा द्वारा परशुराम जयंती मनाई गई जिसमें शहर अध्यक्ष रानी दुबे द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया । सर्वप्रथम शहर अध्यक्ष रानी दुबे उपाध्यक्ष कीर्ति तिवारी सांस्कृतिक सचिव मंजू शर्मा करूणा तिवारी एवं नीलिमा तिवारी द्वारा परशुराम जी का पूजन किया गया तत्पश्चात रानी दुबे एवं सांस्कृतिक सचिव मंजू शर्मा द्वारा आध्यात्मिक प्रश्नोत्तरी भी रखी गई थी जिसमें परशुराम जी से संबंधित जानकारियां एवं प्रश्न महिलाओं से पूछे गए उपस्थित सभी महिला सदस्यों ने उत्साह के साथ इस प्रश्नोत्तरी में हिस्सा लिया एवं अंजुला चौबे सीमा दुबे एवं कीर्ति तिवारी विजेता रही जिन्हें समूह की तरफ से पुरस्कार भी दिया गया कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार के पकवानों और पेय पदार्थ की भी व्यवस्था समूह द्वारा की गई थी परशुराम जयंती कार्यक्रम में मुख्य रूप से रानी दुबे मंजू शर्मा विजेता दुबे अनु दुबे सरोज तिवारी करुणा तिवारी नीलिमा तिवारी कीर्ति तिवारी श्रद्धा शर्मा सीमा दुबे निवेदिता तिवारी संतोषी तिवारी एवं लता दुबे उपस्थित रही ।



# 5 वार्डो के लिए कमला कालेज में आयोजित समाधान शिविर में अधिकारियो ने वार्डवासियों की समस्या का समाधान बताया

- समाधान शिविर में हितग्राहियो को शासकीय योजनाओ से किया गया लाभान्वित
- कृष्णपुरी गोस्वामी का आयुष्मान व्यय वंदन कार्ड तथा मोर संगवारी योजना में देवसिंह राजपूत को विवाह प्रमाण पत्र मिलने पर शासन का जातया आभार
- 16 मई को मोतीपुर स्कूल मैदान में वार्ड नं. 1,2,3,4,7 व 8 के लिए समाधान शिविर



**राजनांदगांव** 14 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार अंतर्गत निगम सीमाक्षेत्र में प्रथम चरण के तहत आयोजित शिविर में शिकायातो एवं मांगो संबंधित प्राप्त आवेदनों का समाधान कर उन्हें जानकारी देने वार्डो के लिए समाधान शिवर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित होकर प्राप्त आवेदनों का समाधान बता रहे है तथा नये आवेदन भी प्राप्त किये जा रहे है। इसके अलावा हितग्राही मूलक योजनाओ का लाभ दिया जा रहा है। शिविर में महापौर, निगम अध्यक्ष, आयुक्त सहित पार्षद उपस्थित होकर शासन की योजनाओं का लाभ लेने वार्डवासियो को प्रेरित कर रहे है।

आज कमला कालेज में वार्ड नं. 20,21,22, 44 व 45 के लिये आयोजित शिविर में वार्डवासियो को उनका समाधान बता योजना का लाभ दिया गया। शिविर में महापौर परिषद के सदस्य श्री शैकी बग्गा व श्री राजा माखीजा, वरिष्ट पार्षद श्री शिव वर्मा व श्री शेखर यादव संबंधित वार्ड के पार्षद श्री कुलेश्वर ध्रुव, श्रीमती प्रियंका पंकज कुंजरेकर, श्री सेवक राम उईके, श्री डुरेन्द्र साहू तथा पार्षद श्री अमित कुशवाहा, पूर्व पार्षद श्री विजय राय व श्री मुकेश ध्रुव उपस्थित होकर वार्डवासियो को अपनी समस्या संबंधी समाधान जान शासन की योजनाओ का लाभ लेने अपील किए। अतिथियों ने विभागीय स्टाल का निरीक्षण कर जानकारी लिए एवं गर्भवती महिलाओ की गोदभराई कर नवजात शिशुओ का अन्नप्राशन कराया।

समाधान शिविर में आज संबंधित वार्ड के हितग्राहियो को अतिथियो ने वर्षा साहू, चित्ररेखा गोड, मनीषा साहू, जीवनलाल साहू, लेमेश्वरी बाई, डिलेश्वरी अनिल सिन्हा व सरोज सिन्हा को राशन कार्ड, ज्योति बाई, उषा साहू, नितेश ज्ञान चंदानी, पिंकी ढीमर, ओमकार, दीपिका ठाकुर, सुनील मार्टिन को श्रम कार्ड तथा आयुष्मान वय वंदन कार्ड के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के श्री कृष्णपुरी गोस्वामी, बी.कृष्ण मेमन व सावित्री मेमन को आयुष्मान कार्ड एवं मोर संगवारी योजना के तहत तुलसीपुर निवासी देवसिंह राजपूत को आय प्रमाण पत्र व विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके अलावा समाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत नारद कुंजाम व सुशीला श्रीवास को वृद्धा पेंशन हेतु स्वीकृति पत्र दिया गया। साथ ही बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत किशोरी बालिकाओ को महिला एवं बाल विकास की ओर से नि:शुल्क सेनेटरी नेपकीन का वितरण किया गया।

शासन की योजनाओ का लाभ लेकर हितग्राही लोग सुशासन तिहार के लिए शासन का आभार व्यक्त कर रहे है। उनके द्वारा कहा गया कि हमारे वार्ड का शिविर लगाकर हमे राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड का वितरण किया गया, जिसके लिए हमे भटकना नही पड़ा। कौरिनभाठा निवासी श्री कृष्णपुरी गोस्वामी ने कहा कि शिविर में मुझे 70 वर्ष से अधिक उम्र वाला आयुष्मान कार्ड मिला जिससे मैं 5 लाख तक अपना ईलाज करा सकता हूँ। वही मोर संगवारी योजना का लाभ लेकर विवाह प्रमाण पत्र प्राप्त कर देवसिंह राजपूत ने कहा कि मुझे आसानी से विवाह प्रमाण पत्र मिल गया, जिसके लिए मुझे निगम का चक्कर लगाना नही पड़ा। उन्होने मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय जी का सुशासन तिहार आयोजित करने के लिए धन्यवाद देकर योजना का लाभ देने आभार व्यक्त किया।

समाधान शिविर में आयुष विभाग, चिकित्सा विभाग द्वारा वार्डवासियो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा विभागीय योजनाओ का ब्रोसर भी बाटे गये। शिविर में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। 16 मई शुक्रवार को मोतीपुर स्कूल में वार्ड नं. 1,2,3,4,7 व 8 के लिए समाधान शिविर लगाया जायेगा। जहॉ संबंधित वार्ड के वार्डवासियो को समाधान बता योजना का लाभ दिया जायेगा।

# कलेक्टर ने शहर के ग्रामीण वार्डों का निरीक्षण कर एप्रोच रोड तथा शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए देखा भूमि



- कलेक्टर ने शहर के उद्यान देख पाथवे, खेल उपकरण मरम्मत कर विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने के अलावा वृक्षारोपण करने तैयारी के दिए निर्देश

**राजनांदगांव** 14 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे आज सुबह निगम सीमाक्षेत्र के ग्रामीण वार्ड ढाबा, सिंगदई, मोहड़, कन्हारपुरी का निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एस.डी.एम. श्री खेमलाल वर्मा तथा अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर सुगम यातायात के लिए एप्रोच रोड निर्माण हेतु स्थल के अलावा विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु भूमि का निरीक्षण किए। उन्होंने शहर के उद्यानों का जायजा लेकर आवश्यक मरम्मत व रख रखाव के साथ साथ बारिश में आवश्यकता अनुसार वृक्षारोपण करने तैयारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ. भुरे ने आज सुबह ग्रामीण वार्ड सिंगदई, मोहड़ एवं कन्हारपुरी पहुँच रिक्त शासकीय भूमि का निरीक्षण कर अधिकारियों से जानकारी लिए। उन्होंने वार्डवासियों की मांग पर आवागम ने लिए एप्रोच रोड हेतु स्थल देखा, वही उन्होंने शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भूमि देख खसरा नक्शा तथा निजी भूमि की जानकारी उपलब्ध कराने अधिकारियों से कहा। उन्होंने कहा कि शासकीय भूमि है, इसका उपयोग जनहित में करना है। शासकीय भूमि के पास यदि निजी भूमि स्थित है उसकी सम्पूर्ण जानकारी दी जाये। एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक निर्माण हेत ढाबा में नगर सेना आफिस के पीछे की शासकीय भूमि का निरीक्षण कर उन्होंने भूमि स्थिति की जानकारी ली।

निरीक्षण की कडी में कलेक्टर डॉ. भूरे शहर के उद्यानों में क्रमश: शिवाजी पार्क, त्रिवेणी परिसर, पुष्पवाटिका, चैपाटी, कृष्ण कुंज, आर.के.नगर, अमृत उद्यान एवं नेहरू पार्क का जायजा लिया। उन्होंने उद्यानों को देख आयुक्त श्री विश्वकर्मा से कहा कि सभी उद्यानों में रख रखाव एवं मरम्मत की आवश्यकता है। उद्यान के खेल उपकरण, पाथवे, आदि का मरम्मत कर विद्युत व्यवस्था दुरूस्त कर साफ सफाई रखे। उन्होंने आगामी वर्षा ऋतु में आवश्यकता अनुसार उद्यानों में वृक्षरोपण करने तैयारी करने कहा। उन्होंने कहा कि उद्यान नागरिको के भ्रमण एवं मनोरंजन का स्थल है, जहॉ प्राथमिकता तय कर व्यवस्था दुरूस्त रखे। निरीक्षण के दौरान कार्यपान अभियंता श्री यू.के.रामटेके व श्री संजय वर्मा, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा सहित अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ ने फिर छुआ एक बार आसमान




**डोंगरगढ़,** 14 मई (देशबन्धु)। प्रतिभास्थली में अध्यनरत छात्राओं ने अपनी मेहनत और लगन से एक बार फिर बहुत ही अच्छे अंकों से सफलता प्राप्त की और इस सफलता का संपूर्ण श्रेय उन शिक्षिकाओं को दिया जो बाल ब्रम्हचर्य व्रत को धारण करके उन्हें ज्ञान एवं शिक्षा प्रदान कर रही हैं। छात्राओं का परीक्षा परिणाम कुछ इस प्रकार रहा । 10ह्ल्द्ध क्लास में 96.6 प्रतिशत अक्षांशी , 94.2 प्रतिशत ऋषिता, 94 दृष्टि 12ह्ल्द्ध 93.8 प्रतिशत आयुषी , 90 प्रतिशत अनुप्रेक्षा परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। सभी को डोंगरगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोगरे ने बधाई दी । आचार्य विद्यासागर महाराज की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ डोंगरगढ़ में संचालित हो रहा है जहां वर्तमान में प्रवेश अभी प्रारंभ है प्रवेश की प्रक्रिया कक्षा 1 से लेकर के 8 तक है। यह विद्यालय गुरुकुल पद्धति पर आधारित भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों को जीवित रखने का अचूक प्रयास कर रहा है। यहां शिक्षा के साथ संस्कारों की नींव को सुदृण बनाने का कार्य बाल ब्रह्मचारिणी शिक्षिकाओं के द्वारा किया जाता है।

# ग्राम पंचायत गुदुम में समाधान शिविर का आयोजन

**डौण्डी,** 14 मई (देशबन्धु)। आदीवासी जनपद के ग्राम पंचायत गुदुम में क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग मे शिविर में उपस्थित लोगों को जल सरंक्षण के शपथ दिलाई शिविर में पहुँचे ग्रामीणों को सबोधित करते हुए पानी की संचय संरक्षण पानी के प्रति सामाजिक सहभागिता पर बल देते हुए कहा कि पानी अनमोल संपदा है इसके एक-एक बूंद को बचाने की जिम्मेदारी हम सब की है अपने घरों में सूखता बनाएं भूगर्भ की स्थिति बहुत ही विकट होती जा रही है जल है तो कल है इसलिए हम अपने परिजनों तथा आसपास के लोगों को पानी बचाने के लिए प्रेरित करें उन्होंने शिविर की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नर सेवा को नारायण सेवा मानकर केंद्र तथा राज्य की सरकार काम कर रही है। इसलिए सभी लोगों का हित होना चाहिए सांसद नाग ने सरकारी अफसरो से कहा कि जरूरत मंद व्यक्तियों को सरकारी योजना का लाभ जरूर मिलना चाहिए इस प्रक्रिया के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और शिक्षित वर्ग भी सहयोग करें। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि प्रदेश सरकार के सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक मिले यह बालोद जिले की 11वीं सिविर है उन्होंने बताया कि ग्राम गुदुम में संपन्न हुई इस समाधान शिविर



- पानी अनमोल संपदा इसके एक एक बूंद को बचाने जिम्मेदारी हम सब की: सांसद नाग
- सुशासन तिहार उद्देश्य शासन योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना: कलेक्टर मिश्रा

में इस क्लस्टर के आठ पंचायतो में कुल 2109 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 2091 मांग के तथा 18 शिकायत के आवेदन प्राप्त हुए थे जिनका 100त्न निराकरण हो गया है जिला प्रशासन सभी लोगों की समस्या को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं शिविर में पांच लोगों को आधार कार्ड 5 को श्रम पंजीयन दो लोगों को छड़ी और दो लोगों को श्रवण यंत्र पांच किसानों को केसीसी और तीन किसानो को एटीएम 45 लोगों का परीक्षण किया गया। कृषि विभाग द्वारा सिंचाई पाइप मछली पालन विभाग द्वारा मछली जाल महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सुपोषण की सेनेटरी नैपकिन समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन स्वीकृति आदेश जनपद पंचायत डोंडी द्वारा प्रधानमंत्री आवास की चाबी के तहत आवास घर बनाने के लिए आदेश जॉब कार्ड राशन कार्ड स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड श्रम विभाग का पंजीयन कार्ड स्वास्थ्य राजस्व विभाग द्वारा जाति प्रमाण पत्र एवं ऋण पुस्तिका का वितरण किया गया इस मौके पर जनपद अध्यक्ष मुकेश कौडों उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एसडीएम कंवर तहसीलदार देवेंद्र नेताम जनपद पंचायत डोडी के सीईओ डी डी मंडले सीएसपी डॉ चित्रा वर्मा डोंडी थाना प्रभारी उमा ठाकुर के अलावा जिला भाजपा उपाध्यक्ष मनीष झा मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक मंडल महा मंत्री अजय चौहान भाजपा कार्यकर्ता निलेश जायसवाल राम नारायण धनकर हिंसा राम साहू सहित अनेक लोग शामिल रहे।

# जुजीत्सु चैंपियनशिप 2025 में राजनांदगांव जिले से भारतीय दल का करेंगे प्रतिनिधित्व

**डोंगरगढ़,** 14 मई (देशबन्धु)। पूर्व सांसद राजनांदगांव महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ,वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख ,प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती से सौजन्य मुलाकात किया । राजनांदगांव महापौर मधुसूदन यादव से चयनित प्रतिभागियों से बातचीत कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी ।प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती ने डोंगरगढ़ की प्रतिभावान खिलाड़ी वसुंधरा से और नेशनल रेफरी में चयनित हुए अनुज दम्माणी से बातचीत कर कहा कि इस उम्र में डोंगरगढ़ शहर का नाम रौशन करने के लिए आप दोनों को बधाई अपने खेल को लगातार मेहनत से और अधिक प्रशनिय बनाए जरूर प्रदेश सरकार से डोंगरगढ़ में खेलो को महत्व देने की बात की जाएगी जिससे खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा मिल सके। उक्त खेल संघ के जिला अध्यक्ष विवेक मोनू भंडारी ने बताया भारतीय दल 21 मई को नई दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अम्मान जॉर्डन के लिए रवाना होंगे जिसमे 27 देशों के साथ हमारे प्रतिभागी भाग लेंगे। उन्होंने खिलाड़ियों की विश्वस्तर की किट की मांग रखी गई जिस पर महापौर ने जल्द ही खिलाड़ियों के लिए उच्च क्वालिटी की किट उपलब्ध कराने की बात कही ।अम्मान जॉर्डन में होने वाली 9वी एशियाई जुजीत्सु चैंपियनशिप 2025 में भारतीय दल में चयन होने वाली डोंगरगढ़ की फाइटर राणा वसुंधरा सिंह 63 किलोग्राम वजन समूह एवं राजनांदगांव से जतिन राहुल 69 किलोग्राम वजन समूह में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करेंगे । इस दौरान सहित नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, जिला भाजपा मंत्री गन्नी चावला , भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत बन्नोआना सरफराज नवाज ,प्रदेश सचिव राणा अजय सिंह जिला अध्यक्ष विवेक मोनू भंडारी जिला सचिव तरुण वरकड़े गुरुविंदर भाटिया तेजस राहुल उपस्थित रहे।



# पार्षद पूनम वार्ड वासियों के पीने का पानी की समस्या का किया निराकरण

**दल्लीराजहरा,** 14 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका वार्ड क्र0 2 आजाद नगर वार्ड दल्ली राजहरा में भीषण गर्मी को देखते हुए वार्डवासियों को पीने के पानी की समस्या को प्राथमिकता में रख कर पार्षद पूनम जायसवाल ने वार्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र से राधे घर के पास हो रही पानी की समस्या को देखते हुए तोरण लाल साहू ( अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा ) के समक्ष समस्या रखी थी द्य वार्ड पार्षद ने बताया कि गर्मी के दिनों में पानी की मांग बढ़ती जा रही है द्य वार्ड में राधे घर के पास पानी नहीं पहुंच पा रहा था वार्ड वासियों के द्वारा इस संबंध में शिकायत किया गया जिसको जाकर देखने पर ऐसा लगा कि वार्ड की समस्या कोई बहुत बड़ी नहीं है द्य यदि पाइप लाइन के विस्तारीकरण किया जाए तो वार्ड वासियों की समस्या का त्वरित निराकरण हो सकता है द्य मैंने नगर पालिका अध्यक्ष के पास वार्ड वासियों की समस्या रखी उन्होंने वार्ड वासियों की मांग पूरा करते हुए नगर पालिका कर्मचारी को आदेश देकर पाइपलाइन का विस्तारिकरण किया द्य जिसके फलस्वरूप वार्ड वासियों को पीने का पानी भरपूर मात्रा मिलने लगा है ।वार्ड पार्षद जायसवाल ने पालिका अध्यक्ष का आभार माना और कहा की आशा करती हूं कि वार्ड के विकास के लिए भविष्य में भी मुझे उनका सहयोग मिलता रहेगा।



- नपाध्यक्ष से भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा ,माना आभार : पार्षद जायसवाल

# वार्ड 23 में शिव मंदिर जीर्णोद्धार का भूमिपूजन



**डोंगरगढ़,** 14 मई (देशबन्धु)। शिवाजी वार्ड 23 तालाब पार वर्षों पुराने शिव मंदिर जीर्णोद्धार का समस्त मोहल्लेवासियों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया वर्षों पुराने शिव मंदिर का नवीन मंदिर बनाकर स्थापित करने का संकल्प वार्डवासियों द्वारा लिया गया तालाब से लगा होने के कारण मंदिर की सुंदरता आकर्षण का केंद्र बना रहता है मंदिर का नवीन रूप से सुंदरता ओर बढ़ती जाएगी इस अवसर पर राजस्व एवं बाज़ार विभाग सभापति एवं वार्ड पार्षद सुमित ताम्रकार,विजयावर सर, बाल गोपाल सहारे, बाल सखा सहारे, खेदू यूइके, छगन यादव,मीनू यादव,मिथलेश उइक,गणेश यादव,सुनील यादव,कमलेश विजायवार,वार्डवासियों के साथ साथ पेंशनर संघ के सभी सदस्य आदि उपस्थित थे

# जायसवाल समाज बीएसपी प्रबंधन से सामाजिक भवन बनाने मांगा जमीन

**दल्लीराजहरा,**14मई (देशबन्धु)। जायसवाल समाज के पदाधिकारियों द्वारा बीएसपी के सीजीएम गहरवार से मिलकर मांग पत्र सौंप समाजिक भवन बनाने के लिए बीएसपी से जमीन देने की मांग किया है। जिस पर सीजीएम गहरवार ने उच्च अधिकारियों से चर्चा कर जायसवाल समाज को भी जमीन देने पर विचार करने की बात कही है। जायसवाल समाज के संगठन मंत्री श्याम जायसवाल ने बताया कि बीएसपी द्वारा लगभग सभी समाज को जमीन दिया गया है। परंतु जायसवाल समाज को कई दशकों से मांग करने के बाद भी आज तक कभी कोई जमीन नहीं दिया गया। जिसके कारण समाज के लोगों को सामाजिक कार्यक्रम करने में काफी समस्या होती हैं। विवाह, सगाई, छठी, व अन्य कार्य हेतु दूसरे समाज के भवन पर आश्रित होना पड़ता हैं। अत: जायसवाल समाज को भी बीएसपी द्वारा जमीन उपलब्ध कराने ज्ञापन सौंपा गया है। पूर्व में भी जायसवाल समाज द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू उपाध्यक्ष मनोज दुबे सहित एसडीएम व तहसीलदार को भी जायसवाल समाज को जमीन देने ज्ञापन सौंपा गया है। सभी जगह से जायसवाल समाज को जमीन उपलब्ध कराने सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया गया है। और हमें उम्मीद है। की जल्द ही जायसवाल समाज को जमीन मिलेगा। ज्ञापन सौंपने वाले में मुख्य रूप से जायसवाल समाज के अध्यक्ष सुरेश जायसवाल, कोषाध्यक्ष बेनी माधव जायसवाल, संगठन मंत्री श्याम जायसवाल, सुनील जायसवाल , अमित जायसवाल, राकेश जायसवाल, जायसवाल युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अमर जायसवाल उपस्थित रहे।



- सीजीएम उच्च अधिकारीयो से चर्चा कर समाज को जमीन दिलाने दिया आश्वासन

# व्यव्य प्रयर्तन नहर कार्य अपूर्ण, ग्रामीणों ने समाधान शिविर में बताई समस्या

**डोंगरगढ़,** 14 मई (देशबन्धु)। क्षेत्र के बनारा खुर्द में विगत वर्ष कराया गए व्यव्य प्रयर्तन नहर कार्य पूर्ण होने की शिकायत ग्रामीणों ने धारा में आयोजित सुशासन तिहार समाधान शिविर में की है । शिविर में मुख्य रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण अमर साहू , जनपद अध्यक्ष लता सिंहा, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनिल सिंहा, पूर्व अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम ,महामंत्री लखन जघेल , दुर्गा नायडू, गोकुल वर्मा , प्रेमलाल वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे । ग्रामीणों ने बताया कि बनारा खुर्द व्यव्य प्रयर्तन नहर कार्य नाली का कार्य विगत वर्ष सिंचाई विभाग द्वारा 2.70 करोड़ की लागत से कराया गया था जो आज 1 वर्ष बाद भी अपूर्ण अवस्था में है। कार्य के बारे में विभाग को जब पूछा जाता है तो गोलमोल जवाब दिया जा रहा है नहर नाली का कार्य अपूर्ण होने के कारण आने वाले समय में क्षेत्र के किसानों को खेती के लिए पानी मिलने में बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है ग्रामीणों ने उक्त समस्या को जल्द दूर करने की मांग की है ।

# नगर सेना में 2215 पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 22 जून को, आवेदन 30 मई तक

**बेमेतरा,** 14 मई (देशबन्धु)। नगर सेना मुख्यालय, छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा महिला नगर सैनिक छात्रावास ड्यूटी के 1715 पदों एवं नगर सैनिक जनरल ड्यूटी के 500 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन 22 जून 2025 को किया जाएगा। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है और इच्छुक अभ्यर्थी 30 मई 2025 तक व्यापम की वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

व्यापम द्वारा जारी सूचना के अनुसार, वर्ष 2024 में इन पदों के लिए दक्षता परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसके आधार पर कुल 20,137 अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा हेतु किया गया है। केवल वे अभ्यर्थी, जिन्होंने दक्षता परीक्षा में उत्तीर्णता प्राप्त की है।

लिखित परीक्षा के लिए आवेदन कर सकेंगे। आवेदन नहीं करने वाले अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाएंगे। ध्यान दें कि आवेदन केवल एक बार भरा जा सकेगा तथा इसके पश्चात उसमें किसी भी प्रकार का संशोधन संभव नहीं होगा।

लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र 16 जून 2025 को जारी किए जाएंगे। यह परीक्षा राज्य के चार प्रमुख संभागों ङ्क रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर एवं अंबिकापुर में आयोजित की जाएगी। बेमेतरा जिले के चयनित अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे समय रहते व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना आवेदन पत्र भर लें। यह जानकारी नगर सेना महानिदेशक श्री अरुण देव गौतम, जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी श्री नागेंद्र सिंह, तथा प्लाटून कमांडर श्री अखिलेश पाराशर द्वारा प्रदान की गई है।

# पीएटी/पीवीपीटी भर्ती परीक्षा आज, जिले में बनाए गए 3 परीक्षा केंद्र

**बेमेतरा,** 14 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा पी.ए.टी. एवं पी.वी.पी.टी. भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन 15 मई 2025, दिन गुरुवार को प्रात: 9ः00 बजे से दोपहर 12ः15 बजे तक किया जाएगा। इस परीक्षा में बेमेतरा जिले से कुल 1075 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा के सफल संचालन एवं परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले में कुल 3 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं इसमें शासकीय पं. जवाहरलाल नेहरू विज्ञान एवं कला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा

परीक्षार्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र की मूल प्रति अनिवार्य रूप से साथ लाएं। परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि लाने पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा, जैसा कि व्यापम द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में उल्लेखित है। परीक्षा के दौरान नकल या अन्य असामाजिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु सक्षम अधिकारियों के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल गठित किया गया है। इसके साथ ही, प्रत्येक परीक्षा केंद्र में गोपनीय परीक्षा सामग्री की सुरक्षित आपूर्ति एवं संकलन के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं तथा सभी केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा की निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्नता हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

**उल्टा पुल्टा**

देश के युवाओं के लिए एक संदेश!
अगर तुम देश बदलना चाहते हो तो अभी बदल डालो क्योंकि अगर शादी हो गई तो तुम देश क्या टीवी का चैनल भी नहीं बदल पाओगे।

## संपादकीय

# नागरिक सुरक्षा वालंटियर बनें

भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा पहलगाम (कश्मीर) में 26 पर्यटकों और एक स्थानीय गाइड को मार डालने के बाद दोनों देशों के बीच चला 5 दिवसीय संघर्ष चाहे हल्का पड़ गया हो, लेकिन इसने एक बार फिर से नागरिकों की सुरक्षा के लिये मजबूत व्यवस्था बनाये जाने की ज़रूरत को सामने लाया है। सीमाओं पर तनाव कम ही सही पर अभी भी बना हुआ है जो कभी भी गम्भीर रूप धारण कर सकता है। पंजाब, जम्मू एवं गुजरात के कुछ इलाकों में हुई गोलीबारी तथा अनेक भारतीयों के मारे जाने या घायल होने के बाद देश भर के सभी राज्यों में सिविल डिफेंस वॉलंटियरों की फौजें खड़ी करनी ज़रूरी हो गयी हैं। चूंकि पाकिस्तान के पास लम्बी दूरी की मिसाइलें एवं खतरनाक आयुध हैं अत: कोई भी क्षेत्र उनके निशाने पर आ सकता है। हालांकि भारतीय सेना पर्याप्त मजबूत तथा सतर्क है, फिर भी बचाव की तैयारियां कर रखनी अपरिहार्य है- खासकर शहरों में।

इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार के 9 जिलों को सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक बनाया जायेगा। इसके तहत हर जिले में 300 वॉलंटियर भर्ती किये जायेंगे। ये जिले हैं- रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जगदलपुर, अंबिकापुर, जांजगीर-चाम्पा, धमतरी और दंतेवाड़ा। इन कार्यकर्ताओं को 2-3 दिनों का इस बात के लिये प्रशिक्षण दिया जायेगा कि युद्ध की स्थिति में किस प्रकार से नागरिकों का बचाव करना है। यह नियमित प्रक्रिया होगी तथा हर वर्ष वॉलंटियरों की सूची को अद्यतन किया जायेगा। वैसे रायपुर, राजनांदगांव, सुकमा तथा कोरबा में आपदा मित्र बनाये गये थे लेकिन उनकी सूची अपडेट नहीं हुई थी जो अब की जायेगी। उनका कुछ वर्षों से प्रशिक्षण भी नहीं हुआ था। अब इसकी भी तैयारियां की जा रही हैं। यह कार्य शांति काल में भी होते रहना चाहिये। चूंकि वर्षों से देश किसी युद्ध में नहीं गया है, इसलिये सम्भवत: इसकी ओर प्रशासन व सरकार का ध्यान नहीं गया होगा लेकिन कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा उनके प्रशिक्षण की नियमित व्यवस्था होनी चाहिये।

अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ ने रविवार को पुलिस, होम गार्ड तथा एसडीआरएफ के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस काम को आगे बढ़ाने के निर्देश दिये। सिविल डिफेंस जिलों में वॉलंटियरों की भर्ती कलेक्टर कराएंगे। इसके लिये इच्छुक लोगों को रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसके लिये 18 से 45 वर्षों तक के व्यक्ति पात्र होंगे। कुछ जिलों में इसमें छूट दी गयी है। भर्ती होने के बाद वॉलंटियरों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), स्काउट्स एंड गाइड सहित अन्य संगठनों के तथा सामान्यजन इसमें शामिल हो सकते हैं जो नागरिकों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। युवा तथा देश के लिये कुछ करने का जज़्बा रखने वालों के लिये यह अनुपम अवसर है कि वे सिविल डिफेंस के वॉलंटियर बनें।

# दो नकाबपोशों ने ज्वेलरी दुकान में घुसकर संचालक और उसकी बेटी पर चलाई गोली, आरोपी फरार



**धमतरी,** 14 मई (देशबन्धु)। मंगलवार रात लगभग 8.30 बजे शहर के एक ज्वलेरी दुकान में घुसकर दो नकाबपोशों ने दुकान के संचालक पर बट एवं उसकी बेटी को गोली मारकर कर दिया। घटना के बाद दोनों नकाबपोश फरार हो गए, वहीं घायल बाप-बेटी को तत्काल इलाज के लिए मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया। बेटी को रायपुर रिफर कर दिया गया। इस घटना की सूचना मिलते ही धमतरी के व्यापारी एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है।

मिली जानकारी के अनुसार वेयरहाउस के सामने बरडिया आभूषण में रात 8. 45 बजे के लगभग दो नकाबपोश अंदर घुसे और शटर को बंद कर दिया। पहले आभूषण दुकान के संचालक भंवरलाल बरडिया उम्र लगभग 58 वर्ष के सिर में बट से मारा। लहूलुहान होने पर उन्होंने अपने घर वालों को आवाज दिया, सुनकर उनकी बेटी नैना दौड़ते हुए आई उनके ऊपर भी आरोपियों ने गोली चला दी जिससे उसके पैर में चोट आई है। तुरंत परिवारजनों ने बाप बेटी दोनों को मसीह अस्पताल लाकर भर्ती कराए। जहां दोनों की स्थिति खतरे से बाहर है। यह खबर आग की तरह पूरे शहर में फैल गई। व्यापारी, सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारी, जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में अस्पताल और ज्वेलरी दुकान में पहुंच गए। यहां पर स्कसूरज सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा भी पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाई कि आखिर वह नकाबपोश लूट के नियत से पहुंचे थे या उनका इरादा कुछ और था। बहरहाल पुलिस से जांच में जुट गई है।

इस संबंध में सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित बरडिया ने बताया कि यह घटना झगझोर देने वाली घटना है। पुलिस अधीक्षक से उनकी बात हुई है उन्होंने कहा है कि जल्द आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। आरोपी स्थानीय नहीं लग रहे हैं। इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दो नकाब पोश ज्वेलरी दुकान में पहुंचे थे। बट से संचालक के सिर में चोट पहुंचाया है। लड़की के पैर में भी लगी है। प्रथम दृष्टया में लूट का मामला लग रहा है, जांच की जा रही है।

# ग्राम पंचायत भद्रापाली में पेयजल संकट को लेकर मचा हाहाकार

**रवान/बलौदाबाजार,** 14 मई (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत भद्रापाली में बोर खराब होने के कारण गर्मी की शुरुआत होते ही और गांव में जल को लेकर हाहाकार मचना शुरू हो गया हैं। जहां पिछले सात दिनों से नलों की टोंटियां पानी की जगह हवा उगल रही हैं। वार्ड के पंच भी मोहल्लेवासियों की परेशानियों को दूर करने ग्राम पंचायत में अवगत करा चुका है लेकिन उसके बाद भी अब तक इस दिशा में कोई भी कोशिश नहीं की जा सकी है। लिहाजा लोगों को मजबूरन पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।



मोहल्ले में पेयजल आपूर्ति के नाम पर सिर्फएक सार्वजनिक नल ही है, जो कि पिछले एक सप्ताह से बंद है। बताया जाता है कि ढलान पर स्थित मकानों में तो पहले पानी की बूंदें मिल भी जाती थी, लेकिन ऊपर की ओर बस लोगों तक प्रेशर नहीं होने से पानी दो महीने से नहीं पहुंच पा रहा है। खास बात तो यह है कि लोग लगातार अपनी परेशानियों को दूर करने के नाम पर ग्राम पंचायत के दरवाजे खटखटाने में लगे हुए है, लेकिन नींद में अधिकारी कोई पहल करने के बजाय सिर्फआश्वासन ही देने में दिलचस्पी दिखा रहे है। यह हाल मई महीने के पहले सप्ताह से बना हुआ है। जबकि अभी तापमान 42 डिग्री तक ही है। आने वाले दिनों में तापमान में बढ़ोत्तरी होने के साथ-साथ भूजल भी नीचे गिरने लगेगा। ऐसे में अप्रेल, मई जैसे महीनों में लोगों तक पर्याप्त रूप में पानी मिल पाएगा, इसकी गुंजाइश कम ही दिखाई दे रही है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके मोहल्ले में पानी की हमेशा समस्या बनी रहती है। गर्मी के दिनों में तो उन्हें काफी समस्याओं से गुजरना पड़ता है। मई महीने से पानी की सप्लाई बंद हो गई है। इसके अलावा पेयजल के लिए लगाए गए इकलौता बोरिंग भी फेल हो गया है, जिस मरम्मत करने अब तक कोई सुध नहीं ली गई है। आने वाले दिनों में उनके वार्ड में जलसंकट और बढ़ सकता है। ग्राम के दौलत वर्मा ने कहा है कि एक सप्ताह से पानी की सप्लाई बंद है, लेकिन उसके बाद वे कोई ध्यान नहीं दे रहे है। ग्रामीणों को पानी के लिए काफी परेशान सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत भद्रापाली के सरपंच प्रतिनिधि देव वर्मा का कहना है कि बोर को बनवाने के लिए दिया गया है गांव के सभी बोरिंग को भी विभाग को बोलकर बनवाया गया है। ग्राम पंचायत भद्रापाली के दुलेश्वर वर्मा उप सरपंच कहना है कि पिछले कार्यकाल से पूरा बोर खराब पड़ा हुआ है बनाने के लिए दिया गया है।

## रोहांसी स्वामी आत्मानंद स्कूल में कक्षा दसवीं में लिलम रहे टापर

**रोहांसी/बलौदाबाजार,** 14 मई (देशबन्धु)।



हाल ही मे बोर्ड की परिक्षा परिणाम घोषित हुआ है। जिसमे नगर पंचायत रोहांसी के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय के कक्षा दसवी की छात्रा लिलम मानिकपुरी 92.33 प्रतिशत अंक लाकर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। उसके इस प्रदर्शन से परिवार तथा विद्यालय गौरवांवित है तथा हर्ष व्याप्त है। लिलम अपनी सफलता का श्रेय मां चन्द्रिका मानिकपुरी पिता नेपाल दास मानिकपुरी तथा गुरूजनो को दिया है। उन्होने इच्छा जाहिर करते हुए बताया कि देश की सेवा के लिए भारतीय सेना मे जाना चाहती है।

# विगत दो हफ्तों से बंद श्री राम वाटिका का लाइन हुआ चालू

**राजिम,** 14 मई (देशबन्धु)। धर्मनगरी राजिम स्थित श्री राम वाटिका ,श्री राम वन गमन मार्ग की समस्त लाइट विगत दो हफ्ते से बंद थी, देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही स्थानीय लोगों को इस कारण असुविधाएं हो रही थी ।सक्रिय नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव को जैसे ही लाइट बंद होने की सूचना मिली उन्होंने पर्यटन विभाग की इस करतूत को लेकर अनुविभागीय दंडाधिकारी राजिम और पर्यटन विभाग के अधिकारियों से तत्काल संपर्क किया। छत्तीसगढ़ के प्रथम पर्यटन स्थल श्री राजीव लोचन की नगरी में इस प्रकार की अव्यवस्था को दूर करने का निवेदन किया। प्रशासन ने इस पर तत्काल कार्यवाही करने का निर्देश दिया। आज 14 मई को प्रात: विधुत कार्य प्रारंभ हुआ जिसका निरीक्षण करने नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, भारत यादव सभापति, आकाश सिंह राजपूत सभापति, तुषार कदम पार्षद के साथ नगर के सौरभ महोबिया,राजेंद्र शुक्ला के साथ पहुंचे। कार्यपरंभ होने पर सभी ने विद्युत विभाग का आभार व्यक्त किया।



## सीबीएससी दसवीं बोर्ड में देशना जैन ने जी डी गोयनका इन्टरनेशनल स्कूल में 95.8 अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला को किया गौरवान



**नवापारा राजिम,** 14 मई (देशबन्धु)। सीबीएससी कक्षा दसवीं में नगर की छात्रा देशना जैन पिता शशांक बाफना ने 95.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।बच्चों के अच्छे परीक्षा परिणामके लिए विद्यालय के प्राचार्य ने बधाई दी साथ ही नगर वासियों ने अपनी बधाइयां देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। विदित हो कि देशना जैन सकल जैन समाज के अध्यक्ष, पूर्व वृहताकार सहकारी समिति के अध्यक्ष शेखर बखाना की पोती है ।

# गौरव पथ चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का विधायक ने किया शुभारंभ



**महासमुंद,** 14 मई (देशबन्धु) ।शहर के बीटीआई रोड गौरव पथ चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत शुभारंभ बुधवार को हुआ। स्थानीय बरोंडा चौक में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यह शहर की बहुप्रतीक्षित मांग थी, जो अब जल्द ही पूरा होने वाला है। बता दें कि बीटीआई रोड शहर के मुख्य मार्गों में से एक है। कई प्रशासनिक दफ्तर, स्कूल, कॉलेज का पहुंच मार्ग इसी बीटीआई रोड से जाता है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों को भी शहर से जोड़ने वाला एक मुख्य मार्ग है। इसलिए गौरव पथ चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण की मांग काफी समय से की जा रही थी। जिस पर शासन ने कार्य के लिए मंजूरी दे दी। इसके बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा कार्य का भूमिपूजन किया गया था। बुधवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने विधिवत कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गौरव पथ के सौंदर्यीकरण की मांग काफी समय से की जा रही थी। इस रास्ते से दिनभर लोगों का आना जाना लगा रहता है। शहर के साथ साथ आसपास ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के आवागमन का भी यही रास्ता है। लोगों को आवागमन में परेशानी न हो इसके लिए ही रोड का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। लगभग 18 करोड़ की लागत से 3 किलोमीटर लंबाई तक सौंदर्यीकरण कार्य होगा। कार्यक्रम में बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, माधव राव टांकसाले, संदीप दीवान, सतपाल सिंह पाली, मुन्ना साहू, बंटी शर्मा, हरवंश सिंह, नारेंद्र गिरी, प्रशांत श्रीवास्तव, संदीप घोष, भाऊराम साहू, मीना वर्मा, आनंद गिरी, माखन पटेल, मनीष शर्मा, शुभ्रा शर्मा, गोपाल वर्मा, सुरेश साहू, अग्रज शर्मा, उत्तरा प्रहरे, सुजाता विश्वनाथन, सीता डोंडेकर, जय चोपड़ा, सुरेखा कंवर, लक्ष्मी साहू, रेखा बेहरा, राजेंद्र चंद्राकर, सोनाधर सोनवानी, पीयूष साहू, गोविंद ठाकुर, हनीश बग्गा, सूर्यप्रताप सिंह, नंदू जलक्षत्री, अमन वर्मा, अमित साहू, अभिषेक पांडे, शरद राव, नईम खान, रामेश्वर पटवा आदि उपस्थित थे।

# सीबीएसई दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में चन्द्रोदय पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



**12 वीं में प्रियंका प्रथम, पारूल द्वितीय**

**महासमुंद,** 14 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसईद्ध नई दिल्ली ने 13 मई को कक्षा दसवीं और बारहवी बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया । नगर के प्रचलित सीबीएसई स्कूल चन्द्रोदय पब्लिक स्कूल में कक्षा दसवीं और बारहवी बोर्ड का परिणाम शत प्रतिशत रहा । कक्षा बारहवीं बोर्ड में प्रियंका विश्वकर्मा 92.2 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रही, द्वितीय स्थान पर 87.6 प्रतितशत के साथ पारुल चंद्राकर रही , तृतीय स्थान पर हर्षकांत चंद्राकर 82.4 प्रतिशत के साथ रहे, चतुर्थ स्थान पर अर्पिता नशिने 80.2 प्रतिशत के साथ रहीं, पांचवे स्थान पर सागरिका हालदार एवं फाल्गुनी दुबे 78.2 प्रतिशत के साथ काबिज़ हुई। कक्षा दसवीं बोर्ड में अदिति द्विवेदी ने 87.6 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर प्रियांश बढ़ई 86.4 प्रतिशत के साथ रहे, कुमारी प्रार्थना चंद्राकर, परिणीता चंद्राकर और अंशिका मिश्रा 85.6 प्रतिशत के साथ तीनों छात्राएं तृतीय स्थान पर रहीं। चौथे स्थान पर श्रेयांश द्विवेदी 84.8 प्रतिशत के साथ रहे, वही अभयराज गायकवाड़ ने 84.4 प्रतिशत के साथ पांचवा स्थान प्राप्त किया । इस बार सीबीएसई दसवीं और बारहवीं दोनों ही बोर्ड परीक्षा में छात्रों के मुक़ाबले छात्राओं का प्रदर्शन उत्तम रहा । सीबीएसई बारहवी बोर्ड में बच्चों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छत्तीसगढ़ चंद्रनाहु शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर, उपाध्यक्ष चंद्रपाल चंद्राकर, सचिव कमलेश चंद्राकर, प्राचार्य नवीन कुमार , ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤

# नवापारा पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

## दर्जन भर से अधिक वाहनों के खिलाफ हुई कार्रवाई





**नवापारा राजिम,** 14 मई (देशबन्धु)। नवापारा पुलिस द्वारा मंगलवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। मालवाहक गाड़ियों के लगातार हादसों और रविवार को खरोरा बंगोली के पास सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत होने के बाद प्रशासन अब अलर्ट मोड पर है। पुलिस द्वारा मालवाहक और निजी उपयोग के वाहनों में अवैध रूप से सवारी ढोने वालों पर सख्ती बरती जा रही है।

- **सड़क पर वाहन खड़ा करने पर भी होगी कार्रवाई**
- **मालवाहकों में यात्री, बाराती व चौथिया ढोते समय कई घटनाएं हुई , लोगों की मौत भी हुई है। इसके बाद भी लोग इन घटनाओं से नहीं ले रहे सबक**

इसी कड़ी में नवापारा पुलिस ने नगर के पं. दीनदयाल उपाध्याय चौक, नवापारा पुल के पास, थाना के सामने विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने लोगों को मालवाहक गाड़ियों में सफर नहीं करने के लिए जागरूक भी किया। थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार एसैय्या ने बताया कि अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को 12 से अधिक वाहनों के खिलाफकार्रवाई की गई है। इसमें 6 मालवाहक गाड़ियां शामिल है।

उन्होंने बताया कि यह चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा। शराब पीकर वाहन चलाने वाले, प्रेशर हॉर्न, नो पार्किंग में खड़े, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, तीन सवारी, मॉडिफाइड साइलेंसर, ओवर स्पीड जैसे वाहन चालकों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी।

थाना प्रभारी ने बताया कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए दुकानदारों से अपील किया है कि वे दुकान के सामने ग्राहकों के वाहन व्यवस्थित खड़े कराएं। सड़क पर वाहन खड़ा करने पर कार्रवाई की जाएगी।

**प्रतिबंधित फिर से धड़ल्ले से हो रहा उपयोग:** विदित हो कि शादी का सीजन शुरू होते ही सड़कों पर बेरोक-टोक मालवाहकों में यात्री ढोते देखे जा सकते हैं। शादी सीजन शुरू होने के बाद शादी घरों में बारात व चौथिया जाने की परंपरा है। संपन्न घराने के लोग शादियों में यात्री बसों को लगाते हैं। वहीं मध्यम व गरीब वर्ग कम किराये पर मिल जाने के कारण बस की जगह ट्रैक्टर, मेटाडोर, पिकअप आदि मालवाहकों का उपयोग करते हैं। मालवाहकों में यात्री, बाराती व चौथिया ढोते समय कई घटनाएं भी हुई है, जिसमें कई लोगों की मौत भी हुई है। इसके बाद भी लोग इन घटनाओं से सबक ही नहीं ले रहे हैं। मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मालवाहक वाहनों को ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤

# वार्डवासियों की मांग के अनुरूप जनहित में किया जा रहा कार्य : अशोक जैन



**नया बस स्टैंड में यात्रियों को मिलेगी सभी सुविधाएं**

**बलौदाबाजार,** 14 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत नगर में विकास कार्यों को लेकर जन सामान्य के मध्य भ्रम की स्थिति निर्मित की जा रही है, जो कि उचित नहीं है। नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने प्रेस को जारी बयान में साफतौर पर कहा कि पिपरहा तालाब के समीप का पैठू पूर्व में बहुत बड़ा था इसके आसपास भारी मात्रा में अतिक्रमण होने से वर्तमान में पैठू के स्थान पर एक डबरी नुमा गड्ढा रह गया है जिस पर गन्दा पानी भरा रहता है व घरों के नाली का निस्तारी पानी के जमा होने से आसपास का वातावरण प्रदूषण युक्त रहता है। साथ ही मच्छर एवं गंदगी पनप रही है जिससे आसपास के वार्ड वासियों को बदबू एवं प्रदूषित वातावरण में रहने मजबूर होना पड़ता है, जिससे कभी भी गंभीर बीमारी पनप सकती है।

श्री जैन ने कहा कि इस पर विचार करते हुए तालाब खनन की मिट्टी से उक्त डबरी को पाटने के लिए मोहल्ले वासियों के द्वारा ही की गई मांग के अनुरूप ही उक्त कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही उक्त पैठू भूमि पर मोहल्ले वासियों के लिए छठी, जन्मदिन व मोहल्ले में मांगलिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु सामुदायिक भवन के निर्माण की भी मांग लिखित में की गई है इसलिए उक्त पैठू नुमा गड्ढे को मिट्टी से भरा जा रहा था व स्थानीय नया बस स्टैंड के सौंदर्यकरण एवं अन्य विकास के कार्य कराए जाने के लिए कार्य योजना तैयार की गई थी। नया बस स्टैंड में यात्रियों की सुविधा में कोई कमी नहीं होगी बल्कि यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके इस दिशा में अच्छी सोंच रखते हुए वर्तमान परिषद कार्य कर रही है। नगर पालिका परिषद के द्वारा वर्तमान कार्यकाल में जन सामान्य को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी व निर्माण कार्यों में कोई समझौता नहीं करते हुए गुणवत्ता पूर्वक कार्य जन सामान्य को देखने को मिलेगा जो जनहित के कार्य होंगे। साथ ही जन सामान्य की इच्छाओं के अनुरूप होगा व सभी की मंशा के अनुरूप कार्य करने की बात कही गई,

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत स्थानीय पिपरहा तालाब गहरीकरण, धोबी तालाब गहरीकरण एवं सौंदरीकरण, के साथ ही नगर के अन्य तालाबों के सौंदर्यीकरण एवं नगर के अन्य तालाबों की सफाई भी कराई जाएगी व रामसागर तालाब के भी सौंदर्यीकरण व सफाई के कार्यों को प्रस्तावित किया गया है।

# सुशासन तिहार में पूरा हुआ आवास का सपना



**सतन सोनवानी को मिली अपने घर की चाबी**

**बलौदाबाजार,** 14 मई (देशबन्धु)।सुशासन तिहार के तहत नगरीय निकायों में भी समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में आयोजित शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने आवास की चाबी, आवास योजना पात्रता प्रमाण पत्र, पेंशन स्वीकृति पत्र और राशन कार्ड वितरित किया।

नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार के मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद भोई ने बताया कि समाधान शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा सतन सोनवानी को प्रधानमंत्री आवास योजना(शहरी) के तहत उनके आवास की चाबी प्रदान की गई। सतन सोनवानी ने राज्य शासन और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आवास मिलने पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में उनका आवास का सपना पूरा हो गया है। इसी प्रकार श्री जैन ने फेहरा बाई, कनेश्वर पुरीना, संतोष लहरे और सुषमा बंदे को आवास पात्रता प्रमाण पत्र, मीनाक्षी कुर्रे और पुरातन कांवर को राशन कार्ड तथा अमरदास बांधे, सेवती चंद्राकर हीरादास सोनवानी और पंच कुमार चंद्राकर को पेंशन स्वीकृति प्रमाणपत्र प्रदान किए। इस दौरान पार्षद राजू सलूजा, लोकेश कुमार, सतीश पटेल, जितेंद्र डडसेना सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद,** 14 मई (देशबन्धु) ।कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6.4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 05 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार लाख रुपए के मान से कुल 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम छिंदौली के मृतक राजा यादव एवं बसना विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम कापूडीह के मृतक भुपत उर्फगुप्तराम के वारिसानों के लिए तथा सर्पदंश से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम डिपापारा के मृतक योगेश तिवारी के परिजन के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार आग में जलने से मृत्यु होने पर विकासखण्ड सरायपाली अंतर्गत ग्राम राफेल के मृतक जगबंधु राणा एवं बिजली गिरने से मृत्यु होने पर ग्राम बलोदा की मृतिका श्रीमती सोहद्रा राउतिया के परिजनों के लिए 4.04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# ओड़िशा के युवक की हत्या के आरोप में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**बागबाहरा,** 14 मई (देशबन्धु)। कोमाखान थाने के अंतर्गत ग्राम कसेकेरा टोंगोपानी के पास नुआपाड़ा ओड़िशा निवासी युवक की मिली लाश की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने तीन दिनों के भीतर सुलझा ली है। पुलिस ने हत्या के आरोप में एक नाबालिग लड़के सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उसे जिला न्यायालय महासमुंद में पेश किया गया। जहाँ कोर्ट ने चारो आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। कोमाखान पुलिस ने उक्त चारों आरोपियों के खिलाफ हत्या की धारा समेत 103(1), 238(ए), 140(1), 308(4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया था।

कोमाखान थाना प्रभारी निरीक्षक नितेश सिंह ठाकुर ने इस हत्या मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 9 मई को कोमाखान पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम कसेकेरा टोंगोपानी के पास सुनसान स्थान में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। जिसके मुंह, चेहरे एवं हाथों को प्लास्टिक के सेलो टेप से लपेटा गया था। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा घटनास्थल का मुआयना कर भौतिक साक्ष्यों का संकलन किया गया। शव की स्थिति और वारदात का तरीका देखने पर प्रतीत हुआ कि किसी वाहन के माध्यम से घटनास्थल तक शव को लाया गया है। शव की शिनाख्त हेतु जिले एवं पड़ोसी राज्य ओड़िशा के पुलिस थानों में संपर्क किया गया। दूसरे दिन 10 मई को थाना नुआपाडा ओड़िशा से जानकारी प्राप्त हुआ कि दिनांक 08/05/25 की रात्रि से शिवशक्ति नगर नुआपाड़ा निवासी युवक मानस रंजन त्रिपाठी पिता मनबोध त्रिपाठी आयु लगभग 35 वर्ष लापता है। इस सूचना पर उनके परिजनों को बुलाया गया। जिनके द्वारा शव की शिनाख्त मानस रंजन त्रिपाठी के रूप में की जा कर जानकारी दी गई कि मृतक फार्मेसी की पढ़ाई किया था। तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों का इलाज किया करता था। लगभग पंद्रह दिवस पूर्व ही मृतक का विवाह महासमुन्द जिले के पिथौरा नगर में हुआ था। दिनांक 08/05/25 को भी शाम के समय मोटर सायकल से अपना दवा वाला बैग लेकर ग्राम मौहाभांठा–साल्हेभांठा गया था। जिसका मोबाइल रात 8 बजे से बंद हो गया था। शव का बागबाहरा के चीरघर में पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया गया। जिसमें डॉक्टर के द्वारा मृत्यु का कारण दम घुटना एवं हत्या प्रकृति का होना लेख किया गया। थाने में मर्ग कायम आधार पर से थाना कोमाखान में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा टीम का गठन कर विशेष दिशा निर्देश दिए गए। विवेचना के दौरान हत्या के सभी संभावित बिंदुओं की जांच करते हुए पुलिस द्वारा संदिग्धों की पतासाजी प्रारंभ की गई। इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस भी जुटाया गया। ग्रामवासियों से पूछताछ में मालूम हुआ कि घटना दिनांक को शाम 7-30 बजे तक मृतक को गांव में देखा गया था। जिसके बाद वे कहां गया, मालूम नहीं चला। विवेचना के दौरान संदेही परसू डडसेना निवासी मौहाभांठा को पकड़ा गया। जो पुलिस को बरगलाने का प्रयास करता रहा। परन्तु कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपने अन्य दोस्तों सरोज कुमार, गणपत डडसेना एवं एक नाबालिक के साथ मिलकर फिरौती लेने के उद्देश्य से मृतक को नुआपाड़ा ओड़िशा के सुख सागर रेस्टोरेंट के पास से अपहरण कर गणपत के टवेरा वाहन क्रमांक ओडी 26 ए 2700 से युवक को ले जाना एवं गला घोटकर हत्या कर देना बताया गया। आरोपी की निशानदेही पर अन्य आरोपियों को भी अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया। जिन्होंने हत्या कर लाश को सुनसान स्थान पर ले जाकर फेंक देना स्वीकार किया। आरोपियों के मेमोरेंडम आधार पर मृतक का मोटर सायकल क्रमांक ओडी 26 ए 2064 मृतक के दवाई वाले बैग को बरामद किया गया। हत्यारो ने इस घटना को शातिर तरीके से अंजाम दिया था। आरोपी परसू एवं गणपत से मृतक की जान पहचान थी। घटना दिनांक को परसू दवा लेने के बहाने मृतक मानस रंजन त्रिपाठी को सुनसान स्थान पर बुलाया था। जहां पहुंचने पर टेप से हाथ एवं मुंह को बांध कर तनवत चौक से होते हुए जंगल रास्ते से कोमाखान की ओर आ गए। मृतक से उसके बैंक बैलेंस के संबंध में जानकारी मांगा गया। मोबाइल से चेक करने पर खाता में केवल नौ हजार होने से आरोपियों के मंसूबे सफल नहीं हो पाए। चारों आरोपियों ने मिलकर मृतक का गला एवं मुंह को दबाकर हत्या कर साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को कोमाखान थाने के कसेकेरा टोंगोपानी गांव के खेत में फेंक कर भाग गए थे। पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने पर 12 मई को चारों आरोपी परसू डडसेना पिता बसंत राम आयु 20 वर्ष निवासी ग्राम मौहाभांठा थाना नुआपाड़ा ओड़िशा, गणपत डड़सेना पिता सुरेश डडसेना आयु 27 वर्ष निवासी मौहाभांठा, सरोज डडसेना पिता बीर सिंह डडसेना आयु 24 वर्ष निवासी गरतोर थाना नुआपाड़ा एवं विधि से संघर्षरत नाबालिग बालक को गिरफ्तार कर जिला न्यायालय महासमुंद में पेश किया गया। जहां से कोर्ट ने चारों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस घटना में प्रयुक्त टवेरा वाहन एवं आरोपियों के मोबाइल को जप्त किया गया है। आरोपी गणपत डड़सेना आदतन अपराधी है। जो चोरी की कई घटनाओं में शामिल होने से छत्तीसगढ़ एवं ओड़िशा में उसके खिलाफ कई अपराध दर्ज हैं। कोमाखान पुलिस एवं साइबर सेल द्वारा गंभीर अंधे कत्ल के मामले को तीन दिनों के भीतर सुलझा लिया गया।

# भारत की सैन्य शक्ति को प्रणाम करने निकलेगी तिरंगा यात्रा: राकेश



**महासमुंद** 14 मई (देशबंधु)। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा राकेश चंद्राकर ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता को बताने देश भर में भाजपा द्वारा 13 से 23 मई तक तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी आबादी अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रत्येक नागरिक, ओबीसी मोर्चा के प्रत्येक सदस्य व पदाधिकारी शामिल होंगे। श्री चंद्राकर ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह हमला न केवल भारत की अस्मिता, बल्कि मानवता पर भी हमला है। उन्होंने कहा कि भारत अब ऐसी किसी भी हरकत को बर्दाश्त नहीं करेगा और आतंकवादियों व उनके आकाओं को कठोरतम दंड दिया जाएगा। उन्होंने भारत की सैन्य ताकत और नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि नया भारत घर में घुसकर मारने की क्षमता रखता है। श्री चंद्राकर ने कहा कि पहलगाम में पाकिस्तान ने जो कायराना हरकत की उसका जवाब भारत ने एयर स्ट्राइक के जरिए दिया। यह नया भारत है, जो सक्षम और समर्थ है। इस ऑपरेशन के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। इनमें जैश.ए.मोहम्मद का बहावलपुर और लश्कर.ए.तैयबा जैसे प्रमुख आतंकी अड्डे शामिल थे। इस कार्रवाई ने विश्व को आतंकवाद के खिलाफभारत की जीरो टॉलरेंस की नीति का स्पष्ट संदेश दिया है। आज पूरे विश्व को भारत ने अपना लोहा मनवाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में यह स्पष्ट हो गया है कि अब पाकिस्तान से कोई संवाद नहीं होगा। यदि बात होगी हो केवल आतंक वाद तथा पीओके के मुद्दे पर होगी। पाकिस्तान आतंकवाद के भरोसे अपना अस्तित्व बचाता रहा है। हालाकि अब पाकिस्तान की कमर टूट चुकी है। उनके प्रमुख आतंकी ठिकानों को भारत ने नष्ठ कर दिया है। एक सूचना के अनुसार यह भी जानकारी मिली है कि पाकिस्तान के शस्त्रागार को भी भारत ने नष्ट कर दिया है। पाकिस्तान अब पूरी तरह से सैन्य, सुरक्षा तथा आर्थिक रूप से कमजोर हो चुका है। भारत के छोटे से छोटे प्रहार को सहने की क्षमता अब पाकिस्तान में नहीं रहा। श्री चंद्राकर ने कहा कि हमारी सेना की अद्वितीय क्षमता, उनके पराक्रम को भाजपा संगठन दिल से सलाम करता है। सेना की साहस और वीरता को प्रणाम करने, उनकी क्षमता को प्रेरित करने अब भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी आबादी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रत्येक सदस्य, पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होकर सेना की अदम्य साहस को जन.जन तक पहुंचाकर उनका मनोबल बढ़ाएंगे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के लिए आत्मसम्मान, सुरक्षा और बेहतर भविष्य की कुंजी बन चुकी है : रंजना साहू

- प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के गृह प्रवेश कार्यक्रम के तहत ग्राम परेवाडीह पहुंची पूर्व विधायक रंजना साहू, हितग्राहियों को दिए बधाई



**धमतरी,** 14 मई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्र की जनहितकारी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश में बने 51 हजार आवास का लोकार्पण किया गया, जिसमें केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान अंबिकापुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने छत्तीसगढ़ पहुंचे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और पीएम जनमन के आवास हितग्राहियों को खुशियों की चाबी देंने मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ आए। आवास निर्माण प्रारंभ करने वाले हितग्राहियों का भूमिपूजन किए तो वहीं नवनिर्मित 51 हजार प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया गया।

इसी तारतम्य के अंतर्गत भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने धमतरी विधानसभा के ग्राम परेवाडीह में प्रधानमंत्री आवास योजना के लोकार्पण के तहत गृह–प्रवेश करने वाले हितग्राहियों के निवास पहुंचे जहां रुक्मणी ध्रुव पति रमेश ध्रुव एवं त्रिलोकी राम साहू पिता रामदयाल साहू को उनके नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवास में प्रवेश दिलाई, पूर्व विधायक रंजना साहू ने हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने गरीबों के सपनों को तोड़कर केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास को रोक दिए थे, उसे भाजपा सरकार आने के उपरांत पुन: मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कर गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार के सपने को साकार किए, गरीब, किसान एवं गांव के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार का समर्पण व जनहितैषी कार्यों से संवार रही है। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना न केवल एक सरकारी योजना है, बल्कि यह गरीबों के लिए आत्मसम्मान सुरक्षा और बेहतर भविष्य की कुंजी बन चुकी है, यह योजना से लाखों गरीबों का सपना साकार कर उन्हें एक नया जीवन दिया है। इस अवसर पर सरपंच नारद साहू ,उपसरपंच चंपालाल साहू, पंच हीरालाल ध्रुव ,ग्रामीण मोती लाल साहू, दीनदयाल साहू, देवेंद्र साहू, गुहलेद साहू ,भीखम साहू, घनश्याम साहू, शीतलेश साहू, जागेश्वर साहू, बिहारी साहू, नरेश साहू, रमेश ध्रुव, कुलेश्वर ध्रुव,उमेश जोशी, गैंदलाल, छूनूराम, सचिव टेकराम साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# समाधान शिविर बना शासन और जनता के बीच सेतु

- राशन कार्ड, जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री अभिनंदन पत्र और पेंशन स्वीकृति पत्र पाकर लाभार्थियों के खिले चेहरे



**महासमुंद** 14 मई (देशबंधु)। छग शासन की महत्वाकांक्षी लोककल्याणकारी पहल सुशासन तिहार के अंतर्गत महासमुंद जिले में 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 12 मई को महासमुंद विकासखंड के ग्राम कोडार में समाधान शिविर आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। शिविर में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा पात्र हितग्राहियों को जॉब कार्ड, राशन कार्ड, पेंशन स्वीकृति पत्र और प्रधानमंत्री अभिनंदन प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इससे ग्रामीणों को योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिला और उन्हें सरकारी सेवाओं से जोड़ने में सहायता मिली। शिविर में ग्राम कौआझर और परसाडीह के पात्र हितग्राहियों को प्राथमिकता श्रेणी के राशन कार्ड प्रदान किए गए। लाभ पाने वालों में पायल साहू, यमुना साहू, प्रेमीन यादव, कामिन साहू, पद्मनी साहू, कलेश्वरी ध्रुव, नीरा ध्रुव, महेश्वरी ध्रुव और राजकुमार कोसले शामिल रहे। राशन कार्ड पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे, लाभार्थियों ने कहा कि अब उन्हें सस्ते दर पर राशन तो मिलेगा ही, साथ ही वे अन्य कल्याणकारी योजनाओं के भी पात्र बन जाएंगे। इसी प्रकार से ग्राम गढ़ासिवनी की निवासी श्रीमती खिलेश्वरी, श्रीमती मोतीन, श्रीमती प्रेमीन बाई और योमिन साहू को जब जॉब कार्ड प्रदान किया गया। उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें मनरेगा के तहत रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। साथ ही ग्राम कुकराडीह के सुशील बघेल और अछोला ग्राम के नेतराम साहू एवं पीताम्बर साहू को भी जॉब कार्ड प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि इस योजना से उन्हें गांव में ही कार्य करने का अवसर मिलेगा, जिससे बाहर पलायन करने की आवश्यकता नहीं रहेगी और वे अपने परिवार के साथ रहकर सम्मान पूर्वक जीवन यापन कर सकेंगे। शिविर में तुकाराम एवं संतोषी चंद्राकर को प्रधानमंत्री आवास का अभिनंदन पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत पक्का मकान मिला है, जिससे उनका परिवार अब सुरक्षित और स्थायी छत के नीचे जीवन यापन कर रहा है। समाधान शिविर में समाज कल्याण विभाग की पेंशन योजनाओं के तहत ग्राम अछोली और परसाडीह के चार हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति पत्र मिले। थानू राम निषाद को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना तथा कोदाराम यादव, सुखीराम साहू और मनराखन यादव को मुख्यमंत्री पेंशन योजना का लाभ मिला। सभी ने योजना को राहत दायक बताते हुए शासन का आभार व्यक्त किया। समाधान शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं का त्वरित लाभ मिल रहा है और शासन से सीधा संवाद स्थापित हो रहा है।

# खुशबू नन्द ने दसवीं में 6वे स्थान पर



**सरायपाली,** 14 मई (देशबन्धु) अर्पित शिक्षा समिति द्वारा संचालित इवास वुडलैंड हायर सेकण्डरी स्कूल सरायपाली मे कक्षा 10वीं में 22 विद्यार्थियों में से 19 विद्यार्थी प्रथम एवं 3 विद्यार्थी द्वितीय स्थान प्राप्त किए एवं कक्षा 12वीं मे 24 विद्यार्थियों में से 17 विद्यार्थी प्रथम एवं 4 विद्यार्थी द्वितीय स्थान प्राप्त किए। स्कूल में दसवीं से टॉप करने वाले बोर्ड परीक्षा विद्यार्थियों में खुशबु नंद 96.83 प्रतिशत, आयशा बानो 92.5, भूमि सिंह 91, प्रियांशी पटेल 91, शाहिना परवीन 90.16, गायत्री पटेल 89, संतु कुमार 87...83, दीप्ती सेन 87.66, बिन्दुलता सोनी 86.83, मासुमा बानो 86.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्कूल सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वहीं खुशबु नंद 10 वीं में महासमुंद जिला से टॉप 6 वां स्थान प्राप्त की है। वहीं कक्षा बारवहीं से देवेश पटेल ने 89.6 प्रतिशत, भावेश पटेल 87.4, शाहिबा परवीन 86.83, आस्था प्रधान 84 प्रतिशत अंक अर्जित की है। सभी बच्चों की सफलता के लिए इवास परिवार के शिक्षक–शिक्षिकाओ एवं प्राचार्या श्रीमती शेफाली मसीह व संचालक ए.के.मसीह जी ने बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविश्य की कामना की। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी सुशीम सिंह ने दी।मुंद जिला से टॉप 6 वां स्थान प्राप्त की है। वहीं कक्षा बारवहीं से देवेश पटेल ने 89.6 प्रतिशत, भावेश पटेल 87.4, शाहिबा परवीन 86.83, आस्था प्रधान 84 प्रतिशत अंक अर्जित की है। सभी बच्चों की सफलता के लिए इवास परिवार के शिक्षक–शिक्षिकाओ एवं प्राचार्या श्रीमती शेफाली मसीह व संचालक ए.के.मसीह जी ने बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविश्य की कामना की। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी सुशीम सिंह ने दी।

# यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा, यातायात जागरूकता पाठशाला का किया शुभारंभ

- सुशासन तिहार के समाधान शिविर में आयोजित कि जा रही है यातायात जागरूकता कार्यक्रम



**धमतरी,** 14 मई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशानुसार, उप पुलिस अधीक्षक यातायात मोनिका मरावी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी खेमराज साहू के नेतृत्व में यातायात स्टॉफ द्वारा सड़क सुरक्षा को बढावा देने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के साथ आमजनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए 12 मई को सडक सुरक्षा पाठशाला का शुभारंभ किया गया जिसके तहत रत्नाबांधा दुर्ग मार्ग में चालानी कार्यवाही के साथ–साथ सड़क सुरक्षा पाठशाला का आयोजन किया गया।

इस पहल का उद्देश्य आमजनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित यातायात को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को न केवल जुर्माना लगाया गया। बल्कि उन्हें सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाते हुए जागरूकता कार्यक्रम में भी लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पाठशाला में मुख्य रूप से हेलमेट पहनने की अनिवार्यता, सीट बेल्ट का उपयोग, मोबाइल फोन के उपयोग से बचाव, गति सीमा का पालन, नशे में वाहन न चलाने एवं मालवाहन वाहनों में यात्रा नही करने जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसी क्रम में ग्राम गट्टासिल्ली में आयोजित सुशासन तिहार के समाधान शिविर में यातायात का स्टॉल लगाकर शिविर में आने वाले लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया गया कि कम खर्च के चक्कर में मालवाहक वाहन से यात्रा न करे, मालवाहक वाहन से यात्रा करने के दौरान कभी–कभी गंभीर दुर्घटना घटित हो जाती है जिससे जान माल का अधिक नुकसान होता है, ऐसे नुकसान से बचने के लिए यात्री परिवहन वाहन से ही यात्रा करे, शराब सेवन कर वाहन न चलाये, सड़क सुरक्षा उपकारणों का उपयोग करने बताकर यातायत जागरूकता पम्पलेट विवतरण किया गया। यातायात पुलिस धमतरी का उद्देश्य केवल चालान करना नही है, बल्कि लोगों को यह समझाना है कि इन नियमों का पालन उनके अपने जीवन की रक्षा के लिए कितना महत्वपूर्ण है।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शुरू

**धमतरी,** 14 मई (देशबन्धु)। जिला प्रशासन व खेल एवं युवा कल्याण विभाग धमतरी द्वारा हर साल की तरह इस साल भी 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसकी शुरुआत आज से जिले के 22 प्रशिक्षण केन्द्रों में किया गया। इसमें सब जूनियर एवं जूनियर वर्गों के बालक–बालिकाओं को खेल की बारीकियों के बारे में बताते हुए नियमित अभ्यास कराया जाएगा, जिससे खेल प्रतियोगिताओं में जिले की ओर से अच्छा प्रदर्शन कर सकें। प्रभारी जिला खेल अधिकारी पीयूष तिवारी ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य खिलाड़ियों को खेल खेलना ही नहीं, बल्कि खेल कौशल का विकास के साथ–साथ खिलाड़ियों में खेल भावना भी लाना है। कलेक्टर अबिनास मिश्रा ने कहा की खेल द्वारा बच्चों में नेतृत्व करने की क्षमता का विकास, टीम वर्क, आपस में सामंजस्य स्थापित करना, हार–जीत की परवाह किए बिना अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन देना जैसे उच्च गुणों का विकास होता है, जिससे एक स्वस्थ एवं जिम्मेदार नागरिक का समाज में निर्माण होता है। ऐसे शिविरों से जिले में खेल का वातावरण बनेगा और नए खिलाड़ियों की रूझान खेलों की ओर बढ़ेगा और नवोदित खिलाड़ियों में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। जिले के संचालित खेल प्रशिक्षण केन्द्र बजरंग अखाडा बनिया पारा में कुश्ती, म्युनिसिपल स्कूल खेल परिसर में एथलेटिक्स, इंडोर स्टेडियम धमतरी में कराते, किकबॉक्सिंग, कुश्ती हायर सेकेण्डरी स्कूल मुजगहन में एथलेटिक्स, हायर सेकेण्डरी स्कूल आमदी में बास्केट बॉल, लॉन टेनिस, हायर सेकेण्डरी स्कूल सम्बलपुर में ताइचाडो, अटल बिहारी बाजपेयी स्टेडियम कुरुद में हैण्डबाल, हायर सेकेण्डरी स्कूल परखंदा में नेटबॉल, बॉल बैडमिंटन, हायर सेकेण्डरी स्कूल काठौली में रग्बी, हायर सेकेण्डरी स्कूल चरमुड़िया में वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, शौर्य क्रीड़ा क्लब कुंडेल योग, फुटबॉल, एथलेटिक्स, हायर सेकेण्डरी स्कूल भोथीडीह में ड्राप रो बॉल, सॉफ्ट बॉल, हायर सेकेण्डरी स्कूल करेली बड़ी में योग, कबड्डी, खो–खो, ग्राम बोराई, नगरी में जुडो खेल संघ द्वारा जुडो, गर्ल्स स्कूल धमतरी में टेबल टेनिस, ताइचाडो, टेबल टेनिस, क्रिकेट, पी.एम. एक्सीलेंट विद्यालय नगरी में फुटबाल, एथलेटिक्स खेलों का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# सुशासन तिहार समाधान शिविर का सिर्री पठारीमुंडा में हुआ आयोजन

- जनपद पंचायत बागबाहरा अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर ने प्रशासन से की जमीन की अवैध खरीदी बिक्री रोकने की मांग





**बागबाहरा,** 14 मई (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा संचालित सुशासन तिहार के अंतर्गत बागबाहरा विकासखंड के ग्राम सिर्री पठारीमुंडा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण किया गया और नवीन समस्याओं के आवेदन भी प्राप्त किए गए। शिविर में जनपद पंचायत बागबाहरा के अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार, जनपद सदस्य बलराम ध्रुव, भूपेंद्र दीवान, धनंजय साहू, रिंकू चेतन चंद्राकर और पिलेश्वर पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

समाधान शिविर में बागबाहरा विकासखंड के समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे, जिन्होंने ग्रामीणों की पूर्व में प्राप्त शिकायतों एवं नवीन समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। ग्रामीणों को उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी दी गई और त्वरित निराकरण की दिशा में प्रयास किया गया।

अपने निर्वाचन क्षेत्र सिर्री पठारीमुंडा में उपस्थित होकर जनपद अध्यक्ष श्री केशव नायक राम चंद्राकर ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकारियों के समक्ष रखते हुए कहा- कि यह समाधान शिविर शासन की मंशा के अनुरूप आम जनता की समस्याओं के समाधान का एक सशक्त माध्यम है। हम जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि हम जनता की आवाज को प्रशासन तक पहुँचाएं और समाधान सुनिश्चित करें।

श्री चंद्राकर ने विशेष रूप से गांव में हो रही जमीन की अवैध खरीदी–बिक्री और कब्जों की समस्या को गंभीरता से उठाते हुए अधिकारियों से तत्काल संज्ञान लेकर कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि गांव की जमीनें हमारी सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहर हैं। इनकी अवैध रूप से खरीद–फरोख्त व कब्जा न सिर्फ नियमों का उल्लंघन है, बल्कि ग्रामीणों के अधिकारों का हनन भी है। मैं प्रशासन से निवेदन करता हूँ कि इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।

इसके साथ ही उन्होंने सिर्री पठारीमुंडा को पृथक गांव का दर्जा दिलाने की मांग भी मंच से जोरशोर से उठाई। उन्होंने कहा पठारीमुंडा विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति ङ्क कमार जनजाति का गांव है। आज भी यह ग्राम सिर्री के एक मोहल्ले के रूप में दर्ज है, जबकि इसकी अलग भौगोलिक, सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान है।* मैं शासन से आग्रह करता हूँ कि इसे जल्द से जल्द स्वतंत्र गांव का दर्जा प्रदान किया जाए।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री भीखम ठाकुर ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों से ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की अपील की।

इस अवसर पर एसडीएम उमेश कुमार साहु, तहसीलदार युगल किशोर पटेल, अतिरिक्त तहसीलदार भवानी शंकर साव, जनपद सीईओ एम एल मंडावी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने विभागीय स्तर पर समाधान की दिशा में जानकारी और सहायता प्रदान की।

सिर्री पठारीमुंडा में आयोजित यह समाधान शिविर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समन्वय का सशक्त उदाहरण बना। ग्रामीणों ने खुलकर अपनी बात रखी और समाधान की दिशा में सार्थक पहल होते देखी। जनपद अध्यक्ष श्री चंद्राकर द्वारा उठाए गए मुद्दे आने वाले समय में ग्रामीण विकास और जनसुविधा की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकते हैं।

# कलेक्टर ने जिले के मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



**धमतरी,** 14 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित वर्ष 2025–26 की कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में जिले के दो छात्राओं ने राज्य स्तर पर टॉप–10 में स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। इन दोनों होनहार विद्यार्थियों को कलेक्टर अविनाश मिश्रा ने सम्मानित किया। मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम बुडेनी निवासी कुमार सौरभ जोशी ने 98.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य में छठवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं नगरी विकासखण्ड के ग्राम बनबगौद निवासी कुमारी डिंपल ने 97.83 प्रतिशत अंक हासिल कर नौवां स्थान प्राप्त किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने दोनों छात्रों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों से उनकी अभिरुचियों और करियर की योजनाओं के बारे में चर्चा की। दोनों विद्यार्थियों ने इंजीनियरिंग और तकनीकी क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छा व्यक्त की।

श्रम पदाधिकारी धमतरी श्री साहू ने जानकारी देते हए बताया कि दोनों ही छात्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के परिवार से हैं। इन्हें श्रम विभाग द्वारा मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत दोनों विद्यार्थियों को एक–एक लाख रुपये की शैक्षिक सहायता प्रदान की जायेगी। कलेक्टर ने श्रम पदाधिकारी को स्कूटी क्रय सहायता योजना के अंतर्गत स्कूटी प्रदान करने के निर्देश दिए। भविष्य में इन विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा हेतु विभाग द्वारा और भी छात्रवृत्ति योजनाएं संचालित की जाएंगी, जिससे वे आगे भी लाभान्वित होते रहेंगे। पालकों ने इस योजना के लिए राज्य शासन कलेक्टर और श्रम विभाग का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इससे न केवल उनके बच्चों को शिक्षा में सहायता मिलेगी, बल्कि यह योजना अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा बनेगी।

## आज पीएम श्री आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल में लॉटरी से होगा छात्रों का चयन

**लवन,** 14 मई। पीएमसी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल लवन के प्राचार्य हरिशंकर जोशी ने बताया कि 15 मईको शाला परिसर में 10-30 बजे कक्षा पहली से दसवीं तक के प्राप्त आवेदनों पर प्रवेश हेतु लाटरी पद्धति से चयन किया जाएगा इसके लिए लवननगर एवं आवेदन कर्ताओं के पलकों अभिभावक गढ़ नागरिकों एवं शिक्षक गढ़ को सूचित किया गया है ।



# अंचल के किसानों ने नगर में निकाली जंगी आक्रोश रैली




- शिकायतकर्ता कांग्रेस नेता अंकित व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मौजूदगी में जांच होनी चाहिए
- मामला है फसल बीमा क्षतिपूर्ति राशि को राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी पर पैसे लेने का आरोप

**बागबाहरा,** 14 मई (देशबन्धु)। बागबाहरा अंचल के हज़ारों किसानों ने नगर में कल 13 मई मंगलवार को भीषण गर्मी के बीच दोपहरी में चिलचिलाती धूप में कृषि उपज मंडी प्रांगण से वरिष्ठ किसान नेता एवं भाजपा नेता हितेश चन्द्राकर के नेतृत्व में नगर के प्रमुख मार्ग में जमकर नारेबाजी करते हुए जंगी आक्रोश रैली निकालकर सीधे अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय पहुंचे। जहाँ एसडीएम उमेश कुमार साहू को किसानो ने ज्ञापन सौंप कर फसल बीमा क्षतिपूर्ति मामले में झूठा आरोप लगाने वाले कांग्रेस नेता के खिलाफ जाँच कराए जाने की मांग की गई। बागबाहरा अंचल के हज़ारो किसान कृषि उपज मंडी प्रांगण में फसल बीमा क्षतिपूर्ति से लाभान्वित 15 गांवों के प्रमुख किसानों ने बैठक बुलाकर कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं राजस्व विभाग के मैदानी कर्मचारी द्वारा किसानों पर कमीशन खोरी के ऊपर झूठा आरोप लगाने वाले कांग्रेस नेता अंकित को बैठक में आने की सूचना दी गई। लेकिन बैठक में वे नहीं पहुंचे। जिससे नाराज होकर आक्रोशित हज़ारो किसानों ने नगर में भीषण गर्मी के बीच दोपहरी में चिलचिलाती धूप में जंगी रैली निकाल कर मेन रोड में नारेबाजी करते हुए अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय पहुंचे। जहाँ किसानो ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर झूठा आरोप लगाने वाले कांग्रेस नेता के खिलाफ जाँच कर उचित कार्यवाही करने की मांग की गई। गांव में शिकायतकर्ता कांग्रेस नेता अंकित एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जिन्होंने अपने फेसबुक आईडी में किसानों के ऊपर कमीशनखोरी का वीडियो क्लीप डालकर राज्य शासन एवं किसानों के ऊपर झूठा आरोप लगाया था। इन दोनों कांग्रेस नेताओं को सूचित कर ग्रामों में इनकी मौजूदगी मे जांच करने की तिथि घोषित कर ग्राम पंचायत खाड़ादरहा, सालडबरी एवं नरतोरी जहां के महिला को पति की अनुपस्थिति में गुमराह कर वीडियो क्लिप बना कर किसानों को बदनाम करने गावो में पहले जांच करने ज्ञापन दिया गया। इनके मांग पर कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत कर चुके हैं। जिसमें इनका आरोप झूठा पाया गया। अब इनके उपस्थिति में इस मामले की जांच होनी चाहिए। जिसकी मांग किसानों ने अधिकारी से किया है। ज्ञापन सौंपने वाले किसानों ने अधिकारी से पूछा कि शिकायतकर्ता कौन है? अधिकारी ने आवेदन को देखकर बताया कि कांग्रेस नेता अंकित है। तो किसानों ने मांग रखा कि बिना शिकायतकर्ता अंकित के आप जांच में आएंगे। तो हम आपको सहयोग नहीं करेंगे। शिकायतकर्ता की मौजूदगी में जांच होनी चाहिए।

# मृतकों को विधायक ने दिया कंधा





**खरोरा,** 14 मई (देशबन्धु)। खरोरा समीप ग्राम बंगोली में रविवार देर रात मिनी ट्रक और ट्रेलर की टक्कर में 13 लोगों की मौत हो गई। 14 लोग घायल हुए हैं। ट्रक में सवार ये सभी लोग छठी के कार्यक्रम से लौट रहे थे। ट्रक खरोरा के बाना गांव से आ रहा था। बंगोली में इसे रायपुर से आ रहे ट्रेलर ने टक्कर मार दी। मृतकों में 10 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। इनमें एक ही परिवार की 3 महिलाओं का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया, जबकि एक बच्चे को दफनाया गया है। इनमें गीता साहू, प्रभा साहू और नंदनी साहू का अंतिम संस्कार किया गया। एकलव्य साहू (6) को दफनाया गया है।

**सड़क पर एंबुलेंस की लगी रही लाइन**

इस घटना के बाद खरोरा से रायपुर की ओर एक के बाद एक एंबुलेंस दिखने लगी। ट्रेलर का ड्राइवर अमित कुमार बर्मन है एक्सीडेंट के बाद वह मौके से फरार हो गया था लेकिन पुलिस ने पीछा करके उसे पकड़ लिया।

विधायक अनुज शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने मृतकों को कंधा दिया। मंत्री टंकराम वर्मा, अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर नवीन अग्रवाल, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, पूर्व विधायक अनिता शर्मा मौजूद रहे। वहीं पूर्व जनपद अध्यक्ष देवव्रत नायक ने मांग की है कि परिजनों को बीस लाख की सहायता दी जानी चाहिए।

**डीजल टैंक फटने से बचा आग लगने का था खतरा**

ट्रेलर से टकराने के बाद मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर एक अन्य ट्रक के डीजल टैंक के हिस्से में टकराई। जिससे ट्रक में भरा हुआ डीजल सड़क पर पूरी तरह बिखर गया। इस भीषण टक्कर के दौरान अगर कोई चिंगारी निकलती. तो वह सड़क पर बिखरे हुए डीजल में फौरन आग पकड़ लेती।

**हादसे के बड़े कारण**

ट्रेलर के दोनों तरफ 3 फीट बाहर की तरफ लोहे का एंगल टकराने वाली माजदा में लोग भरे हुए थे, जो गैरकानूनी है, असुरक्षित भी विधानसभा से खरोरा की तरफ रास्ते में अंधेरा, लाइट्स नहीं नेशनल हाइवे की तुलना में इस रोड पर आरटीओ की चेकिंग कम ड्राइवर के साथ कोई कंडक्टर नहीं, दो दिन से अकेले चला रहा था।

## आरंग के नाली में बहता मिला भ्रूण, क्षेत्र में फैली सनसनी



**आरंग,** 14 मई (देशबन्धु)। आरंग के वार्ड नं 07,आजाद चौक में नाली में बहता हुआ भ्रूण मिलने से सनसनी फैल गई है।भ्रूण को लगभग 04 माह के आसपास हो चुका है उसके सभी अंग विकसित हो चुके है।आजाद चौक पर खेल रहे बच्चों ने नाली में बह रहे भ्रूण को देखा।आसपास जानकारी मिलने के बाद वहां भीड़ इकट्ठा हो गई।संभावना है कि किसी ने गर्भपात के बाद भ्रूण को नाली में फेका होगा।भ्रूण मिलने की सूचना पर आरंग पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और भ्रूण को कब्जे में ले लिया है।नगर के सबसे व्यस्त चौक पर भ्रूण मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि नाली में मिले भ्रूण को पोस्टमार्टम कराने रायपुर भेजा गया है,भ्रूण जिस स्थान पर मिला है वहां आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा करेगी।

## समाधान शिविर के माध्यम से जनता से सीधा संवाद : गुरु खुशवंत



**आरंग,** 14 मई (देशबन्धु)। बुधवार को नगर पंचायत चंदखुरी अंबेडकर भवन में समस्या समाधान शिविर का आयोजन जिला कलेक्टर रायपुर डॉ.गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पेंद्र शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रशासनिक शासकीय विभाग जैसे नगरीय प्रशासन ,कृषि,राजस्व, पशुधन विभाग, श्रम विभाग, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास,शिक्षा विभाग जैसे 40 से अधिक विभागों की सहभागिता रही। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण गुरु खुशवंत साहेब ने दार्शनिक अंदाज में कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार शत प्रतिशत समस्या का समाधान चाहती है और स्वयं डेढ़ साल के कम अंतराल में भी समाधान शिविर के माध्यम से जनता के समक्ष उपस्थित है , तथा इस शिविर के माध्यम से आम जनता को न केवल जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मिलती है अपितु जनता से सीधे संवाद भी स्थापित होता है उन्होंने हितग्राहियों को स्प्रेयर वितरण, पौधा वितरण, श्रम कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, स्वास्थ्य रिपोर्ट, आयुष्मान कार्ड, ऋण पुस्तिका, जाति प्रमाण पत्र,कृषि सामग्री आदि का वितरण किया। इस अवसर पर 1187 मांग 73 शिकायत कुल 1260 आवेदनों पर निराकरण की कार्यवाही करते हुवे तात्कालिक प्राप्त 252 आवेदनों पर भी निराकरण किया गया। शिविर में नगर पंचायत अध्यक्ष चंदखुरी प्रतीक बेस, उपाध्यक्ष रवि सोनी, पार्षद गण क्रमशः भरथरी पटेल, राजकुमारी, देवकी डाकेश्वर साहू ,ओंकार साहू, नरेश चेलक ,मोहनलाल बरछिहा, ईश्वरी प्रसाद, चैती धीवर , श्रीमती दुलेश्वरी वर्मा, लक्ष्मी चंद देवांगन, संतोष वर्मा, श्रीमती प्रमिला कोतराने, हेमंत वर्मा,श्रीमती अंबे वर्मा, एवं अन्य जनप्रतिनिधि गण गोपाल वर्मा, कृष्ण वर्मा, उदय वर्मा,विश्व दीपक बघेल आदि एवं तहसीलदार विनोद साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी विजय लक्ष्मी अनंत, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रीति मिश्रा, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मातली नंदन नंदन वर्मा एवं प्राचार्य जे आर मिरी,जी पी वर्मा,रजनी शर्मा,राकेश साहू, आदि एवं मंच संचालन शिक्षक अरविंद वैष्णव एवं भूषण जलक्षत्री तथा संकुल समन्वयक प्रहलाद शर्मा ,संतोष नौरंगे,नरेंद्र ठाकुर,शेख मोहम्मद एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी अंकुल तारम, उप अभियंता अंजलि साहू, राजस्व उप निरीक्षक सुफल सिंह सुमन,ललित साहू सहित नगर पंचायत स्टाफ,अन्य विभाग प्रमुख,कर्मचारी गण व जनमानस की अच्छी खासी उपस्थिति रही।

## 94.8 फीसदी अंकों के साथ आर्चित मैती बने शहर के दूसरे टॉपर



**कोहका नेवरा,** 14 मई (देशबन्धु)। इंटरनेशनल स्कूल के होनहार छात्र आर्चित मैती ने छ्क्क्स्थ्र 12वीं कॉमर्स बोर्ड परीक्षा में 94.8त्न अंक हासिल कर शहर में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने अकाउंटेंसी में 99/100, बिजनेस स्टडीज में 98/100, इकोनॉमिक्स में 96/100 और फिजिकल एजुकेशन में 97/100 अंक प्राप्त किए। आर्चित मैती, जो शिव मंदिर मिशन कॉलोनी के निवासी हैं, श्री सुरेश मैती और श्रीमती प्रमिला मैती के पुत्र हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और स्कूल के सहयोगी वातावरण को दिया। स्कूल के प्राचार्य ने आर्चित की इस उपलब्धि को प्रेरणादायक बताया और कहा कि वह स्कूल के लिए गौरव का विषय हैं।

## केशव सिंघल ने सीबीएस 10वीं परीक्षा में 99.5 प्रतिशत किया अर्जित



**पिथौरा,** 14 मई। नगर के प्रतिष्ठित व्यक्ति लगातार जनता को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाले पूर्व विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ महावीर अग्रवाल के पौत्र केशव सिंघल जो की दिल्ली में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं जिन्होंने सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में बड़ी सफलता हासिल की । केशव सिंघल ने 10वीं की परीक्षा सेंट्रल बोर्ड ऑफ एजुकेशन में 99.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर नगर व राज्य का नाम रोशन किया है । केशव डॉ कुणाल सिंघल और डॉ.श्वेता सिंघल के सुपुत्र हैं। केशव के पिता ने बताया की केशव बचपन से ही मेधावी छात्र रहे हैं पढ़ाई में बचपन से विशेष रुचि रही है। और आगे भी इसी तरह प्रदर्शन करते रहेगा हम बच्चे के भविष्य के लिए पूर्ण समर्पित रहेंगे।

## भाविका को मिला सहारा, हर माह मिलेंगे 4 हजार रुपए



**गरियाबंद,** 14 मई (देशबन्धु)। राजिम के पिपरछेड़ी गांव की 9 साल की भाविका साहू को महिला एवं बाल विकास विभाग की स्पांसरशिप योजना का लाभ मिला है। अब उसे हर माह 4 हजार रुपए मिलेंगे। यह सहायता 18 वर्ष की उम्र तक दी जाएगी। विधायक रोहित साहू की सूचना पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लिया। इसके बाद मिशन वात्सल्य योजना के तहत भाविका को योजना में शामिल किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि भाविका की मां का निधन 2018 में हो गया था। पिता गजानंद साहू 82 प्रतिशत दिव्यांग हैं। वे कोई काम नहीं कर सकते। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम ने गांव जाकर जांच की। सामाजिक जांच और दस्तावेजों की पुष्टि के बाद योजना में शामिल किया गया। गरियाबंद जिले में अब तक इस योजना से 264 बच्चे लाभान्वित हो चुके हैं। भाविका और उसके पिता ने राज्य शासन और विभाग का आभार जताया है।

## डॉक्टर, नर्स व मितानिनों के प्रयास से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा नार्मल एवं सीजेरियन प्रसव में इतिहास रचता हुआ



**बागबाहरा,** 14 मई (देशबन्धु)। शहर के हृदय स्थल मे स्थापित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जो विगत कुछ वर्षो मे जबसे यहाँ स्त्री रोग विशेषज्ञ की कमी पूरी हुई है तबसे लगातार अभीतक विगत कुछ ही समय मे हजारों बच्चो की किलकारियाँ इस अस्पताल मे गूंज चुकी है यह जानकार हर कोई आश्चर्य चकित है की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा मे प्रसव व् अन्य सिजेरीयन हेतु सुविधाएं व् स्टॉफ की कमी है फ़िरभी यहाँ के डॉक्टर, नर्स व् मितानिन दीदियो ने अपने मेहनत से कई परिवार को चाहे नार्मल या सिजेरीयन डिलीवरी करके कई माताओ के गोद मे एक नन्हा बच्चा दिया है और उनके परिवार मे ख़ुशी का माहौल बना है जिस प्रकार से स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रेवेन्द्र देव साहू एवं हॉस्पिटल के टीम ने विगत दिनों ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा मे एक महिला के अंडाशय का सफल ऑपरेशन कर करीब 2.5 किलो का ट्यूमर बाहर निकाला था जिसके चलते शहरवासी डॉक्टरो की टीम का खूब प्रसंशा भी किया और बधाईया भी प्रेषित की थी

पुन: कुछ ही दिनों मे आज डॉक्टर रेवेन्द्र देव साहू, हॉस्पिटल स्टॉफ, मितानिन दीदियो के सहयोग से एक ही दिन मे बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे 7 परिवार के गोद मे खूशी की लहर दौड़ पड़ी बतादे की एक ही दिन मे 2 नार्मल डिलीवरी, 5 हाई रिस्क गर्भ के सिजेरीयन कर 8 बच्चे सुरक्षित किये गए है जिसमे 4 बच्ची व् 4 बच्चे है जिसमे एक परिवार मे जुड़वा बच्चा हुआ है। वही इसीमे एक ऐसी महिला भी है जिसका नाम श्रीमती रुपमती पटेल है जो 12 वर्ष बाद गर्भवती हुई और इस महिला का ब्लडप्रेसर बहुत ज्यादा बढ़ा हुआ था उसके बाद मे स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर साहू ने रिस्क लेकर इसका सीजेरीयन डिलीवरी करवाया सभी परिवार व् जच्चा बच्चा पूर्ण रूप से सुरक्षित और स्वस्थ्य है

यह प्रसव जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर कुदेशिया व् ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बढ़ई के निर्देशन मे हुआ एवं इस ऑपरेशन मे डॉक्टर, नर्स,मितानिन मुस्कान निषाद गांजर, ,जानकी साहू तरपोंगी,कु. खेमा बाई दिवान परक़ोम,जामंतिन बुंदेली,श्रद्धा चन्द्राकर,भारती जगत, संतोषी विश्वकर्मा,खीरा सोनवानी बागबाहरा शहर से इन मितानिन दीदियो के जागरूकता से प्रसव हेतु महिलाओ क़ो समय पर अस्पताल लाकर देख रेख किया गया और प्रसव तक इनके साथ रहे तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा क़ो भविष्य मे और अच्छी सुविधा शासन से प्रदान हो जाए तो यहां इलाज की सुविधा और अच्छी हो सकती है।

## ज्ञान अमृत विद्यालय का केन्द्रीयकृत प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**धमतरी,** 14 मई (देशबन्धु)। ज्ञान अमृत विद्यालय धमतरी में केन्द्रीयकृत प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जिसमें हिन्दी माध्यम से कक्षा पांचवी में प्रथम कु. हर्षिता निर्मलकर 97.50 प्रतिशत, द्वितीय चि. ललेश साहू 93.50 प्रतिशत, तृतीय कु. हिषीका देवांगन 93 प्रतिशत एवं आठवीं में प्रथम कु. चांदनी पटेल 92.33 प्रतिशत, द्वितीय कु. चित्ररेखा साहू 88.67 प्रतिशत, कु. पलक साहू 87.50 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे।

अंग्रेजी माध्यम से कक्षा पांचवी में प्रथम कु. विभूति पद्मशाली 95.50 प्रतिशत, द्वितीय कु. तारिणी बावने 94.50 प्रतिशत, तृतीय कु. काव्या सोनी 92.50 प्रतिशत एवं आठवी में प्रथम चि. अजय कुमार 91.83 प्रतिशत, द्वितीय कु. अर्पिता गुप्ता 90.83 प्रतिशत, चि. नवीन नायडू 89 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के प्रधानपाठिका पुष्पलता जाधव ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह छात्र-छात्राओं के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं की कड़ी मेहनत का परिणाम हैं। समस्त शिक्षक स्टॉफ द्वारा सभी सफल छात्रो को शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर विद्यालय के भुनेश्वरी देवांगन, ममता तिवारी, कल्पना माने, मनीषा अंकमवार, हेमलता देवांगन, हिमानी साहू, पूजा राजवानी, रूमानी कुरेशी, ज्योति सानी, गायत्री दुबे, कु. प्रियंका सोनी, कु. अनुपा टंडन, कु. सिध्दिती सोनी, कु. प्रिया शर्मा, शीतल सोनी, अलिशा मेमन, कु. लीना सिन्हा, कु. नेहा सिन्हा, कु. गायत्री देवांगन, डिकेश नाग, शैलेन्द्र साहू, राजेन्द्र साहू, छात्र-छात्राएं एवं पालकगण उपस्थित थे।

## सहायक प्राध्यापक गजानंद को मिली पीएचडी



**सरायपाली,** 14 मई (देशबन्धु)। डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में सहायक प्राध्यापक के रूप में पदस्थ ग्राम माधोपाली के निवासी गजानंद नायक ने डॉ प्रतिभा मुखर्जी साहूकार प्राचार्य दुर्गा महाविद्यालय रायपुर के निर्देशन में अंग्रेजी विषय पर नगंबिका न्फीमेल पोर्ट्रेचर इन द सेलेक्ट नोवेल्स ऑफ फ्लोरा नवापा पर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से पी एच डी अवार्ड प्राप्त किया है। मौखिक प्रश्नोत्तरी के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय से प्रोफेसर आर पी सिंह ने नायक के प्रस्तुतीकरण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए थीसिस की सराहना की।

## प्रादेशिकी का शेष...

### सीबीएसई दसवीं एवं बारहवीं...

उप प्राचार्य श्रीमती मंजुला चंद्राकर, सह सचिव बंसीलाल चंद्राकर, उपाध्यक्ष द्रोण चंद्राकर एवं समिति के सभी गणमान्य सदस्यों ने बच्चों की इस उपलब्धि पर शाला परिवार को बधाई ज्ञापित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य नवीन कुमार के बताया कि साल दर साल चंद्रोदय पब्लिक स्कूल महासमुंद के विद्यार्थियों का परिणाम उत्कृष्ट होता जा रहा है, पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष जायदा बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किया है वही 70 प्रतिशत हासिल करने वाले विद्यार्थियों की भी संख्या बढ़ी है । वही प्रतियोगिता परीक्षाएं आईआईटी जेईई, नीट, सीपीटी, क्लैट इत्यादि की परीक्षा में भी बच्चों का प्रदर्शन इस वर्ष सराहनीय रहा है। वहीं इस वर्ष कक्षा दसवीं की छात्रा कुमारी अदिति द्विवेदी ने कंप्यूटर एप्लिकेशन विषय में पूरे 100.100 अंक हासिल कर स्कूल एवं परिवार का नाम रौशन किया है। इस उपजलब्धि पर शिक्षक वृंद दीपक ठाकुर,कक्षा अध्यापक, पीजीटी वाणिज्य, दीपेश चंद्राकर पीजीटी भौतिक शास्त्र, सुश्री प्रियंका महापात्र टीजीटी, अंग्रेजी, सुश्री आरती ठाकुर आदि ने बधाई दी है।

### नवापारा पुलिस ने चलाया...

सिर्फसामान ढोने के लिए ही प्रयोग में लाया जा सकता है। सवारियां लाना, ले जाना गैर-कानूनी है। बावजूद इसके नियमों का उल्लंघन खुलेआम किया जा रहा है।

## चार वर्षों से फरार आरोपी को सरिया पुलिस ने ओडिसा से किया गिरफ्तार



**10 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा के तस्करी में**

**बिलाईगढ़,** 14 मई (देशबंशु)। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के द्वारा जिले के सभी थाना/ चौकी प्रभारियों को जुआ, सट्टा, शराब, अवैध मादक पदार्थ गांजा में संलिप्त व्यक्तियों के उपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा श्रीमान् अति0 पुलिस अधीक्षक सारंगढ़-विलाईगढ़ निमिषा पाण्डेय एवं उप पुलिस अधीक्षक सारंगढ़ अविनाश मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 14.05.2025 को मुखबीर की सुचना पर 10 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा के तस्करी में 04 वर्षों से फरार आरोपी को ओडिसा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है।

प्रकरण में दिनांक 11.08.2021 को जरिये मुखबिर की सूचना पर घटनास्थल ग्राम कंचनपुर बेरियर मेन रोड पर एक सफेद रंग के अपाचे मोटर सायकिल क्रमांक ह्र्ष्ठ 15 च 5642 में आरोपी गणेसर बगरती पिता पुर्णचन्द्र बगरती उम्र 23 वर्ष साकिन ठेंगानाल थाना डोंगरीपाली जिला सोनपुर (ओडिसा) का उपरोक्त वाहन में सवार होकर 10 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बिकी हेतु तस्करी करते मिला था। मौके पर आरोपी के विरूद्ध धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के विधिवत् कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जाकर चालानी कार्यवाही किया गया था। पूर्व में गिरफ्तार आरोपी के मेमोरेंडम के आधार पर उसे गांजा सप्लाई बिक्री करने वाले आरोपी की जानकारी एकत्र कर चैन जोड़ते हुए इण्ड टु इण्ड विवेचना कर मुखबिर की सूचना पर गांजा विक्रेताआरोपी अनिल त्रिपाठी पिता मिनकेतन त्रिपाठी उम्र 49 वर्ष साकिन ठेंगानाल थाना डुंगुरीपाली जिला सोनपुर (ओडिसा) हाल मुकाम गोबिन्दपाली बरगढ़, थाना टाऊन बरगढ़, जिला बरगढ़ (ओडिसा) को उसके सकुनत से पकड़ा गया है। प्रकरण में उपरोक्त आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा सदर का अपराध सबुत पाये जाने से उसे आज दिनांक 14.05.2025 को विधिवत् गिरफ्तार किया गया है जिसे कल न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जायेगा।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना सरिया के थाना प्रभारी प्रमोद यादव के नेतृत्व में प्र0आर0 भुवनेश्वर पण्डा, टीकाराम पटेल ,आर खेमलाल चौहान,दिलीप शाह,साइबर सेल से ,स्ढ्ढ रामकुमार, और उनके टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## सेना का अपमान करने वाले मंत्री को बर्खास्त करें : कांग्रेस




**गरियाबंद,** 14 मई (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह के बयान के खिलाफ गरियाबंद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस भवन से तिरंगा चौक तक जुलूस निकाला गया। कार्यकर्ताओं ने मंत्री विजय शाह का पुतला फूंका। नारेबाजी करते हुए उन्हें मंत्री पद से हटाने की मांग की। विजय शाह ने महिला सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर अमर्यादित टिप्पणी की थी। कांग्रेस नेताओं ने इसे सेना और देश की बेटियों का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि विजय शाह को मंत्री पद से तुरंत हटाया जाए। साथ ही विधानसभा की सदस्यता भी रद्द की जाए। पार्षद छगन यादव ने कहा कि यह टिप्पणी सिर्फ एक महिला अधिकारी पर नहीं, बल्कि पूरी भारतीय सेना का अपमान है। वरिष्ठ नेता राजेश साहू ने कहा कि सेना ने हमेशा देश के लिए साहस और समर्पण दिखाया है। मंत्री जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का ऐसा बयान जवानों का मनोबल तोड़ने वाला है। उन्होंने भी मंत्री पद से बर्खास्तगी की मांग की। कांग्रेसी नेता पहलाद यादव ने कहा कि सेना की अधिकारी पर की गई टिप्पणी निंदनीय और अक्षम्य है।

## निधन

### बिहारी लाल साहेब



**रोहांसी/बलौदाबाजार,** 14 मई। नगर पंचायत रोहांसी निवासी महंत बिहारी लाल साहेब का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे विधि-विधान से किया गया। जहां बड़ी संख्या में नागरिको ने श्रदांजलि अर्पित की है। वे आनंद राम साहू के पिता थे।

### श्रीमती लक्ष्मी दवे



**महासमुंद,** 14 मई। स्थानीय बीटीआई रोड के न्द्रीय विद्यालय के पास निवासी श्रीमती लक्ष्मी दवे पति स्व. कृष्ण दवे का 90 वर्ष की उम्र में 14 मई को निधन हो गया। अंतिम संस्कार भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में 15 मई को सुबह 10 किया जाएगा। वे अनूप कुमार दवे, संजय कुमार दवे, संदीप कुमार दवे, कल्पना भट्ट एवं अनिता दवे की माता थी।

# लाहोद समाधान शिविर में 1756 हितग्राही हुए लाभान्वित




**बलौदाबाजार,** 14 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार अंतर्गत विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत लाहौद में बुधवार को आयोजित समाधान शिविर में कलेक्टर दीपक सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, उपाध्यक्ष पवन साहु, जिला पंचायत सदस्य सुश्री इंदु जांगड़े शामिल हुए। शिविर में कलस्टर के 10 ग्राम पंचायत के लोग शामिल होकर शासन की योजनाओं का लाभ लिए। प्रथम चरण में कुल 4022 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 3998 मांग एवं 24आवेदन शिकायत से सम्बंधित थे। समाधान शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत 1756 हितग्राहियो का लाभन्वित किया गया। इसके साथ ही प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई।कलेक्टर दीपक सोनी इस अवसर पर जल संचयन की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर कलेक्टर दीपक ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य लोगो के द्वार तक प्रशासन की पहुंच हो और योजनाओं का लाभ बेहतर ढंग से सभी पात्र हितग्राही को मिल सके। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर एक प्रकार से रिपोर्ट कार्ड है जिसमें आपके द्वारा दिये गए आवेदन की जानकारी का पूरा विवरण होता है। शिविर में अधिकारी निराकरण का वाचन करते है,इसके साथ ही प्रोजेक्टर व कम्प्यूटर के माध्यम से भी आवेदन की स्थिति की जानकारी ले सकते है। उन्होंने बताया कि सम्पर्क केंद्र से भी आवेदको को उनके आवेदन के सम्बन्ध में जानकारी दी जा रही है। वर्तमान में आवास प्लस 2.0 का सर्वे किया जा रहा है जिसमें आवास प्लस के छूटे हुए हितग्राहियो को प्राथमिकता से पंजीयन किया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित हो रहे समाधान शिविर से जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी स्वयं जनता के पास आ रहे है और उनकी समस्या का समाधान कर रहे हैं। इसके साथ ही आमजन को योजनाओं की जानकारी मिल रही है और पात्र हितग्राहियों को लाभ भी मिल रहा है।

हितग्राही हुए लाभान्वित-कलस्टर लाहोद समाधान शिविर में लाहोद, कोलिहा, गिंदोला, खम्हारडीह, चिरपोटा, मुण्डा, ताराशिव, परसाडीह, चिचिरदा, पंडरिया कुल 10 पंचायत शामिल हुए। आवेदनों के निराकरण उपरांत कुल 1756 आवेदकों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया जिसमें नवीन जांब कार्ड 4, नवीन राशन कार्ड 7, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 6, केसीसी ऋण वितरण 6, खाद एवं बीज वितरण 3, माइक्रो एटीएम से किसानों को राशि 4, गोदभराई 4, अन्नप्रासन 4, आयुष्मान कार्ड वितरण 6, आईस बाक्स 2, भिण्डी लौकी बीज वितरण 9, किसान किताब 25, बी-1 खसरा 32, सीमांकन 3, बटांकन 3 हितग्राही लाभान्वित हुए। इसके साथ ही विकासखंड भाटापारा के करही बाजार, सिमगा के दरचुरा, पलारी के लच्छनपुर एवं कसडोल के चांदन एवं नगरीय निकयों में भी समाधान शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम अमित गुप्ता सहित सरपंच, उप सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# भाटापारा में सुशासन तिहार समाधान शिविर



## क्षेत्रवासियों की समस्याओं का हुआ त्वरित निराकरण

**भाटापारा,** 14 मई (देशबन्धु)। नगर में आज सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया।

इस समाधान शिविर में क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

यह शिविर शासन की जनहितकारी सोच और उत्तरदायी प्रशासन की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसके माध्यम से नागरिकों को सरल, पारदर्शी और सुलभ सेवाएं प्रदान करने का प्रयास किया गया। च्संवाद से समाधान तकज्की इस पहल ने आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जनसेवा की भावना को और अधिक सशक्त किया है।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, सभापति मनीष मिश्रा, पार्षदगण श्रेणिक गोलछा, नंदू वैष्णव, सतीश साहू, गोवर्धन डहरिया, मनीष पंजवानी और गेन्दू साहू सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

शिविर में नागरिकों को आवश्यक योजनाओं की जानकारी दी गई तथा कई हितग्राहियों को तत्काल योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। यह आयोजन भाटापारा नगर के विकास व जनसरोकारों की दिशा में एक सकारात्मक पहल सिद्ध हुआ।

अश्वनी शर्मा - हमारा उद्देश्य सिर्फ समस्याओं का समाधान नहीं, बल्कि नगर की आधारभूत सुविधाओं, स्वच्छता, जल व्यवस्था, सड़क और नाली जैसी आवश्यक सेवाओं का निरंतर वर्धन करना है। जनसहभागिता के साथ हम विकास के इस अभियान को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे।

# फिजियोथैरेपी से कमर एवं पैरों को मिली नई जिंदगी



**भाटापारा,** 14 मई (देशबन्धु)। सिमरिया ग्राम के पास रहने वाले शिवशंकर उम्र 25 साल को रोड एक्सीडेंट के बाद रीढ़ की हड्डी में ऑपरेशन का सामना करना पड़ा। ऑपरेशन के बाद दोनों पैरों की ताकत पूरी तरह से चली गई थी। पैरों को उठाने एवं चलने के लिए पूरी तरह से असमर्थ लगने लगा। भाटापारा में डॉ सुधाकर शर्मा से 2 महीने फिजियोथैरेपी इलाज के बाद पैरों की ताकत वापस आ गई साथ ही स्वतंत्र रूप से अपने पैरों मै खड़े होने एवं चलने का सामर्थ्य पूरी तरह से वापस आ गया। फिजियोथैरेपी के इलाज में इलेक्ट्रोथेरेपी की मशीनों से नस को खोलना एवं कसरत के तरीकों से नसों की ताकत को वापस लाने का प्रयास किया जाता है। नस दर्द से संबंधित रोग जैसे कि कमर दर्द, गर्दन दर्द, स्पॉन्डिलाइटिस, हाथों पैरों मै झुनझुनी, सुन्नपन, लकवा, का फिजियोथैरेपी के माध्यम से बिना किसी दर्द निवारक दवाई एवं बिना किसी ऑपरेशन के इलाज इसी पद्धति में संभव है।

# सीएसपीडीसीएल के उपसंभाग एफओसी लाइन कर्मचारियों ने चालू किया कामबंद हड़ताल



**भाटापारा,** 14 मई (देशबन्धु)। सीएसपीडीसीएल के उपसंभाग एफओसी लाईन कर्मचारीयो ने चालु किया कामबंद हड़ताल, तीन महिनो से नही मिला वेतन, आर्थिक एवं मानसिक कठिनाईयो से जूझ रहे कर्मचारियो ने प्रदर्शन किया जारी । भाटापारा, सुहेला, हथबंद, निपनिया जो कि भाटापारा डिवीजन के अंतर्गत आते है वहां भाटापारा सीएसपीडीसीएल में लाईन वर्क करने वाले लगभग 22 कर्मचारियो ने कामबंद हड़ताल का आगाज किया । मेंटनेंस, पानी-तुफान के समय खंभो पर चढ़कर बिजली का काम करने वाले ठेका पद्धति अंतर्गत वेतन जिन्हे मिलता है उनको 3 महिनो से वेतन नही मिला जिससे परिवार चलाने मे आर्थिक समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है वही किसी भी त्यौहार में बोनस नही मिलता तथा श्रम विभाग अंतर्गत आने वाली सुरक्षाओ का उपयोग भी इन कर्मचारीयो के लिए नही किया जाता, इन्ही सब मुद्दो को लेकर विद्युत विभाग डीई विरेंद्र कुमार राठिया को ज्ञापन सौंपकर अनिश्चित कालीन कामबंद हड़ताल आज से प्रारंभ हुआ।

# बल्दाकछार में पेंशन शिविर का आयोजन



## 13 बुजुर्गों को मिली पेंशन स्वीकृति पत्र

**बलौदाबाजार,** 14 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सुशासन तिहार अंतर्गत आकस्मिक निरीक्षण में विकासखंड कसडोल के विशेष पिछडी जनजाति बाहुल्य गांव बल्दाकछार पहुंचे थे। इस दौरान ग्रामीणों की मांग पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न पेंशन योजना के तहत पात्र हितग्राहियो को पेंशन स्वीकृत करने के निर्देश अधिकारियो को दिये थे। निर्देश के अनुपालन में समाज कल्याण विभाग द्वारा ग्राम बल्दाकछार में पेंशन हेतु शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 13 हितग्राहियों को पात्र पाया गया।

कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभा कक्ष में सभी 13 हितग्राहियो को पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बल्दाकछार के सरपंच रमेश कुमार ध्रुव एवं उप संचालक समाज कल्याण अरविन्द गेड़ाम भी उपस्थि थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री विधवा पेशन योजना अंतर्गत रोहणी बाई, अरज बाई कमार, किरण बाई को पेंशन स्वीकृति पत्र दिया गया। इसी तरह मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन योजना अंतर्गत मनीराम, शिवप्रसाद, सोमनाथ, साहूकार, सुबेराम एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना अंतर्गत खोलबाहरा, कुंवरमती ध्रुव, हीरा लाल, धनेश, बिहारी लाल को पेंशन स्वीकृति पत्र दिया गया।

# श्री आदिगौड़ ब्राह्मण महिला समिति द्वारा मातृ दिवस मनाया गया



**भाटापारा,** 14 मई (देशबन्धु)। श्री आदिगौड़ ब्राह्मण महिला समिति द्वारा मातृ दिवस 11 मई को बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। स्टेशन के पास स्थित कुंदन भवन में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में पहली बार अध्यक्ष बबीता शरद भृगु एवं उपाध्यक्ष लता शर्मा के कार्यकाल में महिलाओ द्वारा अपनी सास का सम्मान किया गया, साथ ही अपने जीवन में प्रथम गुरु माँ के प्रति सम्मान एवं प्रेम भरे गीत एवं नृत्य का आयोजन किया गया। पहली बार सभी वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान नारियल , फल एवं सम्मान पत्र द्वारा किया गया। बच्चों एवं सदस्यों द्वारा मनमोहक कार्यक्रम किया गया साथ ही सभी ने महिलाओ के उत्थान के एक साथ होकर आगे बढ़कर विविध कार्यक्रम करने की शपथ ली। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग मिला।

# भारत स्काउट गाइड के जिला मुख्य आयुक्त डॉ. राव ने स्थानीय संघ सिमगा की ली बैठक



## सदस्यता अभियान को लेकर दिया जोर

**बलौदाबाजार,** 14 मई (देशबन्धु)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला बलौदाबाजार के जिला मुख्य आयुक्त डॉ अजय राव ने स्थानीय संघ के लिए सदस्यता अभियान पश्चात गठन के लिए आज विकासखण्ड सिमगा के जनपद पंचायत के सभा कक्ष स्थानीय संघ के निवर्तमान पदाधिकारियों, स्काउटर गाइडर एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक लिया। जिसमें स्थानीय संघ सिमगा के निर्वतमान अध्यक्ष आंनद यादव, जनपद पंचायत सिमगा के अध्यक्ष डॉ दौलत राम पाल, जिला संघ के कोषाध्यक्ष पीयूष मिश्रा, डी ओ सी सूरज कसार, द्वारा स्थानीय स्तर पर स्काउटिंग गाइडिंग के और अधिक विस्तार एवं नए सदस्यों के लिए सदस्यता अभियान एवं विभिन्न मुद्दों पर अति आवश्यक चर्चा की गई। जिसमें जिला कोषाध्यक्ष पीयूष मिश्रा ने अपने वक्तव्य में स्काउट गाइड गतिविधि को आगे बढ़ाने एवं ब्लॉक से जिला व जिला से राज्य की टीम के गठन के स्तर को आगे बढ़ने पर बल दिए। स्थानीय संघ के निवर्तमान अध्यक्ष आनंद यादव ने स्काउट गाइड के गठन पर जोर देते हुए एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए मिलजुल कर कार्य करने पर सुझाव देते हुए चर्चा को आगे बढ़ाया। साथ ही विकासखंड सिमगा में विभिन्न स्काउटिंग गतिविधि को उच्च शिखर तक ले जाने उन में होने वाली कठिनाई और अन्य गतिविधि पर वह अपनी बात समाप्त की।

जनपद अध्यक्ष डॉ दौलत राम पाल ने स्काउट गाइड आंदोलन की विभिन्न गतिविधियों को उच्च स्तर पर रखकर कार्य करने के साथ विभिन्न क्रियाकलाप से बच्चों का सर्वांगीण विकास हो इस पर उन्होंने अपनी बात रखी। बैठक के दौरान ही सिमगा विकासखंड के प्रथम नागरिक जनपद अध्यक्ष डॉ दौलत राम पाल ने सदस्यता ली। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक राज्य आयुक्त ईनूराम वर्मा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त मनीष कुमार बघेल, सहायक जिला आयुक्त (सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी) सी एस ध्रुव, विकासखण्ड सचिव धनेश्वर प्रसाद वर्मा, संयुक्त सचिव अजय कुमार उपाध्याय, जनपद सदस्य खोमलाल साहू, निवर्तमान उपाध्यक्ष जीवराखन साहू दिनेश वर्मा स्काउटर शत्रुहनलाल वर्मा, दाऊ लाल साहू, धरमपाल डहरिया, झाला राम वर्मा, चंद्रमणी तिवारी, करारोपण अधिकारी सिमगा टी आर निर्मलकर एवं स्काउट्स गाइड्स के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएमश्री स्कूल में टॉपर छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान



## कार्यक्रम में 40 विद्यार्थी हुए पुरुस्कृत

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 14 मई (देशबन्धु)। पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल कसडोल में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम इस दौरान हायर और हाई स्कूल में टॉपर 40 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाओं का भी उत्कृष्ट कार्य पर सर्टिफिक्रेट देकर सम्मान दिया गया। आपको बता दे कि पीएमश्री आत्मानंद स्कूल के 12वी के छात्र हिमेश यादव ने प्रदेश में चौथे स्थान लाकर स्कूल सहित पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया था। इसके अलावा 10वी के तकरीबन 19 छात्र पूरे प्रदेश में 90 प्रतिशत से ऊपर नंबर हाशिल किया है। जिस पर पीएमश्री आत्मानन्द स्कूल कसडोल का नाम प्रदेश स्तर पर है, इसके अलावा स्कूल प्रबंधन द्वारा उत्कृष्ट बच्चों को शील्ड, मैडल और सर्टिफिक्रेट देकर सम्मान किया गया। इस दौरान नगर पंचायत कसडोल के जनप्रतिनिधियों सहित स्कूल टीचर सहित पालक और बच्चें मौजूद रहें।

# यातायात व्यवस्था सुधारने दुकान के बाहर जो अतिरिक्त सामान रखा जाता है उसे रोड पर अंकित सफेद पट्टी के अंदर रखने का निर्देश दिया प्रदीप मिश्रा सीएमओ ने



**नवापारा राजिम,** 14 मई (देशबन्धु)। स्थानीय नगर पालिका प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था सुधारने हेतु दुकान के बाहर जो अतिरिक्त सामान रखा जाता है उसे रोड पर अंकित सफेद पट्टी के अंदर रखने का निर्देश दिया गया है। नालियों के ऊपर बने पाटों पर सामान रखा जा सकता है लेकिन नाली के बाहर अधिक दूरी तक सामान ना रखें, वर्तमान में यह आदेश लागू है।

13 मई .2025 से 17 मई 2025 की तिथि तय की गई है। उक्त मुनादी मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा जारी की गई । उक्त मुनादी के पश्चात किराना व्यापारी संघ के प्रतिनिधिमंडल की बैठक हुई जिसमें उक्त निर्णय लिया गया है और निर्धारित जगह के हिसाब से सामान रखने की अपील की गई । इसके पश्चात नगर पालिका 'प्रशासन द्वारा गंज रोड ;सदर रोड या अन्य सभी जगह का आकस्मिक निरीक्षण किया जाएगा, लापरवाही पाए जाने पर कार्यवाही की जा सकती है। उक्त निर्णय सभी व्यापारिक संगठनों को प्रेषित करने के लिए कहा गया है । मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सभी सदस्यों से एवं सभी व्यापारी बंधुओ से अनुरोध किया है कि उक्त निर्णय के अनुसार स्वयं ही दुकान के बाहर पड़े हुए अतिरिक्त सामान को व्यवस्थित रखकर स्थानीय प्रशासन को सहयोग देवें।

# अवैध रूप से रेत परिवहन करते 2 हाइवा जब्त




**बलौदाबाजार,** 14 मई (देशबन्धु)। वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशन में बलौदाबाजार वनमण्डल के बल्दाकछार परिक्षेत्र अन्तर्गत रात्रि गस्त के दौरान वन विभाग की टीम द्वारा औराई बैरियर में 13 मई 2025 की रात्रि समय 11 बजे अवैध रूप से रेत से भरे हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 06 एचबी 5621 एवं सीजी 04 पीई 8012 को जब्त किया गया।

जांच में रेत परिवहन से संबंधित किसी भी प्रकार का वैध दस्तावेज वाहन चालकों के पास नहीं पाए जाने पर अवैध रेत परिवहन कर रहे वाहनों को नियमानुसार वन विभागीय अमले द्वारा जप्त किया गया। प्रकरण खनिज विभाग से संबंधित होने के कारण वन विभाग ने प्रकरण को खनिज विभाग बलौदाबाजार भाटापारा को हस्तान्तरित किया। वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार के द्वारा सभी परिक्षेत्र अधिकारियों को वनक्षेत्र के आसपास अवैध रेत खनन अथवा परिवहन प्रकरणों पर कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। इस कार्यवाही में परिक्षेत्र अधिकारी बल्दाकछार गितेश बंजारे, वनपाल नटवर लाल वर्मा, तुलसी राम मनहरे वरक्षक एवं परिक्षेत्र के कर्मचारियों की अहम भूमिका रही।